3 राजधानी
पराली ने फिर बढ़ाया प्रदूषण

8 अभिमत
मामल्लपुरम में शी जिनपिंग का एजेंडा

12 कारोबार
सबसे मुश्किल दौर से गुजर रहा है चीनः ट्रंप

14 स्पोर्ट्स
मयंक अग्रवाल एक बार फिर बने शतकवीर

RNI NO. DELHI/2012/48369
वर्ष 7 अंक 331
नई दिल्ली, शुक्रवार, 11 अक्टूबर, 2019
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



आजीवन अभिनय करेंगी करीना
विविध-16

**मौसम**
अधिकतम 33.9°C (0)
न्यूनतम 20.7°C (0)

**बाजार**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 37,880 | ↓ | 297 | |
| निफ्टी | 11,234 | ↓ | 78 | |
| सोना | 39,375 | ↑ | 03 | /10g |
| चांदी | 47,120 | ↓ | 24 | /kg |

## क्विक न्यूज

### ओल्गा तोकार्चुक, पीटर हंडके को साहित्य का नोबेल



**स्टाकहोम।** पोलैंड की लेखिका ओल्गा तोकार्चुक ने गुरुवार को वर्ष 2018 के लिए साहित्य का नोबेल पुरस्कार जीता है। यौन उत्पीड़न विवाद के चलते इन पुरस्कारों की घोषणा में देरी हुई थी। साथ ही ऑस्ट्रियाई उपन्यासकार और पटकथा लेखक पीटर हंडके को 2019 के लिए यह पुरस्कार दिया गया। स्वीडिश अकादमी ने यह जानकारी दी। तोकार्चुक को अपनी पीढ़ी की सबसे प्रतिभाशाली उपन्यासकार माना जाता है। उन्हें यह सम्मान,उस विमर्श की परिकल्पना के लिए दिया गया है जो जीवन के एक स्वरूप की हदे लांघने की विश्वव्यापी चाहत का प्रतिनिधित्व करती है। अकादमी ने कहा कि दूसरी तरफ हंडके ने उस प्रभावशाली काम के लिए यह पुरस्कार जीता जो भाषाई सरलता के साथ इंसानी अनुभवों की विशिष्टता की परिधि को टटोलती है।

# डिफॉल्टरों के करोड़ों के कर्ज माफ, एसबीआई सबसे आगे

- **220 लोगों का 76,600 करोड़ रुपए का बुरा ऋण बट्टे खाते में डाला, प्रत्येक पर है 100 करोड़ या ज्यादा का कर्ज**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रतीकात्मक चित्र

**पिछले** तीन सालों में लेनदारों के भारी-भरकम ऋण माफ करने वाले बैंकों की सूची में देश का सबसे बड़ा सरकारी बैंक एसबीआई पहले नंबर पर है। सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत मांगी गई जानकारी के मुताबिक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने 31 मार्च 2019 तक 220 डिफॉल्टरों के 76,600 करोड़ रुपये के बुरे कर्ज को बट्टे खाते में डाल दिया है यानी राइट ऑफ कर दिया है। प्रत्येक डिफॉल्टर पर 100 करोड़ या इससे ज्यादा का कर्ज है।

आरटीआई के जरिये आरबीआई से बैंकों का आधार ब्रेकअप मिला है जिसमें 31 मार्च 2019 तक बैंकों ने 100 करोड़ से लेकर 500 करोड़ रुपये के बुरे कर्ज को बट्टे खाते में डाला है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, सभी कमर्शियल बैंकों द्वारा 100 करोड़ या इससे ज्यादा का कुल 2.75 लाख करोड़ रुपये माफ किया गया। सीएनएन-न्यूज 18 की तरफ से आरटीआई के मार्फत पूछे गए सवाल के जवाब में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने यह खुलासा भी किया है कि बट्टे खाते में डाले गए कुल कर्ज में से 37,700 करोड़ रुपये 500 करोड़ या इससे अधिक का लोन लेने वाले सिर्फ 33 कर्जदारों के हैं। यह भी पता लगा है कि 500 करोड़ रुपये या इससे अधिक दिए गए ऋण के कुल 67,600 करोड़ रुपये को फंसे कर्ज के तौर पर घोषित किया गया है।

इसे विडंबना ही कहा जा सकता है कि किसानों से छोटे-मोर्टे कर्ज वसूलने के लिए बैंक जहां हर हद को पार कर उन्हें आत्महत्या तक करने पर मजबूर कर देते हैं वहीं, भारी भरकम ऋण लेने वाले डिफॉल्टरों और कॉरपोरेट घरानों के प्रति वे जरूरत से ज्यादा नरम रुख अपनाते हैं। करोड़ों रुपयों की कर्ज माफी का सीधा असर बैंकों के बहीखातों और लोन देने की उनकी क्षमता पर पड़ता है।

इसका नतीजा ऋण लेने में गिरावट के तौर पर दिखता है जिसके चलते बैंकिंग प्रणाली में नकदी संकट पैदा होता है। आरबीआई द्वारा मुहैया कराई गई जानकारी के मुताबिक, केंद्रीय बैंक ने ऐसे 980 लेनदारों की पहचान की है जिनमें से प्रत्येक के 100-100 करोड़ से ज्यादा का कर्ज बैंकों ने बट्टे खाते में डाला है। 220 ऐसे खातों के साथ एसबीआई इस सूची में सबसे ऊपर है।

इस तरह के हर एक खाते में 348 करोड़ रुपये माफ किया गया है। ऋण माफी के चलते सकल गैर निष्पादित संपत्ति (एनपीए) मार्च 2018 के सर्वोच्च 11.5 फीसदी से गिरकर मार्च 2019 में 9.3 फीसदी रह गई और ताजा एनपीए की आकलन दर पिछले वित्त वर्ष के 7.4 फीसदी के मुकाबले घटकर 3.7 फीसदी पर जा पहुंची। बुरे कर्ज ने कॉरपोरेट लैंडिंग को प्रभावित किया जिसके कारण यस बैंक और पंजाब नेशनल बैंक धराशायी हो गए। इससे स्पष्ट हो जाता है कि इस संकट का निजी-सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों की बैंकिंग प्रणाली पर बुरा असर पड़ा है।

गुरुवार को आए इंडसइंड बैंक के दूसरी तिमाही के नतीजों से पता चलता है कि यह खतरा जल्दी टलने वाला नहीं है। साल दर साल समेकित लाभ के 52 फीसदी से अधिक दर्ज होने के बावजूद दूसरी तिमाही के नतीजों के बाद बैंक के शेयर औंधे मुंह गिर गए।

**करतारपुर कॉरीडोर**

# पलटा पाक, तय नहीं उद्घाटन की तारीख

- **दिया कोरा आश्वासन- 550वें प्रकाश पर्व 12 नवंबर तक हो जाएगा कॉरीडोर का उद्घाटन**

**पीएनएस/एजेंसी।** इस्लामाबाद



**पाकिस्तान** ने गुरुवार को कहा कि बहुप्रतीक्षित करतारपुर कॉरिडोर के उद्घाटन के लिए अभी कोई तिथि तय नहीं की गई है। साथ ही उसने आश्वासन दिया कि सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव के 550वें प्रकाश पर्व पर इसे अगले महीने समय पर शुरू कर दिया जाएगा। इससे पहले इस्लामाबाद ने कहा था कि 9 नवंबर को भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए करतारपुर कॉरिडोर खोल दिया जाएगा। 16 सितंबर को पाकिस्तान की तरफ से दावा किया गया था कि परियोजना का 86फीसदी काम पूरा हो चुका है, लेकिन अब उद्घाटन की कोई तय तारीख नहीं बताई जा रही है।

विदेश कार्यालय के प्रवक्ता मोहम्मद फैसल ने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, प्रधानमंत्री (इमरान खान) के वादे के मुताबिक करतारपुर कॉरिडोर पर काम समय पर पूरा हो जाएगा। इसका उद्घाटन समय पर होगा लेकिन इसके शुरू होने के लिए मैं कोई तिथि नहीं दे सकता क्योंकि अभी तक इसकी तिथि तय नहीं की गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि कॉरिडोर को सिखों के संस्थापक गुरू नानक देव के 550वें प्रकाश पर्व पर 12 नवंबर को खोल दिया जाएगा। प्रस्तावित कॉरिडोर करतारपुर में दरबार साहिब को पंजाब के गुरदासपुर जिले में डेरा बाबा नानक के साथ जोड़ेगा और भारतीय श्रद्धालु वीजा मुक्त यात्रा कर सकेंगे। उन्हें करतारपुर साहिब जाने के लिए केवल परमिट हासिल करना होगा।

करतारपुर साहिब की स्थापना 1522 में गुरु नानक देव ने की थी। लाहौर से करीब 125 किलोमीटर दूर नारोवाल में प्रस्तावित करतारपुर कॉरिडोर की 16 सितम्बर को पाकिस्तानी और विदेशी पत्रकारों की यात्रा में परियोजना निदेशक आतिफ माजिद ने कहा कि कॉरिडोर का 86 फीसदी काम पूरा हो गया है और नौ नवम्बर को इसे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा।

# सोनिया ने अपने सिपहसालार पटेल को दिया चुनावी जिम्मा

- **महाराष्ट्र, हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए गठित की समन्वय समिति**

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली



**महाराष्ट्र** और हरियाणा विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने गुरुवार को अपने करीबी सहयोगी अहमद पटेल के नेतृत्व में एक समन्वय समिति का गठन किया। इस समिति में वरिष्ठ पार्टी नेता जयराम रमेश, आनंद शर्मा, मधुसूदन मिस्त्री, ज्योतिरादित्य सिंधिया और माणिक टैगोर को स्थान दिया गया है।

पटेल ने शुक्रवार को समिति की पहली बैठक बुलाई है, जिसमें महाराष्ट्र और हरियाणा चुनावों में पार्टी गतिविधियों के समन्वय के लिए रणनीति तय की जा सके। एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि बुजुर्ग और युवा समेत सभी पार्टी नेताओं के साथ ही विपक्षी नेताओं में भी स्वीकार्यता को देखते हुए पटेल को यह नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। महाराष्ट्र में कांग्रेस और एनसीपी गठबंधन के सहयोगी हैं और बराबर की संख्या में सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। एनसीपी की कमान शरद पवार के हाथ में हैं, जिनके अहमद पटेल से बहुत अच्छे संबंध हैं।

वहीं सिंधिया महाराष्ट्र के लिए गठित स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष हैं लिहाजा अब यह पटेल की जिम्मेदारी है कि चुनाव खत्म होने तक पूरी टीम में एकजुटता बनाए रखें। दोनों राज्यों में चुनाव खत्म होने तक पटेल के नेतृत्व वाली समिति के पास चुनाव समन्वय समिति, प्रदेश चुनाव समिति, अभियान समिति, प्रचार और प्रकाशन समिति, मीडिया (शेष पेज 10)

# चिदंबरम, कार्ति को अग्रिम जमानत मिलने के खिलाफ हाईकोर्ट गया ईडी


**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने एअरसेल-मैक्सिस मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदम्बरम और उनके बेटे कार्ति चिदम्बरम को मिली अग्रिम जमानत रद्द करने की मांग करते हुए बृहस्पतिवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। ईडी की अर्जी पर शुक्रवार को उच्च न्यायालय में सुनवाई होने की संभावना है। प्रवर्तन निदेशालय ने विशेष अदालत के पांच सितंबर के आदेश को चुनौती दी है जिसमें 74 वर्षीय चिदम्बरम और उनके बेटे को अग्रिम जमानत दे दी गई थी। सीबीआई ने आईएनएक्स मीडिया भ्रष्टाचार मामले में 21 अगस्त को चिदंबरम को गिरफ्तार किया था और तब से वह जेल में हैं। निचली अदालत ने सीबीआई द्वारा दायर एअरसेल-मैक्सिस मामले में भी पिता-पुत्र को अग्रिम जमानत दे दी थी। एअरसेल-मैक्सिस मामले में चिदंबरम और उनके बेटे को आरोपी बनाने से पहले एक (शेष पेज 10)

# मलबे से पटा पप्पू का बंगला छोड़ने से पहले ढहाए निर्माण

- **सरकारी आवास खाली करने से पहले घर से उखाड़े खिड़की, दरवाजे और टाइलें**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**लुटियन** दिल्ली स्थित बलवंत राय मेहता लेन के 11 ए नंबर बंगले का नजारा युद्ध क्षेत्र की किसी इमारत में मची तबाही जैसा है। कमरों से उखाड़े गए खिड़की, दरवाजे और दीवारों से निकाली गई टाइलें, बिखरा पड़ा फर्नीचर, खंडहर में तब्दील हुए बरामदे, इस बंगले की ताजा तस्वीर का हिस्सा हैं।

यह बंगला बिहार से पूर्व सांसद पप्पू यादव के नाम आवंटित है और बंगले में तबाही के मंजर की वजह, इसे खाली करने से पहले इसमें किए गए अतिरिक्त निर्माण कार्य को हटाना बताया गया है। आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा पूर्व सांसदों से बलपूर्वक सरकारी बंगला खाली कराने की कार्रवाई पप्पू यादव को आवंटित बंगले में शुरू होती, इससे पहले ही उन्होंने बंगले में किए गए सैकड़ों लोगों के रुकने के इंतजामों का नामोनिशान मिटाने के लिए अस्थाई निर्माण को ढहा दिया है। आवास पर मौजूद पप्पू यादव के निजी सचिव अजय कुमार ने दावा किया कि बंगले में लगभग 400 लोगों के रुकने का इंतजाम था। उन्होंने बताया, हमारे सांसद जी ने उन मरीजों के लिए आवास में रुकने ठहरने के इंतजाम किया था जो मधेपुरा सहित बिहार के अन्य इलाकों से इलाज कराने के लिए दिल्ली आते थे। इसीलिए बंगले के बाहर सुभाष चंद्र बोस सेवाश्रम का बोर्ड पर भी लगा है जिस पर लिखा है, आपका घर, सबका घर। कुमार ने हालांकि निर्माण कार्य को ढहाने और खिड़की दरवाजे उखाड़ कर ले जाने की तोहमत केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) के सिर पर मढ़ दी लेकिन सीपीडब्ल्यूडी ने इस आरोप को सिरे से खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि पूर्व सांसद ने अभी बंगले का कब्जा हस्तांतरित नहीं किया है।

कुमार ने बताया, मंगलवार को सीपीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की मौजूदगी में निर्माण कार्य को हटाया गया था और इससे निकले खिड़की दरवाजे भी सीपीडब्ल्यूडी का दल ले गया। सीपीडब्ल्यूडी के एक अधिकारी ने पप्पू यादव को आवंटित बंगले में ऐसी किसी कार्रवाई (शेष पेज 10)

# दिल्ली से ही मेयर सम्मेलन में अपनी बात रखेंगे केजरीवाल

- **अनुमति न मिलने से डेनमार्क नहीं जा सके, सीएम ने लिया वीडियो कॉफ्रेंसिंग का सहारा**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**विदेश** मंत्रालय ने भले ही मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को डेनमार्क में जलवायु सम्मेलन सी-40 में जाने की अनुमति न दी हो, लेकिन अब वह वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये दिल्ली से ही अपनी बात रखेंगे। आप सरकार की ओर से जानकारी दी गई है कि मुख्यमंत्री केजरीवाल वायु प्रदूषण से निपटने के समाधान पर शुक्रवार को अपनी बात रखेंगे और दुनिया के छह प्रमुख शहरों के महापौरों के साथ दोपहर 12 बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे।

केंद्र सरकार ने कार्यक्रम को मेयर स्तर का बताकर मुख्यमंत्री के दौरे को अनुमति नहीं दी थी। इससे आम आदमी पार्टी भड़क गई और इसे दिल्ली के लोगों का अपमान करार दिया। पार्टी ने दिया कि 2007 में तत्कालीन मुख्यमत्री शीला दीक्षित ने भी इस सम्मेलन में हिस्सा लिया था।

दिल्ली सरकार के मुताबिक जलवायु परिवर्तन से जुड़े इस सम्मेलन के आयोजकों ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये अपनी मौजूदगी दर्ज कराने की अपील की थी जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। वह 'गहरी सांस लें, स्वच्छ हवा के लिए शहर का समाधान' शीर्षक सत्र को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री केजरीवाल शुक्रवार दोपहर 12 बजे विश्व के छह बड़े देशों के मेयरों के साथ संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में भी हिस्सा लेंगे। पेरिस के मेयर ऐनी (शेष पेज 10)

# फोर्टिस के पूर्व मालिक शिविंदर सिंह धोखाधड़ी में गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



शिविंदर सिंह की फाइल फोटो

**दिल्ली** पुलिस ने कथित धोखाधड़ी मामले में गुरुवार को फोर्टिस हेल्थकेयर के पूर्व प्रमोटर शिविन्दर सिंह और तीन अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने आम जनता के पैसे का अपनी कंपनियों में कथित निवेश करने के लिए कवि अरोड़ा, सुनील गोधवानी और अनिल सक्सेना को भी गिरफ्तार किया है। रेलिगेयर फिनवेस्ट लिमिटेड (आरएफएल) ने एक शिकायत में आरोप लगाया है कि सिंह के कंपनी का निदेशक रहते हुए कर्ज लिया गया लेकिन कर्ज ली गई धनराशि का अन्य कंपनियों में निवेश कर दिया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'आरएफएल में प्रबंधन बदला। नए प्रबंधन ने जब कार्यभार संभाला तो उसने पाया कि एक बार कर्ज लिया गया और उस धनराशि का सिंह और उनके भाई से जुड़ी अन्य कंपनियों में निवेश कर दिया गया। प्रबंधन ने आर्थिक अपराध शाखा में शिकायत की जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गई।' शिवेन्दर का भाई मालविन्दर फरार है और उसके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया है।

# भारत-चीन को एक दूसरे से कोई खतरा नहीं: वीदोंग

- **अनौपचारिक शिखर वार्ता से ऐन पहले चीन के राजदूत ने दिया अहम बयान**

**पायनियर समाचार सेवा।** मामल्लापुरम (तमिलनाडु)



**समुद्र** किनारे बसे इस प्राचीन शहर में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के भव्य स्वागत की तैयारियां हो रही हैं, वहीं चीन ने कहा है कि दोनों देश एक दूसरे के लिए किसी तरह का खतरा नहीं हैं तथा दोनों एशियाई देशों के बीच वृहद सहयोग से क्षेत्र में और इससे परे शांति और स्थिरता लाने में सकारात्मक ऊर्जा मिलेगी।

चीनी राजदूत सुन वीदोंग ने एक साक्षात्कार में कहा कि शुक्रवार से शुरू हो रही दो दिवसीय अनौपचारिक शिखर वार्ता से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों के विकास की दिशा पर दिशानिर्देशक सिद्धांत समेत नई आम-सहमतियां उभर सकती हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया के दो सबसे बड़े विकासशील और उभरती अर्थव्यवस्थाओं वाले देश, चीन और भारत की इस जटिल दुनिया में सकारात्मक ऊर्जा भरने की जिम्मेदारी है।

सुन ने कहा, हमारा विश्वास है कि शिखर वार्ता द्विपक्षीय संबंधों को उच्च स्तर पर ले जाएगी और क्षेत्रीय तथा वैश्विक शांति, स्थिरता एवं विकास पर इसका बड़ा और सकारात्मक असर पड़ेगा। शी करीब 24 घंटे की यात्रा के लिए शुक्रवार को चेन्नई पहुचेंगे। वह ऐसे समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अनौपचारिक वार्ता करने वाले हैं जब कश्मीर के मुद्दे को लेकर दोनों देशों के बीच असहज स्थिति पैदा हो गई थी। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने बुधवार को बीजिंग में चिनफिंग के

# सिर्फ दो दंपति खरीद सके महंगा टिकट, करवा चौथ स्पेशल रद्द

- **इसका किराया एसी वन में 1,02,960 रुपए और एसी टू टीयर में 90,090 रुपए था**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**विवाहित** जोड़ों को ध्यान में रखते हुए करवाचौथ पर विशेष ट्रेन सेवा की रेलवे की योजना परवान नहीं चढ़ सकी, क्योंकि केवल दो दंपतियों ने इसका टिकट खरीदा।

सूत्रों ने यह जानकारी दी सूत्रों के अनुसार विशेष ट्रेन द मैजेस्टिक राजस्थान डीलक्स में विवाहित जोड़ों के लिए पांच दिन का यात्रा पैकेज ड्रीम हॉलिडे रखा गया था। इसके तहत उन्हें राजस्थान के प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों का भ्रमण कराया जाता। उन्होंने बताया कि करवाचौथ स्पेशल में इसके लिए 78 सीट आरक्षित की गई थी, लेकिन सिर्फ दो दंपतियों ने ही टिकट खरीदा।

अधिकारियों ने बताया कि सिर्फ विवाहित जोड़ों को ही इसमें यात्रा की इजाजत थी। यही नहीं विशेष ट्रेन में उनके लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। इनमें स्नान के लिए विशेष लघु कक्ष और पैरों की मसाज की व्यवस्था शामिल थी।

यही नहीं आईआरसीटीसी ने बच्चों के लिए भी विशेष व्यवस्था की थी। यह ट्रेन भारतीय रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म (आईआरसीटीसी) के प्रचार का हिस्सा थी और यह 14 अक्टूबर को सफदरजंग स्टेशन से रवाना होकर राजस्थान में जैसलमेर किला, पटवन की हवेली, गड़ीसर झील, मेहरानगढ़ किला, जसवंत थड़ा, अम्बेर किला और सिटी पैलेस जैसे ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराती। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, सिर्फ दो दंपति ने इसकी बुकिंग की थी इसलिए अच्छा है कि इसे रद्द किया जाए। हम बिना यात्री के ट्रेन नहीं चला सकते। अधिकारियों ने बताया कि इसके पीछे अधिक किराया वजह हो सकती है। प्रति दंपति इसका किराया एसी वन में 1,02,960 रुपए और एसी टू टीयर में 90,090 रुपए था। उन्होंने बताया कि दोनों दंपतियों के पैसे वापस कर दिए जाएंगे।

# घर खरीदारों से अतिरिक्त पैसा वसूली की होगी जांच, समिति बनाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के आवंटियों से अतिरिक्त धनराशि की वसूली के लिए भेजे गए नोटिस के मामले में मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी की अध्यक्षता में जांच समिति का गठन किया है। समिति को 15 दिन में जांच करके रिपोर्ट सौंपनी है।

अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी की ओर से कहा गया है कि उच्च न्यायालय ने पतवाड़ी और खैरपुर गुर्जर समेत 39 गांवों के किसानों की याचिकाओं का निस्तारण कर किसानों को 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा देने का फैसला सुनाया था। न्यायालय ने यह आदेश भी दिया कि धनराशि किस अनुपात में आवंटियों से वसूल की जाएगी, यह प्राधिकरण तय करेगा। इसके बाद 7 और गांवों के किसान भी कोर्ट चले गए। उन्हें भी कोर्ट ने अतिरिक्त मुआवजा देने का आदेश कर दिया। इस तरह गांवों की संख्या 46 हो गई। इस धनराशी को आवंटियों से वसूला जाना है। 1465 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से हजारों ने पैसा जमा भी कर दिया है। प्राधिकरण ने बाद में यह धनराशी 1465 से घटाकर 1287 रुपये प्रति वर्ग मीटर कर दी। जिन आंवटियों ने पुराने रेट पर पैसा जमा कर दिया, उन्हें प्राधिकरण पैसा वापस लौटाएगी। इसकी लिस्ट प्राधिकरण ने वेबसाइट पर अपलोड कर दी है।

एसीईओ ने बताया कि कुछ गांवों में सम्पूर्ण क्षेत्रफल और कुछ गांवों में आंशिक क्षेत्रफल प्रभावित है। किसानों को 4500 करोड़ रुपये अतिरिक्त मुआवजा बांटा जा चुका है। यह पैसा आंवटियों से वसूला जाना है। बीते बुधवार को सेक्टर के आवंटियों ने सीईओ से मुलाकात की। आवंटियों ने बताया कि ऐसे आवासीय सेक्टरों से मुआवजे की मांग की जा रही है, जो इस परिधि में नहीं आते हैं। सीईओ ने अतिरिक्त मुआवजे की वसूली के लिए भेजे जा रहे नोटिस की जांच के लिए एसीईओ दीपचंद की अध्यक्षता में समिति गठित कर दी है।

*उच्च न्यायालय ने गांवों के किसानों को 64.7 फीसद फीसद मुआवजा देने के अलग-अलग आदेश दिए हैं। जिन गांवों के लिए आदेश हैं, उनकी जमीन पर बसे सेक्टरों के आवंटियों को ही नोटिस दिए गए हैं। जिन आवंटियों से पूर्व में अतिरिक्त धनराशि वसूली गई है। प्राधिकरण उसे वापस कर रहा है।*
**नरेंद्र भूषण, सीईओ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण**

## ग्रेनो में औद्योगिक संपत्ति खरीदना हुआ महंगा

**नोएडा।** नोएडा में फेज वन और तीन में औद्योगिक संपत्ति खरीदना महंगा हो गया है। फेज वन में 7 से 10 प्रतिशत और फेज तीन में आवंटन रेट में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। जिन सेक्टरों में रेट बढ़ाए हैं, उनकी सूची बुधवार को जारी कर दी है।

फेज टू में विकसित किए जा रहे नए औद्योगिक सेक्टर में रेट नहीं बढ़ाए गए हैं। बाजार के रेट के मुकाबले यह बढ़ोतरी कम है। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि फेज वन और टू के औद्योगिक भूखंडों का सेक्टर का आवंटन रेट और अगस्त में लागू किए सर्किल दर का तुलनात्मक अध्ययन किया गया। यह अध्ययन 0 से 4 हजार, 4001 से 20 हजार, 20001 से 60 हजार व 60000 से 1 लाख वर्ग मीटर तक के बड़े भूखंडों के लिए किया गया। अध्ययन के आधार पर तैयार की गई रिपोर्ट में निर्णय लिया गया कि फेज वन में 7 से 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाए।

# गैस से भरा टैंकर बीच सड़क पर पलटा

### मोदीनगर में घंटों लगा रहा लंबा जाम, मेरठ के लिए हापुड़ से गई बसें

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



कैप्सूल को बीच सड़क से किनारे रखतीं बड़ी क्रेनें।

मोदीनगर थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार सुबह दिन निकलते ही नेशनल हाईवे पर उस समय हड़कंप मच गया जब इंडियन ऑयल का कैप्सूल रोड पर अनियंत्रित होकर पलट गया और उसमें से ज्वलनशील पदार्थ लीक होने लगा। हालांकि गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ क्योंकि फायर ब्रिगेड और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। इस दौरान कई किलोमीटर लंबा जाम जरूर लग गया। जाम को देखते हुए मेरठ जाने वाली बसों को रूट डायवर्ट कर हापुड़ से मेरठ के लिए निकाला गया।

जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार सुबह लगभग 3 बजे मोदीनगर में मथुरा से हरिद्वार जा रहा एल पी जी का भरा हुआ कैप्सूल (बड़ा टैंकर) अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गया जिससे एल पी जी गैस का रिसाव होने लगा। उक्त घटना की सूचना मिलते ही तुरंत फायर स्टेशन मोदीनगर की 2 गाड़ियों ने मौके पहुंचकर स्थिति को देखते हुए पानी की बौछार कर वाल्व से लीक हो रही गैस को बंद किया। सूचना पर इंडियन ऑयल के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद पलटे टैंकर को सीधा कर सुरक्षित स्थान पर ले जाने के लिए बड़े क्रेन मंगाए गए। जिसे क्रेनों की मदद से सीधा कर बीच सड़क से हटाकर साइड कर दिया गया।

## अपनी कार और बाइक का नंबर भी करा सकेंगे पोर्ट

**नोएडा।** वाहन मालिकों के लिए खुशखबरी है। अब मोबाइल नंबर की तरह वह अपने नए वाहन पर अपनी पुरानी गाड़ी का आकर्षक नंबर अब पोर्ट करा सकते हैं। परिवहन विभाग ने यह सुविधा शुरू कर दी है। आकर्षक नंबर के लिए निर्धारित शुल्क का बीस फीसदी जमा करके यह सुविधा ली जा सकती है।

एआरटीओ प्रशासन एके पांडे ने बताया कि वाहन मालिक अपनी गाड़ी के पुराने नंबर को नए वाहन पर लगवा सकता है। कार के लिए पांच हजार रुपये और दोपहिया वाहन के लिए एक हजार रुपये फीस जमा करनी होगी। वहीं आकर्षक नंबर को पोर्ट कराने के लिए नंबर की कीमत की 20 फीसदी राशि जमा करनी होगी। उन्होंने बताया कि वाहन मालिक को पुराना नंबर दे दिया जाएगा और नई सीरीज का कोई नंबर उसके पुराने वाहन के लिए आवंटित कर दिया जाएगा।

## युवती समेत तीन लुटेरों को पुलिस ने पकड़ा

**नोएडा।** पुलिस ने एक युवती समेत तीन लुटेरों को गिरफ्तार कर उनके पास से लूटा हुआ लैपटॉप, घड़ी और नकदी आदि बरामद की है। थाना सेक्टर 20 के प्रभारी निरीक्षक राजवीर सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को बताया कि बुधवार रात गश्त पर निकले झुंडपुरा चौकी प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने एक सूचना के आधार पर तीन शातिर लुटेरे अभिजीत उर्फ पिज्जा, अमित तथा कुमारी मुस्कान को गिरफ्तार किया है।

उन्होंने बताया कि इनके पास से एक लैपटॉप, एक घड़ी तथा 230 रूपए नकद बरामद हुआ है। पूछताछ के दौरान तीनों बदमाशों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने बरामद सामान सेक्टर 9 के पास से 9 अक्टूबर की रात साहिल नामक छात्र से लूटा था।

# बिग बॉस को प्रतिबंधित कर सलमान पर लगाएं रासुका

### लोनी से भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर ने केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री को लिखा पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद





**● पिछले दिनों हिंदू संगठनों ने पुतला भी फूंका था**

प्रदेश में भाजपा के एक विधायक ने कथित रूप से अश्लीलता फैलाने के लिए रियल्टी टीवी शो बिग बॉस को प्रतिबंधित करने की मांग करते हुए कार्यक्रम के मेजबान तथा अभिनेता सलमान खान के खिलाफ कठोर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत मामला दर्ज कराने की मांग की।

भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर ने केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर को लिखे पत्र में दावा किया कि कलर्स चैनल पर प्रसारित किया जा रहा रियल्टी शो सामाजिक समरसता को समाप्त कर, अश्लीलता और असभ्यता को बढ़ावा देता है। विधायक ने कहा कि चैनल प्राइम टाइम में कार्यक्रम प्रसारित कर रहा है जब आमतौर पर परिवार एक साथ बैठकर टीवी देख रहे होते हैं।

विधायक ने कहा कि एक ओर जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अंतरराष्ट्रीय मंच पर हमारी प्राचीन संस्कृति का प्रचार कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर इस फूहड़ कार्यक्रम का प्रसारण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परिवार के साथ टीवी देखना मुश्किल हो गया है। हमारी संस्कृति को तबाह कर रहे ऐसे किसी भी टीवी धारावाहिक को बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। इसे तुरंत प्रतिबंधित करना चाहिए।

उन्होंने कलर्स चैनल के मालिक और कार्यक्रम के संपादक पर भी रासुका लगाने की मांग की। इससे पहले गाजियाबाद के लोनी इलाके में सोमवार और बुधवार को कुछ हिंदू संगठनों ने इस टीवी कार्यक्रम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए अभिनेता और कार्यक्रम के होस्ट सलमान खान का पुतला फूंका था।

## विलय के खिलाफ राजस्व महासंघ का प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा।** चकबंदी विभाग का राजस्व विभाग में विलय करने के खिलाफ बृहस्पतिवार को समूचे उत्तर प्रदेश में राजस्व महासंघ ने विरोध जताया है। इसी कड़ी में बृहस्पतिवार को सूरजपुर स्थित कलेक्ट्रेट में उत्तर प्रदेश राजस्व महासंघ के बैनर तले कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन किया तथा मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

ज्ञापन में उ.प्र.राजस्व महासंघ के जिला गौतमबुद्ध नगर अध्यक्ष अरविंद कुमार तथा महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा चकबंदी विभाग का राजस्व विभाग में विलय प्रतिनियुक्ति की दिशा में अब तक की गई कार्यवाही निष्प्रयोज्य है तथा यह निर्णय किसानों तथा प्रदेश राजस्व के हित में भी नहीं है।

# यूपी पुलिस के हाथों में होगी हिंडन एयरपोर्ट की सुरक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

**● जवानों को दिया गया है विशेष प्रशिक्षण**

इंतजार की घड़ियां खत्म। अब से कुछ ही घंटों में हिंडन एयरपोर्ट पर प्लेन की पहली लैंडिंग होगी। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विशेष तौर पर सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किये गए हैं। एयरपोर्ट की सुरक्षा का जिम्मा साहिबाबाद के सीओ आरके मिश्रा को सौंपा गया है। एयरपोर्ट पर तैनात किए जाने वाले पुलिसकर्मियों को विशेष ट्रेनिंग दी गई है।

गाजियाबाद में हिंडन एयरपोर्ट का संचालन आज से शुरू होने जा रहा है। दोपहर 12:30 बजे पहली फ्लाइट पिथौरागढ़ से हिंडन एयरपोर्ट पहुंचेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने 8 मार्च को हिंडन एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था।

करीब 7 महीने के लंबे इंतजार के बाद गाजियाबाद की जनता को एयरपोर्ट की सौगात मिलेगी। हिंडन एयरपोर्ट की सुरक्षा का जिम्मा उत्तर प्रदेश पुलिस को सौंपा गया है। साहिबाबाद के सीओ आरके मिश्रा को एयरपोर्ट का मुख्य एयरपोर्ट सुरक्षा अधिकारी बनाया गया है।


## संक्षिप्त समाचार



डिप्रेशन से मुक्त रखने के लिए पुलिस लाइंस में बृहस्पतिवार को आयोजित गोष्ठी के दौरान मौजूदा डॉक्टरों की टीम व पुलिस अधिकारी।

### डिप्रेशन से बचाव के उपाय बताए

**गाजियाबाद।** पिछले कुछ समय के अंदर डिप्रेशन के चलते पुलिसकर्मियों द्वारा की जाने वाले आत्महत्या जैसी घटनाओं को रोकने के लिए मैक्स अस्पताल ने पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर एक अच्छी व अनूठी पहल की है। बृहस्पतिवार को पुलिस लाइन में आयोजित एक जागरूकता गोष्ठी के दौरान मैक्स अस्पताल वैशाली से आई चिकित्सकों की टीम ने पुलिसकर्मियों की काउंसिलिंग की। गोष्ठी के बाद एसपी देहात नीरज कुमार जादौन ने मैक्स अस्पताल से आए चिकित्सकों की टीम का आभार जताते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से पुलिसकर्मियों को तनाव व अवसाद जैसे रोगों से बचाने में मदद मिलेगी।



अपनी मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते डीएलएड संयुक्त प्रशिक्षु मोर्चा के पदाधिकारी।

### रिजल्ट व छात्रवृति को लेकर सौंपा ज्ञापन

**हापुड़।** बृहस्पतिवार को डीएलएड संयुक्त प्रशिक्षु मोर्चा के पदाधिकारियों ने प्रशिक्षुओं संग पुरानी कलेक्ट्रेट पहुंचकर 2018 बैच के सेकंड सेमिस्टर के रिजल्ट को जल्द से जल्द घोषित करने व छात्रवृति फॉर्म की तिथि को आगे बढ़ाने की मांग करते हुए एसडीएम सत्यप्रकाश को ज्ञापन सौंपा। डीएलएड संयुक्त प्रशिक्षु मोर्चा के जिलाध्यक्ष ह्रदेश प्रताप सिंह ने बताया कि 2018 बैच के सेकंड सेमिस्टर के रिजल्ट घोषित किया गया है जिससे प्रशिक्षु छात्रवृति फॉर्म भरने से वंचित रह सकते हैं। प्रशिक्षु आर्थिक रूप से कमजोर हैं इसलिए जल्द से जल्द रिजल्ट घोषित किया जाए और छात्रवृति फॉर्म की डेट बढ़ाई जाए। इस दौरान अभिषेक गौतम, प्रीति, भावना राजपूत, अंचल सागर, अभिनव सिंह, अरमान मालिक, आबिद अली, विवेक, जितेंद्र गंगवार आदि प्रिशिक्षु मौजूद रहे।

### एक करोड़ रुपए के अवैध पटाखे जब्त

**गाजियाबाद।** जनपद के फर्रुखनगर में पुलिस ने गैर कानूनी तरीके से चल रही पटाखा फैक्ट्रियों पर छापेमारी कर एक करोड़ रुपए के पटाखे जब्त किए हैं। अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। जिलाधिकारी ने बताया कि पुलिस ने 15 पटाखा फैक्ट्रियों और तीन गोदामों में छापेमारी की। उन्होंने बताया कि इस दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में पटाखें जब्त किए। पांडेय ने बताया कि मामले में नौ लोगों मुस्तफा, इकराम, हनीफ, अहिर मलिक, सुशील त्यागी, इस्लाम, आरिफ, सुलेमान और हासिम के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत लोनी पुलिस थाने में मामला दर्ज किया है।

## वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का रास्ता साफ, एनजीटी ने केस किया खारिज

**गाजियाबाद।** गालंद में वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का रास्ता साफ हो गया। इस मामले में गालंद के किसानों ने एनजीटी में निगम के खिलाफ केस फाइल किया था। एनजीटी ने इस मामले को खारिज कर दिया। इसके साथ ही अब निगम द्वारा गालंद में प्लांट का रास्ता साफ हो गया है।

हालांकि एनजीटी ने निगम को आगाह किया कि वह वेस्ट टू एनर्जी प्लांट लगाने के लिए नियमानुसार एनओसी लेकर कार्रवाई करेगा। हाईटेक और इंटिग्रेटिड सिटी के बिल्डरों द्वारा गालंद में जमीन खरीदकर जीडीए को देगा।

# बैंक की असिस्टेंट मैनेजर ने की खुदकुशी, मिला सुसाइड नोट

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

एक निजी बैंक की असिस्टेंट मैनेजर ने बुधवार शाम को सेक्टर-70 स्थित पैनोसिस सोसाइटी के अपने फ्लैट में चुन्नी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को युवती की लाश के पास से सुसाइड नोट भी मिला है।

जानकारी के अनुसार, 24 वर्षीय सृष्टी सेक्टर-62 स्थित एक्सिस बैंक में असिस्टेंट मैनेजर थी। वह सेक्टर-70 स्थित पैनोसिस सोसाइटी के एक फ्लैट में रहती थी। युवती की मां टीचर हैं। सृष्टी बुधवार को अपने फ्लैट पर अकेली थी। इसी बीच उसने पंखे से चुन्नी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जब सृष्टी की मां फ्लैट पर पहुंची तो उन्होंने सृष्टी का शव पंखे से लटका देखा। फिर पुलिस और परिजनों को घटना के बारे में सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना फेज तीन प्रभारी ने बताया कि मृतका के पास एक सुसाइड नोट मिला है। सुसाइड नोट में मृतका ने लिखा कि वह अपनी मर्जी से सब कुछ कर रही है।

# बीमा कंपनी प्रबंधक समेत 4 पर धोखाधड़ी का केस

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**● क्लेम लेने पर पता चला पॉलिसी फर्जी है**

जनपद गौतमबुद्धनगर के वरिष्ठ भाजपा नेता ने बजाज एलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के क्षेत्रीय प्रबंधक सहित चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। थाना सेक्टर 24 के थानाध्यक्ष रामफल सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि रघुनाथपुर गांव के निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता नरेश शर्मा ने बुधवार की रात को थाना सेक्टर 24 में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

शर्मा ने अपनी शिकायत में कहा है कि 12 दिसंबर वर्ष 2018 को उन्होंने सेक्टर 2 के सी- ब्लॉक में स्थित बजाज एलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकारी पवन कुमार के माध्यम से अपनी कार का बीमा कराया था। बीमा कंपनी ने उनसे 23,000 रुपए प्रीमियम के रूप में ऑनलाइन लिए। उन्होंने बताया कि वाहन का बीमा 14 दिसंबर वर्ष 2019 तक वैध है।

शर्मा की शिकायत के अनुसार, बीमा कंपनी की तरफ से प्रदीप कुमार ने बीमा पॉलिसी के दस्तावेज उन्हें भेजे थे। थाना प्रभारी ने बताया कि नरेश शर्मा की कार का अज्ञात चोरों ने कुछ समय पूर्व साइड मिरर चुरा लिया जिसके क्लेम के लिए उन्होंने बीमा कंपनी को आवेदन किया। सिंह ने बताया कि पीड़ित का आरोप है कि उन्हें बीमा कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक प्रवीण सक्सेना एवं शाखा प्रबंधक राजेंद्र कुमार तथा सर्विस मैनेजर ने आश्वासन दिया कि उनका बीमा क्लेम जल्दी ही दे दिया जाएगा लेकिन, एक सप्ताह बाद ई-मेल द्वारा उन्हें बताया गया कि उनकी पॉलिसी फर्जी है।

शर्मा का आरोप है कि उन्होंने बीमा राशि बजाज एलायंस के खाते में ऑनलाइन भेजी थी। उनकी शिकायत है कि बीमा कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक प्रवीण सक्सेना, शाखा प्रबंधक राजेश कुमार, पवन कुमार व प्रदीप कुमार ने धोखाधड़ी कर धनराशि हड़प ली।

# नए कानून का असर, बने दोगुना लाइसेंस

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

**● सितंबर माह में जारी हुए 15590 डीएल**

प्रदेश में नया मोटर व्हीकल एक्ट 2019 लागू नहीं हुआ है लेकिन, इसका असर गाजियाबाद में देखने को मिल रहा है। जिले में पिछले साल सितंबर महीने के मुकाबले इस साल सितंबर महीने में करीब दोगुना ड्राइविंग लाइसेंस बने हैं।

1 सितंबर को नया मोटर व्हीकल एक्ट 2019 भारत के विभिन्न राज्यों में लागू कर दिया गया था। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर वाहन चालकों पर भारी जुर्माना लगाया जा रहा था। हरियाणा और दिल्ली की बात करें तो यहां यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर लाखों में जुर्माना लगाया गया है। केंद्र सरकार की ओर से मोटर व्हीकल एक्ट लागू किया गया था। जिसके तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माने की राशि को 10 गुना तक बढ़ा दिया गया है।

हालांकि उत्तर प्रदेश में नया मोटर व्हीकल एक्ट 2019 लागू नहीं हुआ है, लेकिन जनपद में इसका असर लोगों में देखने को मिल रहा है। सितंबर 2018 में गाजियाबाद यातायात विभाग की तरफ से 6737 डीएल जारी किए गए थे। अब सितंबर 2019 में ये आंकड़ा करीब 2 गुना पहुंच गया है।

पिछले एक महीने में यातायात विभाग में 15590 डीएल जारी किए हैं। बता दें ये संख्या इस साल की किसी भी महीने में बने ड्राइविंग लाइसेंस से अधिक है। लोगों में चालान का डर कहें या फिर यातायात नियमों के प्रति जागरूकता देखने को मिल रही है।

## एडीजी ने थाने का किया औचक निरीक्षण

**गाजियाबाद।** मेरठ जोन के एडीजी प्रशांत कुमार ने गाजियाबाद पुलिस की कार्यप्रणाली का परीक्षण करने के लिए बृहस्पतिवार को साहिबाबाद थाने का औचक निरीक्षण किया।

एडीजी ने थाने में दस्तावेजों, जीडी जैसे महत्वपूर्ण रजिस्टरों के अलावा मालाखाना व हवालात को देखा। इसके बाद पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। कुमार ने अपराध पर अंकुश लगाने, अपराधियों को उनके स्थान तक पहुंचाने और हर शिकायत की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए।



साहिबाबाद थाने में अधिकारियों संग मीटिंग करते एडीजी मेरठ जोन प्रशांत कुमार।

# टीबी रोगी खोज अभियान में घर-घर जाएंगी 132 टीमें

### पखवाड़े के दौरान चार लाख लोगों की स्क्रीनिंग कर बीमारी के बारे में दी जाएगी जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

जनपद में बृहस्पतिवार से सघन टीबी रोगी खोज अभियान शुरू हो गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एनके गुप्ता ने बताया कि घर-घर टीबी रोगी खोज अभियान के लिए एक्टिव केस फाइंडिंग (एसीएफ) टीम के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। उन्होंने बताया कि एसीएफ के लिए 132 टीमें बनाई गई हैं। एक पखवाड़े तक चलने वाले इस अभियान के दौरान करीब 4 लाख लोगों की स्क्रीनिंग की जाएगी।

सीएमओ ने बताया अभियान को सफल बनाने के लिए 26 सुपरवाइजर तथा 9 नोडल अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। एसीएफ के दौरान घरों में जाने वाली टीमें लोगों को क्षय रोग के लक्षण एवं बचाव की जानकारी देंगी। अगर किसी व्यक्ति में क्षय रोग के लक्षण पाए जाते हैं तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में उसके बलगम की निशुल्क जांच कराई जाएगी।

जिला क्षय रोग अधिकारी डा. जेपी श्रीवास्तव ने बताया बलगम की जांच कराने के लिए लोगों को जिला अस्पताल तक न जाना पड़े, इसके लिए नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बलगम जांच केंद्र स्थापित किए गए हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रभारी और स्टाफ नर्सेज के अलावा लेब टेक्नीशियनों को भी एसीएफ से पहले पूरी ट्रेनिंग दी गई है। उन्होंने बताया कि जांच में टीबी की पुष्टि होने पर क्षय रोग विभाग पीड़ित को न केवल निशुल्क उपचार उपलब्ध कराता है बल्कि मरीज के बेहतर पोषण के लिए उसे हर माह 500 रूपए की राशि भी देता है, जो मरीज के खाते में भेजी जाती है। इसके लिए मरीज को अपना आधार नंबर और बैंक पासबुक की फोटो कॉपी उपलब्ध करानी होती है। डीटीओ ने बताया कि यदि 15 दिनों तक खांसी ठीक न हो तो बलगम की जांच कराना जरूरी हो जाता है।

जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया टीबी के लिहाज से साहिबाबाद, पसौंडा, भोपुरा, लोनी, मंडोला, खोडा, विजय नगर, घूकना, मुरादनगर, मोदी नगर, भोजपुर और फरीदनगर को संवेदनशील क्षेत्र माना गया है। खासकर घनी आबादी में टीबी का खतरा ज्यादा होता है। यह बीमारी सांस के जरिए एक से दूसरे व्यक्ति में फैलती है, इसलिए पूर्व में चिन्हित किए गए टीबी मरीजों के परिजनों की स्क्रीनिंग विशेष रूप से की जाएगी।

**टीबी के लक्षण**

- भूख कम लगना, वजन अचानक कम हो जाना।
- बेचैनी और सुस्ती, सीने में दर्द, थकावट।
- रात में सोते समय पसीना आना।
- हल्का बुखार और हरारत रहना।
- खांसी के साथ बलगम में खून आना।
- गहरी सांस लेने में सीने में दर्द होना।
- कमर की हड्डी पर सूजन, घुटने में दर्द।

# पीजी चलाने के बहाने प्राधिकरण के रिटायर्ड अधिकारी को ठगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**● तीन लोगों ने 60 लाख का लगाया चूना**

नोएडा प्राधिकरण के एक सेवानिवृत्त अधिकारी से पेंइग गेस्ट हाउस के व्यापार से मोटी कमाई कराने का लोभ देकर 3 लोगों ने करीब 60 लाख रुपए ठग लिया। थाना सेक्टर 49 के थानाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने बृहस्पतिवार को बताया कि सेक्टर 49 में रहने वाले राहुल चौधरी ने थाने में घटना को लेकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

रिपोर्ट में उसने कहा है कि उनके पिता तेजपाल चौधरी को नोएडा प्राधिकरण से सेवानिवृत्त होने पर करीब 50 लाख की धनराशि प्राप्त हुई। शर्मा के अनुसार, पीड़ित का आरोप है कि उसके पिता से दिल्ली निवासी ललित शर्मा, शिव शर्मा तथा राकेश शर्मा मिले। इन लोगों ने पीजी चलाने के व्यापार में मोटी रकम कमाने का लोभ देकर उनके पिता को पोंजी स्कीम में फंसा लिया। इन लोगों ने उन्हें प्रलोभन दिया कि 60 लाख रुपए के निवेश के एवज उन्हें प्रति वर्ष 60 लाख रुपए की कमाई होगी।

थानाध्यक्ष ने बताया कि तीनों ने सेवानिवृत्त अधिकारी को लालच में फंसाकर उनसे कुल 60 लाख रुपए ले लिए और बाद में पता चला कि इन लोगों का पीजी चलाने का कोई व्यवसाय नहीं है तथा यह लोग पेशेवर जालसाज हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# मुफ्त बिजली स्मार्ट शासन की मिसाल : केजरीवाल

## 14 लाख परिवारों को जीरो बिल मिलने के बाद उपभोक्ता खपत 200 यूनिट से कम करने की कोशिश

- किरायेदार भी अब सब्सिडी का लाभ उठा रहे है : मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली सरकार की मुफ्त बिजली योजना को स्मार्ट शासन का एक उदाहरण करार देते हुए कहा कि यह कदम दिल्ली वालों को बिजली की खपत कम करने के लिए प्रोत्साहित करता है। स्मार्ट गवर्नेंस में तकनीक और नए कदमों के जरिए नियोजन और नीतिगत निर्णयों को ज्यादा बेहतर तरीके से कार्यान्वित किया जाता है।

अगस्त में आम आदमी पार्टी सरकार ने घरेलू उपयोगकर्ताओं को 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली मुहैया कराने की घोषणा की थी। बाद में उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में रहनेवाले किराएदारों को भी यह सुविधा देने का ऐलान किया।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को ट्विटर पर कहा कि दिल्ली में रहनेवाले लोग 200 यूनिट से कम बिजली उपभोग करने की कोशिश में रहते हैं ताकि उनके बिजली का बिल पूरी तरह से माफ हो सके। मुफ्त बिजली योजना स्मार्ट गवर्नेंस की एक मिसाल बनने जा रही है। दिल्ली के 14 लाख परिवारों को इस महीने जीरो बिल मिलने के बाद अब हर परिवार अपनी खपत 200 यूनिट से कम करने की कोशिश कर रहा हैं।

आम लोगों को मुफ्त बिजली का लाभ भी मिल रहा हैं और अब लोग बिजली भी बचाएंगे। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में करीब 48 लाख घरेलू उपयोगकर्ता हैं। दिल्ली सरकार की इस योजना के तहत 201-400 यूनिट तक बिजली उपभोग करने वाले लोग अपने बिजली बिल में 50 फीसदी छूट हासिल करने के पात्र हैं।

पिछले महीने केजरीवाल ने मुख्यमंत्री किराएदार बिजली मीटर योजना की घोषणा की जिसके तहत किराएदार अब मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठा सकते हैं।

**मुहिम को कई हस्तियों का मिल चुका है समर्थन**

**मुख्यमंत्री के इस अभियान को कई हस्तियों और राजनीतिक नेताओं का भी समर्थन मिला है। जिसमें भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव, बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू, अभिनेता इमरान हाशमी, फिल्म निर्माता व निर्देशक महेश भट्ट, पत्रकार राजदीप सरदेसाई जैसी हस्तियां भी शामिल हैं। इन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एंटी डेंगू अभियान को बढ़ावा दिया।**

## डेंगू विरोधी मुहिम में उतरे सहवाग



- लोगों से की अभियान का चैंपियन बनने की अपील, सीएम को दिया धन्यवाद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के 10 हफ्ते 10 बजे 10 मिनट अभियान को पूर्व क्रिकेटर व विस्फोटक बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग का साथ मिला है। सहवाग ने वीडियो जारी कर लोगों से डेंगू के खिलाफ लड़ने और चैंपियन बनने की अपील की।

उन्होंने लोगों से अपने पड़ोसियों को भी जागरूक करने का अनुरोध किया है। जिससे पूरी दिल्ली एकजुट होकर डेंगू के खिलाफ लड़ सके। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को ट्वीट कर मुल्तान के सुल्तान वीरेंद्र सहवाग को धन्यवाद किया। साथ ही लिखा कि उन्हें विश्वास है कि दिल्ली के युवा आपका संदेश सुनकर अभियान में और उत्साह से जुड़ेंगे। सनद रहे कि सीएम के अभियान की वजह से इस वर्ष डेंगू के मामलों की आश्चर्यजनक रूप से कमी आई है। नगर निकायों के एंटी मलेरिया मुख्यालय की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार इस हफ्ते डेंगू के सिर्फ 74 ताजा मामले ही सामने आए हैं। इस साल अक्टूबर के पहले सप्ताह तक यह आंकड़ा 356 तक पहुंचा है। वर्ष 2018 में इस समय तक करीब 650 मामले सामने आ चुके थे। डॉक्टरों और विशेषज्ञों ने इस साल सीएम को चेतावनी दी थी कि डेंगू का 3.4 साल का चक्र होता है। इस साल ज्यादा प्रकोप का अनुमान है। सरकार ने अपने स्तर पर मेगा कार्यक्रम शुरू किया।




एप लॉन्च करते केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय, साथ में दिल्ली पुलिस आयुक्त अमूल्य पटनायक व अन्य। फोटो रंजन डिमरी

## अब चलती ट्रेन में दर्ज कराएं एफआईआर

- सहयात्री एप लॉन्च

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

ट्रेन में चोरी, झपटमारी, डकैती, लूटपाट समेत अन्य वारदात की एफआइआर रेल यात्री अब चलती ट्रेन से भी कर सकेंगे।

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने गुरुवार को सहयात्री नाम से एक ऐप लॉन्च किया। इसमें यात्री जीआरपी दिल्ली से संबंधित मामले दर्ज करा सकेंगे। साथ ही रेलवे से संबंधित अपना फीडबैक भी दे सकते हैं। देशभर की जीआरपी पुलिस के लिए एक वेबसाइट भी शुरू की है जिसमें तमाम राज्य की जीआरपी पुलिस अपने-अपने राज्यों के मोस्ट वॉन्टेड समेत अन्य अपराधियों का डाटा भी शेयर कर सकेंगी।

दिल्ली पुलिस आयुक्त अमूल्य पटनायक ने बताया कि सहयात्री नाम का मोबाइल ऐप लॉन्च किया है। इसके अलावा वेबसाइट भी लॉन्च की है। ये दोनों सुविधाएं केवल रेल यात्रियों के लिए होंगी। इन्हें दिल्ली जीआरपी ने तैयार किया है। वेबसाइट देश की जीआरपी के लिए बनाई गई है। इसमें अपराधियों का डाटा शेयर कर अपराध को नियंत्रित करने के साथ अपराधियों के बारे में जीआरपी को पूरी जानकारी भी मिल सकेगी।

विशेष आयुक्त इंटेलीजेंस प्रवीर रंजन ने बताया कि इस ऐप से रेल यात्रियों को एफआइआर कराने के लिए पुलिस थाने जाने की जरूरत नहीं होगी। यात्री चलती ट्रेन से भी सहयात्री ऐप के जरिये एफआइआर दर्ज करा सकेंगे। इस ऐप के जरिए अब दो थानों के बीच का विवाद खत्म हो जाएगा।

## ऑस्ट्रेलिया में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पंच सितारा होटल में अपने शाही ठाठबांट दिखाकर लोगों से ठगी करने वाले एक शातिर को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने कई पीड़ितों को ऑस्टेलिया में नौकरी दिलाने का झांसा देकर मोटी रकम वसूल ली थी। मामला चाणक्युपरी थान में दर्ज किया गया।

आरोपी की पहचान डी एच जॉन पॉल के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त के अनुसार रोहिणी में रहने वाली अर्चना ने कई अन्य पीड़ितों के साथ मिलकर चाणक्युपरी में एफआईआर दर्ज कराई। पीड़ित के अनुसार डी.एच पॉल ने ऑस्ट्रेलिया में नौकरी दिलाने के बहाने उनसे दो-दो लाख रुपये वसूले है। जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली थी कि पीड़ित अर्चना और आरोपी द्वारका स्थित एक होटल में बैठक कर रहे है। पुलिस ने ट्रेप लगाकर उसे पकड़ा लिया। यह भी पता चला हे कि पीड़ितों पर रौब जमाने के खातिर उन्हें पंच सितारा होटल में बुलाया जाता और नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करते। अभी तक पुलिस 17 पीड़ितों के बयान दर्ज कर चुकी है। पॉल के पास से विदेशी कंपनियों के फर्जी जॉब लेटर पैड में मिला है। मामले की जांच अभी जारी है।

## बदलते मौसम और पराली ने बढ़ाया वायु प्रदूषण



- राजधानी में दो-तीन दिन में और गहराएगी समस्या

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ने लगा है। यहां गुरुवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक 152 पर दर्ज किया गया। सुबह के समय यह 189 तक पहुंच गया था।

पीएम 10 का स्तर 162 रहा। अभी यह मॉडरेट श्रेणी में है लेकिन अगले दो-तीन दिन में इसके निम्न श्रेणी में चले जाने की संभावना है।

वायु प्रदूषण पर नजर रखने वाली एजेंसी सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वैदर फोरकास्टिंग एंड रिसर्च (सफर) के अनुसार पिछल 48 घंटों में एक-दो जगह पंजाब तथा हरियाणा में कई जगह पराली जलाने की घटनाएं हुई हैं। इसी के साथ पश्चिम की ओर बह रही हवा की गति बेहद धीमी हो गई है। इन वजहों से धूल और धुएं के कण आगे बढ़ने के बजाय वातावरण के निचले हिस्से में एकत्र होने लगे हैं जो वायु प्रदूषण का कारण बन रहे हैं।

राजधानी के आनंद विहार, सिरीफोर्ट, आरके पुरम, पूसा रोड, चांदनी चौक, मेजर ध्यानचंद स्टेडियम और कर्णी स्टेडियम में प्रदूषण का स्तर अन्य इलाकों के मुकाबले बहुत अधिक दर्ज किया गया। अमेरिकी दूतावास के वायु गुणवत्ता सूचकांक के अनुसार शहर के सात स्थानों पर हवा की गुणवत्ता सबसे खराब रही। मौसम एजेंसी सफर के अनुसार अगले तीन-चार दिन में मानसून पूरी तरह विदा हो जाएगा। इसके बाद आसमान साफ होगा, तापमान में गिरावट आएगी और हवा की गति भी धीमी रहेगी।

इन सभी कारणों से 18 अक्टूबर के बाद प्रदूषण राजधानी के लोगों के लिए परेशानी का सबब बनने लगेगा। इस दौरान यदि पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने की घटनाएं बढ़ीं और दिवाली पर बहुत अधिक पटाखे छोड़े गए तो प्रदूषण की स्थिति गंभीर रूप ले सकती है। पराली जलने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इसलिए 13 अक्टूबर तक प्रदूषण निम्न श्रेणी में पहुंच जाएगा।

## विदेश भाग रहा था रेप का आरोपी, एयरपोर्ट पर धरा

**नई दिल्ली।** गिरफ्तारी से बचने के लिए मलेशिया जाने की कोशिश कर रहे बलात्कार के एक आरोपी को दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पकड़ लिया गया।

सीआईएसएफ के अधिकारियों ने बताया कि अमित सैनी बुधवार देर रात मलेशिया एयरलाइंस के विमान से कुआलालम्पुर जाने वाला था। अधिकारियों ने बताया कि सीआईएसएफ को जानकारी मिली थी कि आरोपी सैनी अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए विदेश जाने वाला है। आरोपी को धर दबोच गया।



सैकड़ों वारदातों को अंजाम देने वाले चार आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

## बसों में चुराते थे मोबाइल, माल समेत हत्थे चढ़ा गिरोह

- 39 केसों का खुलासा, 108 फोन जब्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

डीटीसी बसों में जेबतराशी कर मोबाइल फोनों पर सेंध लगाने वाले एक बड़े गैंग का दिल्ली पुलिस ने पर्दाफाश किया है।

यह कितने शातिर थे उसका पता इसी बात से चलता है कि इनके पास से चोरी के 108 फोन बरामद हुए है। इसके साथ ही पुलिस ने करीब 39 कसों को खुलासा करने का भी दावा किया है। आरोपियों की पहचान विनोद, जीतू, रोशन और राजेश के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त क अनुसार गैंग हर दिन विभिन्न स्थानों (आश्रम, बदरपुर, गोविंद पुरी, कालंदी कुंज, एम.बी. रोड) पर इकट्ठा होते और बसों में मोबाइल फोन चोरी करने के लिए जाते थे।

इसी बीच एक अन्य आरोपी राजेश अपने टीएसआर में बस का पीछा करता। बस में मोबाइल फोन चुराने के बाद गैंग चोरी के फोन टीएसआर चालक को सौंप देता और फिर वे फोन चुराने के लिए फिर से दूसरी बस में चढ़ जाते थे। पुलिस उपायुक्त के अनुसार एक गुप्त सूचना के आधार पर गैंग का दबोच लिया। भागने की फिराक में गैंग ने एक कांस्टेबल के पैर पर पहिया चढ़ा दिया। वहीं एक अन्य मामले में लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले दो शातिरों को दिल्ली पुलिस ने पकड़ा है। इनके पास से 39 मोबाइल, एक चोरी की बाइक बरामद की है। आरोपियों की पहचान दिलशाद और फैजान के रूप में हुई है।

## संक्षिप्त समाचार



### प्रकृति-मानव को संतुलित रखता है यज्ञ : अवधेशानंद

**नई दिल्ली।** लक्ष्मी नारायण मंदिर बिड़ला मंदिर में छह दिवसीय चतुर्वेद स्वाहाकार महायज्ञ कार्यक्रम बुधवार से शुरू हुआ। इसका आयोजन विश्व हिन्दू परिषद् व अशोक सिंघल फाउंडेशन ने किया। जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरी ने इस महायज्ञ के मकसद को बताते हुए कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण विश्व में वैष्मयता बढ़ रही है। प्रकृति में प्रतिकूलता बढ़ रही है तो वह ऐसा मानते हैं कि यज्ञ के माध्यम से धरती, अम्बर, अग्नि, निहारिका, नक्षत्रों का संतुलन बनेगा और प्राणियों में सदभावना आती है। यज्ञ से उन्माद शिथिल होता है। इसके जरिए वे हारमोन, कैमिकल्स उत्पन्न होते हैं जो व्यक्ति को सहज, स्वाभाविक, नैसर्गिक, प्रकृतिक और संयमित रखते हैं। यज्ञ के परिणाम यह भी देखे गए कि समूची प्रकृति में एकता आ जाती है। विश्व हिन्दू परिषद की प्रबन्ध समिति के सदस्य दिनेश चन्द्र ने बताया कि विश्व के कल्याण के लिए यह यज्ञ है। वेद के विषय में अनेक भ्रांतियां फैली हैं जैसे महिलाएं वेद नहीं पढ़ सुन नहीं सकतीं। कोई विशेष वर्ग नहीं सुन सकता यह सच नहीं है।

### गुरु पर्व पर सद्भावना यात्रा निकाली

**नई दिल्ली।** गुरुनानक देव के 550वें जन्मदिन पर नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टीविस्ट्स के प्रीतपाल सिंह पन्नू और एसजीएफआई के अध्यक्ष गुरतेज सिंह खालसा ने गुरुनानक सद्भावना यात्रा निकाली। यह यात्रा 12 नवंबर तक चलेगी। इस यात्रा को पर्यावरण से इसलिए जोड़ा गया क्योंकि गुरु नानक देव को प्रकृति से बहुत प्रेम था। पूरे मार्ग में लगभग 55000 पौधों को लगाने की योजना है इन पौधों में पाकिस्तान के ननकाना साहब से लाई गई मिट्टी एवं पानी डाला जा रहा है जिससे लोगों की भावना इसके साथ जुड़े और इसकी संभाल करें। यात्रा के समापन पर यात्रा जिन 52 स्थानों से होकर निकली है वहां की मिट्टी और पानी से करतारपुर व सुलतानपुर लोधी में एक-एक पौधे लगाऐ जाएगा।

### बुजुर्गों के लिए लगा स्वास्थ्य शिविर



**नई दिल्ली।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मौके पर देवम वैलनेस ने अनोखी पहल की, जिसमें ओल्ड एज होम के बुजुर्गों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर करने के लिए मेंटल वैलनेस प्रोग्राम आयोजित किया गया। वृद्धाश्रम को अर्थ सेवियर्स फांउडेशन सपोर्ट करती है, जिसमें 500 बुजुर्ग लोग रहते हैं। उनमें से ज्यादातर कमजोर और बीमार हैं। देवम वैलनेस में कोगनिटिव थेरेपी कंस्लटेंट डॉ. प्रियम्वदा दुआ ने उनके लिये एक खास सेशन आयोजित किया। देवम वैलनेस के संस्थापक डॉ. आलोक चोपड़ा ने कहा परिवार के साथ न रहने से उनमें अकेलापन और उपेक्षा की भावना आ जाती है। इसलिये वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों को मानसिक परेशानियां हो सकती हैं। अर्थ सेवियर फांउडेशन के संस्थापक रवि कालड़ा ने बताया कि बुजुर्गों के चेहरे पर मुस्कान और खुशियां आई। हम उम्मीद करते हैं कि इस तरह से और संस्थाएं भी आगे आकर बुजुर्गों की देखभाल और उन्हें स्पोर्ट करेंगी।

## सड़क हादसे में गई थी जान परिवार को मिले 67 लाख

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) ने सड़क हादसे में मारे गए एसडीएमसी के कर्मी के परिवार और हादसे में घायल हुए उसके पति को 67.48 लाख रुपए मुआवजा दिए जाने का आदेश दिया है।

न्यायाधिकरण ने दक्षिणी दिल्ली नगर निगम में सफाई कर्मचारी के रूप में काम करने वाली सरोज (42) के परिवार को 62.38 लाख रुपए और हादसे में घायल हुए उसके पति बृजपाल सिंह को 5.10 लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया। 17 जुलाई 2017 को कहीं जा रहे बृजपाल और सरोज को एक टैंकर ने टक्कर मार दी थी, जिसके कारण सरोज की मौत हो गई थी। एमएसीटी के पीठासीन अधिकारी ने यूनाइटेड इंश्योरेंस को सरोज के पति और उसके तीन बच्चों को मुआवजा देने का आदेश दिया।

## मेट्रो स्टेशनों पर टैक्सी-ऑटो पार्किंग नहीं, थमाया नोटिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- ईपीसीए की रिपोर्ट पर सुप्रीम कोर्ट ने मांगा डीएमआरसी से जवाब

सुप्रीम कोर्ट ने मेट्रो स्टेशनों पर टैक्सी, ऑटो और साइकिल रिक्शा की पार्किंग के लिए कम जगह होने के मामले में डीएमआरसी से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा और न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता की पीठ ने पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण प्राधिकरण (ईपीसीए) की रिपोर्ट पर यह नोटिस जारी किया है। इस रिपोर्ट के अनुसार मेट्रो स्टेशनों और अंतरराज्यीय बस अड्डे जैसे स्थानों पर टैक्सी, आटो और साइकिल रिक्शा की पार्किंग के लिए स्थान निर्धारित नहीं है।

प्राधिकरण ने न्यायालय में पेश रिपोर्ट में यह भी कहा है कि दिल्ली के लिए अंतिम छोर तक मेट्रो स्टेशनों और कई तरह के यातायात वाले स्थानों को जोड़ना एक महत्वपूर्ण एजेंडा है और यह शहर में निजी वाहनों की आवश्यकता को काफी हद तक कम करेगा। पीठ ने इस मामले में डीएमआरसी को एसपीसीए की रिपोर्ट पर जवाब देने का निर्देश दिया और इसे नवंबर के लिए सूचीबद्ध कर दिया। ईपीसीए की रिपोर्ट में कहा गया है कि मेट्रो स्टेशन जैसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक यातायात के स्थानों से अंतिम छोर के लिए टैक्सी, ऑटो रिक्शा और साइकिल रिक्शा को नि:शुल्क पार्किंग स्थल की आवश्यकता है।

## एलजी को स्पा सेंटरों पर अंकुश लगाने का सुझाव

**नई दिल्ली।** स्पा और मसाज पार्लरों में सेक्स रैकेट को बंद करने की मांग करते हुए दिल्ली मलिा आयोग ने उपराज्यपाल सुझाव दिए हैं।

अपनी सिफारिश में आयोग ने कहा कि स्पा और मसाज केंद्रों में सभी श्रेणियों में क्रॉस जेंडर मसाज पर पूरी तरह प्रतिबंध जैसा कि गोवा में है। केंद्रों में होने वाली कथित सेक्स गतिविधियों को रोकने के लिए यह एक महत्वपूर्ण उपाय है। दिल्ली में गैर कानूनी रूप से चल रहे सभी स्पा सेंटरों को बंद कर दिया जाए।

### निगम ने स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के तहत दी होटलों की रैंकिंग

## हयात, क्राउन प्लाजा, मैरियट व पिकैडली अव्वल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दक्षिण दिल्ली नगर निगम ने होटलों की स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान रैंकिंग घोषित की। स्वच्छ भारत अभियान के तहत एक सर्वे कराया गया जिसमें होटलों में स्वच्छता और सोलिड वेस्ट प्रबंधन व्यवस्था का विश्लेषण किया गया। प्रत्येक जोन में सर्वेक्षण टीम का गठन किया गया जिसमें स्वच्छ सर्वेक्षण मापदंडों के आधार पर होटलों का मूल्यांकन किया गया।

इस प्रकिया में होटलों को अंक दिये गए और उनके द्वारा प्राप्त अंको के अनुसार प्रथम, द्वितीय, तृतीय श्रेणी में रखा गया। नजफगढ़ क्षेत्र के जे.डब्ल्यू मैरियट, एरोसिटी को प्रथम, पूलमैन एरोसिटी दूसरा व होलिडे इन, एरोसिटी को तीसरा नंबर मिला।

वहीं पश्चिमी क्षेत्र के होटल पिकाडली जनकपुरी को पहला स्थान मिला। एक अन्य क्षेत्र में ओखला क्राउन प्लाजा अव्वल रहा। वहीं दक्षिणी क्षेत्र हयात रेजेंसी प्रथम रही। इस टीम में उप स्वास्थ अधिकारी, लाइसेंस निरीक्षक, सेनेटरी इंस्पेकटर और जूनियर इंजीनियर शामिल थे।

मूल्यांकन के लिए इन मापदंडों को चिन्हित किया गया जोकि इस प्रकार है-समग्र स्वच्छता, हरे और नीले कूड़ेदान, परिसर में ही गीला और सूखा कूड़ा अलग करना, कूड़े से कम्पोस्ट बनाने की व्यवस्था, पुरूष, और विक्लांगों के लिए स्वच्छ शौचालय की व्यवस्था आदि है।

जन स्वास्थ विभाग ने सभी जोनों में होटलों को सर्वेक्षण फॉर्म भरने के लिए दिए और होटल मालिकों को अपने होटलों में अपनाये जा रहे स्वच्छता मापदंडों के अनुसार फॉर्म को भरना था। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य है कि होटलों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना बनाये रखना है ताकि वह अपने होटल को दिल्ली के सबसे स्वच्छ होटल बनाने का प्रत्यन्न करते रहे।

## निगम की पहल : बिना पैसे के कर सकेंगे गोल्फ कार की सवारी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने नागरिकों कि सुविधा हेतु शास्त्री मार्केट पार्किंग से अजमल खान मुख्य मार्केट तक मुफ्त कार सेवा का शुभारंभ किया।

यह सेवा उत्तरी दिल्ली नगर निगम द्वारा कॉर्पोरेट सोशल रेस्पोंसिबिलिटी के माध्यम से शुरू की गई है। सभी गोल्स कारे बैटरी चालित होगी जिन पर सौर ऊर्जा के पैनल लगे होगे। पार्षद परमजीत सिंह राणा ने गोल्फ कार के माध्यम से पार्क एंड फ्री राइड सुविधा का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि गोल्फ कारों का संचालन करोल बाग ट्रेडर्स एसोसिएशन द्वारा उत्तरी दिल्ली नगर निगम की देखरेख में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गोल्फ कारें सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक नागरिकों के लिए उपलब्ध रहेंगी और यह गोल्फ कारें एक तरफ लगभग 4 किमी तक का सफर पूरा करेगी।

कुल 7 गोल्फ कारें नागरिकों को सुविधा प्रदान करने के लिए मार्केट क्षेत्र में चलायी जाएगी। परमजीत सिंह राणा ने बताया कि इन सभी कारों के लिए चार्जिंग सुविधा निगम कि पार्किंग में उपलब्ध होगी।

**उत्तरी दिल्ली नगर निगम**

**अधिशासी अभियंता (एम)-I/केपीजेड का कार्यालय**
**केशव पुरम: दिल्ली-110035**
**ई-मेल पता: eem1kpz@gmail.com**
**एन.आई.टी.सं. ई.ई.(एम-I)/केपीजेड/टीसी/2019-20/24 दिनांक: 07.10.2019**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा दस्तावेज बिक्री/डाउनलोड करने की प्रारंभ तारीख : 07.10.19 अपराह्न 05.00 बजे तक
निविदा दस्तावेज ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तारीख : 22.10.19 पूर्वाह्न 11.00 बजे तक
वित्तीय बोली खोलना : 22.10.19 पूर्वाह्न 11.15 बजे तक

कमिश्नर, उत्तरी दिल्ली नगर निगम की ओर से अधिशासी अभियंता (एम)-I/केशव पुरम द्वारा अनुमोदित एवं पात्र संविदाकारों से सीलबंद प्रतिशत/मद दर निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाओं को अधिशासी अभियंता (एम)-I/केशव पुरम द्वारा वेबसाइट **www.tenderwizard.com/NORTHDMCETENDER** पर खोला जाएगा। दरें मान्य रहने की अवधि 6 महीने होगी।

**क्र.सं.:** 1, **कार्य का नाम:** वार्ड सं.सी-65/केपीजेड स्थित डी-ब्लॉक, सरस्वती विहार में नगर निगम प्राथमिक विद्यालय का सुधार विकास तथा मौजूदा बहु-उद्देशीय हाल का सुदृढ़ीकरण।, **लेखा शीर्ष:** XL-VII-Edu., **एफटीसी सं.:** 19/XL-VII-Edu., **निविदा राशि (रुपये में):** 6038021/-, **अनुमानित लागत (रुपये में):** 7481100/-, **धरोहर राशि (रुपये में):** 120800/-, **निविदा लागत (रुपये में):** 1000/-, **कार्य पूरा करने की अवधि:** 06 महीने

निविदा दस्तावेज को अनुमोदित/पात्र संविदाकारों द्वारा बोली लगाने के लिए वेबसाइट **www.tenderwizard.com/NORTHDMCETENDER** से ऑनलाइन डाउनलोड किया जा सकता है। विस्तृत निबंधन एवं शर्तों को वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

**- हस्ता. -**
R.O. No. 117/North/DMC/2019-20 **अधिशासी अभियंता (एम)-I/केपीजेड**

# कोई जेल में है, कोई जेल जाने की राह पर : कृष्णपाल गुर्जर

## केंद्रीय मंत्री ने विपक्ष के नेताओं पर किया कटाक्ष

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में विधायक उमेश अग्रवाल के कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक उमेश अग्रवाल, बीजेपी प्रत्याशी सुधीर अग्रवाल के साथ केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर।

**बिना** नाम लिए कांग्रेस पर व्यंग्य करते हुए केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि कोई जेल में है कोई बेल पर और कोई जेल जाने की राह पर है, जबकि भाजपा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल देश-प्रदेश को विकास की राह पर ले जा रहे हैं। यह बात उन्होंने गुरुवार को विधायक उमेश अग्रवाल के शीतला माता रोड स्थित कार्यालय प्रांगण में गुरुग्राम विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार सुधीर सिंगला के अभिनंदन कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए कही।

विधायक उमेश अग्रवाल ने गुरुवार को सार्वजनिक रूप से भाजपा उम्मीदवार सुधीर सिंगला को समर्थन देने की घोषणा की। अपने कार्यालय में केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर की मौजूदगी में विधायक उमेश अग्रवाल ने कहा कि वे अब अपने सभी समर्थक कार्यकर्ताओं को भी भाजपा उम्मीदवार को इस विश्वास के साथ समर्पित कर रहे हैं कि उन्हें वहां भी उतना ही सम्मान मिलेगा, जितना यहां मिलता रहा है। कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि भाजपा उम्मीदवार सुधीर सिंगला को समर्थन देकर विधायक उमेश अग्रवाल ने अपना बड़ा दिल दिखाया है। उन्होंने कहा कि विधायक उमेश अग्रवाल का यह बड़प्पन ही भाजपा उम्मीदवार की जीत दर्ज कराने में मुख्य भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि उम्मीदवार की जीत तय करने में कार्यकर्ताओं की बड़ी भूमिका रहती है और अपने कार्यकर्ताओं को भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में काम करने के लिए समर्पित कर विधायक उमेश अग्रवाल ने बड़ा काम किया है।

विधायक उमेश अग्रवाल ने कहा कि वे यह बात पहले भी कह चुके हैं कि जीत उम्मीदवार की नहीं पार्टी कार्यकर्ताओं और मतदाताओं की होती है। उनके इस वक्तव्य पर कुछ लोगों ने बबाल खड़ा करने का प्रयास भी किया, लेकिन सफल नहीं हो पाए। उन्होंने कहा कि चुनावी टिकट न मिलने से बेशक उन्हें ठेस लगी, लेकिन अब वे भाजपा उम्मीदवार सुधीर सिंगला का हर तरह से समर्थन कर रहे हैं। कार्यक्रम में मौजूद 500 से अधिक कार्यकर्ताओं की ओर इशारा करते हुए विधायक उमेश अग्रवाल ने कहा कि वे इन कार्यकर्ताओं को भाजपा उम्मीदवार को सौंप रहे हैं।

### सिंगला ने उमेश से चुनाव कमान संभालने का किया आग्रह

**भाजपा** उम्मीदवार सुधीर सिंगला ने विधायक उमेश अग्रवाल का आभार व्यक्त करते हुए उनसे आग्रह किया कि वे उनके चुनाव की कमान स्वयं संभालें। उन्होंने कहा कि कुशल नेतृत्व के बिना उनका चुनाव प्रचार अभियान अभी गति नहीं पकड़ पा रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि उनके यहां भी कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान मिलेगा।

# 54 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे गुरुग्राम के 12 लाख वोटर

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**जिला** में इस बार 12 लाख से अधिक मतदाता विधानसभा चुनावों में 54 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। इन मतदाताओं में 6 लाख 35 हजार 812 पुरुष और 5 लाख 69 हजार 229 महिला मतदाता शामिल है। जिला गुरुग्राम में कुल मतदाताओं की संख्या 12 लाख 10 हजार 398 हैं, जिनमें से 6 लाख 35 हजार 812 पुरुष मतदाता और 5 लाख 69 हजार 229 महिला मतदाता शामिल है। इसी प्रकार, जिला में सर्विस मतदाताओं की संख्या 5 हजार 323 है जिनमें से पुरुष मतदाता 5 हजार 23 और महिला मतदाताओं की संख्या 300 है। इसी प्रकार, गुरूग्राम जिला में ट्रांसजेंडर मतदाताओं की संख्या 34 है।

### विधानसभा क्षेत्रवार वोटर्स की संख्या

**विधानसभा** क्षेत्रवार वोटर्स की संख्या में 75-पटौदी विधानसभा क्षेत्र में कुल 222465 मतदाता हैं, जिनमें 115375 पुरुष मतदाता ,104265 महिला मतदाता व पांच ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल है। इस विधानसभा में सर्विस मतदाताओं की संख्या 2820 है जिनमें 2,709 पुरुष व 111 महिला मतदाता शामिल है। इसी प्रकार, 76 -बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल वोटरों की संख्या 3,96,281 है , जिनमे 208803 पुरुष , 1886672 महिला मतदाता व 10 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल है। साथ ही 796 सैनिक मतदाता सर्विस वोटर में 726 पुरुष व 70 महिला मतदाता शामिल है। 77-गुड़गांव विधानसभा क्षेत्र में कुल 3,61,581 मतदाता है जिनमें 1,89,265 पुरुष व 1,71,829 महिला मतदाता है और 14 ट्रांसजेंडर मतदाता भी शामिल है। इस विधानसभा में 473 सर्विस वोटरों में 395 पुरुष और 78 महिला मतदाता शामिल है। 78-सोहना में मतदाताओं की संख्या कुल 2,30,071 है, जिनमें 122369 पुरुष व 106463 महिला मतदाता है, और 5 ट्रांसजेंडर मतदाता भी शामिल है। इसी प्रकार 78-सोहना विधानसभा क्षेत्र में कुल 1,234 सर्विस वोटर है, जिनमें 1,193 पुरुष एवं 41 महिला मतदाता शामिल है।

## संक्षिप्त समाचार

### नंबरदारों को जिम्मेदारी सौंपी



**सोहना।** विधानसभा चुनाव आम चुनाव के दिन नंबरदार सजग प्रहरी की तरह प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर रहेंगे। नंबरदारों को चुनाव आचार सहिंत का उल्लंघन करने वाले उम्मीदवारों और बीएलओ की कार्यप्रणाली पर भी पैनी नजर रखने की जिम्मेदारी सौंपी है। रिटर्निंग अधिकारी, सोहना एसडीएम डॉक्टर चिनार ने खंड के नंबरदारों के साथ बैठक कर नंबरदारों को विधानसभा चुनाव में सरकार और प्रशासन का सहयोग करने की बात कही है। रिटर्निंग अधिकारी ने नंबरदारों को बताया कि चुनाव प्रचार-प्रसार में आचार सहिता का उल्लंघन करने वाले उम्मीदवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराएं। निर्धारित स्थान के अलावा चुनावी सभा करने वाले, बैनर-पोस्टर लगाने वाले उम्मीदवार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराए। एसडीएम ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्षता से हो और व्यवधान डालने वालों पर कार्रवाई हो सके।

### प्रेजाइडिंग अधिकारियों की दूसरी पायलट रिहर्सल 13 को

**गुरुग्राम।** हरियाणा विधानसभा चुनाव-2019 के लिए गुरुग्राम जिला में पड़ने वाले चारों विधानसभा क्षेत्रों के प्रेजाइडिंग अधिकारियों (पीओ) व अल्टरनेट प्रेजाइडिंग अधिकारियों (एपीओ) की दूसरी पायलट रिहर्सल 13 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर-14 में होगी। इस दूसरी पायलेट रिहर्सल में पीओ व एपीओ को ईवीएम और वीवीपैट पर हैंडस ऑन ट्रैनिंग दी जाएगी। तीसरी व अंतिम रिहर्सल 20 अक्टूबर को सुबह नौ बजे से महाविद्यालय प्रागंण में ही होगी जिसमें उन्हें चुनाव सामग्री का वितरण किया जाएगा।

### जनरल ऑब्जर्वर की जनसुनवाई समय में बदलाव

**गुरुग्राम।** जिला में निर्वाचन आयोग द्वारा लगाए गए जरनल ऑब्जर्वरों के जन सुनवाई के समय में बदलाव किया गया है। अब दोनों जरनल ऑब्जर्वर चुनाव से जुड़ी आम जनता की शिकायतें प्रतिदिन नए लोक निर्माण विश्राम गृह के कॉन्फ्रेंस हॉल में सुबह 10 बजे से 11 बजे तक सुनेंगे। बादशाहपुर और गुड़गांव विधानसभा क्षेत्रों के लिए राजीव कुमार को जरनल आर्ब्जवर नियुक्त किया है जबकि सोहना और पटौदी विधानसभा क्षेत्रों के लिए जरनल ऑब्जर्वर रिचर्ड विन्सेंट डिसूजा को लगाया है। दोनों आर्ब्जवर चुनाव से जुड़ी शिकायतें सुनने के लिए हर रोज गुरुग्राम के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के कांफ्रेंस हॉल में मौजूद रहेंगे।

### चुनाव में खर्च की गई राशि का ब्योरा जांचेंगे ऑब्जर्वर

**गुरुग्राम।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त एक्सपेंडिचर आब्जर्वर तेजेंन्द्र सिंह द्वारा 77-गुड़गांव विधानसभा क्षेत्र में उम्मीदवारों द्वारा चुनाव प्रचार में खर्च की गई राशि का ब्योरा चैक करने के लिए तिथि निर्धारित की गई है। उम्मीदवार खर्च की गई राशि का ब्योरा 12, 16 व 19 अक्टूबर को प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक लोक निर्माण विश्राम गृह में चेक करवा सकते हैं। इस दौरान एक्पेंडिचर आब्जर्वर के साथ अकाउंटिंग टीम भी उपस्थित रहेंगी।

### एनएसजी का स्थापना दिवस 15 को

गुरुग्राम। देश की आंतरिक व विशिष्ट व्यक्तियों को सुरक्षा में कार्यरत राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (एनएसजी) का 35वां स्थापना दिवस 15 अक्टूबर को जिले के मानेसर क्षेत्र स्थित एनएसजी प्रशिक्षण केंद्र में राईजिंग-डे के रुप में मनाया जाएगा। एनएसजी के ग्रुप कमांडर नरेश कुमार से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह होंगे और विशिष्ट अतिथियों के रूप में कई पूर्व अधिकारी व गणमान्य व्यक्ति भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। एनएसजी के ब्लैक कैट कमांडों द्वारा हैरतअंगेज करतबों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

### जज की पत्नी व पुत्र की हत्या मामले में दो की हुई गवाही

**गुरुग्राम।** जिला अदालत में कार्यरत तत्कालीन अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कृष्णकांत की पत्नी व पुत्र की उनके ही सुरक्षाकर्मी द्वारा गोली मारकर हत्या कर देने के मामले की सुनवाई वीरवार को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुधीर परमार की अदालत में हुई। अदालत में 2 लोगों की गवाही भी कराई गई। जानकारी के अनुसार यह मामला जिला एवं सत्र न्यायाधीश आरके सौंधी की अदालत में चल रहा था, लेकिन उनका स्थानांतरण हो जाने के बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर मनमोहन ढोंचक ने ज्वाइन किया तो उन्होंने अपनी अदालत से इस मामले को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में सुनवाई के लिए स्थानांतरित कर दिया, जिस पर वीरवार को सुनवाई हुई। दोनों गवाहों से बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने जिरह भी की। आरोपी महीपाल को पुलिस संरक्षण में अदालत लाया गया। अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए 19 अक्टूबर की तारीख निश्चित कर दी है। इस तारीख पर तीन लोगों की गवाही कराई जाएंगी।

### गांधीवादी विचार और सामाजिक सुरक्षा पर कार्यशाला

**गुरुग्राम।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय में गांधीवादी विचार और सामाजिक सुरक्षा विषय पर कार्यशाला का आयोजन ईएसआईसी के अपर आयुक्त डीके मिश्र की अध्यक्षता में किया, जिसमें बीमा निगम के कर्मचारी व अधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। डीके मिश्र ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों, विचारधारा और दर्शन का देश ही नहीं, अपितु विदेशों में भी बहुत बड़ा प्रभाव रहा है। सामाजिक सुरक्षा एक कल्याणकारी अवधारणा है। सार्वभौमिकता, अनिवार्यता, अंशदायी, परिभाषित लाभ, मजदूरी से संबंधित, मुद्रास्फीति संरक्षित आदि सामाजिक सुरक्षा की मूल बातें हैं। रत्नेश कुमार गौतम ने कहा कि महात्मा गांधी के विचारों की मूल बातें सत्य और अहिंसा हैं। कार्यशाला को सिद्धेश्वर प्रसाद शुक्ल, विनोद शुक्ला, डॉ. संजीव राय, मुरली कुमार और मांसाब शम्सी ने भी संबोधित किया।

# गुरुग्राम के दो नायब तहसीलदार समेत छह आरोपी दोषी करार

## शामलात देह भूमि को बेचने के मामले में नपे

## अदालत ने सजा पर रखा फैसला सुरक्षित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शामलात** देह भूमि को अपना बताकर बेचने के मामले की सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अश्विनी कुमार शर्मा की अदालत ने आरोपी के साथ-साथ इस मामले में संलिप्त राजस्व विभाग के तत्कालीन पांच अधिकारियों को वीरवार को दोषी करार देते हुए उनकी सजा पर फैसला सुरक्षित रख लिया है।

जानकारी के अनुसार प्रदेश के राज्य चौकसी मुख्यालय चंडीगढ़ ने 12 अक्टूबर 2000 को गुड़गांव राज्य चौकसी ब्यूरो ने 2 मामलों की जांच करने के आदेश दिए थे कि जिले के सोहना कस्बे की सुशीला लाल ने 389 कनाल, 17 मरला शामलात देह भूमि को अपना हिस्सा बताकर मैसर्स दिल्ली टॉवर्स प्राईवेट लिमिटेड की सुमन छाबड़ा को 14 लाख 62 हजार 215 रुपये में बेच दी है और उसने राजस्व विभाग के अधिकारियों से साठगांठ कर उसका दाखिल खारिज भी करा दिया है। इसी प्रकार सुशीला लाल ने 184 कनाल, 12 मरला की जमीन को फरीदाबाद के रविंद्र कुमार के माध्यम से बेच दी है। राज्य चौकसी ब्यूरो के तत्कालीन अधिकारियों ने मामले की गहनता से जांच की, जिसमें सुशीला लाल दोषी पाई। जो जमीन उसने बेची थी, वह जमीन काश्तकारों की थी।

जांच में सामने आया कि सुमन ने क्षेत्र के पटवारी, गिरदाबर व नायब तहसीलदार से साजबाग होकर भूमि ही नहीं खरीदी, अपितु उसका मुटेशन भी चढ़वा लिया। जांच में पाया कि तत्कालीन गिरदावर ओमप्रकाश, नायब तहसीलदार बाबूराम, पटवारी टिपरचंद ने बोगस रिकॉर्ड भी बनाया था। दूसरे आरोप जो 184 कनाल से संबंधित थे, उनकी जांच भी की गई, जिनमें सुमन छाबड़ा व तत्कालीन नायब तहसीलदार मोहम्मद ईसाक व पटवारी मोहम्मद सद्दीक की भूमिका संदिग्ध पाई गई। राज्य चौकसी ब्यूरो ने इन सबके खिलाफ मामला दर्ज करने की सिफारिश भी की थी और राज्य चौकसी ब्यूरो ने वर्ष 2001 की 23 जून को हलका पटवारी जय सिंह, सुशीला लाल, पटवारी टिपरचंद, गिरदाबर ओमप्रकाश, नायब तहसीलदार बाबूराम, नायब तहसीलदार मोहम्मद ईसाक, सुमन छाबड़ा व मोहम्मद सद्दीक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। मामले की सुनवाई के दौरान सुशीला लाल व टिपरचंद पटवारी की मौत हो गई है। अदालत ने सुनवाई के दौरान प्रस्तुत किए गए साक्ष्यों के आधार पर गिरदाबर ओमप्रकाश, नायब तहसीलदार बाबूराम, सुमन छाबड़ा, जय सिंह, नायक तहसीलदार मोहम्मद ईसाक, पूर्व पटवारी मोहम्मद सद्दीक को दोषी करार देते हुए उनकी सजा पर फैसला सुरक्षित रख लिया है।

# दीवारों पर पेंटिंग करके किया मतदान के प्रति जागरूक




**गुरुग्राम।** विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को वोट डालने के प्रति जागरूक करने के लिए एडिशनल कमीशनर अंडर ट्रेनिंग (एसीयूटी) अपराजिता के नेतृत्व में इफको चौक के मेट्रो स्टेशन पर ग्रेफिटी अभियान चलायाा। यह अभियान सिस्टमैटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन (स्वीप) के तहत अतिरिक्त उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में चलाया।

अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप गतिविधियों के नोडल अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि विधानसभा चुनाव से मतदाताओं को जोड़ने के लिए स्वीप के तहत इस प्रकार के कार्यक्रमों की श्रृंखला चलाई जा रही है। राष्ट्र निर्माण में वोट का विशेष महत्व है। हमें लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी को न केवल समझना होगा बल्कि अपने मताधिकार का भी प्रयोग करना चाहिए, ताकि लोकतांत्रिक प्रणाली को मजबूत व सशक्त बना सकें। ग्रेफिटी अभियान का नेतृत्व कर रही अपराजिता ने बताया कि इफको चौक पर लोगों का आवागमन अधिक होता है। ऐसे में युवा मतदाताओं को इस बारे में जागरूक करने के लिए इफको चौक के मेट्रो स्टेशन को चुना गया। उन्होंने बताया कि इफको चौक के आस-पास की दिवारों पर मतदाताओं जागरुकता संदेश व इसके प्रयोग करने संबंधी सुंदर व आकर्षक चित्रकारी की गई है। इसके अलावा हरियाणा का महोत्सव विधानसभा चुनाव-2019 का लोगो भी वहां बनाया गया है।

# धमकी देकर छह माह तक करते रहे 8वीं की छात्रा से रेप

**गुरुग्राम।** भाई को जान से मारने की धमकी देकर दो भाई छह माह से आठवीं कक्षा की 13 वर्षीय छात्रा से रेप करते आ रहे थे। पीड़िता के गर्भवती होने पर बात सामने आई तो पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी।

बिहार मूल की 13 वर्षीय छात्रा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह परिवार के साथ सेक्टर-50 थाना क्षेत्र में किराये के मकान पर रहती है। वह निकट के ही सरकारी स्कूल में आठवीं कक्षा में पढ़ती है। वह घर के पास की दुकान में सामान लेने जाती थी। छह माह पूर्व जब वह ट्यूशन जा रही थी तो आरोपी उसे अपने कमरे में ले गया और रेप किया। बाद में आरोपी के मामा के लड़के ने उसे धमका कर रेप किया। इसके बाद भी आरोपी आए दिन उससे दुष्कर्म करता रहा। रविवार को पेट में ज्यादा दर्द होने के कारण उसकी मां उसे अस्पताल लेकर पहुंची। जहां पता चला कि वह छह माह की गर्भवती है।

### मीनाक्षी मोहंती ने डिजाइनर जयविक नारी के साथ इंडिया रनवे वीक सीजन 12 रैंप पर वॉक किया



**नई दिल्ली।** मेड इन इंडिया : जयविक नारी की दिल्ली में द्विवार्षिक आयोजित इंडिया रनवे वीक का 12वां संस्करण दिल्ली में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस साल जयविक नारी की फैशन प्रदर्शनी महात्मा गांधी के साथ-साथ द्व1 मेक इन इंडिया ज्पहल को समर्पित थी और इसने मीनाक्षी मोहंती, चित्रा दुआ और विनीता अरोड़ा सहित प्रमुख रुझानों की भागीदारी देखी।

# एफआईआर खारिज कर खुलवाया जाए रास्ता

## आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से मिलकर की मांग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में खेड़कीदौला टोल पर प्रदर्शन के दौरान दर्ज एफआईआर को रद्द कराने की मांग पर ज्ञापन सौंपते लोग।


**रास्ते** को लेकर विभिन्न आरडब्ल्यूए के सदस्यों के खिलाफ खेड़कीदौला टोल प्लाजा द्वारा पुलिस में दर्ज कराई गई एफआईआर को खारिज करने व बंद किए गए रेवेन्यू रास्ते को खुलवाने की मांग को लेकर आरडब्ल्यूए का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से मिला। आरडब्ल्यूए के प्रवक्ता परमजीत सिंह ने उपायुक्त को ज्ञापन के माध्यम से बताया कि न्यू गुरुग्राम क्षेत्र सेक्टर 81 से 115 तक फैला हुआ है और इन क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का भी पूरी तरह से अभाव है। द्वारका एक्सप्रेस-वे के साथ-साथ दोनों ओर काटे गए सेक्टर न्यू गुड़गांव क्षेत्र में ही आते हैं। क्षेत्रवासियों की सबसे बड़ी समस्या खेड़की टोल प्लाजा है। इस क्षेत्र के निवासियों को गुड़गांव शहर में आने-जाने के लिए टोल का भुगतान करना पड़ता है।

क्षेत्रवासी पिछले कई सालों से मांग करते आ रहे हैं कि पक्के बने द्वारका एक्सप्रेस-वे को खेड़कीदौला पर एनएच 48 से जोड़ दिया जाए, ताकि स्थानीय निवासी टोल भुगतान व यातायात जाम की समस्या से बच सकें, लेकिन टोल प्लाजा के अधिकारियों ने दीवार खड़ी कर अवरोध किया हुआ था। प्रशासन ने भी इस अवरोध को हटाने के आदेश दिए थे, लेकिन उन्होंने अवरोध नहीं हटाए थे, जिस पर क्षेत्रवासियों ने परेशान होकर प्रदर्शन आदि इस माह के शुरु में किए थे।

# मंडी में बिक्री को नहीं आ रहा बाजरा

## दस दिन में मात्र 798 क्विंटल बाजरे की आवक, किसान भी चुनाव में जुटे

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना की अनाज मंडी में किसानों द्वारा सरकारी खाते में बेचने के लिए लाया गया बाजरा।

**विधानसभा** चुनाव का खुमार किसानों के दिल-दिमाग में पूरी तरह छाया हुआ है। यही कारण है किसान बाजरे की फसल बेचने अनाज मंडी तक नहीं पहुंच रहे हैं। पिछले 10 दिनों में मंडी में मात्र 798 क्विंटल बाजरा आया है।

विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक रहा है, वैसे-वैसे किसान और मजदूर भी अपने-अपने उम्मीदवारों की चुनावी सभा में पहुंच रहे हैं। वहीं बाजरे की सरकारी खरीद कर रहीं दो सरकारी एजेंसी हेफेड व वेयर हाउस के अधिकारी पूरे-पूरे दिन मंडी में हाथ पर हाथ रखकर किसानों का इंतजार कर रहे हैं। बीते 10 दिनों में मात्र 798 क्विंटल बाजरे की आवक हुई है। मार्केट कमेटी द्वारा तैयार किए गए शेड्यूल के अनुसार अब तक करीब 20 गांवों के किसानों द्वारा अपनी बाजरे की फसल मंडी लेकर आना था।

मार्केट कमेटी के सचिव राजेन्द्र सिंह ने बताया कि 21 अक्टूबर के बाद उन गांवों में अभियान चलाया जाएगा। ताकि किसान चुनाव समाप्त होने के बाद अपनी फसल मंडी में ला सकें। मार्केट कमेटी के सचिव राजेन्द्र सिंह ने बताया कि जिन किसानों ने अपने रिश्तेदार या भाई की फसल का पंजीकरण अपने नाम पर किया है। या दो भाइयों ने एक ही किला नंबर की फसल का पंजीकरण अपने-अपने नाम पर किया है। उस फसल को बिल्कुल नहीं लिया जाएगा। फसल के असल मालिक के खाते से ही बाजरा खरीदा जाएगा।

### किसान व्यापारी को दे रहे तव्वजो

**इस** बार हरियाणा सरकार ने बाजरे की फसल का एक-एक दाना खरीदने के लिए उसका समर्थन मूल्य दो हजार रुपये क्विंटल रखा था, लेकिन किसान सरकार को कम व आढ़तियों को अधिक बाजरा बेचकर खुश है। किसानों ने सरकारी खाते में अभी तक 144 क्विंटल जबकि आढ़तियों को 654 क्विंटल बाजरा बेचा है।

# गो तस्करों ने पीछा कर रहे गो रक्षक को गोली मारी

**गुरुग्राम।** यहां सेक्टर दस क्षेत्र में गो तस्करों ने पीछा कर रहे गो रक्षक को गोली मार दी। गो रक्षक मोनू यादव अपने साथियों के साथ गो तस्करों की पिकअप का पीछा कार से कर रहा था। मोनू यादव को मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत में सुधार बताया गया है।

गुरुवार सुबह करीब तीन बजे गोरक्षा दल के प्रधान मोनू यादव को सूचना मिली कि भोंडसी में तस्कर पिकअप में गोवंश ले जा रहे हैं। जिस पर मोनू यादव, दीपक डागर, दीपक यादव, मनोज कुमार, अनुप स्टेट हाईवे पर पहुंच गए। इन्होंने गोवंश लेकर आ रहे एक पिकअप वाहन को रुकने का इशारा किया, लेकिन तस्करों ने पिकअप को नहीं रोका। जिसके बाद मोनू यादव ने उनका पीछा करना शुरू कर दिया। मोनू यादव की कार में बैठे मनोज कुमार ने बताया कि कार को आता देख गो तस्करों ने वाहन को और तेजी से भगाना शुरू कर दिया। यही नहीं कार को रोकने तथा एक्सीडेंट कराने के लिए पिकअप से गोवंश को फेंकना शुरू कर दिया। एक गोवंशीय पशु को बादशाहपुर के पास झाड़सा चौक से पहले तो दूसरे को बख्तावर चौक के पास फेंक दिया, लेकिन मोनू यादव उनका पीछा करता रहा।

एक घंटे तक वाहन दौड़ाने के बाद गो तस्करों ने समझा कि अब उनका पीछा नहीं हो रहा। उन्होंने करीब चार बजे सेक्टर-10 में वाहन रोका, लेकिन मोनू यादव अपने साथियों के साथ वहां भी पहुंच गया। जिसके बाद पिकअप से एक गो तस्कर उतरा और उसने कार चला रहे मोनू यादव को गोली मार दी। इसके बाद सभी फरार हो गए। गोली लगने के बाद मोनू को मेदांता में भतीज़ कराने के साथ पुलिस को सूचना दी गई। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंच गई।

# अब दिवाली और दशहरा मनाएं फोनपे एप के आकर्षक गोल्ड ऑफर के साथ

## पाएं विशेष ऑफर 29 सितंबर से 27 अक्टूबर तक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

PhonePe

**फोनपे,** भारत के सबसे तेजी से बढ़ते भुगतान मंच, ने आज 29 सितम्बर से 27 अक्टूबर तक गोल्ड फेस्टिव धमाके की घोषणा की। इस इवेंट में, ग्राहक दशहरा और दिवाली त्योहारों के दिनों में 0.5 ग्राम तक मुफ्त सोना और गोल्ड डिलीवरी पर भारी छूट जैसे आकर्षक ऑफर का लाभ उठा सकते हैं। ये एक्सक्लूसिव गोल्ड ऑफर सेफगोल्ड के साथ साझेदारी में है और यह ऑफर सभी फोनपे ग्राहकों के लिए ऑफर अवधि के दौरान उपलब्ध होगा। फोनपे, भारत के सबसे तेजी से बढ़ते भुगतान मंच, ने आज 29 सितम्बर से 27 अक्टूबर तक गोल्ड फेस्टिव धमाके की घोषणा की। इस इवेंट में, ग्राहक दशहरा और दिवाली त्योहारों के दिनों में 0.5 ग्राम तक मुफ्त सोना और गोल्ड डिलीवरी पर भारी छूट जैसे आकर्षक ऑफर का लाभ उठा सकते हैं। ये एक्सक्लूसिव गोल्ड ऑफर सेफगोल्ड के साथ साझेदारी में है और यह ऑफर सभी फोनपे ग्राहकों के लिए ऑफर अवधि के दौरान उपलब्ध होगा।

फोनपे ने 2 साल पहले अपने प्लेटफॉर्म पर गोल्ड लॉन्च किया था, जिससे ग्राहक घर बैठे सस्ती और पारदर्शी कीमतों पर 24 कैरेट (यज्ञ) गोल्ड सुरक्षित रूप से खरीद सकते हैं। उपयोगकर्ता अपने डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड या यूपीआई भुगतान विकल्पों का उपयोग करके सोने की खरीद के लिए भुगतान कर सकते हैं। फोनपे ऐप पर ग्राहकों द्वारा खरीदा गया सोना, बैंक-ग्रेड बीमाकृत लॉकर सुविधाओं में रखा जाता है। ग्राहक टैम्पर प्रूफ पैकेजिंग में दिए गए गोल्ड को सीधे अपने दरवाजे पर प्राप्त कर सकते हैं। 5.42 मिलियन से अधिक ग्राहकों ने फोनपे पर गोल्ड खरीदा है और प्रमाणित गुणवत्ता, पारदर्शी मूल्य, बीमाकृत तथा सुरक्षित लॉकर, और टैम्पर प्रूफ डिलीवरी का मूल्य समझते हैं।

फोनपे पर मेरे पैसे भाग में गोल्ड विकल्प ढूंढें और इस त्योहार के सीजन में गोल्ड में बचत शुरू करें। फोनपे जिसका मुख्यालय बेंगलुरु में स्थित है।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 11 अक्टूबर, 2019



# धमाका : दिग्गज कांग्रेसी नेता बीआर ओझा ने नरेंद्र गुप्ता को दिया आशीर्वाद

## बेदी प्रधान, आनंद मेहता एवं सतीश आहूजा ने दिया समर्थन

**राकेश चौरासिया।** फरीदाबाद



**कांग्रेस** ने खुद का ये हाल कर लिया है कि दिग्गज कांग्रेसियों को भी भाजपा रास आने लगी है। बुधवार को पूर्व कांग्रेसी मंत्री एसी चौधरी भाजपा में शामिल हो गए, तो बृहस्पतिवार को कांग्रेस के भीष्म पिता कहे जाने वाले पूर्व जिला अध्यक्ष बलदेव राज ओझा ने फरीदाबाद 89 विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार नरेंद्र गुप्ता को आशीर्वाद दे दिया।

वयोवृद्ध ओझा के योगदान से कांग्रेस कभी उऋण नहीं हो सकती, लेकिन कांग्रेसियों ने उनसे जईफी के दिनों में मुंह मोड़ लिया। ओझा ने कांग्रेस की वो रानाईयां और रौनकें देखी हैं, जिनके बारे में आज के कांग्रेसी महज कल्पना कर सकते हैं। उम्र के इस दौर में उन्हें कुछ नहीं चाहिए, लेकिन अब कांग्रेसियों की बेमुरब्बती उन्हें कुछ इस कदर खली है कि एक खांटी के कांग्रेसी ओझा ने मंजे हुए संघी नरेंद्र गुप्ता को समर्थन दे दिया। इसका यही अर्थ हो सकता है कि अग्रजों की बेरुखी दलों को किस कदर गरीबी की ओर ले जाती है।

अगर इस क्षेत्र के कांग्रेसी प्रत्याशी लखन सिंह इस बुजुर्ग कांग्रेसी के पास पहले गए होते, तो शायद उन्हें ओझा का समर्थन मिल गया होता। किंतु लखन से ये गलती अब हो चुकी है, जिसकी भरपाई न हो सकेगी।

जिला कांग्रेस के तीन दशकों तक अध्यक्ष रहे बलदेव राज ओझा ने नरेंद्र गुप्ता को अपना पूर्ण समर्थन देते हुए विजय श्री का आशीर्वाद दिया। नरेंद्र गुप्ता के बारे में बीआर ओझा ने कहा कि आज राजनीति को नरेंद्र गुप्ता जैसे ईमानदार लोगों की जरूरत है, जो जनता के लिए समर्पित होकर जनता का काम कर सकें। बलदेव राज ओझा ने कहा कि वह नरेंद्र गुप्ता के व्यक्तित्व के कारण उनको पूरा समर्थन देने की घोषणा कर रहे हैं। साथ ही अपने सभी समर्थकों से भी उन्होंने अपील की कि राजनीति में ऐसे मौके बहुत कम आते हैं, जब इस तरह के ईमानदार व शरीफ व्यक्ति चुनाव मैदान में आते हैं। अब जब फरीदाबाद 89 विधानसभा क्षेत्र को यह मौका मिला है, तो हमें उसका फायदा उठाना चाहिए।

### स्थिति बेहद मजबूत

जिले की सबसे बड़ी शिक्षण संस्थान केएल मेहता एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष आनंद मेहता तथा डीएवी कॉलेज के प्राचार्य एवं प्रबंधन समिति के सदस्य सतीश आहूजा ने भी नरेंद्र गुप्ता को अपना पूरा समर्थन देने का ऐलान किया। इसके बाद यह माना जा रहा है कि फरीदाबाद 89 विधानसभा के चुनाव में नरेंद्र गुप्ता की स्थिति बेहद मजबूत हो गई है। इस क्षेत्र की सभी वैश्य समाज की संस्थाएं, बार एसोसिएशन, फतेहपुरिया संगठन सहित विभिन्न सेक्टरों की रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन और अन्य सामाजिक व धार्मिक संगठन पहले ही नरेंद्र गुप्ता के समर्थन में अपने प्रस्ताव पास कर चुके हैं। नरेंद्र गुप्ता ने बृहस्पतिवार को अपना जनसंपर्क अभियान सेक्टर सात, सेक्टर आठ, सेक्टर 15 तथा सेक्टर 11 के पार्कों में जनसंपर्क द्वारा शुरू किया। इस मौके पर सभी स्थानों पर नरेंद्र गुप्ता का जोरदार स्वागत किया गया और लोगों ने एक स्वर में उनको अपना पूरा सहयोग देने की घोषणा की।

**समर्थन के लिए पार्टी छोड़ दी:** नरेंद्र गुप्ता के लिए वीरवार का दिन बेहद खास रहा। ओझा के अलावा नहर पार आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता बेदी प्रधान ने भी आम आदमी पार्टी को छोड़कर नरेंद्र गुप्ता के समर्थन की घोषणा करते हुए उनको तन-मन-धन से सहयोग देने की बात कही। बेदी प्रधान ने आम आदमी पार्टी को अलविदा कह दिया और अपने पूरे दलबल के साथ भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार नरेंद्र गुप्ता को अपना पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की। बेदी प्रधान ने कहा कि आज से नहीं, अभी से ही, आम आदमी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता उनके साथ मिलकर नहर पार क्षेत्र में नरेंद्र गुप्ता के लिए घर-घर जाकर वोट मांगेगा। बेदी प्रधान के साथ सैकड़ों समर्थकों ने भी भाजपा का पटका पहनकर नरेंद्र गुप्ता को रिकॉर्ड मतों से जिताने की शपथ ली।

**जिम्मेदारी बढ़ी:** नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि जिस प्रकार से एक के बाद एक शहर की जानी-मानी हुई हस्तियां उनको आशीर्वाद प्रदान कर रही हैं। उसके बाद उनकी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है और उनका यह प्रयास रहेगा कि शहर के निर्माता जो विश्वास उन पर कर रहे हैं, वह उस विश्वास को हर हाल में पूरा करें।

# ललित नागर ने वाड्रा के लिए किसानों की जमीन लूटी: ईरानी



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**केंद्रीय** मंत्री स्मृति ईरानी ने तिगांव के कांग्रेसी प्रत्याशी ललित नागर पर जोरदार निशाना लगाते हुए कहा कि ललित नागर ने किसानों की जमीन को लूटकर रॉबर्ट वाड्रा को दिलवाई। स्मृति ईरानी ने रॉबर्ट वाड्रा पर भी जमीन लूटने का बड़ा आरोप लगाते हुए तिगांव की जनता से सवाल किया कि पिछली बार दामाद की मदद करने वाले को कैसे जिताया। उन्होंने कांग्रेसियों पर आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेता गरीब के पैसे को लूटकर जनता में लुटा रहे हैं।

तिगांव क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार राजेश नागर ने तिगांव अनाज मंडी में एक बड़ी जनसभा का आयोजन किया, जिसमें केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस पर जबरदस्त प्रहार करते हुए भाजपा प्रत्याशी राजेश नागर को जिताने की अपील करते हुए कहा कि तिगांव विधानसभा से कांग्रेस का प्रत्याशी वो है, जिसने भ्रष्टाचार करने में कांग्रेस के दामाद की मदद की। गांधी परिवार ने आप को ऐसा उम्मीदवार दिया है, जिसने हरियाणा के गरीबों की जमीन को लूटा और भ्रष्टाचार के पैसे को फैलाने में कांग्रेस के दामाद की मदद की। आसान नहीं होता भ्रष्टाचारियों से लड़ना। उन्होंने अमेठी में देखा है। इसलिए ये कह रही हैं कि राजेश नागर ने जिस लड़ाई को छेड़ा है, उसमें उसका साथ दें। 21 अक्टूबर को कमल के फूल के सामने वाला बटन दबाकर राजेश नागर को जितना है और कांग्रेस के दामाद की भ्रष्टाचार में मदद करने वाले को हारना है। इस मौके पर हरियाणा सरकार के मंत्री विपुल गोयल, भाजपा के वरिष्ठ नेता रूपचंद नागर, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा विशेष रूप से मौजूद थे। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि आप ऐसी पार्टी को वोट न दें, जो खुद दिशाहीन और नेतृत्वहीन हो चुकी है। किसी को नहीं पता कि कांग्रेस के नेता दिल्ली में हैं या बैंकॉक में हैं। इनके नेता को जनता की कोई परवाह नहीं हैं। पिछली बार की गलती को दोबारा से मत दोहराना। यदि इस बार कांग्रेसी प्रत्याशी यहां से जीतता है, तो पूरे देश में ये संदेश जाएगा कि आप देश में भ्रष्टाचार फैलाने वाले कांग्रेस के दामाद के साथ हैं।

आप ने अपने बच्चों में जो ईमानदारी के संस्कार दिए हैं, ये उसका अपमान होगा। कांग्रेस पार्टी गरीबों की उम्मीद को कुचल कर राजनीति करने वाली पार्टी है। ये गरीबों की जमीन को लूटकर अपने लिए महल खड़ा करने वालों की पार्टी है। भाजपा प्रत्याशी राजेश नागर ने मोदी और मनोहर की नीतियों के बारे में बताते हुए कहा कि तिगांव विधानसभा क्षेत्र के लोग उनके घर परिवार के लोग हैं। उनका उनसे नेता और वोटर का रिश्ता नहीं, बल्कि बेटा और भाई का रिश्ता है।

# तिगांव के सर्वांगीण विकास से चुकाएंगे चौरासी पाल का कर्ज : ललित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**तिगांव** क्षेत्र की नागरपाल के सबसे बड़े गांव नीमका में कांग्रेस प्रत्याशी ललित नागर ने भाजपा के पांच साल के शासनकाल को पूर्ण रूप से विफल करार देते हुए कहा कि भाजपाईयों ने पांच साल में लोगों को सिवाए जुमलेबाजी व झूठ और फरेब ही परोसा है, जबकि विकास के नाम पर कहने को इनके पास कुछ नहीं है। भाजपा सरकार हर मुद्दे पर विफल साबित रही है। यही कारण रहा है कि पूरे पांच साल आमजन से लेकर कर्मचारी वर्ग तक ने सड़कों पर आकर भाजपा सरकार के विरोध में धरना-प्रदर्शन तक किए हैं। हालात इतने खराब है कि आज प्रदेश का कर्मचारी चुनावों के समय में भाजपा सरकार के विरोध में मतदान करने की अपील कर रहा है।

ललित नागर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही एकमात्र ऐसा राजनैतिक दल है, जिसने सत्ता में रहते हुए जहां आम गरीब, दलित सहित छत्तीस वर्ग के लोगों के हितार्थ योजनाएं अमलीजामा पहनाया। जबकि विपक्ष में रहते हुए सरकार के बेकायदियों के खिलाफ सड़क से लेकर विधानसभा तक संघर्ष करने का काम किया।

नागर गांव नीमका में अपने चुनावी अभियान के तहत उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उनके साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनधीर सिंह मान भी मौजूद रहे। उन्होंने पूरे गांव में घर-घर जाकर बुजुर्गों, महिलाओं से आशीर्वाद भी लिया। लोगों ने विधायक ललित नागर को चुनावी रण में विजयश्री दिलाने का खुलकर आशीर्वाद भी दिया। उन्हें गांव की ओर से पगड़ी बांधकर समर्थन का ऐलान भी किया गया। नागरपाल में मिले लोगों के मिले अपार समर्थन से भावुक कांग्रेस प्रत्याशी ललित नागर ने कहा कि इस नागरपाल के इस बड़े गांव नीमका ने हमेशा मेरा बढ़-चढ़कर साथ दिया है। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुनामी के बावजूद यहां के लोगों ने मुझे दिल खोलकर आशीर्वाद देकर लहर के विपरीत विधानसभा में भेजने का काम किया था और आज फिर से चुनावी समर में यहां के लोगों ने एकजुट होकर जो मेरे पक्ष में ताकत दिखाई है, वे इसके लिए ऋणी हो गए हैं। वे यहां के लोगों का ऋण तो नहीं उतार सकते। पछले विधायक काल में उन्होंने विपक्ष में रहते हुए भी यहां के हक-हकूक की आवाज उठाई। ठीक उसी प्रकार अब प्रदेश में बनने वाली कांग्रेस सरकार में इस नागरपाल सहित तिगांव का सर्वांगीण विकास करेंगे।

## फसल में पानी देते समय करंट लगने से युवक की मौत

**फरीदाबाद।** गांव पाली में खेत में फसल को पानी देते समय करंट लगने से युवक की मौत हो गई।

मृतक की पहचान पाली निवासी 20 वर्षीय दिनेश के रूप में हुई है। दिनेश दिल्ली में बीए फाइनल इयर का छात्र था। बृहस्पतिवार सुबह वह खेत में पानी देने गया था। इसी दौरान अर्थिंग के लिए लगाए गए तार से छू जाने के कारण उसको करंट लग गया और मौत हो गई। जब हादसा हुआ उस वक्त दिनेश खेत पर अकेला था। बाद में जब अन्य परिजन खेतों की तरफ गए, तो उन्होंने दिनेश को जमीन पर पड़े देखा और अस्पताल लेकर गए। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दिनेश के पिता की भी मृत्यु हो चुकी है। दिनेश घर का बड़ा बेटा था। उससे छोटा एक भाई है। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

# अंकित मर्डर : परिजनों ने मांगी सीबीआई जांच

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**बहुचर्चित** अंकित अमर हत्याकांड का पिछले दिनों अपराध शाखा सेक्टर 30 की तरफ से खुलासा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया गया था। अपराध शाखा इसे लूट की नीयत से हत्या का मामला बता रही थी, लेकिन मृतक के पिता प्रेम अमर ने पुलिस की जांच पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। उन्होंने एक पूर्व मंत्री पर संदेह प्रकट करते हुए मामले की सीबीआई जांच करवाने की मांग की है।

मेहंदी कारोबारी प्रेम अमर ने बृहस्पतिवार को पत्रकारवार्ता में बताया कि आठ जून को काम से लौटते समय बाइक और इनोवा कार पर आए पांच बदमाशों ने घर के सामने उनके बेटे अंकित की गोली मारकर हत्या कर दी थी। परिवार के लोग और पुलिस अधिकारियों समेत करीब 40 लोग घर में सीसीटीवी की फुटैज देख रहे थे, लेकिन घटना के करीब 15 मिनट बाद ही उनकी पुत्र वधु मानसी चुपचाप घर छोड़ कर फरार हो गई। वह जाते-जाते अंकित का मोबाइल फोन, लेपटॉप और ऐसी अन्य चीजें साथ ले गई थी, जो मामले में पुख्ता सबूत बन सकते थे। उन्होंने पुलिस से मामले की जांच की मांग भी की, लेकिन पुलिस ने गंभीरता नहीं दिखाई। उन्हें संदेह है कि मानसी के एक शख्स से संबंध थे, जिसके कारण उनके पुत्र की हत्या हुई है। इसके लिए उन्होंने एक पूर्व मंत्री पर आरोप लगाया कि वह पुलिस पर दबाव डालकर मामले को गलत दिशा दे रहा है। उन्होंने मामले की सीबीआई जांच की मांग की है।

**ऋण वसूली न्यायाधिकरण-।।।, दिल्ली, चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001**

निम्नलिखित निर्माण उपकरण **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड विरूद्ध मैसर्स साईगांव इन्फ्राटेक प्रा. लि.** और **एएनआर ओ.ए. नंबर 903/2017 और विविध अपील नंबर 628/2018** के मामले में बकाया राशि की वसूली के लिए "जैसा है जहां है आधार" तथा "जैसा है जो है आधार" पर ई नीलामी के माध्यम से बेची जाएगी।

1) ए-64, भू तल, सेक्टर-4, नोएडा-201301, उत्तर प्रदेश
2) बी-135, भू तल, सेक्टर-2, नोएडा-201301, उत्तर प्रदेश
3) श्री नीरज त्यागी, सी-13, एमआईजी, लोहिया नगर, ब्लॉक सी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001

**1.आस्ति का वर्णन :**
दृष्टिबंधित आस्तियां
मॉडलः पेवर फिनिशर/एसएफ-1700
रजि. नंबरः 100085079
इंजन नंबरः 74112894
सुरक्षित मूल्यः रू. 85,00,000/-
ईएमडी - रू. 8,50,000/-

**2.नीलामी की तिथि एवं स्थान :** 04.11.2019 अप. 03.00 बजे से अप. 4.00 बजे तक

3. **नीलामी का स्थान :** ऑनलाइन नीलामी एजेन्सी ऑक्शन टाइगर की वेवसाईट (URL-https://protect2.fireeye.com/url?k=931f253c-ce17fdf8-931e57f7-0cc47a30c436-7dbbd89083b6d2ac&u=https://drt.auctiontiger.net/

4. **आस्ति का निरीक्षण :** एसएस वेयरहाउस ऐंड लॉजिस्टिक्स, व्हीकल पार्किंग यार्ड, निकट लॉन्ग लाइफ मिसरोद, बेस्ट प्राइस के सामने, होशंगाबाद रोड, भोपाल (मध्य प्रदेश) पिन - 462047

5. **प्रबंधक :** कृष्णा बालीः (8853989175) तथा प्रिंस सिंहः (9644242526)

बिक्री की शर्तें

उक्त आस्ति का यहां ऊपर विनिर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी एवं ज्ञान के अनुसार वर्णित किया गया है, जो तथापि, उक्त विवरण में किसी त्रुटि, मिथ्याकथन अथवा विलोपन के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे। एतद्द्वारा इच्छुक प्रतिभागी/प्रतिभागियों को अधिसूचित किया जाता है कि प्रतिभूति आस्ति ऋणभारों, करों, सीमा शुल्कों तथा सांविधिक प्राधिकरण को देय बकाया (यदि कोई) सहित बेची जा रही है तथा उनसे उनके अपने हित में अनुरोध है कि वे बोली देने से पहले उक्त आस्ति और उससे संबंधित अन्य विवरण के बारे में अपनी संतुष्टि कर लें।

इच्छुक बोलीदाताओं को संबंधित वाहन हेतु उपरिवर्णित अनुसार धरोहर राशि आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, दिल्ली के पक्ष में तथा दिल्ली में देय पे ऑर्डर/डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा करनी होगी। चैक/कैश द्वारा ईएमडी भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा।

सफल उच्चतम बोलीदाता को आरंभिक राशि (ऑफर की 25 प्रतिशत - ईएमडी) नीलामी से 24 घंटे (अथवा 1 कार्य दिवस) के भीतर जमा करनी होगी तथा शेष राशि, कोई सूचना दिए बिना, 15 दिन के भीतर जमा करनी होगी।

ऊपर वर्णित अनुसार राशि जमा करने में असफल रहने पर, पहले जमा की जा चुकी धरोहर राशि की रकम जब्त कर ली जाएगी।

निरीक्षण, नीलामी के नियम एवं शर्तों अथवा निविदा प्रस्तुत करने के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया बैंक प्रबंधक श्री कृष्णा बाली तथा श्री प्रिंस सिंह से सम्पर्क करें।

दिनांक : अक्टूबर 11, 2019
स्थान : दिल्ली

## संक्षिप्त समाचार

### बदमाशों ने परिवार पर किया हमला

**फरीदाबाद।** न्यू तिलपत कॉलोनी स्थित घर से सामने से बाइक लेकर जाने से रोकने पर क्षुब्ध युवक ने अपने 10 साथियों के साथ मिलकर एक परिवार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमलावर सोने की चेन भी झपट ले गए। इस मामले में पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पल्ला थाने में दर्ज मामले के अनुसार न्यू तिलपत कॉलोनी निवासी नरेंद्र की पत्नी अनिता ने दी शिकायत में बताया कि आठ अक्टूबर को तिलपत निवासी अजय नामक युवक उनकी गली में बाइक को इधर से उधर घुमा रहा था। अनिता ने जिसका विरोध किया, तो अजय ने गाली-गलोच शुरू कर दी। आरोप है कि इसी बीच अजय ने अपने साथियों राजीव, जीतू, पवन, गुडडू, छोटू, लाला, नितिन, गौरी व राजू को बुला लिया। आरोप है क्रि लाठी-डंडों से लैस होकर आए आरोपित नरेंद्र के घर में घुस गए और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस हमले में नरेंद्र व उसकी पत्नी अनिता के अलावा दो बेटे घायल हो गए। आरोप है कि जाते समय हमलावर अनिता के गले से सोने की चेन भी झपट ले गए। घायलों को अस्पताल में दाखिल कराया गया। जांच अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि इस मामले में आरोपित युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की गई है। अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

### कचरा न उठने पर ईकोग्रीन पर बरसीं निगमायुक्त

**फरीदाबाद।** बार-बार हिदायतें देने के बावजूद शहर में कूड़े का उठान न किए जाने पर नगर निगम की आयुक्त सोनल गोयल ने ईकोग्रीन कंपनी के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। सेक्टर 15 स्थित जिमखाना क्लब में शहर की बिगड़ी हुई सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए निरंतर किए जा रहे कार्यों की एक समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए निगमायुक्त ने ईकोग्रीन कंपनी को साफ कर दिया कि कंपनी की आंतरिक समस्याएं क्या हैं और इनका किस प्रकार से निराकरण किया जाना है, इनसे नगर निगम का कोई लेना-देना नहीं है। शहरवासी कूड़ा उठान न होने के कारण बुरी तरह से त्रस्त है और कंपनी को अपनी कार्यशैली में सुधार कर प्रतिदिन दो बार खत्तों से कूड़े को उठाना ही होगा। उन्होंने मीटिंग में उपस्थित निगम के सफाई विभाग के अधिकारियों व सुपरवाईजनों की भी जमकर खिंचाई करते हुए कहा कि उनकी उदासीनता व लापरवाही के करण न केवल शहर में सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं हो पा रहा है बल्कि बिगड़ी हुई सफाई व्यवस्था के कारण फरीदाबाद शहर की छवि भी खराब हो रही है। सोनल गोयल ने ईंकोग्रीन कंपनी के अधिकारियों की खिंचाई करते हुए कहा कि शहरवासियों को यह फीलिंग ही नहीं आ रही है कि कोई बहुराष्ट्रीय सफाई कंपनी इस शहर में काम कर रही है। उन्होंने अफसोस जाहिर करते हुए कहा कि इस कंपनी को स्थापित होने के लिए काफी समय देने के बावजूद अपनी कमियों के कारण यह कंपनी शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी संयुक्त आयुक्तों व सफाई विभाग के अधिकारियों को इकोग्रीन कंपनी की कार्यप्रणाली व निगम कर्मचारियों द्वारा की जा रही सफाई व्यवस्था की सप्ताह में एक बार आवश्यक तौर से समीक्षा करने के आदेश दिए।

# पूर्व विधायक टेकचंद ने सोहनपाल के लिए वोट मांगे

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**पृथला** विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी सोहनपाल छोकर ने आज जनसंपर्क अभियान के तहत गांव मच्छगर, पन्हेड़ा खुर्द, हीरापुर, नरियाला, पन्हेड़ा कला, जवां, अटेरना, घाघोट और गोपी खेड़ा में तूफानी जनसंपर्क किया। कई गांवों में उनके साथ पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा भी भाजपा के लिए वोट मांगते दिखे। सोहनपाल छोकर ने गांव वासियों से 21 अक्टूबर को कमल का बटन दबाकर भारी वोटों से भाजपा को जिताने की अपील की। सभी गांवों में भाजपा प्रत्याशी सोहनपाल छोकर को भारी जनसमर्थन मिला।

सोहनपाल छोकर ने आज कहा कि भाजपा हम जैसे कार्यकर्ताओं के लिए मां है और मां सभी बेटों को चुनाव लड़ने और सेवा करने का मौका देती है। मां ने दो बार एक बेटे को मौका दिया, लेकिन उन्हें कामयाबी नहीं मिली। इस बार मां ने दूसरे बेटे को मौका दिया है, तो पहले बेटे ने इस बार बार मौका न मिलने पर पार्टी को डायन कहना शुरू कर दिया।

सोहनपाल ने कहा कि पहले वो भी पार्टी को मां कहते थे। जब पार्टी मां है, तो वह बेटों के साथ न्याय तो करेगी ही। एक बच्चे को बार-बार मौका नहीं दिया जाता है। आज उन्हें मौका मिला है, तो कल आप लोगों में से किसी को मौका मिलेगा। पार्टी समाजसेवा का अवसर देती है, लेकिन जब आप उनकी बातचीत सुनोगे, तो वे कहते हैं कि वे तो बर्बाद हो गए हैं। सोहनपाल छोकर ने कहा कि जब वे आप लोगों के बीच में आएं, तो उनसे सवाल कीजिये कि क्या राजनीति में अपना घर भरने के लिए आये हो। छोकर ने कहा कि राजनीति में हम लोग समाजसेवा का संकल्प लेकर आते हैं। आप लोगों और पार्टी के सहयोग से जितना हमसे बन पड़ेगा, हम समाज सेवा के कामों में लगे रहेंगे।

सोहनपाल छोकर ने कहा कि पृथला विधानसभा में करोड़ों रुपये के विकास की शुरुआत पहले ही हो चुकी है। उसे और रफ्तार देने के लिए यहां पर भाजपा विधायक का होना बहुत जरूरी है। अगर आप लोग उन्हें सेवा का मौका देंगे, तो वे लोगों को शिकायत का मौका नहीं देंगे।

**NOTICE**

I Anju Chopra, D/o Shri C.M. bhasin, R/o G-186, Hari Nagar, New Delhi hereby declare that we have lost our property documents in respect of flat No. 384 second floor pocket-v Mayur Vihar Phase-1 Delhi-110091, The Original Allotment Letter, Possession Letter, Possession Slip And Electricity And Water Noc Issued By Delhi Development Authority, New Delhi, In The Name of The Original Allottee Parveen Arora W/o S.N. Arora and S.N. Arora S/o Ganga Ram, and conveyance Deed Regn. No. 13720, with S.R.VIII INA Delhi on dated 14-09-2005, and G.p.a., S.p.a., will deed, Agreement to Sell, and other necessary documents which is Executed By Parveen Arora W/o S.N. Arora and S.N. Arora S/o Ganga Ram in favour of Kiran Tyagi W/o P.K. Tyagi and Anju Chopra W/o Sushil Chopra, GPA Regn. No. 8965, Spa Regn. No. 8966, Will Regn. No. 5700, agreement to sell Regn. No. 5541 All Regd. with S.R. VIII Geeta colony delhi on 06-05-2005, and other documents duly attested by notary public, delhi, on Dated 06-05-2005, and Sale Deed Executed By Kiran Tyagi W/o P.k.tyagi In Favour of Anju Chopra W/o Sushil Chopra of Her Un-divided Half Share, Sale Deed Regn. No. 3992, with Sr Viii, Geeta Colony Delhi On Dated 15-04-2009, Including Property Tax Payment Receipts Till 2019-2020.
LR No:1672012/2019

**PUBLIC NOTICE**

**Regd.No 1384(GH) dt. 20.01.1984**
**SARV PRIYA MAHAJAN CO-OPERATIVE GROUP HOUSING SOCIETY LTD.**
**Off: 202, Vardhman Avon Shopping Plaza, LSC, C Block Market, Saraswati Vihar, Pitampura, Delhi-110034**
**Site:Plot No. 14/1, Sector-14, Dwarka, New Delhi-110078**

In pursuance to rule 19(2) of DCS rules, 2007 it is to inform publicly that following member of Sarv Priya Mahajan CGHS Ltd. (Regd. No. 1384)has resigned from the membership of the society i.e. 1) Sh. Pariksit Bhasin (M.No.585). Further he has been refunded the entire amount through RTGS. if anyone have any objections he/she may file his/her objections in the office of the RCS, Parliament Street, New Delhi or at society office i.e. 202, Vardhman Avon Shopping Plaza, LSC C Block Market, Saraswati Vihar, Delhi-110034 within 7 day from the date of publication of the public notice.

**President**
**Sarv Priya Mahajan CGHS Ltd**

# कौन से पांच साल चाहिए, शर्मा वाले या भड़ाना वाले : नीरज

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**एनआईटी** 86 के युवा उम्मीदवार एवं पूर्व मंत्री शिव चरण लाल के पुत्र नीरज शर्मा ने लोगों से कहा कि पं. शिवचरण लाल शर्मा के पांच साल आपने देखे हैं और वर्तमान विधायक के पांच साल भी आपने भुगते हैं। अब यह फैसला आपने करना है कि आपको पंडित जी वाले वह पांच साल चाहिए, जिनमें प्रदेश का मुख्यमंत्री भी दो दर्जन से अधिक बार आपका दु:ख-दर्द सुनने आपके बीच पहुंचा था या फिर ऐसे पांच साल चाहिए, जब आप विधायक नागेंद्र भड़ाना को देखने के लिए भी तरसते हैं।

नीरज शर्मा आज जीवन नगर गौंछी, चाचा चैक, पाली, बाजड़ी, झाड़सेंतली, संजय कॉलोनी, राजेन्द्र चैक, बघेल मोहल्ला, जवाहर कॉलोनी में आयोजित सभाओं को संबोधित कर रहे थे। एनआईटी 86 के युवा उम्मीदवार एवं पूर्व मंत्री शिव चरण लाल के पुत्र नीरज शर्मा ने कहा है कि इस विधानसभा क्षेत्र की जनता को कुछ लोग पागल समझते हैं कि वह रंग-रूप बदल कर आएंगे और इस क्षेत्र के लोग उनको पहचान नहीं पाएंगे। इस क्षेत्र की जनता यह अच्छी तरह जानती है कि पिछले पांच साल में उनको पीने का पानी तो मिला नहीं, लेकिन पांच मिनट की बरसात में कई-कई फुट पानी में से कई दिनों तक निकलना जरूर पड़ा। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि अब यदि चूक गए, तो फिर पांच साल बाद ही मौका मिलेगा। इसलिए 21 अक्तूबर को बिना चूके हाथ वाला बटन दबाना और वे विश्वास दिलाता हैं कि वे पं. शिवचरण लाल शर्मा का सुशासन फिर से लौटाएंगे। गांव झाड़सेंतली में उपस्थित सरदारी ने कहा कि जो हुआ सो हुआ, लेकिन इस बार पंडित जी का छोरा ही उनका नेता होगा। झाड़सेंतली के लोगों ने एक स्वर में कहा कि अब नीरज शर्मा को गांव में आने की जरुरत नहीं है। गांव की एक-एक वोट हाथ के निशान पर दिलाना अब गांव की सरदारी की जिम्मेदारी है। इस प्रकार से गांव पाली की सरदारी ने नीरज शर्मा को विश्वास दिलाया कि उनका सर्वसम्मति से फैसला हो चुका है कि गांव पिछली गलती को नहीं दोहराएगा। गांव बाजड़ी के लोगों ने हाथ उठाकर नीरज के पक्ष में वोट देने का प्रण लिया।

जीवन नगर गौंछी, चाचा चैक, संजय कॉलोनी, राजेन्द्र चैक, बघेल मोहल ।, जवाहर कॉलोनी में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए नीरज शर्मा ने कहा कि पंडित परिवार को यह पता है कि अधिकारियों से काम कैसे लिया जाता है।

# मानहानि मामले में कोर्ट में पेश हुए राहुल

● अदालत से कहा- मैं दोषी नहीं

एजेंसी। सूरत



**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी मानहानि के एक मामले में बृहस्पतिवार को यहां मजिस्ट्रेट अदालत में पेश हुए और उन्होंने कहा कि आपराधिक मानहानि के इस मामले में वह दोषी नहीं हैं। यह मामला राहुल की कथित टिप्पणी सभी चोरों का उपनाम मोदी क्यों होता है से जुड़ा है। सूरत पश्चिम विधानसभा सीट से भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने गांधी के खिलाफ यह मामला दर्ज करवाया था। इस मामले में गांधी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बी एच कपाड़िया की अदालत में पेश हुए। अदालत ने गांधी से पूछा कि क्या वह इन आरोपों को स्वीकार करते हैं तो उन्होंने कहा कि वह निर्दोष हैं। गांधी की दलील दर्ज किए जाने के बाद उनके वकीलों ने अगली सुनवाई में उनके निजी तौर पर उपस्थित रहने से स्थाई छूट मांगने वाला एक आवेदन दिया।

याचिकाकर्ता के वकीलों ने व्यक्तिगत पेशी से छूट देने का विरोध किया तो अदालत ने कहा कि इस आवेदन पर वह 10 दिसंबर को फैसला करेगी। अदालत ने कहा कि उस तारीख पर सुनवाई में गांधी को उपस्थित होने की कोई आवश्यकता नहीं है। कांग्रेस नेता ने ट्वीट कर कहा, आज मैं सूरत में मानहानि के एक मामले में अदालत में पेश होने आया हूं। मेरे राजनीतिक विरोधियों ने मुझे चुप कराने के लिए मेरे खिलाफ मामला दायर किया है। मैं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के प्यार और समर्थन के लिए आभारी हूं जिन्होंने यहां मौजूद होकर मेरे साथ एकजुटता दिखाई।

भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने अपनी शिकायत में कहा था कि कांग्रेस नेता ने इस वर्ष लोकसभा चुनाव के दौरान अपनी टिप्पणी से पूरे मोदी समुदाय की मानहानि की है। यह वाद विचारार्थ स्वीकार करते हुए अदालत ने कहा था कि वयनाड से सांसद के खिलाफ प्रथमदृष्ट्या आपराधिक मानहानि का मामला बनता है। कर्नाटक में 13 अप्रैल को कोलार में अपनी एक रैली के दौरान राहुल ने कथित तौर पर कहा था, नीरव मोदी, ललित मोदी, नरेंद्र मोदी... आखिर इन सभी का उपनाम मोदी क्यों है ? सभी चोरों का उपनाम मोदी क्यों होता है?

शिकायत में पूर्णेश मोदी ने कहा था कि कांग्रेस नेता ने अपनी इस टिप्पणी से पूरे मोदी समुदाय की मानहानि की है। कांग्रेस नेता अहमदाबाद में शुक्रवार को इसी तरह के एक और मामले में अदालत में पेश होने वाले हैं। यह मामला आरएसएस, भाजपा कार्यकर्ताओं ने दायर की है। हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा के लिए 21 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले विदेश जाने के लिए आलोचनाओं का सामना कर रहे गांधी दोनों राज्य में रैलियां भी करेंगे। राहुल महाराष्ट्र में 13 अक्टूबर को और हरियाणा में 14 अक्टूबर को चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। भाजपा ने उन्हें विदेश दौरे को लेकर निशाना बनाया है। कांग्रेस ने यह खुलासा नहीं किया कि राहुल कहां गए थे लेकिन उनके दौरे का बचाव करते हुए कहा कि सार्वजनिक और निजी जिंदगी में अंतर है और राजनीति में निजी जीवन का सम्मान किया जाना चाहिए।

## धारावी में रैली के साथ राहुल चुनाव प्रचार की शुरुआत करेंगे

एजेंसी। मुम्बई

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए रविवार को महानगर में चुनाव प्रचार करेंगे। राज्य में 21 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले यह उनका पहला प्रचार अभियान होगा। मुंबई कांग्रेस के प्रमुख एकनाथ गायकवाड़ ने कहा कि गांधी रविवार की शाम को धारावी में एक रैली को संबोधित करेंगे। गायकवाड़ की बेटी और कांग्रेस सचिव वर्षा गायकवाड़ धारावी से चौथी बार चुनाव मैदान में हैं। राहुल गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष रहते हुए वर्षा गायकवाड़ गुजरात और मध्यप्रदेश विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस सचिव थीं। कांग्रेस मुंबई में 31 सीटों पर जबकि राकांपा पांच सीटों पर चुनाव लड़ रही है। 2014 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने महानगर में महज पांच सीटों पर जीत हासिल की थी। राज्य कांग्रेस के सूत्रों ने कहा कि गांधी लातूर में भी एक रैली को संबोधित करेंगे जहां दिवंगत मुख्यमंत्री विलासराव देशमुख के बेटे अमित और धीरज क्रमश: लातूर शहर और लातूर ग्रामीण विधानसभा सीटों से चुनाव लड़ रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि रविवार की सुबह विदर्भ में भी एक रैली की योजना है। उन्होंने कहा कि गांधी 15 अक्टूबर को राज्य में एक बार फिर चुनाव प्रचार के लिए आएंगे।

# गुजरात यात्रा में प्रधानमंत्री की मां से मिलेंगे राष्ट्रपति

एजेंसी। अहमदाबाद

**राष्ट्रपति** राम नाथ कोविंद शनिवार से शुरू होने वाले अपने दो दिवसीय गुजरात दौरे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबा से मुलाकात करेंगे और गांधीनगर के निकट प्रसिद्ध जैन मंदिर एवं संग्रहालय जाएंगे। यात्रा कार्यक्रम के अनुसार कोविंद शनिवार शाम यहां पहुंचेंगे और राज्य की राजधानी स्थित राज भवन में ठहरेंगे। अधिकारियों ने बताया कि वह रविवार सुबह सबसे पहले गांधीनगर के निकट रायसेन गांव जाएंगे जहां वह मोदी की मां हीराबा से मुलाकात करेंगे जो प्रधानमंत्री के छोटे भाई पंकज मोदी के साथ रहती हैं। उन्होंने बताया कि इसके बाद वह महावीर जैन आराधना केंद्र के आचार्य श्री पद्मसागरसूरीजी का आशीर्वाद लेने रायसेन के निकट कोबा गांव जाएंगे। महावीर जैन आराधना केंद्र के न्यासी श्रीपाल शाह ने कहा कि कोबा स्थित केंद्र के परिसर में जैन मंदिर, पुस्तकालय और एक संग्रहालय है जिसमें भारतीय एवं जैन विरासत से जुड़े कई लेखों का संग्रह है। शाह ने कहा, राष्ट्रपति लंबे समय से संग्रहालय देखने के इच्छुक थे। इसलिए हमने उन्हें 13 अक्टूबर को आमंत्रित किया है। राष्ट्रपति हमारे आचार्य श्री पद्मसागरसूरीजी का भी आशीर्वाद लेंगे। उन्होंने कहा कि संग्रहालय में पांडुलिपियों, प्राचीन मसौदों, लघु चित्रों, प्राचीन वस्तुओं और मूर्तियों समेत कई सामग्रियों का बड़ा संग्रह है। शाह ने कहा, हम हमारी विरासत को संरक्षित रखने की कोशिश कर रहे हैं और कोविंद की यात्रा हमारे प्रयासों की सराहना करने के प्रतीक के रूप में देखी जा सकती है।



राकांपा प्रमुख शरद पवार ने महाराष्ट्र के नागपुर के पास बुटीबोरी में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस-राकांपा के उम्मीदवार विजय घोरमादे के समर्थन में एक रैली को संबोधित किया

# फड़णवीस का गृह नगर नागपुर अब अपराध नगर : पवार

एजेंसी। वर्धा

**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस पर निशाना साधते हुए कहा कि नागपुर अब प्रदेश के अपराध नगर के रूप में जाना जाता है और प्रदेश की अब तक ऐसी बदनामी नहीं हुई थी। फड़णवीस नागपुर से ही हैं और राज्य के गृह विभाग का प्रभार भी उनके पास है। वह नागपुर की एक विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

वर्धा जिले में एक चुनाव रैली को संबोधित करते हुए पवार ने कृषि संकट और एवं नौकरियां जाने को लेकर केंद्र और राज्य की भाजपा नीत सरकारों पर प्रहार किया। राकांपा प्रमुख ने कहा, कानून व्यवस्था सुनिश्चित करना, आम आदमी को न्याय प्रदान करना सरकार की जिम्मेदारी है। नागपुर महाराष्ट्र की दूसरी राजधानी है। नागपुर देश में राज्य के अपराध नगर के रूप में जाना जाता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, मुख्यमंत्री नागपुर से आते हैं। इस राज्य ने, नागपुर या विदर्भ की इस तरह की बदनामी कभी नहीं हुई थी। पवार ने आरोप लगाया कि फड़णवीस सरकार के तहत राज्य का कर्ज बढ़ कर चार लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री ने दावा किया कि भाजपा-शिवसेना सरकार ने कृषि रिण माफी का फायदा राज्य में सिर्फ 30 फीसदी किसानों को पहुंचाया है। पवार ने यह भी आरोप लगाया कि फड़णवीस सरकार राज्य में फैक्टरियों में नौकरियां जाने से परेशान नहीं है। कर्ज में फंसे जेट एयरवेज के बंद होने के उदाहरण का जिक्र करते हुए पवार ने कहा कि यदि सरकार सतर्क रहती तो वह निजी विमानन कंपनी के 20,000 कर्मचारियों की नौकरी किसी न किसी तरह से बचा लेती। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र राज्य सरकारी बैंक के संचालन मंडल में शामिल नहीं रहने के बावजूद बैंक से जुड़े घोटाले में उन्हें नामजद कर दिया गया। राकांपा प्रमुख ने कहा कि पिछले महीने उनके खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद उन्होंने खुद ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का रुख करने का फैसला किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, चुनाव नजदीक होने को लेकर मुझे मुंबई के बाहर चुनाव प्रचार करने की जरूरत है।

## क्विक न्यूज

### चिन्मयानंद के समर्थन में आया अखाड़ा परिषद

**हरिद्वार।** कानून की एक छात्रा के कथित यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वामी चिन्मयानंद के समर्थन में सामने आते हुए साधु संतों की शीर्ष संस्था अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्हें इस मामले में फंसाया गया है। कनखल स्थित बड़ा अखाड़ा में सभी 13 अखाडो की बैठक मे साधुसंतो एवं अखाड़ों के प्रतिनिधियों के सर्वसम्मति से अखाड़ा परिषद की वर्तमान कार्यकारिणी को पुनः पांच वर्ष के लिए चुने जाने के बाद अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष स्वामी नरेंद्र गिरि ने कहा कि अखाड़ा परिषद स्वामी चिन्मयानंद के साथ है। महंत नरेंद्र गिरि ने पत्रकारों से कहा, स्वामी चिन्मयानंद के साथ बडी साजिश और षड़यंत्र कर उन्हें यौन शोषण मामले में फंसाया गया है। अखाड़ा परिषद स्वामी चिन्मयानंद के साथ है। इस मसले पर अखाडा परिषद का यह रुख उसके द्वारा पहले जाहिर किए गए रुख से बिल्कुल उलटा है। इससे पहले, 21 सितंबर को अपने बयान में अखाड़ा परिषद ने पूर्व केंद्रीय मंत्री पर कानून की छात्रा द्वारा लगाए गए आरोपो को शर्मनाक बताया था। बैठक में संतों की लंबे समय से भू समाधि हेतु भूमि देने की मांग भी उठी। संतो ने गंगा को प्रदूषण से बचाने के लिए ब्रहमलीन संतो हेतु भू समाधि देने के लिए भूमि की मांग की। यह मामला उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के साथ 12 अक्टूबर को होने वाली बैठक में भी उठने की संभावना है। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष स्वामी नरेंद्र गिरि ने कहा कि स्वामी चिन्मयानंद के साथ है।

### श्री हेमकुंड साहिब के कपाट शीतकाल के लिए बंद

**गोपेश्वर।** उत्तराखंड में चमोली जिले के उच्च हिमालई क्षेत्र में स्थित दुनिया के सबसे उंचे सिख गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब के कपाट बृहस्पतिवार को शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। चौदह हजार दो सौ दो फुट की उंचाई पर स्थित हेमकुंड साहिब के कपाट बंद होने के मौके पर ठंड के बावजूद 3000 से अधिक सिख श्रद्धालु मौजूद थे। तीर्थयात्रियों ने गुरुद्वारे के कपाट बंद होने से पहले वहां मत्था टेका। कपाट बंद होने की प्रक्रिया सुबह से ही शुरू हो गई थी। प्रातः दस बजे सुखमणी पाठ, पूर्वाह्न 11 बजे सबद कीर्तन और दोपहर साढ़े बारह बजे अंतिम अरदास के बाद विधि विधान के साथ गुरु ग्रंथ साहिब को पंच प्यारों की अगुवाई में सतखंड में विराजमान कर दिया गया। इसके बाद दोपहर डेढ़ बजे श्रद्धालुओं के लिए कपाट बंद कर दिए गए। इस साल श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा पर लगभग ढाई लाख तीर्थयात्री दर्शनो के लिए पहुंचे। अब अगले साल मई में गुरुद्वारे के कपाट फिर खोले जाएंगे। गुरुद्वारे के पास स्थित लोकपाल लक्ष्मण मंदिर के कपाट भी आज शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। पूरे क्षेत्र के भारी बर्फबारी और भीषण ठंड की चपेट में रहने के कारण सर्दियों में हर साल श्री हेमकुंड साहिब और लोकपाल लक्ष्मण मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिए जाते हैं जो अगले साल मई में दोबारा खुलते हैं।

# कर्नाटक के पूर्व उपमुख्यमंत्री के ठिकानों पर छापे

एजेंसी। बेंगलुरु

**कर चोरी मामला**

**आयकर** विभाग के 300 से अधिक कर्मियों ने कर्नाटक में कांग्रेस के दो बड़े नेताओं-पूर्व उपमुख्यमंत्री जी परमेश्वर और पूर्व सांसद आर एल जलप्पा के पुत्र राजेंद्र से जुड़े परिसरों पर छापे मारे। परमेश्वर का परिवार सिद्धार्थ ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस का संचालक है जिसकी स्थापना उनके पिता एच एम गंगाधरैया ने 58 साल पहले की थी। आयकर विभाग के सूत्रों ने बताया कि परमेश्वर से संबंधित कार्यालय, आवास और संस्थानों पर छापा मारने के साथ ही अधिकारियों ने उनके भाई जी शिवप्रसाद और निजी सहायक रमेश के आवास की भी तलाशी ली।

राजेंद्र दोद्दाबल्लापुरा और कोलार में आर एल जलप्पा इंस्टिट्यूट चलाते हैं। अधिकारियों ने बताया कि नीट परीक्षाओं से जुड़े मामले में करोड़ों रुपए की कर चोरी के संबंध में परमेश्वर और अन्य के ठिकानों पर यह छापेमारी की गई है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में विभिन्न स्थानों और राजस्थान के कुछ हिस्सों में कुल 30 परिसरों पर छापेमारी की जा रही है जिसमें 300 से अधिक आयकर अधिकारी शामिल हैं। उनके साथ पुलिसकर्मी भी हैं। विभाग ने तुमकुर में एक न्यास के दो मेडिकल कॉलेजों में नीट की परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के वास्ते अपनी जांच के तहत यह कदम उठाया है।

बताया जाता है कि परमेश्वर श्री सिद्धार्थ एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं। अधिकारियों ने बताया कि नीट की परीक्षा में किसी अन्य के स्थान पर परीक्षा देने से संबंधित कथित फर्जीवाड़े और सीटें पाने के लिए कथित रूप से अवैध भुगतान करने की बात सामने आने पर विभाग हरकत में आया। उन्होंने कहा कि परीक्षा में दूसरों के स्थान पर बैठने वालों का पता लगाने के लिए राजस्थान में तलाशी की जा रही है। छापेमारी के बीच बेंगलुरु पहुंचे परमेश्वर ने यहां संवाददाताओं से कहा कि उनके पास इस बारे में कोई सूचना नहीं है कि छापेमारी क्यों की जा रही है। उन्होंने कहा, मेरे पास कोई सूचना नहीं है कि छापेमारी क्यों की जा रही है। उन्होंने (आयकर अधिकारियों) मुझे बुलाया। इसलिए उनसे मिलने आया हूं। परमेश्वर ने कहा कि उनका परिवार शिक्षण संस्थान चलाने के सिवाय कोई और व्यवसाय नहीं करता और वह समय पर आयकर भरता रहा है। उन्होंने इस सवाल पर कोई टिप्पणी नहीं की कि क्या छापेमारी राजनीति से प्रेरित है।

परमेश्वर मई, 2018 से जुलाई, 2019 तक कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री थे। पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और जनता दल (एस) के प्रमुख एवं पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवगौड़ा ने छापेमारी की निन्दा की। सिद्धरमैया ने ट्वीट किया, डॉ. परमेश्वर, आर एल जलप्पा और अन्य पर सिलसिलेवार छापे दुर्भावना के साथ राजनीति से प्रेरित हैं। उन्होंने कहा, वे सिर्फ कांग्रेस कर्नाटक के नेताओं को निशाना बना रहे हैं क्योंकि वे नीतिगत और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर हमारा सामना करने में विफल हुए हैं। हम इस सबके सामने नहीं झुकेंगे। देवगौड़ा ने कहा, यह निन्दनीय है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने छापों को बदले की राजनीति करार दिया।

# मुर्शिदाबाद में तिहरे हत्याकांड पर बवाल

● संघ-भाजपा ने मारे गए परिवार को अपना समर्थक बताया

● राज्यपाल ने पूरे मामले की रिपोर्ट मांगी

एजेंसी। मुर्शिदाबाद (पश्चिम बंगाल)

**मुर्शिदाबाद** में एक स्कूल शिक्षक और उसकी पत्नी तथा पुत्र की जघन्य हत्या के मामले ने बृहस्पतिवार को राजनीतिक रंग ले लिया और भाजपा ने ममता बनर्जी सरकार पर निशाना साधा। वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने दावा किया कि शिक्षक आरएसएस से जुड़े थे। वहीं राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने कहा कि उन्होंने राज्य सरकार से हत्या की घटना पर अविलंब रिपोर्ट मांगी है।भाजपा और संघ ने कहा कि प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक बंधु गोपाल पाल उनके सक्रिय सदस्य जरूर नहीं थे, लेकिन वह कभी-कभी संघ के साप्ताहिक मिलन कार्यक्रमों में भाग लेते थे।

35 वर्षीय शिक्षक, उनकी गर्भवती पत्नी ब्यूटी और आठ वर्षीय बेटे आंगन के शव मंगलवार को मुर्शिदाबाद के जियागंज में उनके घर में रक्तरंजित अवस्था में मिले थे। उस समय दुर्गा पूजा चल रही थी।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यहां कहा कि अज्ञात उपद्रवियों ने तीनों की हत्या कर दी। भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने ट्वीट किया, इससे ज्यादा जघन्य क्या हो सकता है? संघ के कार्यकर्ता बंधु प्रकाश पाल, उनकी गर्भवती पत्नी तथा उनके आठ वर्षीय पुत्र की मुर्शिदाबाद में नृशंस तरीके से हत्या कर दी गई। किसी राज्य की कानून व्यवस्था की स्थिति को अच्छा कैसे माना जा सकता है जब आम आदमी की जान सुरक्षित नहीं है? दीदी आपके शासन में क्या हो रहा है। विजयवर्गीय पश्चिम बंगाल के पार्टी मामलों के प्रभारी भी हैं।

सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने इस मुद्दे पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया क्योंकि मामले में जांच चल रही है। विजयवर्गीय ने बुधवार को दो भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या का विषय उठाते हुए इसमें तृणमूल कार्यकर्ताओं के शामिल होने का आरोप लगाया था। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने ट्वीट करके घर का वीडियो साझा किया जिसमें फर्श पर खून के धब्बे देखे जा सकते हैं। पात्रा ने ट्वीट किया, चेतावनी : नृशंस वीडियो। इसने मेरी अंतरात्मा को झकझोर दिया है। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में संघ कार्यकर्ता बंधु प्रकाश पाल, उनकी आठ माह की गर्भवती पत्नी और बच्चे की नृशंस तरीके से हत्या कर दी गई। उदारवादियों की तरफ से एक भी शब्द नहीं आया। 59 उदारवादियों ने ममता को एक भी पत्र नहीं लिखा। गौरतलब है कि देशभर के 49 जानेमाने लोगों ने जुलाई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर देश में भीड़हत्या की घटनाओं के खिलाफ कार्वाई की मांग की थी।

पुलिस ने मुर्शिदाबाद की घटना के मामले में जांच शुरू कर दी है और तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक पाल परिवार करीब पांच साल पहले जियागंज में आकर बस गया था। एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक प्रथमदृष्टया ऐसा लगता है कि पाल परिवार की अज्ञात उपद्रवियों ने सोमवार रात हत्या कर दी। जब इलाके के लोगों ने मंगलवार को विजयदशमी पर स्थानीय पूजा पंडाल में उन्हें नहीं देखा तो उनके घर गए और दरवाजा अंदर से बंद मिला। तब उन्होंने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने दरवाजा तोड़ और तीनों के शव बरामद किए।

## महिला आयोग का ममता को पत्र, गृह मंत्रालय से भी दखल का अनुरोध किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने बृहस्पतिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल पुलिस की निष्क्रियता अपराधियों के हौसले बढ़ा रही है। आयोग ने केन्द्रीय गृह मंत्रालय से इसमें दखल देने का अनुरोध किया। आयोग ने मुर्शिदाबाद में गर्भवती महिला समेत एक परिवार के तीन सदस्यों की हत्या पर स्वत: संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखा है। आयोग ने पत्र में मामले की प्राथमिकता के आधार पर जांच करने और दोषियों को तुरंत गिरफ्तार करने का अनुरोध किया है। आयोग ने एक प्रेस नोट में कहा कि वह घटना को लेकर क्षुब्ध है।

# प्रतिबंधित हथियार बनाने, रखने पर होगा आजीवन कारावास

● शस्त्र अधिनियम में संशोधन की योजना

एजेंसी। नई दिल्ली

**केंद्रीय** गृह मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित एक नए कानून के तहत प्रतिबंधित हथियार अवैध रूप से बनाने और इसे अपने पास रखने को लेकर दोषी ठहराए जाने पर आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान किया जा रहा है। मसौदा शस्त्र (संशोधन) अधिनियम के मुताबिक दो से अधिक लाइसेंसी बंदूक रखने वाले व्यक्ति को तीसरी बंदूक 90 दिनों के अंदर अधिकारियों या बंदूकों के अधिकृत डीलर के पास जमा करानी होगी क्योंकि सरकार की योजना एक ही व्यक्ति को कई लाइसेंस दिए जाने पर रोक लगाने की है। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि केंद्र सरकार की योजना छह दशक पहले बनाए गए शस्त्र अधिनियम में निर्धारित सजा को दोगुना करने की भी है। एक अन्य अधिकारी ने कहा, हम संसद के शीतकालीन सत्र में संशोधन विधेयक पेश करने की कोशिश करेंगे। लेकिन यदि उस वक्त ऐसा नहीं किया जा सका तो हम अगले बजट सत्र में इसे पेश करेंगे। प्रस्तावित कानून के मसौदा में हथियारों एवं उनके पुर्जों की विनिर्माता से उपयोगकर्ता तक की तस्करी, संगठित अपराध, संगठित अपराध गिरोह और खुशी जाहिर करने के लिए की जाने वाली फायरिंग जैसी चीजों को भी शामिल किया गया है। इन अपराधों के लिए अलग-अलग सजा होगी।

मसौदा विधेयक के मुताबिक सरकार की योजना शस्त्र अधिनियम, 1959 की धारा 25 (1एए) में संशोधन करने की है ताकि प्रतिबंधित हथियार बनाने, बिक्री करने, मरम्मत करने और उन्हें रखने के लिए उम्र कैद की 14 साल की सजा से जीवन की शेष अवधि तक के लिए कैद की सजा का प्रावधान किया जाए। मौजूदा कानून के मुताबिक इस अपराध के लिए सात साल से लेकर 14 साल की कैद तक की सजा का प्रावधान है। एक आकलन के मुताबिक भारत में लगभग 35 लाख बंदूकें लाइसेंसी हैं। उत्तर प्रदेश में 13 लाख लोगों के पास हथियार रखने का लाइसेंस है। इसके बाद आतंकवाद प्रभावित जम्मू कश्मीर का स्थान है, जहां 3.7 लाख लोगों के पास लाइसेंसी हथियार हैं और इनमें से ज्यादातर हथियार निजी सुरक्षा के लिए हासिल किए गए हैं। पंजाब में करीब 3.6 लाख लाइसेंसी बंदूकें हैं।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुंबई में गुरुवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों से पहले एक चुनाव अभियान के दौरान अपने समर्थकों का अभिवादन करते हुए

# भाजपा ने लेबर पार्टी के नेता से कांग्रेस शिष्टमंडल के कश्मीर मुद्दे पर चर्चा करने की निंदा की

एजेंसी। नई दिल्ली

**भाजपा** ने ब्रिटेन के लेबर पार्टी के नेता जेरेमी कोर्बिन के एक ट्वीट का हवाला देकर गुरुवार को कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा, जिसमें उन्होंने मुख्य विपक्षी पार्टी के शिष्टमंडल से कश्मीर के मुद्दे पर चर्चा करने का दावा किया है। भाजपा ने इसे शर्मनाक करार देते हुए कांग्रेस से स्पष्टीकरण की मांग की। लेबर पार्टी के नेता जेरेमी कोर्बिन ने अपने ट्वीट में कहा कि कांग्रेस पार्टी के ब्रिटेन स्थित प्रतिनिधियों के साथ सार्थक बातचीत हुई, जहां हमने कश्मीर में मानवाधिकारों के विषय पर चर्चा की। कोर्बिन के साथ ब्रिटेन में ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख कमल धालीवाल दिख रहे हैं। भाजपा के विदेश मामलों के प्रकोष्ठ के प्रभारी विजय चौथाईवाले ने कहा, जेरेमी कोर्बिन ने कहा है कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल उनसे मिला। स्पष्ट है कि जो भी मिला है, उसका आधिकारिक दर्जा है। ऐसे में यह शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि लेबर पार्टी के रुख के बारे में सभी को पता है, ऐसे में कांग्रेस के शिष्टमंडल का उनसे (कोर्बिन) से मिलना दर्दनाक एवं शर्मनाक है।

# दशहरा जुलूस में बंदूकों से हवाई फायर करने पर बजरंग दल के करीब 150 कार्यकर्ताओं पर मामला दर्ज

● बजरंग दल ने धमकी दी है कि वह पुलिस की इस कार्रवाई के खिलाफ आंदोलन करेंगे

एजेंसी। ग्वालियर (मध्यप्रदेश)

**मध्य** प्रदेश के ग्वालियर में पुलिस ने विजयादशमी जुलूस के दौरान बंदूकों से कथित तौर पर हवाई फायर करने के मामले में बजरंग दल के करीब 150 कार्यकर्ताओं पर मामला दर्ज किया है। पुलिस का दावा है कि बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जुलूस की अनुमति भी नहीं ली थी।

उधर, बजरंग दल ने धमकी दी है कि वह पुलिस की इस कार्रवाई के खिलाफ आंदोलन करेंगे। ग्वालियर पूर्व के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पांडे ने बृहस्पतिवार को कहा, आठ अक्टूबर को दशहरे के दिन बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने अपने जुलूस में हथियारों का प्रदर्शन किया और बंदूकों से हवा में फायर किए। सार्वजनिक रूप से बंदूक से फायर करना अपराध है। इसलिए ग्वालियर के झांसी रोड थाने में बजरंग दल के करीब 150 कार्यकर्ताओं के खिलाफ भादंसं की धारा 336 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

उन्होंने कहा, जल्दी ही इस मामले में जांच करके उचित कार्वाई की जाएगी। पांडे ने बताया कि इन कार्यकर्ताओं पर मामला इसलिए दर्ज किया गया, क्योंकि इनके बंदूकों से फायर करने पर दूसरे लोगों के साथ स्वयं की सुरक्षा पर खतरा हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शस्त्र प्रदर्शन और सार्वजनिक रूप से बंदूकों से फायर करने की अनुमति कभी भी नहीं दी जाती है। इसके बाद भी इस संगठन ने यह काम किया।

इस मामले में बजरंग दल के प्रचार प्रमुख मनोज रजक ने कहा, आठ अक्टूबर को नदी गेट स्थित एक परिसर में विजयादशमी का शस्त्र पूजन कार्यक्रम हुआ था। यह पूजा हिंदू धर्म में दशहरे के महत्व के अनुसार ही होती आ रही है। अब पुलिस ने करीब 150 कार्यकर्ताओं पर झांसी रोड थाने में मामला दर्ज कर लिया है। अब इस बारे में उनका संगठन जल्दी ही आंदोलन करके इसका विरोध जताएगा।

# 370 पर रुख स्पष्ट करें राहुल-पवार: शाह

**एजेंसी।** सांगली,सोलापुर

**गृह मंत्री** अमित शाह ने अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को हटा भारत को अखंड बनाने के मोदी सरकार के महान कार्य की बृहस्पतिवार को सराहना की तथा कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं राकांपा अध्यक्ष शरद पवार से यह स्पष्ट करने को कहा कि वह इसके (अनुच्छेद 370 के) पक्ष में हैं या विरोध में।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में सांगली और सोलापुर जिलों में रैलियों को संबोधित करते हुए शाह ने कांग्रेस और राकांपा पर वोटबैंक एवं तुष्टिकरण की राजनीति की खातिर इस कदम के विरोध का आरोप लगाया। भाजपा अध्यक्ष ने दुनियाभर में भारत की छवि मजबूत करने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की। उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र में 21 अक्टूबर के विधानसभा चुनाव से पहले ही कांग्रेस और राकांपा ने हार मान ली है और उन्होंने लोगों से भाजपा-शिवसेना एवं उनके सहयोगियों को दो-तिहाई बहुमत या



सांगली में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले एक रैली के दौरान छत्रपति शिवाजी एवं बीआर आंबेडकर को श्रद्धांजलि देते गृह मंत्री अमित शाह

कुल 288 में से 222 सीटों जिताने की अपील की। शाह ने पवार से यह भी स्पष्ट करने के लिए कहा कि कांग्रेस-राकांपा सरकारों ने महाराष्ट्र के लिए क्या किया। उन्होंने सांगली के जाट बहुल क्षेत्र में जनसभा में कहा, फिर से प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी संसद में एक ऐतिहासिक प्रस्ताव लेकर आए, उन्होंने कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35 को हटाने का महान कार्य किया। आज अखंड भारत का सरदार वल्लभभाई पटेल का सपना पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि लेकिन कांग्रेस और राकांपा ने इस प्रस्ताव का विरोध किया। गृहमंत्री ने कहा, मैं कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं राकांपा प्रमुख शरदरावजी पवार से पूछना चाहता हूं, उन्हें महाराष्ट्र के लोगों को बताना चाहिए कि वह अनुच्छेद 370 को हटाने के पक्ष में हैं या नहीं। उन्होंने कहा, मैं पूछना चाहता हूं कि आप क्यों इस प्रस्ताव का विरोध करते हैं जब पूरा देश चाहता है कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बने। बस इसलिए कि आप वोटबैंक, तुष्टिकरण की राजनीति करना चाहते हैं। शाह ने कहा कि कांग्रेस और रांकपा ने 370 हटाने का विरोध किया और ए तक कहा कि कश्मीर में खून की नदियां बह जाएंगी। इसे खारिज करते हुए भाजपा प्रमुख ने कहा कि कश्मीर शांतिपूर्ण है और एक भी गोली चलाने की जरूरत नहीं पड़ी। उन्होंने कहा, अनुच्छेद 370 को हटाने के बाद इन लोगों ने देश और दुनिया में एक झूठा अभियान चलाया और कहा कि इससे समस्याएं खड़ी हो जाएंगी। मोदीजी संयुक्त राष्ट्र में गए और पूरी दुनिया इस मुद्दे पर उनके साथ खड़ी है जबकि पाकिस्तान दुनिया में अलग-थलग हो गया। शाह ने राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर कांग्रेस और भाजपा के बीच अंतर रेखांकित करते हुए कहा कि उनकी पार्टी के लिए राष्ट्रीय हित सर्वोपरि हैं। अपनी बात को साबित करते हुए शाह ने कहा कि 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद पाक के दो हिस्सों में विभाजन को लेकर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को बधाई देने वाले अटल बिहारी वाजपेई पहले नेता थे। उन्होंने कहा हम विपक्ष में थे, इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री थी, भारत और पाकिस्तान का युद्ध हुआ और हमारी सेना को विजय प्राप्त हुआई। अटल बिहारी वाजपेई जी ने देश की संसद में इंदिरा जी की भूरि-भूरि प्रशंसा की थी, क्योंकि सवाल देश का था पार्टी का नहीं। उन्होंने कहा कि मोदी की निगरानी में राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत हुई है और पूरी दुनिया को यह अहसास हो गया है कि यदि एक जवान शहीद होता है तो दस दुश्मन मारे जाते हैं। शाह ने जेएनयू नारेबाजी मामले का जिक्र करते हुए राहुल गांधी पर टुकड़े टुकड़े गैंग का पक्ष लेने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, राहुलजी, यदि आप चाहते हैं तो आप मुझे, मेरी पार्टी , मोदीजी को गाली दें। हम आपको कुछ नहीं कहेंगे। लेकिन यदि आप उन लोगों के साथ खड़े होंगे जो भारत माता के टुकड़े टुकड़े करने की बात करते हैं तो भाजपा नीत सरकार उन लोगों को सलाखों के पीछे डाल देगी जो देश को तोड़ने की बात करते हैं।

सोलापुर के अक्कालकोट में अपनी दूसरी रैली में शाह ने राहुल गांधी पर पाकिस्तान की भाषा में बोलने का आरोप लगाया। शाह ने कहा बालाकोट में सर्जिकल स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान भी सबूत मांगता है, राहुल गांधी भी सबूत मांगते हैं। मोदी जी अनुच्छेद 370 हटाते हैं तो पाकिस्तान भी विरोध करता है, राहुल गांधी भी विरोध करते हैं। समझ नहीं आता कि हर बार पाकिस्तान और राहुल गांधी की सोच एक क्यो होती है।

# जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने तीन नेताओं को रिहा किया

**एजेंसी।** श्रीनगर

● रिहा किए जाने से पहले नूर मोहम्मद एक शपथ पत्र पर हस्ताक्षर कर शांति बनाए रखने एवं अच्छे व्यवहार का वादा करेंगे

**जम्मू-कश्मीर** प्रशासन ने पांच अगस्त को राज्य का विशेष दर्जा समाप्त किए जाने के बाद से हिरासत में लिए गए तीन नेताओं को बृहस्पतिवार को रिहा कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यावर मीर, नूर मोहम्मद और शोएब लोन को विभिन्न आधारों पर रिहा किया गया है। मीर राफियाबाद विधानसभा सीट से पूर्व विधायक रह चुके हैं, जबकि लोन ने कांग्रेस के टिकट से उत्तर कश्मीर से चुनाव लड़ा था जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने बाद में कांग्रेस छोड़ दी थी। उन्हें पीपुल्स कॉन्फ्रेंस प्रमुख सज्जाद लोन का करीबी माना जाता है। नूर मोहम्मद नेशनल कॉन्फ्रेंस के कार्यकर्ता हैं।

अधिकारियों ने बुधवार को बताया था कि रिहा किए जाने से पहले नूर मोहम्मद एक शपथ पत्र पर हस्ताक्षर कर शांति बनाए रखने एवं अच्छे व्यवहार का वादा करेंगे। इससे पहले राज्यपाल प्रशासन ने पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के इमरान अंसारी और सैयद अखून को स्वास्थ्य कारणों से 21 सितंबर को रिहा किया था। गौरतलब है कि जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को समाप्त करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने के केंद्र सरकार के पांच अगस्त के फैसले के बाद नेताओं, अलगाववादियों, कार्यकर्ताओं और वकीलों समेत हजार से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया था। इनमें तीन पूर्व मुख्यमंत्री- फारुख अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती शामिल हैं। करीब 250 लोग जम्मू-कश्मीर के बाहर जेल भेजे गए। फारूक अब्दुल्ला को बाद में लोक सुरक्षा कानून के तहत हिरासत में लिया गया जबकि अन्य नेताओं को दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के तहत हिरासत में लिया गया।

# डेढ़ सौ ट्रेनों और 50 रेलवे स्टेशनों का होगा निजीकरण

● कवायद शुरू, सरकार बनाएगी अधिकार प्राप्त समूह

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**सरकार** 150 ट्रेनों और 50 रेलवे स्टेशनों को समयबद्ध तरीके से निजी ऑपरेटरों को सौंपने के वास्ते ब्लूप्रिंट तैयार करने के लिए एक कार्यबल गठित करने की प्रक्रिया में है। नीति आयोग के मुख्य कार्याधिकारी अमिताभ कांत द्वारा रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष वी के यादव को लिखे गए एक पत्र में कहा गया है कि प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए एक अधिकारप्राप्त समूह गठित किया जाएगा। यादव और कांत के साथ आर्थिक मामले विभाग और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के सचिव भी अधिकारप्राप्त समूह का हिस्सा होंगे। कांत ने कहा कि रेलवे को 400 स्टेशनों को विश्व स्तर के रेलवे स्टेशनों में तब्दील करने की जरूरत थी, लेकिन अब तक इनमें से कुछ ही उन्नत हो पाए हैं। उन्होंने कहा, मैंने रेल मंत्री के साथ विस्तृत चर्चा की जिसमें यह निर्णय हुआ कि कम से कम 50 स्टेशनों के लिए मामले को प्राथमिकता के साथ देखने की जरूरत है। छह हवाईअड्डों के निजीकरण में हालिया अनुभव पर विचार करते हुए कार्य को समयबद्ध तरीके से अंजाम देने के लिए सचिवों के अधिकारप्राप्त समूह के गठन के लिए समान प्रक्रिया। कांत ने कहा, जैसा कि आप पहले ही अवगत हैं कि रेल मंत्रालय ने यात्री ट्रेनों के संचालन के लिए निजी ट्रेन ऑपरेटरों को लाने का भी निर्णय किया है और पहले चरण में 150 ट्रेनों के लिए संबंधित कवायद पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि इंजीनियरिंग रेलवे बोर्ड सदस्य और यातायात रेलवे बोर्ड सदस्य भी अधिकारप्राप्त समूह में शामिल किए जाने चाहिए। लखनऊ-दिल्ली मार्ग पर तेजस एक्सप्रेस, रेलवे का पहला अनुभव है जिसका संचालन गैर रेलवे ऑपरेटर, इसकी अनुषंगी आईआरसीटीसी द्वारा किया जा रहा है। इस ट्रेन को गत चार अक्टूबर को हरी झंडी दिखाई गई थी।

## रेल यात्री वेबसाइट, मोबाइल एप से दर्ज करा सकेंगे शिकायत, सेवा शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने रेल यात्रियों की शिकायतें दर्ज करने के लिए गुरुवार को राजकीय रेलवे पुलिस बल की मदद के लिए वेबसाइट और मोबाइल एप सेवा शुरू की। इस सुविधा से रेल यात्री देश भर में कहीं से अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे और अपराधियों का एक ऑनलाइन डेटा बेस भी बनेगा। गृह राज्य मंत्री ने दिल्ली पुलिस के आयुक्त अमूल्य पटनायक और अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में यहां वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.रेलवेज. दिल्ली पुलिस.जीओवी.इन शुरू की और इसके साथ ही सहयात्री नाम का मोबाइल एप भी शुरू किया। पुलिस उपायुक्त (रेलवेज) दिनेश कुमार गुप्ता ने कहा कि इस वेबसाइट पर रेलवे के अधिकारक्षेत्र में सक्रिय अधिकारियों के डेटाबेस के साथ ही उनकी तस्वीरें अपलोड की जाएंगी।

# जानी-मानी हस्तियों पर राजद्रोह का मामला बंद किए जाने के खिलाफ पत्र

**मुजफ्फरपुर।** मॉब लिंचिंग (भीड़ द्वारा पीट पीट कर हत्या) की बढ़ती घटनाओं में हस्तक्षेप के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखने वाली 49 जानी-मानी हस्तियों के खिलाफ बिहार पुलिस द्वारा दर्ज राजद्रोह के एक मामले को बंद करने के खिलाफ शिकायतकर्ता ने गुरूवार को स्थानीय अदालत में एक विरोध पत्र दायर किया। मुजफ्फरपुर के स्थानीय अधिवक्ता सुधीर कुमार ओझा द्वारा गत जुलाई महीने में दायर एक याचिका पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सूर्यकांत तिवारी के आदेश पर पिछले हफ्ते सदर थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी जिसे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार ने बुधवार को साक्ष्य नहीं होने के मद्देनजर इसे बंद करने का आदेश दिया था। इसके साथ ही दुर्भावना से ग्रसित होकर झूठा मुकदमा दर्ज किए जाने को लेकर ओझा के खिलाफ भादसं की धारा 182 और 211 के तहत मामला दर्ज किए जाने का निर्देश दिया था। ओझा ने पुलिस द्वारा इस मामले को बंद किए जाने के खिलाफ गुरूवार को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में एक विरोध पत्र दायर कर अदालत से अपने स्तर या फिर सीबीआई से मामले की जांच का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई की तारीख 11 नवंबर निर्धारित की है।



नई दिल्ली में नगालैंड के राज्यपाल आरएन रवि ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की

# ममता करेंगी पश्चिम बंगाल के तल्लाह पुल के भाग्य का फैसला

**एजेंसी।** कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल के तल्लाह पुल को गिरा दिया जाए या विशेषज्ञों की राय के अनुरूप तय समय में फिर से इसके ढांचे को मजबूत बनाया जाए इसका फैसला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी करेंगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

मुंबई की एक टीम ने बुधवार को राज्य के मुख्य सचिव राजीव सिन्हा को सौंपी रिपोर्ट में 57 वर्ष पुराने पुल को गिराकर पुन: निर्माण करवाने की सलाह दी गई है। परामर्शदात्री संस्था राइट्स द्वारा पूर्व में सौंपी गई रिपोर्ट को सही साबित करती है। अधिकारी ने बताया कि मुंबई स्थित फर्म ने तल्लाह पुल पर सुझावों समेत अपनी रिपोर्ट सौंप दी है और मुख्यमंत्री 12 अक्टूबर को इस पुल के भाग्य पर चर्चा करेंगी और उपलब्ध सर्वोत्तम विकल्प पर फैसला लेंगी। सचिवालय के सूत्रों ने कहा कि मुख्य सचिव और पुलिस तथा प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने पुल को गिराकर नया बनाने और मरम्मत करवाने के विकल्पों पर चर्चा की है। अधिकारी ने बताया कि नया पुल बनाने में लगने वाले खर्च और सामग्री पर भी चर्चा की गई है। तल्लाह पुल उत्तर 24 परगना की ओर से शहर में प्रवेश के लिए मुख्य मार्गों में से एक है। ऐसी जानकारी मिली थी कि 625 मीटर लंबे पुल को गिराने की स्थिति में राज्य सरकार द्वारा पुलिस को कार, बस और माल ढोने वाले वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए गए थे। दुर्गा पूजा महोत्सव से ठीक पहले बसों और तीन टन से अधिक भारी वाहनों को पुल से न गुजरने के आदेश दिए गए थे। तीन टन से हल्के वाहनों को 10 किमी प्रति घंटा की रफ्तार पर ही गुजरने की अनुमति दी गई थी।

# भारत ने सीरिया में तुर्की की एक तरफा सैन्य कार्रवाई की आलोचना की

**नई दिल्ली।** भारत ने गुरुवार को कहा कि वह उत्तर पूर्व सीरिया में तुर्की के एकतरफा सैन्य कार्वाई से काफी चिंतित है। साथ ही जोर दिया कि ऐसी कार्वाई क्षेत्र की स्थिरता एवं आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को कमतर करती है। बुधवार को तर्की के लड़ाकू विमानों एवं तोपखाने ने सीरिया में कुर्दो के नियंत्रण वाले इलाके को निशाना बनाया था जिससे हजारों की संख्या में लोगों को घर छोड़कर भागना पड़ा था। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने कहा, हम उत्तर पूर्व सीरिया में तुर्की के एकतरफा सैन्य कार्वाई से काफी चिंतित हैं। उन्होंने कहा, तुर्की की कार्वाई क्षेत्र की स्थिरता और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को कमतर कर सकती है। विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि इस कार्रवाई से मानवीय एवं नागरिक संकट की स्थिति पैदा हो सकती है।

# रोबोटिक्स टेक्नोलाजी के जरिए कृषि समस्याओं का हल तलाशेंगे छात्र

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**मानव संसाधन** विकास मंत्रालय के ई-यंत्र योजना में रोबोटिक्स टेक्नोलॉजी के जरिए कृषि से जुड़ी वास्तविक समस्याओं तथा खेतों एवं पौधों की वृद्धि से जुड़े कारकों को भी शामिल किया गया है ताकि छात्रों में इनके बारे में समझ बनाई जा सके।

मंत्रालय के एक अधिकारी ने भाषा को बताया कि ई-यंत्र मानव संसाधन विकास मंत्रालय के तहत सूचना संचार प्रौद्योगिकी के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा मिशन (एनएमआईसीटी) द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम है जिसे आईआईटी बॉम्बे आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने बताया, इसमें ई..यंत्र फार्म सेटअप इंनिशिएटिव को शामिल किया गया जिसके तहत स्वत: प्रेरित कृषिगत परियोजनाएं स्थापित करने के बारे में जानकारी विकसित करने पर जोर दिया गया है। ई-यंत्र फार्म सेटअप इंनिशिएटिव कार्यक्रम में कचरे के पुन: चक्रण के जरिए नई, उर्वर मिट्टी तैयार करने के विषय पर अध्ययन करने के साथ नगर निकायों के ठोस कचरा प्रबंधन एजेंडे के अनुरूप बगीचा एवं रसोईघर के कचरे के स्रोत एवं निपटान करने का विषय शामिल है। इसके तहत बढ़ने वाले पौधों के लिए खेत तैयार करने और पौधों की वृद्धि पर नजर रखने के लिए उपकरण तैयार करने का विषय भी शामिल है।

ई-यंत्र परियोजना का मकसद छात्रों को रोबोट बनाने और उससे जुड़ी तकनीकी जानकारी देना है। साथ ही अगली पीढ़ी के इंजीनियरों, रोबोट विशेषज्ञों की एक व्यवस्था तैयार करना है। इसके तहत आईआईटी बॉम्बे प्रोजेक्ट वर्क के माध्यम से छात्रों में रोबोटिक्स की वास्तविक समझ विकसित करने में मदद करेगा। मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार आईआईटी बॉम्बे में ई-यंत्र कार्यशालाओं के जरिए 2115 से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है, ताकि वे विभिन्न कॉलेजों में छात्रों को रोबोटिक्स पढ़ा सकें। ई-यंत्र लैब स्थापित करने की पहल कॉलेज स्तर का आयोजित किया जाने वाला कार्यक्रम है। इसमें कॉलेजों को रोबोटिक्स लैब स्थापित करने के लिए प्रेरित किया जाता है। इसका मकसद कॉलेजों में रोबोटिक्स की पढ़ाई के लिए आवश्यक आधारभूत ढांचा तैयार करना और शिक्षकों को प्रशिक्षित करने की व्यवस्था तैयार करना है। ई-यंत्र रोबोटिक्स प्रतियोगिता हर वर्ष आयोजित होने वाला कार्यक्रम है।

# केरल में युवक ने लड़की को जिंदा जलाया, दोनों की मौत

**एजेंसी।** कोच्चि

**केरल में** कोच्चि के समीप बृहस्पतिवार तड़के एक व्यक्ति द्वारा 17 वर्षीय लड़की को कथित तौर पर आग लगा देने के बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि जब इस लड़की ने आरोपी के प्यार का प्रस्ताव ठुकरा दिया तब उसने कथित रूप से यह जघन्य अपराध किया। वह उससे प्यार करने का दावा करता था।

पुलिस के मुताबिकि आरोपी मिधुन भी आग की चपेट में आ गया और उसकी भी मौत हो गई। यह घटना इंफो पार्क थानक्षेत्र के कक्कानाड के अथानी में घटी। पुलिस के अनुसार कक्षा बारहवीं की छात्रा के ऊपर पेट्रोल डाला और आग लगा दी। पुलिस को संदेह है कि युवक लड़की को आग लगाने के बाद अपनी जान देने के लिए उसके गले लग गया। आरोपी से अपनी बेटी को बचाने की कोशिश में लड़की के पिता शालान झुलस गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार आरोपी मिधुन रात में सवा बारह बजे लड़की के घर पहुंचा। जब लड़की के पिता ने दरवाजा खोला तो उसने लड़की से मिलने की मांग की। लड़की के बाहर घर से बाहर आते ही आरोपी ने उसके ऊपर पेट्रोल डाल कर आग लगा दी। पड़ोसियों द्वारा सूचना देने पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। अस्पताल ले जाए जाने पर डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। थ्रीक्काकारा के विधायक पी टी थॉमस पीड़िता के घर पहुंचे। उन्होंने इस घटना की निंदा करते हुए उसकी जांच की मांग की

# पुलिस अधिकारियों के राष्ट्रपति पदक पर नोट शीट विशेषाधिकार संवाद नहीं: सीआईसी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**पुलिस** अधिकारियों को राष्ट्रपति पदक देने पर नोट शीट के रिकॉर्ड प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के बीच विशिष्ट संवाद नहीं हैं जिसे संविधान के अनुच्छेद 74(2) के तहत खुलासे से छूट मिली हुई है। यह बात केंद्रीय सूचना आयोग ने गृह मंत्रालय से कही है।

आरटीआई मामलों में सर्वोच्च न्यायिक निकाय, कार्यकर्ता नूतन ठाकुर के आवेदन पर सुनवाई कर रहा था। ठाकुर ने विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक दिए जाने की स्थिति में नोट शीट और संचार सहित रिकॉर्ड की प्रति मांगी थी। उन्होंने राज्य सरकारों की मंजूरी के बावजूद उन्हें खारिज किए जाने के रिकॉर्ड की भी मांग की। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने यह कहते हुए नोट शीट देने से इंकार कर दिया कि इसे इसलिए नहीं दिया जा सकता कि इसमें प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के बीच सलाह और विचार का आदान- प्रदान शामिल होता है जो कि संविधान के अनुच्छेद 74(2) के तहत विशेषाधिकार है। ठाकुर ने दावों को ठुकराते हुए कहा कि आरटीआई कानून, 2005 के तहत कोई भी प्रावधान किसी सरकारी पदाधिकारी को अनुच्छेद 74(2) के तहत प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के बीच संवाद के खुलासे से नहीं रोकता है। उन्होंने कहा कि आरटीआई कानून के तहत सूचना देने से इंकार केवल इसके प्रावधानों के तहत ही किया जा सकता है। मुख्य सूचना आयुक्त सुधीर भार्गव ने एस पी गुप्ता और एस आर बोम्मई मामलों में उच्चतम न्यायालय के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि अनुच्छेद 74(2) के तहत नोट शीट का खुलासा प्रतिबंधित नहीं है। एस पी गुप्ता और एस आर बोम्मई मामले में अनुच्छेद 74(2) की व्याख्या की गई है। भार्गव ने गृह मंत्रालय को निर्देश दिया कि आरटीआई कानून की धारा 8(1) के तहत सूचना के खुलासे या उसे रोके जाने पर निर्णय करे।

# दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान दो गुटों में झड़प, 14 घायल

**जहानाबाद (बिहार)।** बिहार के जहानाबाद में बृहस्पतिवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो गुटों के बीच झड़प में कम 14 लोग घायल हो गए। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए निकलने वाले जुलूस पर किसी ने एक पत्थर फेंक दिया, जिसके बाद दो पक्षों के बीच झड़प शुरू हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना अरवाल मोरे क्षेत्र में सुबह हुई और जुलूस में शामिल हुए लोगों ने पत्थर फेंकने के लिए किनारे खड़े लोगों को जिम्मेदार ठहराया जो अन्य समुदाय से थे। पुलिस ने बताया कि दोनों ओर से भारी पथराव हुआ जिससे एक स्थानीय पत्रकार सहित कम से कम 14 लोग घायल हो गए। घायलों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया है। जिला मजिस्ट्रेट नवीन कुमार और पुलिस अधीक्षक मनीष ने घटनास्थल पर पहुंच कर स्थिति को काबू किया। उन्होंने बताया कि अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक ने आक्रोषित स्थानीय लोगों से बातचीत की ताकि विसर्जन कार्यक्रम निर्विघ्न संपन्न हो सके।

# उर्वरक सब्सिडी सीधे किसानों के खाते में देने की योजना से पारदर्शिता उपलब्धता बढ़ी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**उर्वरक** सब्सिडी किसानों के खाते में सीधे हस्तांतरित करने की योजना (उर्वरक डीबीटी) के कार्यान्वयन से उर्वरकों की खेप की निगरानी, उनकी जरूरत और स्टाक की उपलब्धता के आकलन तथा आपूर्ति पारदर्शिता आई है। बृहस्पतिवार को जारी एक अध्ययन रपट में यह जानकारी दी गई है। केंद्रीय उर्वरक मंत्रालय और नीति अयोग द्वारा एक वैश्विक फर्म द्वारा कराए गए इस देश व्यापी अध्यान की रपट में सरकार के हवाले से कहा गया है कि उर्वरक डीबीटी से पहले वर्ष में ही 1.54 अरब डॉलर (लगभग 10,800 करोड़ रुपए) की बचत हुई है।

इसमें कहा गया है कि उर्वरक डीबीटी ने उर्वरकों की आवाजाही, स्टॉक की आवश्सकता और उपलब्धता के वास्तविक समय पर निगरानी से पारदर्शिता को बढ़ावा दिया है। इससे आपूर्ति में भी सुधार हुआ है और कागजी काम को आसान किया है। अक्टूबर 2017 में शुरु किए गए उर्वरक डीबीटी के तहत, सरकार आधार-आधारित प्रमाणीकरण के माध्यम से किसानों को उर्वरक बेचने के बाद ही उर्वरक कंपनियों को सब्सिडी देती है। डीबीटी के कार्यान्वयन का मूल्यांकन करने, प्रणाली की दक्षता का पता लगाने, चुनौतियों की पहचान करने और कार्वाई योग्य समाधान प्रदान करने के लिए सर्वे आधारित इस अध्ययन का काम वैश्विक फर्म माइक्रोसेव कंसल्टिंग (एमएससी) को दी गई थी। एमएससी ने एक बयान में कहा है , योजना के आरंभ के पहले साल में, डीबीटी-उर्वरक से भारत सरकार को 1.54 अरब डॉलर (सरकारी अनुमान के मुताबिक) कर बचत हुई है। फर्म माइक्रोसेव कन्सल्टिंग द्वारा 2018 में कराए गए इस अध्ययन का योजना के कार्यान्वयन और प्रणाली की दक्षता का मूल्यांकन करना तथा इस क्षेत्र से जुड़ी चुनौतियों को पहचानना कर उनका उचित समाधान उपलब्ध कराना था। इस सर्वेक्षण में 18 राज्यों एवं 54 जिलों के 1182 खुदरा बिक्रेताओं और 11,281 किसानों को शामला किया गया। एमएससी के पार्टनर मितुल थापलियाल ने कहा, यह पहल रियल टाईम में उर्वरक की आवश्यकता, उपलब्धता एवं बिक्री और परिवहन पर निगरानी रखते हुए प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ाती है। किसान इस नई प्रणाली को पसंद कर रहे हैं क्योंकि इससे उर्वरकों की उपलब्धता में सुधार हुआ है तथा उर्वरकों की ज़्यादा लागत वसूलने पर लगाम लगी है। इस कार्यक्रम में सरकार उर्वरक कंपनी को सब्सिडी तभी जारी करती है, जब रीटेलर, आधार आधारित प्रमाणीकरण के माध्यम से किसानों को उर्वरक बेच चुका होता है। इस प्रक्रिया में आधार संख्या न होने की स्थिति में रीटेलर अधिकृत बिक्री के लिए किसान क्रेडिट कार्ड या इलेक्टोरल फोटो आईडी कार्ड के साथ आधार एनरोलमेन्ट आईडी का भी इस्तेमाल करते हैं। इस सर्वेक्षण रपट के अनुसार आधार के बिना मैनुअल बिक्री और एडजस्टेड लेनदेनों की संख्या का अनुपात जो मूल्यांकन के तीसरे चक्र में 21 फीसदी थी, वह इस दौर में कम होकर 13.0 फीसदी ही रह गया है। एडजस्टेड लेनदेन वे लेनदेन हैं, जिनमें रीटेलर अक्सर किसान का विवरण सत्यापित किए बिना ही प्रक्रिया को आगे बढ़ाता है और बाद में इसे अपने रिकार्ड में अपडेट कर लेता है। रीटेलर द्वारा एडजस्टेड लेनदेन तब किए जाते हैं जब उर्वरक की खरीद के समय किसान के पास आधार संख्या न हो या आधार प्रमाणीकरण असफल हो जाए। रपट के मुताबिक86.6 फीसदी आधार-प्रमाणीकृत लेनदेन पहली बार में सफल हुए। कुल मिलाकर, तीन प्रयासों में आधार प्रमाणीकरण की सफलता मौजूदा राउण्ड में बढ़कर 99.0 फीसदी हो गई है जो मूल्यांकन के तीसरे राउण्ड में 97 फीसदी थी। रपट में कहा गया है सर्वेक्षणों में 90.0 फीसदी रीटेलरों ने बताया कि उनके लिए डीओएफ एवं उर्वरक कंपनियों द्वारा कम से कम दो प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। 75.0 फीसदी किसानों और 59.0 फीसदी रीटेलरों ने पिछली मैनुअल उर्वरक वितरण प्रणाली के बजाए डीबीटी प्रणाली को प्राथमिकता दी है।

# भारत में अंधेपन में 47 प्रतिशत की कमी आई

**नई दिल्ली।** भारत में अंधेपन के प्रसार में 2007 से अब तक 47 प्रतिशत की कमी आई है। बृहस्पतिवार को जारी सरकारी सर्वेक्षण में यह बात कही गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अंधेपन को 2020 तक कुल जनसंख्या का 0.3 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य रखा है। सर्वेक्षण में संकेत दिया गया है कि भारत इस लक्ष्य को हासिल करने के करीब पहुंच गया है। भारत में 2006-07 में अंधेपन के शिकार लोगों की संख्या। करोड़ 20 लाख थी जो 2019 में घटकर 48 लाख रह गई। शोध में कहा गया है कि मोतियाबिंद अब भी 66.2 प्रतिशत के साथ अंधेपन का सबसे बड़ा कारण बना हुआ है। इसके बाद कॉर्निया खराब होने की वजह से होने वाले अंधेपन (7.4) का नंबर आता है। इसके अलावा मोतियाबिंद की सर्जरी की जटिलताओं के कारण होने वाले अंधेपन (7.2 प्रतिशत) में भी वृद्धि हुई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन द्वारा जारी राष्ट्रीय दृष्टिहीनता और दृष्टिबाधित सर्वेक्षण (2019) के अनुसार अंधेपन का अनुमानित प्रसार 2006-2007 के 1.00 प्रतिशत की तुलना में गिरकर 0.36 प्रतिशत रह गया है।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 11 अक्टूबर, 2019



## मोदी-शी बैठक

### दोनों देशों के आर्थिक सरोकार महत्वपूर्ण

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी व चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच अनौपचारिक बैठक से दोनों देशों के बीच तनाव घटने की संभावना है। डोकलाम में क्षेत्रीय टकराव के बाद दोनों नेता वूहान की भावना से मिलेंगे। हालांकि, चीन की दोमुंही बातों के कारण कुछ तनाव है, पर दोनों देश इसे ज्यादा बढ़ाना नहीं चाहते हैं। परंपरागत संबंधों में सुधार दोनों नेताओं के व्यक्तित्व व इच्छाशक्ति पर निर्भर होगा जो अपने समय की भू-राजनीतिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। हालांकि, शी कुछ आगे बढ़े हैं, पर वे अपने सदाबहार मित्र पाकिस्तान को भारत के साथ संबंधों से अलग नहीं कर सके हैं। जम्मू कश्मीर का दर्जा बदलने के बाद उनको आशंका है कि पाक-अधिकृत कश्मीर के चीन-नियंत्रित शक्सगाम घाटी तथा अक्साईचिन की क्षेत्रीय स्थिति में परिवर्तन होगा। चीन ने पहले कश्मीर को 'अतीत का विवाद' बताते हुए संरा. प्रस्तावों के आधार पर समाधान की बात की थी। लेकिन मोदी-शी बैठक के पहले उसने अपना स्वर बदलते हुए कहा है कि भारत पाकिस्तान को द्विपक्षीय स्तर पर इसका समाधान करना चाहिए। चीन को वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलएसी व लद्दाख की चिन्ता है, हालांकि भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि इस पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। कश्मीर के पुनर्गठन तथा कब्जे वाले क्षेत्रों को वापस लेने की चर्चा से चीन को चिन्ता है क्योंकि चीनी सेना सीमा पर लगातार घुसपैठ करती रही है। भारत ने चीन की बेल्ट एंड रोड पहल का भी विरोध किया है। इसलिए चीन आक्रामक बातचीत पर लगाम लगा कर परस्पर हित के द्विपक्षीय मुद्दों पर जोर देना चाहता है। संभवत: मोदी-शी बैठक में कश्मीर मुद्दा नहीं रहेगा, लेकिन यदि



चीनी राष्ट्रपति चाहें तो भारत उनको अपनी स्थिति से परिचित कराएगा। चीन इस आरोप से भी बचना चाहेगा कि गिलगिट-बाल्टिस्तान में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा विवादित क्षेत्र में होने के कारण संरा. प्रस्तावों के विरोध में है। अब चीन भारत जैसी शक्ति को अनदेखा नहीं कर सकता है और भारत को दबाया भी नहीं जा सकता है।

सच्चाई यह है कि भारत और चीन दोनों को इस समय मतभेद के बजाय मित्रता बनाए रखने की ज्यादा जरूरत है। चीन-अमेरिका में व्यापार युद्ध चल रहा है और अमेरिका अब चीन में रहने वाल उइघर मुसलमानों के मानवाधिकार उल्लंघन का मामला भी उठा रहा है। हांगकांग में जारी लगातार विरोध तथा तिब्बती एक्टिविस्टों की गतिविधियां भी चीन को परेशान कर रही हैं। चीन, भारत का बाजार चाहता है और इसके लिए ऐसी व्यवस्था करना चाहता है जो किसी बहुपक्षीय सरोकार में आड़े न आए। भारत भी आर्थिक मंदी का शिकार है और इससे निकलना चाहता है। ऐसे परिदृश्य में दोनों पक्ष यथार्थ पर डटे रहेंगे। शायद यही कारण है कि भारत ने भी हांगकांग में हो रहे विरोध प्रदर्शनों पर खुलेआम कुछ नहीं कहा है और उसने शिखर बैठक के स्थल तमिलनाडु के मामल्लपुरम में तिब्बती एक्टिविस्टों के पहुंचने पर रोक लगाई है। चीन चाहता है कि भारत में 5जी विस्तार में हुआवेई को हिस्सा मिले, पर भारत अमेरिका द्वारा व्यक्त डेटा चोरी के भय से आशंकित है। चीन हुआवेई पर भारतीय मानकों का पालन करने, व्यापार असंतुलन ठीक करने, भारतीय कंपनियों द्वारा निवेश प्रोत्साहित करने, नाथू-ला सीमा व्यापार को बढ़ावा देने तथा चीन में भारतीय निर्यात पर टैरिफ घटाने की बात कर रहा है। शिखर बैठक के लिए मामल्लपुरम का चयन बहुत खास है क्योंकि यह पांड्य राजाओं के समय समृद्ध बंदरगाह था और इसके चीन के साथ बहुत अच्छे संबंध थे। उम्मीद है कि इस स्थल पर मोदी और शी बेहतर समझौते कर सकेंगे।

# मामल्लपुरम में शी जिनपिंग का एजेंडा

**मामल्लपुरम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग वूहान शिखर सम्मेलन में व्यक्त प्रतिबद्धताओं पर जोर दे सकते हैं। इसके साथ ही शी जिनपिंग नेपाल यात्रा में लंबित चीनी परियोजनाओं को गति दे सकते हैं।**

ऋषि गुप्ता
लेखक जेएनयू में शोधार्थी हैं)







**चीनी** राष्ट्रपति शी जिनपिंग चेन्नै के निकट मामल्लपुरम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ दूसरी अनौपचारिक शिखर वार्ता में भाग लेने के लिए 11 व 12 अक्टूबर को राजकीय यात्रा पर आ रहे हैं। इसके बाद 13 अक्टूबर को वे नेपाल की राजकीय यात्रा पर जाएंगे। मामल्लपुरम शिखर वार्ता भारत के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह दक्षिण एशिया क्षेत्र में खासकर भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के परिदृश्य में हो रही है। मोदी सरकार द्वारा संविधान का अनुच्छेद 370 तथा जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त किए जाने के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। अनौपचारिक बैठक के दौरान उम्मीद है कि मोदी और शी द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े अनेक मुद्दों पर समग्र वार्ता तथा महत्वपूर्ण क्षेत्रीय व अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे।

अनुच्छेद 370 समाप्त करने तथा बीजिंग द्वारा पाकिस्तान के समर्थन के कारण नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच तनाव बढ़ रहा है। यह बैठक चीन के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत अपने निकटस्थ पड़ोसियों-बांग्लादेश, भूटान व माल्दीव के साथ विश्वास व जुड़ाव बढ़ाने में सफल रहा है। भारत ने 'पड़ोसी पहले' की नीति को केन्द्र में रखा है। मोदी ने इस साल दूसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद इस पर पुन: जोर दिया है। उनकी पहली विदेश यात्रा माल्दीव की थी। यह द्वीप देश मोदी की विदेश नीति की एक प्रकार से परीक्षा रहा है जहां उन्होंने अपने लिए स्थान बनाया है, जबकि पूर्व माल्दीवी राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन की निकटता चीन से थी। पूर्व राष्ट्रपति मुहम्मद नशीद समेत अनेक राजनेताओं की माल्दीव में गिरफ्तारी के बाद वहां राजनीतिक उथलपुथल का माहौल उस समय भारत में रणनीतिक व राजनीतिक चिन्ता का कारण बना था। माल्दीव की राजनीतिक अस्थिरता ने भारत के विकल्प सीमित कर दिए थे और नशीद ने भी नई दिल्ली से हस्तक्षेप की अपील की थी। लेकिन नई दिल्ली ने द्वीप देश के घरेलू मामलों में कोई हस्तक्षेप नहीं किया था।

नशीद ने यामीन पर आरोप लगाया था कि वे हिंद महासागर में चीनी अड्डा बनाने के लिए बीजिंग को भूमि बेच रहे हैं तथा ढांचागत परियोजनाओं के लिए कर्ज लेकर देश को कर्ज के जाल में फंसा रहे हैं। यह भारत की समुद्री सुरक्षा के लिए गंभीर चिन्ता का विषय बन गया था। लेकिन 2018 में लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति इब्राहीम सोलिह के नेतृत्व में बनी माल्दीव की नई सरकार ने दोनों देशों के साथ विकास व समुद्री क्षेत्र में सहयोग के नए आयाम स्थापित किए। निर्वाचित राष्ट्रपति सोलिह के शपथ ग्रहण में उनके आमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी के भाग लेने से दोनों देशों के बीच मित्रता प्रदर्शित हुई।

भारत के लिए चुनौती केवल पाकिस्तान व माल्दीव तक सीमित नहीं है। श्रीलंका में बढ़ती चीनी उपस्थिति से भी नई दिल्ली को चिन्ता है। हंबनटोटा बंदरगाह में चीनी निवेश और उसका रणनीतिक व वाणिज्यिक प्रयोग चीन के कर्ज-जाल का सुस्पष्ट प्रमाण है। बंदरगाह निर्माण में चीन से लिया कर्ज भुगतान न कर पाने के कारण श्रीलंका ने इसे चीन को 99 साल के पट्टे पर दे दिया है। बंदरगाह तथा उसके निकट की लगभग 15,000 एकड़ जमीन के चीन को हस्तांतरण से भारतीय तट से बहुत कम दूरी पर चीन को एक क्षेत्र पर नियंत्रण मिल गया है। इस प्रकार उसने सैनिक व वाणिज्यिक रूप से महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग के निकट अपनी रणनीतिक पकड़ बना ली है। हंबनटोटा बंदरगाह चीन द्वारा कर्ज के महत्वाकांक्षी प्रयोग का सर्वाधिक उल्लेखनीय उदाहरण है जिसके चलते वह दुनिया भर में अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार कर रहा है। यह चीन द्वारा कर्ज दे कर कब्जा जमाने की इच्छा भी प्रकट करता है। लेकिन हालिया वर्षों में हुए नुकसान का प्रभाव समाप्त करने के लिए इस वर्ष मोदी को श्रीलंका में आमंत्रित किया गया। उनकी यह यात्रा पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 1987 में हुई यात्रा के 28 साल बाद हुई। इस यात्रा के दौरान मोदी कोच्चीकाडे की सेंट एंटनी चर्च गए जहां ईस्टर त्योहार के दौरान आतंकी हमले में सैकड़ों लोग मारे गए थे। इस प्रकार वहां से उन्होंने विश्व समुदाय को कठोर संदेश दिया कि वे अपने पड़ोसियों के साथ मिल कर आतंकवाद से लड़ेंगे। नई दिल्ली के बढ़ते असर के प्रतीक के रूप में मोदी ने अपनी यात्रा के दौरान श्रीलंका संसद को भी संबोधित किया। इस प्रकार वे श्रीलंकाई संसद को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री तथा दूसरे विदेशी नेता बने। इसके पहले ब्रिटिश प्रधानमंत्री डेविड कैमरन युद्ध से प्रभावित उत्तरी प्रांत के जाफना गए थे और भारतीय सहायता से बने मकान पीड़ितों को सौंपे थे। 'पड़ोसी पहले' की नीति के अंतर्गत पड़ोसियों से मजबूत संबंध बनाने के लिए भारतीय प्रयासों को मजबूत करते हुए मोदी ने अगस्त, 2019 में दूसरी बार भूटान की यात्रा की तथा भूटानी प्रधानमंत्री लोटे शेरिंग के साथ व्यापक चर्चा की।

उन्होंने कहा, '130 करोड़ भारतीयों के दिल में भूटान का विशेष स्थान है' तथा भारत से उसकी मित्रता सभी विपरीत परिस्थितियों के बावजूद खरी उतरी है। चीन के साथ डोकलाम विवाद के दौरान उभरी चुनौतियों के बावजूद दोनों देश संबंध मजबूत बनाए रखने में सफल हुए हैं। भूटान के साथ भारत के समीकरण न केवल सांस्कृतिक व ऐतिहासिक रूप से सफल रहे हैं, बल्कि उनके बीच पनबिजली तथा ढांचागत विकास में व्यापक सहयोग भी हुआ है। हालांकि, पिछले वर्षों में चीन ने भूटान से राजनयिक संबंध बढ़ाने के प्रयास किए हैं, पर अपनी धरती पर तिब्बत जैसे प्रकरण से बचने के लिए वह हमेशा चीन से दूर रहा है।

बीजिंग द्वारा ढाका के निकट जाने के प्रयासों के बावजूद बांग्लादेश के साथ भारत के संबंध मजबूत तथा परस्पर लाभदायक बने हुए हैं। प्रधानमंत्री शेख हसीना की हाल ही में समाप्त भारत यात्रा इस दिशा में महत्वपूर्ण संकेत है जब दोनों पड़ोसियों के बीच अनेक महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। बांग्लादेश में बढ़ता विनिर्माण उद्योग निश्चित रूप से उसे चीन के बजाय भारत की ओर लाने का महत्वपूर्ण विकल्प है। नेपाल के मामले में चीन बहुत सावधानी से कदम बढ़ा रहा है। प्रत्येक देश के साथ विभिन्न हितों तथा समीकरणों के चलते वह एकीकृत दक्षिण एशिया नीति बनाने में विफल रहा है, पर वह बेल्ट एंड रोड पहल में इनको आकर्षित करने के प्रयास कर रहा है। इस पहल के अंतर्गत चीन नेपाल को अपने साथ लाने में सफल हुआ है, जबकि काठमांडू पहले हिचक रहा था। नेपाल ने मई, 2015 में पहले बीआरआई सम्मेलन के ठीक पहले उसमें शामिल होने का निर्णय किया था। शुरुआत में दोनों देशों के बीच सहयोग लाभदायक लग रहा था, लेकिन इन परियोजनाओं की सफलता पर सवालिया निशान लगे हैं। यह खासकर ट्रांस-हिमालयन रेलवे कारीडोर के बारे में सही है जो चीन व नेपाल को जोड़ कर नेपाल की पहुंच चीनी बंदरगाहों तक सुनिश्चित करता।

दूसरी ओर चीनी विदेश मंत्री तथा राज्य सलाहकार वांग यी की पिछले महीने नेपाल यात्रा से विभिन्न क्षेत्रों में चीन-नेपाल संबंधों को बढ़ावा मिलला है। भारत और नेपाल की यात्रा में शी जिनपिंग का एजेंडा स्पष्ट है। इसका एक उद्देश्य क्षेत्रीय परिवेश समझना है जिसने बीआरआई के माध्यम से चीनी महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति में इच्छित परिणाम नहीं दिए हैं। दूसरा, भारत द्वारा अनुच्छेद 370 समाप्त करने के निर्णय के खिलाफ चीन द्वारा पाकिस्तान के समर्थन तथा शी की चेन्नै यात्रा के पहले प्रधानमंत्री इमरान खान के चीन में स्वागत से स्पष्ट है कि बीजिंग का पाकिस्तान के साथ रणनीतिक सहयोग बना रहेगा। ऐसी स्थिति में वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष की चीनी प्रतिबद्धता पर सवाल उठते हैं। भारत और चीन के बीच व्यापार घाटा लगातार बढ़ रहा है।

2018 में चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा 57.86 बिलियन डालर था और वर्तमान वर्ष में चीन को भारतीय निर्यात में 1.62 प्रतिशत की कमी आई है। दोनों देशों के बीच व्यापार महत्वपूर्ण बिंदु है जिसके चलते वास्तविक नियंत्रण रेखा पर जारी सीमा विवादों के बावजूद वे एक दूसरे के खिलाफ युद्ध नहीं छेड़ रहे हैं। शी भारत को संतुलित बिजनेस का आश्वासन दे सकते हैं जैसा कि उन्होंने वूहान सम्मेलन में दिया था। जहां तक नेपाल का सवाल है, बीआरआई मंच के अलावा नेपाल-चीन के बीच सुरक्षा व ढांचागत विकास के क्षेत्र में भी संबंध सुधरे हैं। वूहान शिखर सम्मेलन की उपलब्धि यह थी कि डोकलाम घटना के बाद भारत और चीन के बीच अस्थिर संबंध सुधरने में सहायता मिली थी। दोनों नेता वर्तमान अनौपचारिक शिखर सम्मेलन में वूहान भावना से पैदा 'रणनीतिक निर्देशन' पर प्रतिबद्धता पुन: प्रकट कर सकते हैं जिसमें संचार, समझदारी व विश्वास बहाली को केन्द्रीय स्थान दिया गया था। दूसरी ओर शी नेपाल में चीनी परियोजनायें पूरी करने पर जोर देते हुए उनको विलम्ब व भ्रष्टाचार से दूर रखने का प्रयास कर सकते हैं।

# जिनपिंग की यात्रा से बदलेगी तस्वीर?

कल्याणी शंकर
(लेखिका राजनीतिक टिप्पणीकार एवं स्तम्भकार हैं)



**चेन्नै** के निकट स्थित प्राचीन शहर मामल्लपुरम 11-13 अक्टूबर तक चलने वाले चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच होने वाले अनौपचारिक सम्मेलन की मेजबानी के लिए तैयार है। दूसरे कार्यकाल हेतु जीत हासिल करने के बाद, मोदी ने जून में संपन्न हुए शंघाई सहयोग संगठन के बिशकेक सम्मेलन में औपचारिक रूप से शी जिनपिंग को भारत आने का न्यौता दिया था और उस समय शी ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी थी। देखने में तो मोदी, शी जिनपिंग की अर्जुन की तक मूर्ति के निकट अगवानी करते नजर आएंगे और पांच रथ, कृष्ण की बटरबॉल एवं महाबलीपुरम के तटीय मंदिर के निकट चित्र खीचें जाएंगे। अब जबकि कुछ ही दिन शेष बचे हैं, चीन ने अभी तक शी की प्रस्तावित भारत यात्रा के बारे में आधिकारिक पुष्टि नहीं की है लेकिन बीजिंग के दूत ने कहा है कि दोनों देशों को वुहान अनौपचारिक सम्मेलन के सकारात्मक प्रभावों को आगे बढ़ाना चाहिए क्योंकि वे आगे देख रहे हैं, और संकेत दे रहे हैं कि बैठक को लेकर सबकुछ ठीक है। अप्रैल 2018 में चीन में हुए वुहान सम्मेलन के बाद यह दोनों नेताओं के बीच दूसरा अनौपचारिक सम्मेलन होगा। कश्मीर तथा सीमावर्ती राज्यों के मुद्दों का लेकर दोनों देशों के बीच विद्यमान तनाव के बीच इस मुलाकात को बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अपने तरह के पहले सम्मेलन के दौरान वुहान में काफी सफलता मिलने का दावा किया गया था क्योंकि उस सम्मेलन ने दोनों पक्षों की सेनाओं को डोकलाम टकराव की पृष्ठभूमि में अपने संबंध मजबूत करने के लिए सामरिक मार्गदर्शन प्रदान किया था। तब से मोदी और शी की दस मुलाकातें हो चुकी हैं, यद्यपि वे अधिकतर बहुपक्षीय सम्मेलनों के दौरान हुई हैं। मामल्लपुरम सम्मेलन से संबंधों को और बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

सम्मेलन का कोई तय एजेंडा नहीं है क्योंकि दोनों नेताओं के बीच मुक्त रूप से चर्चाएं होने की उम्मीद है जैसा कि वुहान में हुआ था जहां दोनों के बीच 24 घंटे के भीतर छह गहन सत्र आयोजित हुए थे। यद्यपि नई दिल्ली कुछ कहने से परहेज कर रही है, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने हाल ही में मीडिया को बताया कि, "कश्मीर जैसे मामलों के लिए, मुझे नहीं लगता कि वार्ता में यह कोई बड़ा विषय बनेगा, ये मेरी समझ है।" सीमा विवादों के सवाल पर, हुआ ने कहा कि, "दोनों पक्ष यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं कि सीमा एवं सीमावर्ती इलाकों में शांति व स्थिरता बनी रहे।" उम्मीद की जा रही है कि दोनों नेता पारस्परिक हित के विविध विषयों पर बात करेंगे, जिनमें सामरिक संचार, वैश्विक मुद्दे, सीमा संबंधी चर्चाएं एवं विवाद के मुद्दों को किनारे रखते हुए जनता से जनता के बीच संपर्क बढ़ाना शामिल हैं। सम्मेलन का समय निश्चित रूप से रोचक है क्योंकि चीन अमेरिका के साथ व्यापार युद्ध में उलझा हुआ है और हांगकांग में विरोध प्रदर्शनों से निबटने में लगा है, जबकि भारत के हाथ कश्मीर और अर्थव्यवस्था के निबटने के लिए मुक्त स्थिति में हैं।



मगर मामल्लपुरम ही क्यों? इस बंदरगाह शहर का इतिहास पल्लव वंश से पहले का है। कहावतों के अनुसार इसे 'कादलमलाई' अर्थात समुद्रों व पर्वतों की भूमि कहा जाता था। इसके धार्मिक केंद्र की स्थापना सातवीं सदी के पल्लव राजा नरसिंहवर्मन ने की थी, जिसे मामल्ल कहा जाता है। मार्को पोलो ने अपने पुस्तक में मामल्लपुरम के सात सात पगोड़ों का उल्लेख किया है। पांच रथ सात मंदिरों के अवशेष हैं। यूनेस्को ने 1984 से इस स्थल को अपने दायरे में ले लिया था और रोचक ढंग से, मंदिर 2004 की सुनामी भी झेलकर खड़ा है। सम्मेलन के लिए मामल्लापुरम को चुनने के पीछे के कारणों में से एक है चीन के साथ इसका पुराना जुड़ाव होना क्योंकि प्राचीन चीनी, फारसी एवं रोमन सिक्के यहां पर पाएं गए थे जो समुद्री बंदरगाह के तौर पर इसके अस्तित्व को जाहिर करते हैं। ऐतिहासिक दस्तावेज भी दर्शाते हैं कि पल्लव राजाओं ने चीन समेत दक्षिण-पूर्व एशिया के साथ सांस्कृतिक, रक्षा, व्यापार एवं वाणिज्यिक संबंध स्थापित किए थे। महत्वपूर्ण रूप से, बौद्ध धर्म मामल्लापुरम से होकर ही चीन तक पहुंचा था। एक पल्लव राजकुमार, बोधिधर्म, 642 ईस्वी में चीन गया था और चीन में न केवल एक प्रतिमूर्ति बन गया बल्कि 28वीं सदी के बौद्ध धर्म का मुखिया भी। विख्यात चीन विद्वान एवं राजनीतिक दार्शनिक हुआंग सांग ने पल्लवों की राजधानी कांचीपुरम की अपनी यात्रा का विस्तृत विवरण दस्तावेजीकृत किया था। चीन विशेषज्ञों के अनुसार, चीनियों के तांग वंश ने पल्लवों के तीसरे राजा राजसिंहन ग्याहवें को दक्षिण चीन का सेनानायक नियुक्त किया था। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यह दावा करते हुए इसे परिप्रेक्ष्य में रखा कि वार्ता एक गर्मजोशी की भावना से होंगी, यह उल्लेख करते हुए कि भारत और चीन दोनों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे संतुलन को प्राप्त करें जो उभरती हुई ताकतें हैं और प्रत्येक का दुनिया से अपनी उम्मीदें हैं और एक दूसरे से भी।

दोनों नेता अनुच्छेद- 370 कर समाप्ति के पश्चात बीजिंग द्वारा कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण किए जाने के लिए पाकिस्तान को खुला समर्थन दिए जाने की पृष्ठभूमि में मुलाकात करेंगे। संयुक्त राष्ट्र महासभा में चीनी विदेश मंत्री वांग यी द्वारा हाल ही में इमरान खान का समर्थन करने संबंधी भाषण दिए जाने पर नई दिल्ली ने भौंहें तरेरी थीं। इन सबसे निश्चित रूप से वुहान में पैदा हुई भावना कमजोर हुई है। इसके अतिरिक्त, नई दिल्ली बढ़ते हुए पाकिस्तान-चीन सामरिक गठजोड़ एवं भारत के पड़ोस में बीजिंग के बिजनेस एवं सामरिक प्रवेश को लेकर चिंतित है। दूसरी ओर, बीजिंग नई दिल्ली और वाशिंगटन के बीच बढ़ती नजदीकियों को लेकर संदेह से ग्रसित है जब चीन और अमेरिका के बीच व्यापार युद्ध जारी है। इन सबके बावजूद, नई दिल्ली ने हांगकांग में विद्रोह को चीन का आंतरिक मामला बताते हुए सजगता करतने का काम किया है।

मामल्लपुरम के तटों पर एक सहजतापूर्ण सम्मेलन, भले ही यह मात्र सात घंटों के निजी संपर्क के लिए है, से राजनीतिक तापमान नीचे आने की उम्मीद है। स्वाभाविक रूप से, दोनों पक्ष इसे लो प्रोफाइल मामला बनाए रखना चाहते हैं और कोई भी किसी खास सफलता मिलने की उम्मीद नहीं कर रहा है। जबकि मामल्लापुरम में होने वाले अनौपचारिक सम्मेलन जैसे आयोजन भारत-चीन रिश्तों को बदलने में काफी महत्वपूर्ण होते हैं लेकिन दोनों देशों में सत्तासीन मजबूत नेताओं को देखते हुए मूर्त बदलावों की उम्मीद की जा सकती है।

## आप की बात

### दिल्ली, पराली और प्रदूषण

**आजकल** अखबारों में दिल्ली सरकार के बड़े बड़े विज्ञापनों में दिल्ली में प्रदूषण कम होने का दावा किया गया है। इसके कारण प्रदूषण के दैत्य पर फिर से बहस शुरू हो गई है। गौरतलब है कि पिछले चार पांच सालों से दिल्ली में अक्टूबर नवम्बर माह में दिवाली पटाखे पराली, औद्योगिक, पावर प्लांट, वाहनों और निर्माण कार्य के चलते प्रदूषण और पीएम 2.5 का बढ़ता स्तर जानलेवा होता जा रहा है. इस समय पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के किसान अगली गेंहू की फसल लगाने की जल्दी में धान की खेती के अवशेषों को खेतों में ही जला देते हैं जिससे उत्तर भारत के बड़े क्षेत्र में प्रदूषण हो जाता है। ये प्रदुषित हवा बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को बहुत नुकसान पहुंचाती है। हालांकि एन. जीटी पराली को 2015 में ही प्रतिबंधित कर चुका है लेकिन फ़िर भी जलाने की घटनाएं। बंद नहीं हुई हैं। केंद्र ने भी अपने स्तर पर इस समस्या से निपटने के लिए अलग से फंड बनाया है जिससे करोड़ों रुपये की सहायता राशि हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश को जारी की गयी है। ताकि किसान को आर्थिक मदद देकर पराली जलाने की बजाय उसे वैज्ञानिक एवं तकनीकी मदद से निष्पादित किया जा सके।

- **डॉ बिजेंद्र कुमार**, दिल्ली विविद्यालय

### पेड़ों की निर्मम कटाई

**बढ़ते** प्रदूषण और पर्यावरण संरक्षण के मद्देनजर पेड़ की अहमियत अपनी जगह कायम है। पेड़ न सिर्फ इंसान को जीवनदायिनी गैस आक्सीजन देता है ब्लकि मानव जीवन की कई महत्वपूर्ण आवश्यकताओं की पूर्ति करता है साथ ही वन्यजीवों, पशुओं और चहचहाते पक्षियों को आश्रय प्रदान करता है। मगर विडम्बना है कि गत दिनों महाराष्ट्र के मुम्बई स्थित आरे कालोनी में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई सिर्फ इसलिए कि गई कि वहां मेट्रो रेल के लिए कार शेड बनाना प्रस्तावित है। जहां स्थानीय नागरिकों, पर्यावरण कार्यकर्ताओं और छात्रों ने सरकार के इस निर्णय पर कड़ा विरोध जताया वहीं पुलिस ने दमन के प्रयास भी किए। माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पेड़ों की कटाई पर रोक तो लगा दी गई है परंतु तब तक काफी पेड़ काटे जा चुके थे। विचारणीय है कि हम और हमारी सरकार पर्यावरण संरक्षण के प्रति कितने सजग हैं? यदि नए पौधे लगा भी दिए जाएं तो क्या दो-तीन दशक तक वह हमें उतना आक्सीजन दे पाएगी जितना काटे गए वृक्षों से मिलते और वनों के नष्ट होने से जिन पशु- पक्षियों का आश्रय तबाह हुआ, उसकी भरपाई कैसे और कौन करेगा?

- **मंजर आलम,** मधेपुरा

### पर्यावरण तथा विकास

**पर्यावरण** और विकास के बीच संतुलन कायम करने की जरूरत है। विकास भी आवश्यक है और विकास के फल उचित ढंग से प्राप्त हों इसके लिए पर्यावरण संरक्षण भी अनिवार्य है। इस जरूरत की पूर्ति तभी होगी, जब बीच का रास्ता तलाशा जाएगा। पर्यावरण को नष्ट करके होने वाला विकास इस ग्रह के लिए किसी काम का नहीं होगा। पहले तो यह देखा जाए कि कम से कम पेड़ काटने पड़ें, फिर यह सुनिश्चित किया जाए कि जितने पड़े काटे जाएं, उससे कहीं अधिक न केवल लगाएं जाएं, बल्कि उनकी देखभाल भी की जाए। अगर यह जिद पकड़ी जाएगी कि चार पेड़ भी न कटने पाएं, भले ही विकास के काम न हों तो इससे बात नहीं बनेगी। यह ठीक नहीं कि विकास की कई योजनाएं पर्यावरण संबंधी सवालों से दो-चार होने के कारण अटकी पड़ी हुई हैं। इनमें से कुछ की तो लागत भी बढ़ गई है। निश्चित रूप से विकास की चिंता करते समय पर्यावरण की भी चिंता करनी होगी, लेकिन केवल तभी नहीं जब किसी योजना-परियोजना की राह में कुछ वृक्ष आ रहे हों।

- **डॉ हेमंत कुमार,** गोराडीह

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**हथियार** खरीदने में तमाशे की जरूरत नहीं है। बोफोर्स तोप खरीद के मामले में कोई उनको लेने और प्रदर्शन के लिए वहां नहीं गया था।

- **मल्लिकार्जुन खड़गे**
कांग्रेस नेता



**क्या** विजयदशमी को शस्त्र पूजा नहीं होती है? मैं कांग्रेस से विचार करने को कहूंगा कि किस चीज का विरोध किया जाए और किस का नहीं।

- **अमित शाह**
केन्द्रीय गृह मंत्री



**अंतरराष्ट्रीय** व क्षेत्रीय स्थिति में चाहे जितने बदलाव आएं, चीन-पाकिस्तान दोस्ती हमेशा अटूट और चट्टान की तरह मजबूत बनी रहेगी।

- **शी जिनपिंग**
चीनी राष्ट्रपति

# निर्णयों का पालन न करने वालों की तय हो जिम्मेदारी

● मुख्य सचिव ने की शिक्षा परियोजना परिषद की समीक्षा

● समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों का मूल्यांकन थर्ड पार्टी से कराया जाएगा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव आरके तिवारी ने उप्र सभी के लिए शिक्षा परियोजना परिषद् की कार्यकारिणी की बैठकों में लिए गए निर्णयों का अनुपालन न होने पर नाराजगी जाहिर की है। गुरुवार को अधिकारियों के साथ परिषद की बैठक में उन्होंने निर्देशित किया कि भविष्य में लिए गए निर्णयों का अनुपालन समय से कराया जाए। निर्णयों का अनुपालन समय से न करने वाले कर्मियों को चिन्हित कर जिम्मेदारी नियत की जाए। उन्होंने विगत डेढ़ वर्षों से इण्टरनल ऑडिट न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए हैं कि एक माह के अंदर इण्टरनल ऑडिट के सम्बन्ध में कार्यवाही करा ली जाए। उन्होंने कहा कि विगत वित्तीय वर्ष 2015-16 एवं 2016-17 की ऑडिट रिपोर्ट का अनुपालन 2 माह में कराया जाए। उन्होंने जनपदों में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की मॉनीटरिंग के लिए राज्य परियोजना कार्यालय स्तर पर प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग यूनिट की स्थापना कराये जाने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने यह भी निर्देश दिये हैं कि कार्यकारिणी समिति की बैठकों में प्रस्तुत किये जाने वाले एजेंडों की प्रतियाँ सम्बंधित विभागों के प्रमुख सचिवों, सचिवों को तीन दिन पूर्व अवश्य उपलब्ध करा दी जाएं ताकि समिति के सम्बंधित सदस्य एजेंडे में प्रस्तुत किये जाने वाले प्रस्ताव का पर्याप्त परीक्षण कर अपना विभागीय मत बैठक में प्रस्तुत कर सकें। समग्र शिक्षा के अंतर्गत जनपदीय कार्यालयों में रिक्त समन्वय के पदों को प्राथमिकता के आधार पर अच्छे कर्मी न मिलने के कारण विभाग द्वारा प्रस्तावित किया गया कि बेसिक शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित विद्यालयों में न्यूनतम 3 वर्ष की नियमित सेवा करने वाले अधिकतम 45 वर्ष आयु सीमा के ऐसे शिक्षक चयन प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकते हैं। जिन्होंने मान्यता प्राप्त विवि, संस्थान से किसी भी विषय में कम से कम 55 प्रतिशत अंक सहित परास्नातक अथवा मान्यता प्राप्त विवि, संस्थान से एमबीए डिग्री प्राप्त की हो। इसके साथ ही राजकीय संस्था अथवा राजकीय मान्यता प्राप्त संस्थान से निर्गत कम्प्यूटर कोर्स में डिग्री, डिप्लोमा, प्रमाण पत्र किया हो। चयन प्रक्रिया में एमएड, पीएचडी डिग्री धारी अर्हता वाले शिक्षकों को वरीयता दी जायेगी। वर्तमान में जनपदीय कार्यालयों में जिला समन्वयक, प्रशिक्षण, बालिका शिक्षा, विशेष प्रशिक्षण एवं सामुदायिक सहभागिता के लगभग 156 पद रिक्त हैं। जिनको भरने के लिए टाटा कन्सलटेंसी सर्विस लिमिटेड को जिम्मेदारी दी गई है। विभागीय प्रस्ताव के अनुसार प्रत्येक जिला समन्वय द्वारा कम से कम 10 दिन विद्यालयों का निरीक्षण, पर्यवेक्षण करने के लिए जनपद में अधिकतम 500 किमी की सीमा तक प्रति माह मोबिलिटी, वाहन भत्ता की दर अधिकतम चार हजार रूपया प्रति व्यक्ति दिए जाएगा। जनपदों में तैनात लगभग 450 जिला समन्वयों को विद्यालयों का निरीक्षण, पर्यवेक्षण करने के लिए वाहन भत्ता अनुमन्य होगा। इसी प्रकार खण्ड शिक्षा अधिकारियों को भी राज्य परियोजना कार्यालयों के कंटीजेन्सी मद से वित्त विभाग के परामर्श के अनुसार मोबिलिटी भत्ता प्राप्त होगा। मुख्य सचिव ने समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का मूल्यांकन थर्ड पार्टी से कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में कराए गए निर्माण, अवस्थापना कार्यों का थर्ड पार्टी मूल्यांकन वाह्य संस्थानों से नियमानुसार कराया जाए।

# खादी फैशन-शो कल, नितिन गडकरी होंगे मुख्य अतिथि

● इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा आयोजन, नामी गिरामी फैशन डिजाइनर करेंगे शिरकत:सहगल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राष्ट्रपिता** महात्मा गांधी की 150 वीं जयन्ती वर्ष के अवसर पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित उत्तर प्रदेश खादी महोत्सव-2019 में 12 अक्टूबर को होने वाले फैशन-शो में केन्द्रीय मंत्री सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम नितिन गडकरी मुख्य अतिथि होंगे। इनके अलावा अध्यक्ष खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग विनय कुमार सक्सेना कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश के खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह करेंगे। कानपुर से सांसद सत्यदेव पचौरी एवं खादी एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री उदयभान सिंह भी कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

प्रमुख सचिव खादी एवं ग्रामोद्योग डा. नवनीत सहगल ने बताया कि 12 अक्टूबर की शाम खादी के आधुनिक परिधानों के फैशन-शो में जानी-मानी फैशन डिजाइनर ऋतु बेरी, रीना ढाका और अस्मा हुसैन हिस्सा लेंगी।

फेमिना मिस इंडियाए नई दिल्ली से आये माडल परिधानों का प्रदर्शन करेंगे। मिस इण्डिया रनर अप रहीं लखनऊ की पंखुडी गिडवानी शो स्टॉपर होंगी। सहगल ने बताया कि फैशन-शो में डिंपल पटेल, इलानी गुप्ता, सैबी सूरी, मोनिका स्वामी, शायना सिंह, शरमिन नूर, दिव्या ममगई, इशिका अग्निहोत्री, आयुषी सिंगला, प्रियाशा तथा शीतल कानवाल फीमेल मॉडल के रूप में शामिल होंगी।

# सपा सरकार में अपराधियों का किया गया महिमामंडन: भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बीजेपी** के प्रदेश प्रवक्ता डा. समीर सिंह ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बयान पर कहा कि उन लोगों को राज्य की कानून व्यवस्था पर बोलने का हक नहीं जिनके राज्य में थानों के भीतर पुलिसकर्मियों की हत्याएं हो जाती थीं। अपराध और अपराधियों की शरणस्थली रही सपा को योगी सरकार में अपराधियों के खिलाफ हो रही कार्यवाही रास नहीं आ रही है। योगी सरकार में प्रदेश में बिना भेदभाव के कानून अपना काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि दंगों और दंगाईयों की पहचान बन काम करने वाली सपा सरकार के मुख्यमंत्री के रूप में अखिलेश यादव ने हमेशा अपराधियों का महिमामडंन कर उप्र को अपराधियों के लिए एक सुरक्षित पनाहगाह के रूप में बना दिया था।

पार्टी मुख्यालय पर समीर सिंह ने कहा कि प्रदेश में जब भी कहीं किसी अपराधी के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करती है तो सपा प्रमुख उसके बचाव में उतर आते हैं। सपा सरकार में मथुरा के जवाहरबाग की घटना जिसमें डिप्टी एसपी की हत्या एवं अन्य कई घटनाओं में सपा के लोगों द्वारा पुलिसकर्मियों की हत्याएं यह प्रमाणित करती थीं कि अखिलेश यादव का संरक्षण अपराधियों को सरकार में रहते भी था और सरकार के बाहर भी है। राज्य में योगी सरकार बनने के बाद से लगातार संगठित अपराध और अपराधियों के खिलाफ शुरू की गई कार्रवाई से प्रदेश में अपराधियों के हौसले टूटे हैं। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त है। पुलिस लगातार शातिर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। प्रदेश में कानून व्यवस्था को हाथ में लेने वाला कोई भी व्यक्ति बख्शा नहीं जायेगा। प्रदेश में कानून व्यवस्था योगी सरकार ने स्थापित की है। आज पूरे प्रदेश में अपराधियों में पुलिस का खौफहै। शातिर अपराधी भी स्वयं थानों में जाकर अपना जुर्म स्वीकार कर समर्पण कर रहे हैं।

# प्रदेश में जंगलराज कायम हो गया है: कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश में जैसे खूनी जंग छिड़ी हुई है और ऐसा लगता है जैसे प्रदेश में जंगलराज कायम हो गया है। प्रदेश में महिलाओं और बच्चियों के साथ बलात्कार, हत्या, लूट, छिनैती और जबरन वसूली की घटनायें आम हो गयी हैं। अपराधी निर्भय होकर ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं और उनको प्रशासन का तनिक भी भय नहीं रहा। उन्होंने कहा कि जो सरकार अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं की रक्षा नहीं कर पा रही है वह पूरे प्रदेश को क्या सुरक्षा दे पायेगी।

आराधना मिश्रा ने कहा कि कानपुर में कांग्रेस कार्यकर्ता शोएब खान की हत्या अपराधियों ने कर दी, ऐसा लगता है कि अपराधियों को प्रशासन का कोई भय नहीं रह गया है। बस्ती में विद्यार्थी परिषद के नेता एवं एपीएनपीजी कालेज के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष आदित्य नारायण तिवारी उर्फ कबीर की हत्या सुबह गोली मारकर कर दी जाती है। सहारनपुर में भाजपा किसान नेता की दिन दहाड़े हत्या कर दी गयी, बरेली में भाजपा नेता के भतीजे की निर्मम हत्या कर दी गयी।

उन्होंने कहा कि बस्ती और सहारनपुर में रंजिश के कारण यह हत्याएं हुई हैं और प्रशासन इस घटना की जानकारी पाने में पूरी तरह नाकाम रहा कि ऐसी घटना होने वाली है। इसी तरह से अलीगढ़ में 52 साल के एक व्यक्ति की हत्या प्रापर्टी को लेकर कर दी जाती है। बलरामपुर में प्रतिमा विसर्जन जुलूस पर दो पक्षों के बीच पथराव की तीन घटनायें हुईं किन्तु जिला पुलिस को इसकी कोई पूर्व जानकारी नहीं थी कि इस तरह की कोई घटना हो सकती है और न ही सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम ही किए गए थे। बाराबंकी में एक 14 साल की किशोरी के साथ सामूहिक बलात्कार की शर्मनाक घटना हुई। प्रदेश में अपराधी और अराजक तत्वों द्वारा घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है और उनमें थोड़ा भी भय नहीं रह गया है।

आराधना ने सरकार को आगाह किया कि सरकार को जल्द ही ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए जिससे प्रदेश में होने वाली दुर्घटनाओं का पता तुरंत पुलिस को लग सके यदि थाने के बीट के सिपाही और दरोगा अपनी-अपनी भूमिका ठीक से निभाएं तो रंजिश में होने वाले अपराध, त्यौहारों पर निकलने वाले जुलूस के दंगों पर काफी हद तक लगाम लगायी जा सकती है अन्यथा पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल व्याप्त हो जायेगा।

## पौध रोपण कर सचिवालय का सौन्दर्यीकरण करें:महेश कुमार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव सचिवालय प्रशासन महेश कुमार गुप्ता ने बापू भवन के प्रांगण में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने सचिवालय के अन्य भवनों में भी पौधरोपण कराकर सौन्दर्यीकरण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सचिवालय में यथासंभव गुलाचीन के पौधे लगाये जाएं तथा पौधों की नियमित देखभाल भी की जाए। अपर मुख्य सचिव ने दो-पहिया वाहनों के खड़े करने के स्थल पर शेड की व्यवस्था करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने कहा कि बापू भवन के प्रवेश द्वार से लिफ्ट तक पहुंचने के खुले स्थान को भी शेड से आच्छादित कर दिया जाए जिससे बापू भवन में आने वालों का धूप एवं बारिश से बचाव हो सके।

# दिवाली पर भाजपा नेताओं को मिल सकता है तोहफा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**दीपावली** से पहले अनेक भाजपा नेताओं को योगी सरकार का तोहफा मिल सकता है। इन्हें विभिन्न निगमों, आयोगों तथा अन्य संस्थाओं में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्य जैसे पदों पर तैनाती की जा सकती है। सरकार और संगठन के स्तर पर रिक्त पदों को भरे जाने की कवायद पूरी हो गई है और अनुमोदन के लिये पत्रावली का राजभवन भेजा जा रहा है। जानकारों का कहना है कि दीपावली से पहले इन पदों पर नियुक्तियों के आदेश सरकार की तरफ से जारी किये जा सकते हैं। राज्य सरकार के आधीनस्थ अनेक आयोग तथा निगमों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और इनके सदस्य के पद रिक्त हैं। योगी सरकार बनने के बाद ऐसे पदों पर काबिज पिछली सरकार की अनेक नियुक्तिों को निरस्त कर दिया गया था और कुछ से इस्तीफा ले लिया गया था। रिक्त पदों पर विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के ठीक पहले योगी सरकार ने पचास से अधिक लोगों की नियुक्ति की थी। जिसमे भी कुछ पद फिर से रिक्त हो गये हैं। सूत्रों का कहना है कि अभी भी आयोग तथा निगमों में सौ से अधिक ऐसे पद रिक्त हैं, जिन पर राजनीतिक लोगों की नियुक्तियां हो सकती हैं। पिछले पौने तीन साल से इंतजार कर रहे भाजपा नेताओं को समायोजित करके सरकार इन्हे सत्ता की ताकत देना चाहती है। इन पदों पर उन लोगों की नियुक्ति की जानी है, जिन्हे मंत्रिमंडल विस्तार में स्थान नही मिल सका। जानकारों का कहना है कि लोकसभा चुनाव में पार्टीजनों द्वारा कडी जमीनी मेहनत का परिणास्वरूप लोकसभा चुनाव में पार्टी को मिली थी। चुनाव नतीजों के बाद ही सरकार ने मंत्रिमंडल का अपना विस्तार करके डेढ़ दर्जन लोगों को सरकार में समाजित किया गया था। सूत्रों का कहना है कि जिन्हें सरकार में समायोजित नहीं किया जा सका था, उन्हे आयोग और निगमों में स्थान दिया जा रहा है। सरकार और संगठन की लम्बी कवायद के बाद नियुक्ति किये जाने वाले नामों का चयन किया जा चुका है।

# बिजली कनेक्शन जुड़वाने पर लिया जाने वाला शुल्क समाप्त किया जाए: उपभोक्ता परिषद



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**स्मार्ट** मीटर वाले उपभोक्ताओं के बकाये पर कम्प्यूटर से विद्युत विच्छेदन के बाद भी उनसे पुन: संयोजन व विद्युत विच्छेदन के लिये बिजली कम्पनियों द्वारा वसूले जा रहे 600 रुपए का मामला उपभोक्ता परिषद ने उठाया है और आयोग में शिकायत की है। आयोग के चेयरमैन से मुलाकात करके उपभोक्ताओं से इस वसूली को समाप्त करने की मांग उठाई है। उपभोक्ता परिषद ने मीटर तेज चलने की दशा में चेक मीटर लगावाने वाले उपभोक्ताओं से वसूली जा रही फीस को भी समाप्त करने की मांग उठाई है। चेयरमैन आर पी सिंह ने उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष को आश्वासन दिया है कि इस मामले पर उपभोक्ता हित में निर्णय होगा।

प्रदेश में लाखों की संख्या में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं और 40 लाख स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया चालू है। वहीं स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ता द्वारा बिजली बिल का भुगतान समय से नहीं करने पर उसका बिजली कनेक्शन साफ्टवेयर से आटोमेटिक कम्प्यूटर से काट दिया जाता है। अब दोबारा कनेक्शन जोड़ने पर उससे पुन: संयोजन एवं विद्युत विच्छेदन का शुल्क वसूलना गलत है क्योंकि स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ता जब बकाया जमा करते हैं तो उनसे विच्छेदन के लिए 300 एवं पुन: संयोजन 300 कुल 600 रुपए की फीस ली जाती है। जब कोई उपभोक्ता मीटर तेज चलने की शिकायत पर अपने परिसर पर चेक मीटर लगवाता है तो उससे भी विच्छेदन एवं पुन: संयोजन करने के लिए 600 रूपए की फीस बिजली कम्पनियों द्वारा वसूली जा रही है। इस मामले को उपभोक्ता परिषद ने उप्र राज्य विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन आरपी सिंह ने मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा है। परिषद अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने कहा कि स्मार्ट मीटर के अलावा जब पहले अन्य उपभोक्ताओं की बिजली बकाये पर काटी जाती थी तो विभाग के कार्मिक सीढ़ी खींचकर ले जाकर उपभोक्ता की बिजली काटते थे और पुन: बकाया जमा करने पर इसी प्रक्रिया से जोड़ते थे। इसलिए मैनपावर के मेहनताना के लिए टैरिफ आदेश में विद्युत विच्छेदन एवं पुन: संयोजन के लिए अलग-अलग कुल 600 की फ ीस निर्धारित थी। ऐसे में अब जब स्मार्ट मीटर के केस में बकाये पर कम्प्यूटर द्वारा बिजली काट दी गयी तो ऐसे में कौन सी मैनपावर लग रही है और कैसा मेहनताना? इसलिये स्मार्ट मीटर के केस में विद्युत विच्छेदन एवं पुन: संयोजन की फीस समाप्त की जाए और जो उपभोक्ता मीटर तेज चलने व अन्य शिकायत पर अपने परिसर पर चेक मीटर लगवा रहे हैं ऐसे केस में भी उपभोक्ता से ली जाने वाली विच्छेदन एवं पुन: संयोजन फीस भी समाप्त की जाए। यह पावर कारपोरेशन की जिम्मेदारी है कि वह उपभोक्ता की हर शिकायत पर उसे संतुष्ट करे उस पर वह निर्धारित फीस तो जमा ही करता है।

# लोनिवि में गुपचुप तरीके से अपात्रों को पदोन्नति का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के प्रतिनिधि मण्डल ने प्रमुख सचिव को ज्ञापन देकर दोषियों के खिलाफ की कार्रवाई की मांग

**लोक** निर्माण विभाग में एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट एवं हाईकोर्ट के स्थगन आदेश के बावजूद अपात्रों को पदोन्नति देने का कुचक्र रचा जा रहा है। वर्ष 2009-10 में डिग्रीधारी अवर अभियंताओं को बैक डेट से पदोन्नति का मामला डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के आन्दोलन और उच्च न्यायालय के आदेश के बाद टल गया था लेकिन एक बार फिर उस समय यह कुचक्र रचा जा रहा है जब कि अभी 16 सितम्बर 19 को पुन: उच्च न्यायालय ने 105 डिग्रीधारियों की पदोन्नति प्रक्रिया पर स्थगन आदेश दिया है। इस मामले में डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के प्रतिनिधि मण्डल ने प्रमुख सचिव नितिन रमेश गोकर्ण को ज्ञापन देते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का अनुरोध किया है। प्रमुख सचिव ने संघ के प्रतिनिधि मण्डल को आश्वासन दिया कि किसी तरह से विधि विरूद्ध पदोन्नति नहीं होगी वे स्वंय इस प्रकरण की पत्रावली देखेंगे।

संघ के महामंत्री इं वीके कुशवाहा ने बताया कि अपात्रों को पदोन्नति प्रकरण को लेकर एक बार पुन: कुचक्र रचने की सूचना मिलने पर प्रान्तीय पदाधिकारियों ने बैठक की, पदाधिकारियों ने अपात्रों की पदोन्नति होने पर प्रान्तव्यापी आन्दोलन पर जोर दिया। कुशवाहा ने बताया कि विभाग में कुछ भ्रष्ट अधिकारी-कर्मचारी शीर्ष अधिकारियों की ऑख में धूल झोंक कर अनेक तथ्यों को छुपाते हुए गुपचुप तरीके से अपात्र डिग्रधारी अवर अभियंताओं को बैक डेट से पदोन्नति देने का षडयन्त्र रच डाला, इन भ्रष्ट अधिकारियों, कर्मचारियों के हौसले इतने बुलन्द हैं कि उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय द्वारा जारी किए गए स्थगन आदेश को भी छुपा लिया। 2009-10 में भी विभाग एवं शासन के ऐसे ही भ्रष्ट अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा इन्हीं अपात्र डिग्रीधारी अवर अभियंताओं को बैक डेट से नियम विरूद्ध पदोन्नतियां कराई थीं जिसके विरूद्ध डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के प्रदेश भर के अवर अभियंताओं द्वारा आन्दोलन किया गया था। इस प्रकरण में उच्च न्यायालय द्वारा इनकी पदोन्नति निरस्त कर दिया गया था। शीर्ष न्यायालय द्वारा इन अपात्र अवर अभियंताओं को कोई राहत नहीं मिली थी। वर्तमान में पुन: एक बार वही प्रक्रिया प्रारम्भ हुई है। उच्च न्यायालय द्वारा 16 सितम्बर 2019 को विस्तृत सुनवाई के उपरान्त इन 105 अपात्र डिग्रीधारी अवर अभियन्ताओं की प्रोन्नति प्रक्रिया पर स्थगन जारी कर दिया। उच्चतम न्यायालय द्वारा पूर्व में ही इन 105 डिग्रीधारी अवर अभियंताओं के शीर्ष में पदस्थापित कई डिग्रीधारी अवर अभियंताओं की प्रोन्नति के विरुद्ध निर्णय दे चुका है। परन्तु इन भ्रष्ट अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा न्यायालय के इन आदेशों को छुपा कर गुपचुप ढ़ंग से इन अपात्रों को पदोन्नत किये जाने का प्रयास किया जा रहा है।

# संस्कृत के उत्थान, विकास व विस्तार को लेकर हुआ मंथन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा की अध्यक्षता में सचिवालय स्थित पारिजात सभा कक्ष में संस्कृत के उत्थान, विकास एवं विस्तार के लिए विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। चर्चा में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्च शिक्षा की कक्षाओं में संस्कृत के अध्ययन के अवसर पर चर्चा हुई। उप्र संस्कृत संस्थानम् द्वारा माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा में विज्ञान एवं वाणिज्य पाठ्यक्रम के छात्रों को संस्कृत विषय के भी अवसर दिए जाने पर चर्चा की गयी। प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शिक्षा में संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए योग के शिक्षकों में संस्कृत की योग्यता को भी समाहित किए जाने पर विचार किया गया।

प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों को संस्कृत के प्रशिक्षण दिए जाने की व्यवस्था पर विचार-विमर्श किया गया। उपमुख्यमंत्री ने संस्कृत शिक्षण एवं प्रशिक्षण के प्रति आर्कषण एवं रूचि पैदा करने तथा आधुनिक संदर्भ में संस्कृत शिक्षण एवं प्रशिक्षण में सुधार की रणनीतिक योजना बनाए जाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

# वेतन विसंगति व सेवानिवृत शिक्षकों की पेंशन, ग्रेच्युटी का निस्तारण समय से किया जाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डा सतीश चन्द्र द्विवेदी ने कहा है कि विभाग के अन्तर्गत जनपदों में कार्यरत शिक्षकों के वेतन विसंगति एवं जीपीएफ संबंधी प्रकरणों तथा सेवानिवृत्त शिक्षकों के पेंशन, ग्रेच्युटी, मृतक आश्रितों के लम्बित प्रकरणों का निस्तारण समय से कराया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

डा द्विवेदी ने अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा रेणुका कुमार से कहा कि इस प्रकार के सभी लम्बित प्रकरणों का निस्तारण 31 दिसम्बर तक समयबद्ध रूप से करा दिया जाए। यदि किसी प्रकरण के निस्तारण में कोई समस्या आ रही है तो संबंधित अधिकारी कारण सहित निदेशक बेसिक शिक्षा को 31 जनवरी 2020 तक निश्चित रूप से आख्या उपलब्ध कराएं जिससे निदेशक द्वारा शासन को वांछित सूचना एवं आख्या उपलब्ध करायी जा सके। सतीश चन्द्र द्विवेदी ने बताया कि संज्ञान में आया है कि जनपदों में कार्यरत शिक्षकों के वेतन विसंगति एवं जीपीएफ संबंधी प्रकरण तथा सेवानिवृत्त शिक्षकों के पेंशन, ग्रेच्युटी व मृतक आश्रितों के प्रकरण काफी संख्या में लम्बित हैं जिससे विभाग की छवि धूमिल हो रही है। इससे अधिकारियों की उदासीनता एवं लापरवाही प्रदर्शित होती है। यह स्थिति अत्यन्त खेदजनक है।

# दीपावली पर अयोध्या में अनूठा होगा सरकार का जश्न

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**दीपावली** पर अयोध्या में इस बार फिर सरकार का जश्न अनूठा होगा। सरयू तट सहित अयोध्या और उसके चुनिंदा मंदिर पूरे तीन दिनों तक जगमग होंगे और योगी सरकार अपना नया रिकार्ड बनायेगी। देशी-विदेश मेहमानों की मौजूदगी में पांच देशों की मंडलीय अपनी शैली में रामलीला का मंचन करेगी। पिछले सालों की तरह आसमान से फूलों की बारिश के बीच पुष्पक विमान से भगवान राम अयोध्या की धरती पर उतरकर त्रेता युग की याद ताजा करेंगे और योगी सरकार उनकी अगवानी करेगी।

योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की बागडोर संभालने के बाद अयोध्या में दीपोत्सव कार्यक्रम की परंपरा शुरू की थी। सरकार का यह धार्मिक आयोजन साल-दर-साल और वृहद होता जा रहा है। इस बार सिर्फ यह राम की पैड़ी तक सीमित नहीं रहेगा, इसे पूरे जिले में भव्य रूप से मनाया



जाएगा। अयोध्या को त्रेता युग जैसा सजाने की तैयारी है। पूरी अयोध्या में ठीक वैसी रोशन होगी, जैसी त्रेता युग में भगवान श्रीराम के लंका विजय कर अयोध्या लौटने पर हुई थी। दीपोत्सव कार्यक्रम को अयोध्या के गुप्तारघाट से लेकर भरत जी की तपस्थली नंदीग्राम तक फैलाया जा रहा है।

जानकारों के मुताबिक अयोध्या इस बार दीपावली पर ज्यादा जगमग होगी। सिर्फ राम की पैड़ी पर दीये नहीं जलेंगे बल्कि पूरी रामनगरी में तीन दिन तक हर घर में दीये जलेंगे । यानी 24, 25 और 26 अक्टूबर को अयोध्या को रौशन करने के लिए पूरी तैयारी कर ली है। गुप्तारघाट, भरतकुंड समेत अयोध्या के 13 प्रमुख मंदिरों में तीन दिनों तक हर दिन 5001 दीये जलेंगे। पूरी अयोध्या को दीपोत्सव से जोड़ने की कवायद की जा रही है। सरकार को अयोध्या को उम्मीद है कि दिवाली से पहले मंदिर पर 18 अक्टूबर को आने वाले फैसले से भी बड़ी खुशी मिल सकती है। ऐसे में दिवाली में अयोध्या के लोगों को दोहरी खुशी का तोहफा मिल सकता है। अयोध्या के दीपोत्सव में पांच देशों की रामलीला मंडलियों को बुलाया गया है। जिसमें मॉरिशस, थाईलैंड, इंडोनेशिया, सूरीनाम तथा नेपाल हैं। इन देशों की रामलीला मंडलियां अपनी शैली में रामलीला का मंचन करेंगी। इसके अलावा देश के विभिन्न कोनों से करीब 32 सांस्कृतिक दलों का कार्यक्रम होगा। पिछले साल करीब 25 सांस्कृतिक दल आए थे। इसके अलावा श्रीलंका से भी विभिन्न प्रकार के कलाकार आएंगे। चित्रकला प्रदर्शनी भी लगेगी। जानकारों का कहना है कि कनक भवन, हनुमान गढ़ी, दशरथ महल, मणिराम दास छावनी, छोटी देवकाली, गुप्तारघाट, भरतकुंड समेत जिले 13 बड़े मंदिरों में 24 से लेकर 26 अक्टूबर तक हर शाम 5001 दीये जलाए जाएंगे।

# छात्रों की प्रतिभा निखारने को प्रधानमंत्री नवाचार शिक्षण कार्यक्रम ध्रुव शुरू

एजेंसी। बेंगलुरू

**युवा प्रतिभाओं** को निखारने एवं प्रोत्साहित करने के लिए, रूस के सोची स्कूल की तर्ज पर केंद्र सरकार ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नवाचार शिक्षण कार्यक्रम ध्रुव की शुरूआत की, जिसके तहत जाने-माने विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में छात्रों की प्रतिभा को निखारा जाएगा। मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने बेंगलूरू स्थित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रांगण में इस कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर निशंक ने कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों एवं समाज के लिए, मील का पत्थर साबित होगा और प्रधानमंत्री ने भी इस कार्यक्रम पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा, इस कार्यक्रम में चयनित छात्र ऐसे ध्रुवतारा हैं, जो देश के लाखों बच्चों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेंगे। गौरतलब है कि इस कार्यक्रम के तहत प्रायोगिक तौर पर 10 अक्टूबर से विभिन्न राज्यों के 60 प्रतिभाशाली छात्रों को विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण दिया जाएगा। निशंक ने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के प्रांगण से प्रधानमंत्री नवाचार शिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का नाम ध्रुव रखा गया है, जिसके तहत देश के 60 प्रतिभावान बच्चों को चिह्नित कर उन्हें देश भर के उत्कृष्ट केंद्रों में प्रख्यात विशेषज्ञों द्वारा परामर्श और शिक्षा देकर उनकी क्षमता के विकास को सुनिश्चित किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि इसमें 30 बच्चे विज्ञान के क्षेत्र से एवं 30 बच्चे कला के क्षेत्र से होंगे। इसके माध्यम से देश में शोध और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा और ए नवाचार 5000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था की तरफ हमारे बढ़ते कदमों को सशक्त करेंगे।

इस अवसर पर इसरो के अध्यक्ष प्रो. के सिवन ने छात्रों से संवाद किया। विंग कमांडर राकेश शर्मा ने छात्रों से अधिक परिश्रम करने और प्रधानमंत्री नवाचार शिक्षण कार्यक्रम के तहत उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने को कहा। इस कार्यक्रम में नैनो उपग्रह कलाम सैट वी2 का डिजाइन तैयार करने वाले तमिलनाडु के तीन नवोदित वैज्ञानिक रिफ्त शारूक, यज्ञ साई और विजय लक्ष्मी नारायण ने भी अपनी बात रखी। प्रधानमंत्री नवाचार शिक्षण कार्यक्रम के तहत देश के विभिन्न राज्यों से विज्ञान एवं प्रदर्श कला (परफॉर्मिंग आर्ट्स) क्षेत्रों से 60 प्रतिभाशाली छात्रों का चयन किया है। इन छात्रों को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की यात्रा कराने के बाद दिल्ली में 15 दिन तक विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में उनके क्षेत्रों में दुनिया में हो रही गतिविधियों से अवगत कराया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि प्रतिभाशाली बच्चों से जुड़े इस कार्यक्रम की संकल्पना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 2018 में संपन्न रूस यात्रा के बाद की गई जब वे रूस के सोची में इस तरह का केंद्र देखने गए थे। विज्ञान संकाय से जुड़े छात्रों को आईआईटी दिल्ली में जाने माने विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में रखा जाएगा। कला, संगीत सहित प्रदर्श कला क्षेत्र से जुड़े छात्रों को भारतीय कला केंद्र में रखा जाएगा। इन 60 छात्रों को छह टीम में विभाजित किया जाएगा। इसके तहत तीन टीम विज्ञान संकाय और तीन टीम प्रदर्श कला संकाय से होंगे। दिल्ली में इनका प्रबोधन कार्यक्रम 14 से 23 अक्टूबर तक होगा।



बेंगलुरू में छात्रों की प्रतिभा निखारने के लिए प्रधानमंत्री शिक्षण कार्यक्रम ध्रुव का दीप जलाकर शुभारंभ करते एचआरडी मंत्री रमेश पोखरियाल और इसरो प्रमुख के सिवन

## पेज एक का शेष

### सोनिया ने...

एंड कम्युनिकेशन कमेटी, ट्रांसपोर्ट एंड एकोमडेशन कमेटी, प्रोटोकॉल कमेटी तथा अनुशासन समिति के निगरानी की जिमेदारी रहेगी। कमेटी ने गुरुवार को जो सबसे पहला काम किया वो हरियाणा के लिए पार्टी के घोषणापत्र को हरी झंडी देना था, इसे शुक्रवार को जारी किया जाएगा। सूत्रों ने कहा कि घोषणापत्र में उन मुद्दों को हल करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है जिनका सामना किसान, गरीब, महिला और युवा कर रहे हैं। सोनिया के पूर्व राजनीतिक सचिव रह चुके पटेल को तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने पिछले साल अगस्त में पार्टी का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया था। 2019 में लोकसभा चुनाव से पहले कोषाध्यक्ष के रूप में यह पटेल का दूसरा कार्यकाल (इससे पहले वे 1996 से 2000 तक यह जिम्मेदारी संभाल चुके हैं) था। गुजरात से राज्यसभा सदस्य पटेल की उद्योपतियों तथा पार्टी के अंदर और बाहर तथा कांग्रेस की पुरानी और नई पीढ़ी समेत विभिन्न वर्गों के बीच गहरी पैठ है। कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकारों के दौरान गठबंधन सहयोगियों को जोड़े रखने में उनकी भूमिका बेहद अहम थी। इस बीच राहुल गांधी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को मुंबई से अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

### चिदंबरम, कार्ति ...

विशेष अदालत ने दो फरवरी 2017 को डीएमके नेता एवं पूर्व दूरसंचार मंत्री दयानिधि मारन, उनके भाई कलानिधि मारन और अन्य को सीबीआई तथा ईडी द्वारा दायर मामलों में आरोपमुक्त कर दिया था। बाद में, दोनों एजेंसियों ने घोटाले में चिदंबरम पिता-पुत्र का नाम लेते हुए पूरक आरोपपत्र दायर किया था। मामले चिदंबरम के वित्त मंत्री रहने के दौरान 3,500 करोड़ रुपए के एअरसेल-मैक्सिस सौदे में विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड (एफआईपीबी) मंजूरी देने में कथित अनियमितता से जुड़े हैं। सीबीआई इस बारे में जांच कर रही है कि 2006 में वित्त मंत्री रहने के दौरान चिदंबरम ने एक विदेशी कंपनी को एफआईपीबी मंजूरी कैसे प्रदान करा दी, जबकि यह कार्य आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ही कर सकती थी। ईडी एअरसेल-मैक्सिस मामले में धनशोधन प्रकरण की जांच कर रहा है जिसमें चिदंबरम पिता-पुत्र से एजेंसी द्वारा पूछताछ की गई है।

### मलबे से ...

से इंकार करते हुए बताया कि इस तरह की कार्रवाई पुलिस की मौजूदगी में बलपूर्वक बंगला खाली कराते समय होती है जबकि बलपूर्वक बंगला खाली कराने वालों की सूची में पप्पू यादव का नाम शामिल नहीं है। उल्लेखनीय है कि लुटियन दिल्ली स्थित बंगलों की देखरेख और रखरखाव की जिम्मेदारी केन्द्रीय भवन निर्माण एजेंसी सीपीडब्ल्यूडी की है। मंत्रालय का संपदा निदेशालय इन बंगलों के आवंटन के बाद आवंटी को कब्जा दिलाने और आवंटन रद्द होने पर कब्जा वापस लेने की जिम्मेदारी निभाता है। हाल ही में लोकसभा चुनाव के बाद संपदा निदेशालय ने 230 पूर्व सांसदों को बंगले खाली करने के नोटिस जारी किए थे। अक्टूबर के पहले सप्ताह तक बंगले खाली नहीं करने वाले लगभग 50 सांसदों को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब तलब किया गया था। इस सूची में पप्पू यादव और उनकी पूर्व सांसद पत्नी रंजीत रंजन भी शामिल थी। सुपौल से पूर्व सांसद रंजीत रंजन को बलवंत राय महंता लेन में ही सात नंबर बंगला आवंटित है। गत सोमवार को निदेशालय ने नोटिस का जवाब नहीं देने वाले 40 पूर्व सांसदों के बंगले बलपूर्वक खाली कराने की कार्रवाई शुरू कर दी है। निदेशालय के एक अधिकारी ने बताया कि पप्पू यादव और उनकी पत्नी ने एक सप्ताह में आवास खाली करने की सूचना दी थी, इसलिए बलपूर्वक आवास खाली कराने वालों की सूची में उनका नाम नहीं है। सीपीडब्ल्यूडी के लुटियन दिल्ली स्थित कार्यालय ने पप्पू यादव के आवास में लोगों के रुकने ठहरने के अतिरिक्त इंतजाम किए जाने की जानकारी होने की बात को भी स्वीकार किया है। एक अधिकारी ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया, नियमों के तहत विभाग ने इससे जुड़ी सभी जानकारियां लोकसभा सचिवालय को दे दी थी। अतिरिक्त निर्माण कार्य के खिलाफ कार्रवाई करने की पहल मंत्रालय के स्तर पर की जाती है। अधिकारी ने कहा कि बंगले में की गई तोड़फोड़ से सीपीडब्ल्यूडी का कोई संबंध नहीं है लेकिन बंगले के कब्जे के हस्तांतरण के समय इस पर संज्ञान लेकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कुमार ने बताया कि बिहार में बाढ़ राहत कार्यों में लगे पप्पू यादव शुक्रवार तक दिल्ली पंहुच रहे हैं। इसके बाद दोनों बंगलों का कब्जा सीपीडब्ल्यूडी को सौंपा जाएगा। सरकारी आवास में व्यापक पैमाने पर किए गए निर्माण कार्य और तोड़फोड़ के मामले में प्रतिक्रिया के लिए पप्पू यादव और रंजीत रंजन उपलब्ध नहीं थे।

### दिल्ली से...

हिडाल्गो, लॉस एंजिल्स के मेयर एरिक गार्सेटी, कोपेनहेगेन के मेयर फ्रैंक जेनसेन, बार्सिलोना के मेयर अदा कोलैयू, पोर्टलैंड के मेयर टेड व्हीलर और लीमा के मेयर जॉर्ज मुनोज वेल्स इस सम्मेलन में हिस्सा ले रहे हैं। इन हस्तियों के साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल राजधानी में ऑड-ईवन की सफलता और वायु प्रदूषण कम करने के अनुभवों को साझा करेंगे। राजधानी में पिछले पांच वर्षों के दौरान 25 प्रतिशत वायु प्रदूषण कम करने में सफलता मिली है।

### भारत-चीन...

साथ बातचीत में इस मुद्दे को उठाया था। सुन ने कहा, दोनों देश एक दूसरे को खतरा नहीं पहुंचाते बल्कि एक दूसरे के लिए विकास के अवसर मुहैया कराते हैं। चीन और भारत के बीच सहयोग न केवल एक दूसरे के विकास में योगदान देगा, बल्कि वैश्विक बहु-ध्रुवीकरण तथा आर्थिक वैश्वीकरण की प्रक्रिया को भी बढ़ाएगा तथा विकासशील देशों के साझा हितों की सुरक्षा करेगा। चीनी राजदूत ने कहा कि दोनों नेता अंतरराष्ट्रीय हालात पर तथा चीन और भारत के बीच संबंधों के विकास से संबंधित समग्र, दीर्घकालिक एवं रणनीतिक मुद्दों पर गहराई से विचार-विमर्श भी करेंगे। सुन ने कहा, आम-सहमतियों का नया ढांचा उभर सकता है जिसमें अंतरराष्ट्रीय प्रणाली के बदलाव के लिए साझा दृष्टिकोण, क्षेत्रीय मामलों में चीन और भारत की साझा जिम्मेदारी एवं भूमिका तथा द्विपक्षीय संबंधों एवं अनेक क्षेत्रों में सहयोग के विकास की दिशा पर दिशानिर्देशक सिद्धांत शामिल हैं। राजदूत ने कहा कि भारत और चीन के बीच गहन सहयोग से विकासशील देशों को लाभ मिलेगा तथा एकपक्षवाद एवं संरक्षणवाद जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटा जा सकेगा। उन्होंने कहा, एकपक्षवाद, संरक्षणवाद और व्यापार में प्रभुत्व जमाने का चलन बढ़ता जा रहा है।

## आज अमरावती में शाह और उद्धव की रैलियां

**अमरावती।** भाजपा अध्यक्ष अमित शाह और शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे द्वारा शुक्रवार को विदर्भ में विभिन्न जनसभाओं को संबोधित करने के साथ ही महाराष्ट्र के अमरावती में विधानसभा की आठ सीटों पर चुनाव प्रचार तेज हो जाएगा। शाह मेलघाट विधानसभा क्षेत्र में रैली को संबोधित करेंगे। मेलघाट जनजातीय बहुल क्षेत्र है जहां भाजपा ने वर्तमान विधायक प्रभुदास भिलवेकर की बजाय रमेश मावसकर के रूप में नए चेहरे को चुनावी मैदान में उतारा है। मावसकर को राकांपा के प्रत्याशी केवलराम काले के खिलाफ उतारा गया है। वहीं उद्धव ठाकरे अमरावती नगर के दशहरा मैदान में शिवसेना के तीन प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार करेंगे। शिवसेना ने बडनेरा से प्रीति बंद, तेओसा से राजेश वानखेड़े और अचलपुर से सुनीता फिस्के को टिकट दिया है, जिनके लिए उद्धव जनसभाओं को संबोधित करेंगे। प्रीति बंद बडनेरा के भूतपूर्व विधायक संजय बंद की विधवा हैं। उन्हें दो बार निर्दलीय विधायक रहे रवि राणा के विरुद्ध खड़ा किया गया है।

## जी न्यूज के खिलाफ मानहानि कार्यवाही पर रोक को महुआ मोइत्रा ने दी चुनौती

एजेंसी। नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने जी न्यूज और उसके प्रधान संपादक सुधीर चौधरी के खिलाफ दायर मानहानि शिकायत की सुनवाई पर रोक लगाने वाले सत्र अदालत के आदेश को गुरुवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी। मानहानि का यह मामला 25 जून को संसद में उनके भाषण पर एक शो दिखाए जाने से संबंधित है। मोइत्रा ने न्यायमूर्ति बृजेश सेठी के समक्ष सूचीबद्ध अपनी याचिका में कहा कि मानहानि कार्यवाही जब समन पूर्व चरण में थी तो सत्र अदालत को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए था। चौधरी के वकील ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि यह स्वीकार किए जाने योग्य नहीं है। उन्होंने कहा कि चौधरी ने मानहानि शिकायत में कथित रूप से प्रासंगिक तथ्यों को छुपाए जाने को लेकर सांसद के खिलाफ शपथ पर मिथ्या साक्ष्य पेश करने की कार्वाई चलाने के लिए आवेदन दिया था। वकील ने कहा कि इसके बाद सत्र अदालत ने मामले में कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। उन्होंने कहा कि ऐसा आवेदन किसी भी चरण में दिया जा सकता है।

इस दलील के जवाब में मोइत्रा के वकील ने कहा कि सत्र अदालत को प्रस्तावित आरोपी के खिलाफ कार्यवाही पर उसकी याचिका पर हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए था। उन्होंने कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता की दारा 340 के तहत आवेदन पहले एक मजिस्ट्रेट अदालत में दिया गया, जो मानहानि की शिकायत पर सुनवाई कर रही थी। मोइत्रा के वकील ने कहा कि मजिस्ट्रेट की अदालत ने हालांकि कार्यवाही स्थगित कर दी थी और आवेदन पर सुनवाई एक दूसरी तारीख पर थी। उन्होंने कहा कि इस स्थगन आदेश के खिलाफ चौधरी सत्र अदालत में गए थे। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद उच्च न्यायालय ने चौधरी के वकील को मोइत्रा की याचिका पर 14 अक्टूबर तक जवाब दायर करने का निर्देश देते हुए कहा कि वह 18 अक्टूबर से पहले अपना आदेश सुनाएगा। सत्र अदालत में शपथ पर झूठे साक्ष्य देने से जुड़ी याचिका उसी दिन सूचीबद्ध है।

मोइत्रा ने अपनी मानहानि शिकायत में कहा था कि संसद में 25 जुलाई को दिया गया उनका बयान अमेरिका के संग्रहालय में होलोकॉस्ट के पोस्टर से प्रेरित था, जिसमें शुरुआती फासीवाद के 14 संकेत थे और उन्होंने स्पष्ट रूप से हवाला दिया था कि संकेत कथित पोस्टर से लिए गए थे। शिकायत में दावा किया गया कि समाचार चैनल ने अपने प्रसारण में दावा किया उन्होंने संसद में अपना भाषण साहित्यिक चोरी कर दिया था। इसके बाद, जी न्यूज ने मोइत्रा के खिलाफ एक मानहानि की शिकायत दी थी कि उन्होंने कथित रूप से उनके खिलाफ मीडिया में बयान दिया।

## गहलोत सरकार ने दस महीने में 20,000 से अधिक पदों पर नियुक्तियां दी

एजेंसी। जयपुर

**राजस्थान की** अशोक गहलोत सरकार ने अपने दस महीने के कार्यकाल में अब तक 20,000 से अधिक पदों पर नियुक्तियां कर दी हैं और वह बजट में घोषित 75 हजार भर्तियों की प्रक्रिया समय पर पूरी करने को लेकर गम्भीर हैं। यहां गुरुवार को आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में यह जानकारी दी गई। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार गहलोत के निर्देश पर राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड में प्रक्रियाधीन भर्तियों को शीघ्र पूर्ण कराने तथा नई भर्तियों की विज्ञप्ति जल्द जारी करवाने के लिए बोर्ड के अध्यक्ष एवं अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक हुई। इस बैठक में भर्तियों को पूर्ण करने के संदर्भ में आ रही अड़चनों एवं विचाराधीन न्यायिक प्रकरणों में त्वरित कार्वाई के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए। मुख्य सचिव के स्तर पर भी बैठक की जाएगी। उल्लेखनीय है कि मुख्य सचिव हर माह भर्तियों की समीक्षा कर रहे हैं। बैठक में बताया गया कि राज्य सरकार ने 10 माह के कार्यकाल में ही अब तक 20118 विभिन्न पदों पर नियुक्तियां प्रदान कर दी हैं। साथ ही 6790 पदों के लिए विज्ञापन जारी किए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त अति पिछड़ा वर्ग (एमबीसी) को आरक्षण के अनुरूप 1260 अतिरिक्त पदों का सृजन किया गया है। भर्तियों में आर्थिक पिछड़ा वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान भी राज्य सरकार ने कर दिया है। इसके अनुसार राज्य में भर्तियों की लगातार आनलाइन मॉनिटरिंग मुख्यमंत्री कार्यालय के स्तर पर भी की जा रही है।

## नमामि गंगे परियोजना के तहत गंगा हो रही है अविरल व निर्मल

**ललितपुर।** भारतीय जन-मानस में गंगा नदी केवल सबसे अधिक पवित्र और नश्वर जीवों का शुद्धीकरण करने वाली नदी ही नहीं बल्कि जीती-जागती देवी "माँ गंगा" मानी गई है। गंगा नदी की जल गुणवत्ता को प्राचीन काल से इसकी जीवन प्रदायिनी और चिकित्सा करने की गुणवत्ता के कारण मान्यता दी गई है। करोड़ों लोग आज भी गंगा नदी में स्नान करते हैं। स्नानार्थियों की यह धारणा होती है कि गंगा में स्नान करने से उनके सभी पाप और बीमारियां समाप्त हो जायेंगी। गंगा की खूबसूरती उसकी सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व तो है ही साथ ही गंगा जीविकोपार्जन,पर्यावरणीय और पर्यटन की दृष्टि से भी बहुत महत्व रखती हैं। गंगा बेसिन में 11 राज्य हैं। भारतीय जल संसाधनों में इसका 28 प्रतिशत योगदान है। मां गंगा पर 43 प्रतिशत आबादी निर्भर है, इससे 1.3 करोड़ लोगों को जीविका मिलती है, इसमें जीव-जन्तुओं की 378 प्रजातियां पायी जाती हैं और गंगा भारत की 57 प्रतिशत भू-भाग को उपजाऊ बनाती है। गंगा को स्वच्छ रखना सभी का कर्तव्य ही नहीं बल्कि कटिबद्धता भी है। इसी प्रयास में भारत सरकार ने गंगा संरक्षण हेतु नमामि गंगे परियोजना लागू कर गंगा के निर्मल और अविरल प्रवाह बनाये रखने पर बल दिया है। गंगा की निर्मलता के प्रयास में 25,563 करोड़ रुपये की लागत से गंगा पर 261 परियोजनाएं सीवरेज इन्फ्रास्ट्रक्चर, माड्युलर एसटीपीएस, जैविक उपचार, ग्रामीण स्वच्छता, औद्योगिक प्रदूषण में कमी, घाट और मोक्षधामों का विकास, नदी सतह सफाई, नदी तट विकास, घाट सफाई, जैवविविधता संरक्षण, वनीकरण, रिसर्च एण्ड प्रोजेक्ट डेवेलपमेंट और गंगा टास्क फोर्स लागू करते हुए क्रियान्वयन किया जा रहा है। करीब 70 शहरों में सीवेज से संबंधित 136 परियोजनाएं मंजूर की गई है, परियोजनाओं में अतिरिक्त शोधन क्षमता के प्लांट लगाए जा रहे हैं। गंगा के किनारे पांच बेसिन राज्यों के गांवों में 1,34,000 हे0 में वृक्षारोपण किये गये हैं। गंगा को निर्मल बनाने के लिए गंगा के किनारे बसे गांवों को खुले में शौच से मुक्त किया गया है। संचालित परियोजनाओं में कई अधिकतम पूर्ण व कुछ परियोजनाएं शीघ्र ही पूरी हो जायेंगी जिससे गंगा निर्मल होंगी। गंगा की अविरलता बनाए रखने के लिए गंगा में न्यूनतम पर्यावरणीय प्रवाह अधिसूचित कर दिया गया है। इससे गंगा में पूरे वर्ष एक न्यूनतम प्रवाह बना रहेगा। गंगा की अविरलता और निर्मलता बनाये रखने के लिए समाज के सभी वर्गों को इस मुहिम से जोड़ा गया है और इसमें हर वर्ग के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। गंगा को स्वच्छ बनाये रखने के लिए क्लीन गंगा फण्ड ट्रस्ट बनाया गया है, इसमें समाज के हर वर्ग अपना योगदान कर रहे हैं।

## चित्र बनाकर बच्चों ने जीव के प्रति दया का दिया संदेश

**ललितपुर।** भारतीय जीवजंतु कल्याण बोर्ड चेन्नई द्वारा देशभर के लगभग साढे तीन हजार विद्यालयों व महाविद्यालयों में करूणा क्लब संचालित किए जा रहे हैं। करूणा क्लब के माध्यम से बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, जीवदया, करूणा, अहिंसा, मानवीय गुणों को विकसित किया जा रहा है। बच्चों को उनके हृदय परिवर्तन की भावनाओं को जागृत करने का कार्य करूणा इंटरनेशनल चेन्नई संस्था कर रही है। बच्चे करूणावान बन रहे हैं। करूणा सप्ताह के अन्तर्गत आचार्य विद्यासागर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मडावरा में मार्गदर्शक सेवानिवृत्त प्रवक्ता रमेशचंद्र जैन के निर्देशन में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें लगभग चालीस बच्चों ने प्रतिभाग करके पशु-पक्षियों की आकृति को बनाकर जीवदया का संदेश दिया। सम्पूर्ण देश में आयोजित हो रहे करूणा सप्ताह के अन्तर्गत विविध कार्यक्रमों को आयोजित किया जा रहा है। विद्यालयी बच्चों को पशु-पक्षियों के प्रति प्रेम व करूणा की भावना को जागृत किया जा रहा है। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को प्रभारी प्रधानाचार्य चक्रेश जैन ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रवक्ता रमेश चंद्र जैन, महेशचंद्र जैन, सुधेश खरे, धर्मेन्द्र सिंह, राजकुमार पाल, आकांक्षा विश्वकर्मा, अर्चना विश्वकर्मा, सुवर्णा जैन, विशेष जैन, विनय कुमार जैन, कीर्ति सिंह, मानसिंह, करनलाल, गोरेलाल, जालम सिंह मौजूद रहे।



चित्रकला के जरिए जीवदया का संदेश देते बच्चे

## खुले में शौच न करने के लिए किया जागरूक

संवाददाता। ललितपुर

**सुबह-सुबह** ललितपुर जिले के महरौनी ब्लाक के ग्राम पठा के प्राइमरी विद्यालय की छात्र छात्राओं ने गांव को खुले में शौच मुक्त बनाने के लिए एक अभिनव पहल की शुरुआत की। आज सुबह 6 बजे से प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राएं गांव में घूम घूम कर खुले में शौच के लिए जा रहे पुरुष और महिलाओं को हाथ जोड़कर उनके घर में बने शौचालय को उपयोग करने का निवेदन किया उन्हें बताया कि खुले में शौच जाने से गांव में बीमारियां फैलती है। स्कूली छात्र छात्राओं की इस अभिनव पहल का ग्रामीणों पर असर भी होता दिखा। बच्चों की मनुहार से ग्रामीणों ने खुले में शौच नहीं जाने का संकल्प भी लिया और वापस अपने शौचालय को लौट गए। स्कूली बच्चों की इस अभिनव पहल की भारी सराहना की जा रही है।

## सुभाष मार्केट सेक्टर की नवीन कार्यकारिणी गठित

**ललितपुर।** जिला उद्योग व्यापार मंडल ने सुभाष मार्केट में एक मीटिंग प्रदेश मंत्री मनीष सड़ैया, जिलाध्यक्ष सुरेश बडेरा, जिला संसदीय महामंत्री शैलेंद्र सिंघई, कोषाध्यक्ष सिद्धेश्वर जमौरिया, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, जिला मंत्री जितेंद्र सोनी, जिला उपाध्यक्ष राजू सिंधी, जिला मंत्री राहुल गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में एवं नगर अध्यक्ष नवनीत किलेदार की अध्यक्षता और नगर महामंत्री समित समैया के संचालन में संपन्न हुयी। बैठक में संगठन को गति देने के लिए सेक्टर के चुनाव संपन्न कराए, जिसमें सर्वसम्मति से सेक्टर अध्यक्ष अभिषेक जैन, महामंत्री आशीष जैन, उपाध्यक्ष अमित जैन, मंत्री राकेश जैन, संगठन मंत्री रोहित सिंघई एवं कार्यकारिणी सदस्य में नारायणदास सोनी, शिखर, जितेंद्र सोनी, अनुराग जैन, अरुण सिंघई आदि सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किए गए। सभी को जिला के पदाधिकारियों ने फूल मालाएं पहनाकर सम्मान किया।

## छात्र की गोली मारकर हत्या

**बरेली।** दोस्त से कॉपी लेने के लिए उसके घर गए कक्षा 9 के एक छात्र की किसी ने गोली मारकर हत्या कर दी घरवाले उसे रात भर तलासते रहे। सुबह होने पर उसकी लाश पांस के ही एक खेत में बरामद हुई। पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज कर हत्यारों की तलाश शुरू कर दी। देव रनिया थाने के रीछ निवासी अफिक के पुत्र नाजिम की लाश आज सुबह गांव के पास राइस मिल के किनारे पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मरने वाले के घर वालों ने बताया की नजीम गांव के ही एक स्कूल में कक्षा 9 का छात्र था और कल शाम को अपने एक दोस्त के पास काफी लेने के लिए उसके घर जाने को अपने घर से निकला था लेकिन वो लौट कर वापस नहीं आया शाम तक इंतजार करने के बाद घर के लोग इसे तलाशने में जुट गए आज सुबह उसकी फिर से तलाश शुरू की गई कुछ देर बाद उसकी लाश राइस मिल के पास पाये जाने की सूचना मिलते ही लोगों की भीड़ मौके पर लग गई जो कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी घटनास्थल पर मिले निसानो से पता चलता है कि जान बचाने के लिए नदीम ने काफी संघर्ष किया था उसकी गोली मारकर हत्या की गई है। कूछ दिन पहले नदीम को जमकर पीटा गया था घर वालों ने किसी भी दुश्मनी से इनकार किया बताया जाता है कि मृतक के किसी लड़की से प्रेम प्रसंग थे जिसको लेकर कुछ दिन पहले उसका कुछ लड़कों से विवाद हुआ था जिन्होंने उस से मारपीट की थी पुलिस ने उनकी तलाश कर रही है।


### दुर्घटना में घायल ऑटो चालक की मौत

**बरेली।** लगभग एक माह पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल ऑटो चालक की इलाज के दौरान मौत हो गई पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। किला थाना क्षेत्र के स्वाले नगर में रहने वाले बहेड़ी के गांव गुड़वारा निवासी 36 वर्षीय कृष्णपाल की बीती रात अपने ही घर में इलाज के दौरान मौत हो गई। घरवालों ने बताया कृष्णपाल ऑटो चालक था और पिछली 10 सितंबर को भोजीपुरा थाने के दोहना इलाके में ऑटो को किसी वाहने टक्कर मार दी।

## जायसवाल चैम्पियंस ने देव स्पोर्ट्स को हराया

- जायसवाल चैम्पियन्स के सौरभ बने मैन ऑफ द मैच

संवाददाता। ललितपुर



क्रिकेट मैच में खेलते खिलाड़ी

**जिला खेलकूद** एसोसिएशन के तत्वावधान में जनपद में पहली बार आईपीएल की तर्ज होने बाले एल पी एल क्रिकेट लीग मैच जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में पहला मैच देव स्पोर्ट्स व जायसवाल एवं दूसरा राज स्टार इलेविन व लालितपुर टाइगर के मध्य खेला गया। पहला मैच जायसवाल चैम्पियन्स ने 40 रन से जीतकर लीग मैच में बढ़त बना ली है। जायसवाल चैम्पियन्स के बल्लेबाज सौरभ ने 23 गेंदों में शानदार 49 रन बनाये जिससे वह मैन आफ द मैच के हकदार बने।


जायसवाल चैम्पियन्स ने टॉस जीतकर पहले बालेबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करते हुये जायसवाल चैम्पियन्स ने निर्धारित 20 में 7 विकेट के नुकसान पर 177 रन बनाए। जबाब में देव स्पोर्ट्स 137 रन ही बना सकी। बल्लेबाजी करते हुए जायसवाल चैम्पियन्स के बल्लेबाज सौरभ ने 49 रन योगेश्वर ने 44 व अनुराग ने 39 रन की मदद से जायसवाल चैम्पियन्स को 177 रन तक पहुंचाया। वही देव स्पोर्ट्स की ओर से गेंदबाजी करते हुए उदितांशु सोनी, आकिव राजा व विकास ने दो- दो विकेट और निक्की ने एक विकेट लिया।

लक्ष्य पीछा करने उतरे राज स्टार के एक बल्लेबाज आन दुबे के अलावा कोई कुछ खास नहीं कर सका। आन दुबे ने शानदार पारी खेलते हुए 62 रन बनाए प्रधुमन ने 20 विशाल 14 रन ही बना सके जबकि और बल्लेबाजों प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 137 रन ही बना सके। जिससे जायसवाल चैम्पियन्स ने यह मैच जीत कर सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली है। जायसवाल चैम्पियन्स की ओर से गेंदबाजी करते हुए सौरभ व नीरज ने दो -दो विकेट व पवन परमार और सुमित ने एक एक विकेट लिया। मैच में निर्णायक भूमिका में रामप्रताप सिंह, शिवकुमार तिवारी रहे। आंखों देखा हाल विजय सिद्धार्थ ने सुनाया। स्कोरिंग का भार उदितांशु सोनी ने संभाला।

इस मौके पर जिला खेलकूद एसोसियेशन के संरक्षक राजीव बबेले (सप्पू), अध्यक्ष मो. नसीम, सचिव पवन परमार, कोषाध्यक्ष रामप्रताप सिंह, आशिक खान गुडडू, लखन रैकवार, टीम ऑनर कालू जायसवाल, मनोज खटीक, पी.एस.परमार, वी.के.झां, रामेश्वर सेन, पुष्पेंद्र राजा, यादवेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# उत्तेजक राष्ट्रवाद वालों के चेहरे से नकाब हटाना होगा: बघेल

एजेंसी। रायपुर



**छत्तीसगढ़ के** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा और आरएसएस पर निशाना साधते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि उत्तेजक राष्ट्रवाद फैलाने वाली ताकतों के चेहरे से नकाब हटाना होगा और महात्मा गांधी के राष्ट्रवाद को अपनाने की जरूरत है।उन्होंने अपनी एक हफ्ते की गांधी विचार यात्रा के समापन कार्यक्रम में कहा, पूरी दुनिया में गांधी को याद किया जाता है कि आजादी के लिए उन्होंने जो रास्ता अपनाया वो अहिंसा का था। गांधी ने राम, गाय और तिरंगा को प्रतीक के तौर पर अपनाया। उन्होंने एक गंभीर राष्ट्रवाद की बात की। बघेल ने कहा,"राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के राष्ट्रवाद में समाज के हर वर्ग के लिए स्थान है। उनके राष्ट्रवाद में कमजोर से कमजोर व्यक्ति की असहमति का भी सम्मान है। गांधी का राष्ट्रवाद हमारे संत, महात्माओं, महान विचारकों, महावीर स्वामी, गौतम बुद्ध, गुरूनानक, कबीर, बाबा गुरू घासीदास जैसी विभूतियों के विचारों से प्रभावित है।उन्होंने कहा, हमारे नेताओं और महापुरुषों ने राम को जन जन का राम बनाया। छत्तीसगढ़ की हर गलियों में राम हैं। गांधी के राम सबरी के राम और जन जन के राम हैं। भाजपा पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, अगर इनसे सवाल पूछो तो ए घबरा जाते हैं और राष्ट्रवाद का प्रमाणपत्र बांटने लगते हैं। उन्होंने कहा, पूंजीवाद, सांप्रदायिकता और उत्तेजक राष्ट्रवाद को पहचानना होगा और इनके चेहरे से ए नकाब निकलकर फेंकना होगा। बघेल ने कहा कि जो आस्तिक है वो भी हिन्दू है और जो नास्तिक है वो भी हिन्दू है। हमारी धार्मिकता यह निडरता देती है।बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार महात्मा गांधी के बताए रास्ते पर चल रही है। राज्य सरकार ने किसानों का कर्ज माफ किया और किसानों को देश में सबसे अधिक 2500 रूपए प्रति क्विंटल धान का मूल्य दिया। इससे पहले छत्तीसगढ़ के ऑटो एवं दूसरे क्षेत्रों में आए उछाल का उल्लेख करते हुए बघेल ने कहा कि देश में सुस्त पड़ी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए केंद्र को किसानों एवं आम लोगों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के उनकी सरकार के मॉडल को राष्ट्रीय स्तर लागू करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि देश भर में मंदी होने के बावजूद छत्तीसगढ़ में मंदी का कोई असर नहीं है, बल्कि तेजी से आर्थिक विकास हो रहा है।बघेल ने कुछ स्वतंत्र एजेंसियों की ओर से किए गए अध्ययनों का हवाला देते हुए संवाददाताओं से कहा, देश में मंदी का असर है लेकिन हमारे यहां नहीं है। इसकी वजह है कि हमने गरीबों और किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत किया है। पिछले कुछ महीनों में वाहनों की बिक्री 13 फीसदी बढ़ी है। गत दिसंबर से सर्राफा की बिक्री में 84 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। गत चार अक्टूबर को कंडेल से आरंभ हुई इस पदयात्रा में कृषि मंत्री रवीन्द्र चौबे, गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम और कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

## पंजाब पुलिस पर हमला मामले में विपक्षी दलों का कांग्रेस पर निशाना

**चंडीगढ़।** हरियाणा के डेसु जोधा गांव में छापेमारी करने गई पंजाब पुलिस पर ग्रामीणो द्वारा किए गए हमले को लेकर विपक्षी पार्टियों ने पंजाब सरकार को निशाने पर लिया। भाजपा का आरोप है कि यह घटना दर्शाती है कि राज्य की पुलिस अपराधियों से निपटने में पूरी तरह से विफल रही। भाजपा ने कहा कि इस तरह की घटना से पंजाब पुलिस की छवि पर असर पड़ेगा क्योंकि पंजाब पुलिस को देश भर में सबसे बहादुर पुलिस बल में से एक माना जाता है। हरियाणा के सिरसा जिले में पंजाब पुलिस की एक टीम मादक पदार्थ के धंधे से जुड़े एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने गई थी लेकिन इस दौरान ग्रामीणों ने पंजाब पुलिस पर हमला कर दिया और दोनों तरफ से गोलीबारी भी हुई। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव तरूण चुग ने कहा, यह घटना दिखाता है कि कांग्रेस सरकार में पंजाब पुलिस मादक पदार्थ आपूर्ति करने वाले अपराधियों से प्रभावी तरीके से निपटने में पूरी तरह से विफल रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस को संबंधित आरोपी को गिरफ्तार करने जाने के दौरान पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मी ले जाना चाहिए था।


# महाराष्ट्र में भाजपा नीत सरकार ने गरीबों के लिए काम किया, सत्ता में लौटेंगे

एजेंसी। पुणे



सोलापुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते मुख्यमंत्री देवेंद्र फणनवीस

**मुख्यमंत्री** देवेन्द्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को कहा कि भाजपा-शिवसेना गठबंधन एक बार फिर राज्य में सत्ता संभालेगा क्योंकि उनकी सरकार ने समाज के कमजोर तबके के लिए काम किया है और उनके जीवन में बदलाव लाई है। उन्होंने विपक्षी कांग्रेस और राकांपा की आलोचना करते हुए कहा कि 2014 में भाजपा-शिवसेना सरकार के सत्ता में आने से पहले के 15 वर्षों के शासन में उन्होंने कुछ नहीं किया। फडणवीस सोलापुर जिले के मंगलवेधा में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा, कांग्रेस और राकांपा ने 15 वर्षों तक झूठ और गुमराह करने वाले वादों के सिवाय कुछ नहीं किया। लेकिन पांच वर्ष पहले हमारी सरकार के सत्ता में आने के बाद हमने गरीबों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों, किसानों, ओबीसी और महिलाओं के लिए काम किए और (उनके जीवन में) बदलाव लाने का प्रयास किया। भाजपा- शिवसेना की सरकार पिछले पांच वर्षों के दौरान किसानों के साथ खड़ी रही और सबसे बड़ी ऋण माफी की जिससे 50 लाख किसानों को लाभ हुआ। उन्होंने कहा, मैं आपको बताता हूं कि केवल आर्थिक राहत पर्याप्त नहीं है। सतत सिंचाई के माध्यम से हमें पानी मुहैया कराना होगा। पांच वर्षों के दौरान हमने जलयुक्त शिविर कार्यक्रम के माध्यम से कई वाटरशेड प्रबंधन परियोजनाओं पर काम किया। भाजपा- शिवसेना के सहयोगी रायत क्रांति संगठन के पंढरपुर- मंगलवेधा क्षेत्र से उम्मीदवार सुधाकरपंत परिचारक को वोट देने की अपील करते हुए फडणवीस ने कहा कि भगवा गठबंधन सत्ता में लौटेगा उन्होंने कहा, अगर आप उनको चुनते हैं तो क्षेत्र में कई परियोजनाओं को गति मिलेगी। फडणवीस के मुताबिक भाजपा के शासनकाल में महाराष्ट्र ने व्यवसाय, रोजगार सृजन और स्वास्थ्य में पहला स्थान हासिल किया है।




नासिक के दीवोली कैम्प में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद

# राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने आर्मी एविएशन कोर को ध्वज प्रदान किया

एजेंसी। नासिक

● संबोधन में कोर के सदस्यों से कहा, भारतीय सेना और राष्ट्र को आप पर गर्व है

**राष्ट्रपति रामनाथ** कोविंद ने गुरुवार को यहां एक समारोह में आर्मी एविएशन कोर (सेना विमानन कोर) को प्रतिष्ठित प्रेसिडेंट्स कलर (ध्वज) प्रदान किया और पूरे समर्पण के साथ राष्ट्र की सेवा करने के लिए सेना की इस शाखा की सराहना की।राष्ट्रपति सेना के तीनों अंगों के सर्वोच्च कमांडर भी हैं। उन्होंने नासिक रोड स्थित कॉम्बैट आर्मी एविएशन ट्रेनिंग स्कूल में आयोजित एक भव्य परेड समारोह में यह सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कोर के सदस्यों से कहा, भारतीय सेना और राष्ट्र को आप पर गर्व है। कोविंद ने आर्मी एविएशन कोर की राष्ट्र-निर्माण के लिए उनके अपार योगदान को लेकर सराहना की। उन्होंने कहा कि कोर ने सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और विभिन्न अभियानों में अपनी वीरता साबित की है। कोर की अभी तक की यात्रा वीरता, सम्मान और गौरव की कहानियों से भरी हुई है। उन्होंने कहा, मुझे अपने बहादुर सैनिकों के बीच उपस्थित होकर बहुत खुशी मिलती है। सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर के तौर पर मैं इस यात्रा को हमारे देश के सशस्त्र बलों को समर्पित करता हूं। इस सम्मान का मिलना इस बात की स्वीकृति है कि आर्मी एविएशन कोर ने सराहनीय सेवा दी है। यह सम्मान उत्कृष्टता का प्रतीक है और एएसी ने युद्ध और शांति दोनों समय में बेहतरीन योगदान के माध्यम से इसे अर्जित किया है। आर्मी एविएशन कोर को दो महावीर चक्र, 16 वीर चक्र, 13 शौर्य चक्र, 115 सेना पदक मिल चुके हैं।कोविंद 9 से 13 अक्टूबर तक महाराष्ट्र, कर्नाटक और गुजरात की अपनी यात्रा के तहत बुधवार रात यहां पहुंचे। गुरुवार को बाद में वह नासिक के देवलाली स्थित स्कूल ऑफ आर्टिलरी जाएंगे और फिर मैसूर के महाराजा श्री जयचामराज वाडियार के जन्म शताब्दी समारोह में शामिल लेने कर्नाटक जाएंगे।वह 11 अक्टूबर को मैसूरु के वरुणा ग्राम में जेएसएस उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान अकादमी के परिसर का शिलान्यास करेंगे। वह 12 अक्टूबर को बेंगलुरु में स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान का दौरा करेंगे। 13 अक्टूबर को वह गुजरात के कोबा में श्री महावीर जैन आराधना केंद्र का दौरा करेंगे।

## क्विक न्यूज

### सीमावर्ती इलाके में संदिग्ध गुब्बारा मिला

**बीकानेर।** राजस्थान मे गंगानगर जिले के रायसिंहनगर क्षेत्र मे भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे खेत मे गुरुवार को एक संदिग्ध गुब्बारा मिला। उसपर पाकिस्तान का झंडा बना था एवं दूसरी ओर अंग्रेजी मे 14 अगस्त मुबारक लिखा हुआ है।पुलिस के अनुसार यह गुब्बारा समेजा कोठी थाने के 57 एनपी गांव मे एक ढाणी के पास मिला। सरपंच की सूचना पर पहुंची पुलिस ने इसे अपने कब्जे में ले लिया। इस बारे मे जांच एजेंसियों को सूचित किया गया है।गौरतलब है कि सीमावर्ती इलाके मे इस तरह के गुब्बारे प्रायः मिलते रहते है।

### उत्तरी कमान प्रमुख ने कश्मीर का दौरा किया

**जम्मू ।** भारतीय सेना की उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल रणबीर सिंह ने गुरुवार को कश्मीर में सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया और सैनिकों को उभरती सुरक्षा चुनौतियां के लिए तैयार रहने को कहा। सेना के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।अधिकारी ने बताया कि जनरल रणबीर सिंह ने चिनार कोर के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल के जे एस ढिल्लों के साथ नियंत्रण रेखा, घाटी के अंदरूनी क्षेत्रों और सीमावर्ती जिलो का दौरा किया। उन्होंने कहा कि जनरल सिंह ने उभरती सुरक्षा चुनौतियो के प्रति सचेत रहने की जरूरत को दोहराया और सुरक्षा बलो के बीच समन्वय की सराहना की। अधिकारी के अनुसार उन्हें ताजा हालात के अलावा घुसपैठियो और आतंकवादियो के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान से अवगत कराया गया। जनरल सिंह ने दूरदराज के इलाकों में सद्भावना जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से सेना को आम जनता से मेलजोल बढ़ाने के लिए बधाई दी। गौरतलब है कि सेना कश्मीर की जनता के लिए शिक्षा, खेल, स्वास्थ्य और आपदा के समय सहायता जैसे मानवीय क्षेत्रों में भी कार्य करती है। अधिकारी ने बताया कि जनरल रणबीर सिंह ने विपरीत और कठिन परिस्थितियो मे दुश्मन के इरादो को नाकाम करने के लिए सैनिको की प्रशंसा की।

### दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान दो गुटों में झड़प में 14 लोग घायल

**जहानाबाद (बिहार)।** बिहार के जहानाबाद मे बृहस्पतिवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो गुटों के बीच झड़प में कम 14 लोग घायल हो गए। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए निकलने वाले जुलूस पर किसी ने एक पत्थर फेंक दिया, जिसके बाद दो पक्षों के बीच झड़प शुरू हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि घटना अरवाल मोरे क्षेत्र मे सुबह हुई और जुलूस मे शामिल हुए लोगों ने पत्थर फेंकने के लिए किनारे खड़े लोगों को जिम्मेदार ठहराया जो अन्य समुदाय से थे। पुलिस ने बताया कि दोनों ओर से भारी पथराव हुआ जिससे एक स्थानीय पत्रकार सहित कम से कम 14 लोग घायल हो गए। घायलो को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया है। जिला मजिस्ट्रेट नवीन कुमार और पुलिस अधीक्षक मनीष ने घटनास्थल पर पहुंच कर स्थिति को काबू किया। उन्होंने बताया कि अभी तक कोई मामला दर्ज नही किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक ने आक्रोषित स्थानीय लोगो से बातचीत की ताकि विसर्जन कार्यक्रम निर्विघ्न संपन्न हो सके।

### कश्मीर जाएगा सूफी संतों का शिष्टमंडल

**जयपुर।** सूफी संतो एवं देश की कुछ चुनिंदा दरगाहो के प्रतिनिधियो का एक दल 12 से 14 अक्टूबर तक जम्मू कश्मीर की यात्रा करेगा और वहां के लोगों से मिलकर जमीनी हालात जानेगा।अजमेर दरगाह के दीवान जैनुल आबेदीन अली खान ने यह पहल की है। इस 18 सदस्ईय प्रतिनिधि मंडल की अगुवाई उनके बेटे नसीरूद्दीन चिश्ती करेंगे। दीवान जैनुल आबेदीन अली खान ने गुरुवार को अजमेर में कहा, कश्मीर भारत के खिलाफ सीमा पार से चलाए जा रहे प्रोपगेंडे का शिकार हुआ है। हमारा मानना है कि कश्मीर के युवाओ को अपना करियर बनाने और जम्मू-कश्मीर मे समृद्धि स्थापित करने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होने कहा, हम कश्मीरियों और समृद्धि के बीच एक सेतु की तरह काम करना चाहते है। इसीलिए सूफी युवाओ का एक समूह कश्मीर जा रहा है। उसमे अलग अलग दरगाहो से सभी सज्जादानशीन के उत्तराधिकारी है। यह समूह 12 अक्टूबर से 14 अक्टूबर 2019 तक कश्मीर मे वहां के लोगों से मिलेगा तथा कश्मीरियो को देश की मुख्य धारा से कैसे जोड़ा जाए-- इस बारे मे चर्चा करेगा। उन्होने कहा कि प्रतिनिधिमंडल की यात्रा के बारे मे केंद्र सरकार एवं अन्य अधिकारियों को सूचित किया गया है। यह 12 अक्टूबर को नई दिल्ली रवाना से रवाना होगा। प्रतिनिधिमंडल मे राजस्थान (अजमेर, जयपुर और झुंझुनू), हैदराबाद, नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, गुजरात और बिहार की दरगाहो से प्रतिनिधि होगे।

## वेद के जरिए समाज में समरसता को बढ़ावा देगी विश्व हिन्दू परिषद

**नई दिल्ली।** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने पूरे देश में वेदों के प्रचार प्रसार के जरिए समरता को बढ़ावा देने की मुहिम शुरू की है जिसमें एक ओर रथयात्रा एवं यज्ञों का आयोजन तो दूसरी ओर वेद विद्यालय की स्थापना पर जोर दिया जा रहा है। विहिप के संरक्षक दिनेशचंद्र ने संवाददाताओं को बताया, इस श्रृंखला में नई दिल्ली के बिड़ला मंदिर के प्रांगण में 9 से 14 अक्टूबर तक चतुर्वेद स्वाहाकार महायज्ञ का आयोजन किया गया है। इसे विश्व हिन्दू परिषद, अशोक सिंघल फाउंडेशन तथा माता मंदिर झंडेवाला आयोजित कर रहे हैं।विहिप के प्रदेश कार्याध्यक्ष वागीश इस्सर ने बताया कि इसमें राष्ट्रीय स्वसंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत, सर कार्यवाह भैयाजी जोशी के अलावा भाजपा अध्यक्ष अमित शाह, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह के शामिल होने का कार्यक्रम है।

# क्रिकेट खेलने पर हुए मामूली विवाद पर 30 वर्षीय व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

एजेंसी। भिण्ड (मध्यप्रदेश)

● मृतक के परिजन की शिकायत पर पांच लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है

**भिण्ड जिले** के एक गांव में क्रिकेट खेलने पर एक दिन पहले हुए मामूली विवाद को लेकरर 30 वर्षीय एक व्यक्ति की उसके चचेरे भाई ने बृहस्पतिवार सुबह कथित तौर पर गोली मार कर हत्या कर दी।

यह घटना जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर की दूर नयागांव पुलिस थानांतर्गत कोट गांव में हुई। इस मामले में गोली मारने वाले सहित उसके परिवार के पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

भिण्ड जिले के पुलिस अधीक्षक रुडोल्फ अल्वारेस ने बताया कि आनंद शर्मा (40) ने बृहस्पतिवार सुबह करीब आठ बजे अपनी लाइसेंसी रायफल से अपने घर पर बृजेन्द्र शर्मा की गोली मार कर हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि घटना के वक्त बृजेन्द्र अपने तीन अन्य साथियों के साथ आनंद के घर पर क्रिकेट खेलने के दौरान हुए मामूली विवाद को निपटाने आया था। अल्वारेस ने बताया कि आनंद के छोटे भाई राघवेन्द्र (28) के साथ उसके चचेरे भाई बृजेन्द्र का क्रिकेट खेलने के दौरान बुधवार शाम को मामूली विवाद हो गया था। इस विवाद को निपटाने को लेकर बृजेन्द्र अपने तीन अन्य साथियों के साथ बृहस्पतिवार सुबह अपने चचेरे भाई के घर पर आया, लेकिन यह विवाद और अधिक बढ़ गया। उन्होंने कहा कि सुबह 8 बजे राघवेंद्र के बड़े भाई आंनद ने अपनी लाइसेंसी रायफल से बृजेन्द्र को गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

अल्वारेस ने बताया कि इस संबंध में मृतक के परिजन की शिकायत पर पांच लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है, जिनमें गोली चलाने वाला आंनद, उसका छोटा भाई राघवेंद्र एवं उसके परिवार के सदस्य रामहेत (60), अभिषेक (17) एवं अविनेश (23) शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सभी आरोपी फरार है। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# मुठभेड़ मामले में जेल की सजा के दौरान ढाई साल अस्पताल में गुजारे: प्रदीप शर्मा

एजेंसी। मुंबई

**शिवसेना के** टिकट पर मुंबई के नालासोपारा सीट से विधानसभा चुनाव लड़ रहे पूर्व पुलिस अधिकारी एवं मुठभेड़ विशेषज्ञ प्रदीप शर्मा ने कहा कि लखन भैया कथित फर्जी मुठभेड़ मामले में साढ़े तीन साल जेल की सजा के दौरान उन्होंने ढ़ाई साल अस्पताल में बिताए।शर्मा ने इस सप्ताह की शुरूआत में पालघर जिले के निकट नालासोपारा इलाके में एक रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। उनके भाषण का कथित वीडियो सोशल मीडिया में घूम रहा है। वीडियो में शर्मा कथित रूप से कहते दिख रहे हैं कि भाजपा नीत मौजूदा राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री और शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे ने उस मुश्किल समय में उनकी मदद की।शर्मा ने कहा, मेरे जीवन के मुश्किल दौर में शिंदे साहेब ने मेरी बहुत मदद की। मेरी साढ़े तीन साल जेल की सजा के दौरान मैंने ढाई साल अस्पताल में गुजारे। ऐसा उनकी मदद से हुआ। हालांकि, जब शर्मा से उनकी वीडियो को लेकर टिप्पणी के लिए संपर्क किया गया तो उनके प्रवक्ता ने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रचारित वीडियो संदर्भ से परै है। एकनाथ शिंदे ने मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि शर्मा पुलिस के सेवारत अधिकारी (मामले के समय) थे। मंत्री ने पत्रकारों से कहा, पुलिस की मदद करना अपराध नहीं है।पूर्व पुलिस अधिकारी शर्मा को मुठभेड़ विशेषज्ञ कहा जाता है। वह मुठभेड़ के 100 से अधिक मामलों में शामिल रहे हैं।

# रामदास ने राजीव मामले में सात दोषियों की रिहाई को मोदी से दखल का अनुरोध किया

एजेंसी। चेन्नई

**पाट्टाली मक्कल** कॉची (पीएमके) के संस्थापक एस रामदास ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नई दिल्ली में मुलाकात की और राजीव गांधी हत्या मामले के सात दोषियों की रिहाई के लिए उनसे इस मामले में हस्तक्षेप का अनुरोध किया।

पार्टी की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि रामदास अपने पुत्र एवं राज्यसभा सदस्य अंबुमणि के साथ यहां पहुंचे और उन्होंने प्रधानमंत्री से 20 मिनट की मुलाकात की जो अच्छी और सार्थक रही।

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की मई 1991 में हत्या कर दी गई थी। श्रीपेरंबदुर में एक चुनावी रैली में प्रतिबंधित लिट्टे की एक आत्मघाती हमलावर ने खुद को उड़ा लिया था।पीएमके प्रमुख ने मोदी को एक पत्र सौंपा है। इसमें उन्होंने कहा है कि पिछले वर्ष उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु सरकार को सात दोषियों- मुरुगन, संथन, पेरारिवलन, रॉबर्ट पायस, रविचंद्रन, जयकुमार और नलिनी की रिहाई के बारे में फैसला लेने की अनुमति दे दी थी।

रामदास ने बताया कि इसके बाद राज्य सरकार ने नौ सितंबर 2018 को एक मंत्रिमंडल का एक प्रस्ताव स्वीकार किया था जिसमें राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित को उनकी रिहाई की सिफारिश भेजी थी लेकिन राज्यपाल कार्यालय ने इस मामले पर अब कोई फैसला नहीं लिया है।

उन्होंने कहा कि इसके कारण दुनियाभर के लाखों तमिल लोग निराश हैं। रामदास ने कहा कि सातों लोग बिना किसी ठोस कारण के बीते 28 साल से जेल में हैं और यह मानवाधिकार का गंभीर उल्लंघन है। उन्होंने कहा यह अनुचित है।

# दिग्विजय ने आयोजकों से कहा, रघुपति राघव राजाराम.. से करें कार्यक्रम की शुरुआत

एजेंसी। इंदौर (मध्यप्रदेश)



● दिग्विजय के कार्यालय से जारी होने वाले उनके दौरा कार्यक्रमों में भी इन "अनुरोध का स्पष्ट जिक्र किया जा रहा है

**महात्मा गांधी** के 150वीं जयंती वर्ष में वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह की ओर से उनके मुख्य आतिथ्य वाले मंचीय कार्यक्रमों के आयोजकों के लिए विशेष अनुरोध जारी किए जा रहे हैं। इनमें यह बात अहम है कि 72 वर्षीय राज्यसभा सांसद की खास मौजूदगी वाले कार्यक्रमों की शुरूआत बापू के प्रिय भजन रघुपति राघव राजाराम.. से की जाएगी।

दिग्विजय के कार्यालय से जारी होने वाले उनके दौरा कार्यक्रमों में भी इन "अनुरोधौं का स्पष्ट जिक्र किया जा रहा है। आयोजकों से अनुरोध किया जा रहा है कार्यक्रम के प्रारंभ में गांधीजी के प्रिय भजन रघुपति राघव राजाराम, ईश्वर-अल्लाह तेरे नामै के गायन का प्रबंध करें। यदि गायक न मिलें, तो यूट्यूब से उक्त भजन को डाउनलोड कर उसे बजाने का प्रबंध किया जा सकता है। दिग्विजय के कार्यालय से उनके सावर्जनिक कार्यक्रमों को लेकर जारी होने वाले आधिकारिक सूचना पत्र में यह भी कहा जा रहा है कि संबंधित आयोजन में इस भजन को बजाए जाने के बाद सभी श्रोता अपने स्थान पर बैठे हुए अपनी-अपनी आस्था के अनुसार अथवा अपने आराध्य या महापुरुष का स्मरण करते हुए एक मिनट का मौन रखेंगे। इसके बाद ही कार्यक्रम विधिवत प्रारंभ होगा। इस चार सूत्रीय फेहरिस्त में यह बात भी शामिल है कि कार्यक्रम के दौरान दिग्विजय का स्वागत केवल एक व्यक्ति करेगा और इसके लिए फूलों की माला या गुलदस्ते के बजाय महात्मा गांधी की विचारधारा के अनुरूप सूत की माला का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके साथ ही, वह कार्यक्रम के दौरान मंच पर नहीं बैठेंगे और मंच पर तभी पहुंचेंगे जब उन्हें वक्ता के रूप में वहां बुलाया जाएगा।



हैदराबाद में आयोजित एक दशहरा संबंधी कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक वाद्य यंत्र बजाते हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल बंगारू दत्तात्रेय

## क्विक न्यूज

### टाटा मोटर्स की वैश्विक थोक बिक्री सितंबर में 27 प्रतिशत गिरी

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसके समूह के वाहनों की थोक वैश्विक बिक्री सितंबर महीने में 27 प्रतिशत की गिरावट के साथ 89,912 इकाई रही। इसमें जगुआर और लैंड रोवर ब्रांड वाहनों की बिक्री भी शामिल है। कंपनी ने शेयर बाजारों को दी गई जानकारी में कहा है कि सितंबर में उसके सभी प्रकार के यात्री वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 14 प्रतिशत गिरकर 61,388 इकाई रही। समूह की ब्रिटेन की कंपनी जगुआर लैंड रोवर ने सितंबर महीने में वैश्विक स्तर पर 53,091 वाहनों की निकासी की। इसमें जगुआर ब्रांड के 13,800 और लैंड रोवर ब्रांड के 39,291 वाहन थे। वाणिज्यिक वाहनों के बाजार में कंपनी के टाटा मोटर्स और टाटा देवू ब्रांड के वाहनों की निकासी सितंबर में 28,524 इकाई रही। यह एक साल पहले इसी माह की निकासी से 45 प्रतिशत कम है।

### एअर इंडिया एसेट्स होल्डिंग ने बांड जारी कर जुटाए 7,000 करोड़

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया एसेट्स होल्डिंग लिमिटेड (एआईएएचएल) ने बांड जारी कर 7,000 करोड़ रुपए की राशि जुटाई है। कंपनी इसका उपयोग एअर इंडिया का कर्ज उतारने में करेगी। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने बृहस्पतिवार को कहा कि एआईएएचएल के दूसरे बांड निर्गम को अधिक अभिदान मिला है। यह निर्गम 7,000 करोड़ रुपए का था। एअर इंडिया समूह की इस कंपनी के निर्गम को 21,736 करोड़ रुपए की बोलियां मिली है। प्रवक्ता ने कहा कि एआईएएचएल का दूसरा बांड निर्गम में1,000 करोड़ रुपए का है। इसकी अवधि 10 वर्ष है। इसमें 6,000 करोड़ रुपए का ग्रीन शू (अधिक अभिदान मिलने की स्थिति में नए बांड जारी करने का विकल्प) विकल्प भी है। इसके लिए 7.39 प्रतिशत की दर पर पूर्ण अभिदान मिला है। सितंबर में एआईएएचएल ने बांड जारी कर 7,000 करोड़ रुपए और जुटाए थे।

### प्रस्तावित केरल बैंक के गठन को मिली रिजर्व बैंक की अंतिम मंजूरी

**तिरुवनंतपुरम।** जिला सहकारी बैंकों को मिलाकर अपना बैंक बनाने का केरल सरकार का सपना हकीकत में बदलने वाला है। रिजर्व बैंक ने इसके लिए अंतिम मंजूरी दे दी है। गठन के बाद प्रस्तावित केरल बैंक राज्य का सबसे बड़ा बैंक बन जाएगा। राज्य के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने रिजर्व बैंक से मंजूरी मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि जिला सहकारी बैंकों का केरल स्टेट कोऑपरेटिव बैंक के साथ विलय कर केरल बैंक बनाया जाएगा। विजयन ने बुधवार को एक फेसबुक पोस्ट में कहा, केरल बैंक बनाने की अंतिम मंजूरी रिजर्व बैंक से मिलने की खबर से खुश हूं। हमें उम्मीद है कि नए बैंक के गठन से राज्य के विकास को गति मिलेगी। सरकारी सूत्रों के अनुसार, 13 जिला सहकारी बैंकों को केरल स्टेट कोऑपरेटिव बैंक के साथ मिलाकर प्रस्तावित केरल बैंक का गठन किया जाएगा। विपक्षी कांग्रेस नीत गठबंधन नियंत्रित मल्लपुरम सहकारी बैंक को छोड़ शेष सभी जिला सहकारी बैंकों ने सरकार के इस कदम को मंजूरी दे दी है।

### ब्रिटेन ने अमेरिका से की यूरोपीय निर्यात पर लगाए शुल्क को वापस लेने की मांग

**लंदन।** ब्रिटेन ने यूरोपीय संघ के निर्यात पर शुल्क लगाने को लेकर अमेरिका के समक्ष निराशा जाहिर की और इन्हें वापस लेने की बुधवार को मांग की। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कार्यालय ने इसकी जानकारी दी। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के कार्यालय के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि जॉनसन ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बातचीत की। प्रवक्ता ने कहा, एयरबस-बोइंग विवाद को लेकर ब्रिटेन तथा यूरोपीय संघ के निर्यात पर शुल्क लगाने को लेकर उन्होंने ट्रंप के सामने निराशा जाहिर की। बयान में कहा गया, इससे स्कॉच व्हिस्की समेत कई उद्योग नष्ट हो जाएंगे। उन्होंने (जॉनसन ने) ट्रंप से शुल्क वापस लेने की मांग की। उल्लेखीय है कि विश्व व्यापार संगठन ने हाल ही में अमेरिका को यूरोपीय संघ पर शुल्क लगाने की मंजूरी दी है।

### सतीश रेड्डी बने भारतीय औषधि संगठन के अध्यक्ष

**हैदराबाद।** दवा बनाने वाली कंपनी डॉ रेड्डीज लेबोरेटरीज लिमिटेड के चेयरमैन सतीश रेड्डी को 2019-2021 के लिए भारतीय औषधि संगठन (आईपीए) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को जारी बयान में इसकी जानकारी दी। बयान में कहा गया कि पैनेशिया बायोटेक लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजेश जैन उपाध्यक्ष बने रहेंगे। वह पहले 2013 से 2015 के दौरान भी आईपीए के अध्यक्ष रह चुके है।

# शेयर बाजार में गिरावट जारी, बैंकिंग वित्तीय कंपनियों पर रहा दबाव

**एजेंसी।** मुंबई







**कंपनियों के** तिमाही परिणाम के नरम परिदृश्य के बीच बैंकिंग, वाहन और धातु कंपनियों की शेयर कीमतों में तेज गिरावट के चलते बृहस्पतिवार को देश का प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स करीब 300 अंक लुढ़क गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स कारोबार के दौरान एक समय 375 अंक तक नीचे चला गया था। अंत में यह 297.55 अंक यानी 0.78 प्रतिशत की गिरावट के साथ 37,880.40 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी भी 78.75 अंक यानी 0.70 प्रतिशत गिरकर 11,234.55 अंक पर बंद हुआ।

कारोबारियों ने कहा कि कंपनियों के तिमाही परिणाम के कमजोर परिदृश्य के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। मूडीज द्वारा जीडीपी वृद्धि का पूर्वानुमान घटाने से भी निवेशकों की धारणा पर असर पड़ा। सेंसेक्स की कंपनियों में इंडसइंड बैंक, एस बैंक, टाटा मोटर्स, वेदांता, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक और टाटा स्टील के शेयर 6.15 प्रतिशत तक गिर गए। इसके विपरीत भारती एयरटेल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर्स, एचसीएल टेक, पावरग्रिड, सन फार्मा, एशियन पेंट्स और बजाज ऑटो जैसे कुछ शेयरों में 5.05 प्रतिशत तक सुधार हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, दूसरी तिमाही के परिणामों की घोषणा की शुरुआत के साथ बाजार पिछले दिन की तेजी को आगे बढ़ाने में असफल रहा। निकटभविष्य में निफ्टी के 11,300 अंक से 11,100 अंक के दायरे में रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा, परिणाम खराब रहने के अनुमान तथा क्षेत्र में जारी संकट के कारण बैंकों पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। इस महीने के दौरान बाजार के प्रदर्शन पर कंपनियों के तिमाही परिणाम का असर रहेगा। बीएसई के समूहों में बैंकिंग, रियल्टी, वित्त, धातु और वाहन के सूचकांक 2.61 प्रतिशत तक गिर गए। हालांकि, दूरसंचार, ऊर्जा, टेक तथा तेल एवं गैस सूचकांक 3.76 प्रतिशत तक की बढ़त में रहे। बीएसई का मिडकैप और स्मालकैप 0.87 प्रतिशत तक गिर गया। वैश्विक स्तर पर अमेरिका और चीन के बीच नए दौर की व्यापार वार्ता के कारण निवेशक सतर्क रहे। एशियाई बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट, हांगकांग का हैंग सेंग और जापान का निक्की बढ़त में बंद हुआ। हालांकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी नुकसान के साथ बंद हुआ। यूरोपीय बाजार कारोबार के दौरान तेजी में चल रहे थे। इस बीच रुपया दिन में मामूली बढ़त के साथ 71.04 रुपए प्रति डॉलर पर चल रहा था। ब्रेंट क्रूड का वायदा 0.74 प्रतिशत गिरकर 57.89 डॉलर प्रति बैरल पर चल रहा था।

## टीसीएस का दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 1.8 प्रतिशत बढ़कर 8,042 करोड़ रुपए विशेष लाभांश देगी

**एजेंसी।** मुंबई

**देश की** सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का चालू वित्त वर्ष की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 1.8 प्रतिशत बढ़कर 8,042 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 7,901 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। बीएसई को भेजी सूचना में मुंबई की कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी आय 5.8 प्रतिशत बढ़कर 38,977 करोड़ रुपए पर पहुंच गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 36,854 करोड़ रुपए थी। टीसीएस के साथ प्रौद्योगिकी कंपनियों के तिमाही नतीजों की शुरुआत हो गई है। कंपनी ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने पांच रुपए के दूसरे अंतरिम लाभांश और एक रुपए के शेयर पर 40 रुपए प्रति इक्विटी शेयर के विशेष लाभांश की घोषणा की है। टीसीएस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक राजेश गोपीनाथन ने कहा कि वित्तीय सेवाओं और खुदरा खंड में उतार-चढ़ाव के बावजूद हमने तिमाही के दौरान स्थिर वृद्धि दर्ज की है। हमारी सेवाओं के लिए मध्यम और दीर्घावधि की मांग मजबूत है।

## सबसे मुश्किल दौर से गुजर रहा है चीन: ट्रंप

**एजेंसी।** वाशिंगटन



**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि चीन अपनी अर्थव्यवस्था को बचाए रखने में दशक के सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है और वह व्यापार सौदा करना चाहता है। ट्रंप ने यह टिप्पणी ऐसे समय की है जब दोनों देश शीघ्र ही अगले दौर की व्यापार वार्ता करने वाले हैं। उन्होंने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा, चीन अभी मुश्किल दौर से गुजर रहा है। मुझे लगता है कि वह व्यापार सौदा करने के लिए परेशान हो रहे हैं। अत: हमारे पास कई ऐसे कारण हैं जिससे हमें उत्साहित होना चाहिए।

ट्रंप ने कहा, दोनों देश साल भर से अधिक समय से असफल बातचीत कर रहे हैं। हमारे पास बातचीत के लिए हैरान करने वाले व्यापार सौदे हैं। आखिरकार हमारे पास अद्‌भुत अर्थव्यवस्था और शानदार बाजार है। उन्होंने कहा, मेरे विचार से चीन व्यापार सौदा करने के लिए मुझसे अधिक उत्सुक है। हालांकि मैं व्यापार सौदे के बिना भी खुश हूं। उन्होंने कहा कि चीन में व्यापार युद्ध के कारण 35 लाख से अधिक लोगों का रोजगार छीन गया है। उन्होंने कहा, अब तक उनके 35 लाख रोजगार के अवसर बर्बाद हुए हैं, उनकी श्रृंखला बिखर रही है। उनकी आपूर्ति श्रृंखला टूट रही है। वे सौदा करना चाहते हैं। सवाल यह है कि क्या मैं सौदा करना चाहता हूं। जवाब है कि यदि सही सौदा हो तभी। मुझे लगता है कि यह चीन के लिए भी ठीक होगा।

## ब्रेक्जिट से पहले अगस्त में ब्रिटेन के जीडीपी में गिरावट


**लंदन (एजेंसी)।** ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में अगस्त में संकुचन आया है। ब्रिटेन को इसी महीने यूरोपीय संघ से बाहर निकलना है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार ब्रेक्जिट से पहले ब्रिटिश अर्थव्यवस्था में गिरावट आई है। अगस्त में ब्रिटेन का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) जुलाई की तुलना में 0.1 प्रतिशत घटा। जीडीपी में सभी वस्तुओं और सेवाओं का सामूहिक उत्पादन आता है। इससे पहले जुलाई में ब्रिटेन की जीडीपी की संशोधित वृद्धि 0.4 प्रतिशत रही थी। हालांकि अगस्त तक तीन महीनों के दौरान ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 0.3 प्रतिशत बढ़ी है।

## मूडीज ने 2019-20 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान घटाकर 5.80 प्रतिशत किया

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**मूडीज इंवेस्टर्स** सर्विस ने 2019-20 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का अनुमान 6.20 प्रतिशत से घटाकर बृहस्पतिवार को 5.80 प्रतिशत कर दिया। मूडीज का कहना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था नरमी से काफी प्रभावित है और इसके कुछ कारक दीर्घकालिक असर वाले हैं। रिजर्व बैंक ने भी हालिया मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के बाद जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान घटाकर 6.10 प्रतिशत कर दिया है। मूडीज ने एक रिपोर्ट में कहा कि नरमी का कारण निवेश में कमी है जो बाद में रोजगार सृजन में नरमी तथा ग्रामीण क्षेत्र में वित्तीय संकट के कारण उपभोग में भी प्रभावी हो गया। उसने कहा, नरमी के कई कारण हैं और इनमें से अधिकांश घरेलू हैं तथा दीर्घकालिक असर वाले हैं। मूडीज ने कहा कि वृद्धि दर बाद में तेज होकर 2020-21 में 6.6 प्रतिशत और मध्यम अवधि में करीब सात प्रतिशत हो जाएगी।

उसने कहा, हम अगले दो साल जीडीपी की वास्तविक वृद्धि तथा महंगाई में धीमे सुधार की उम्मीद करते हैं। हमने दोनों के लिए अपना पूर्वानुमान घटा दिया है। दो साल पहले की स्थिति से तुलना करें तो जीडीपी वृद्धि दर आठ प्रतिशत या इससे अधिक बने रहने की उम्मीद कम हो गई है। इससे पहले एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और ओईसीडी ने भी भारत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान कम कर दिया था। रेटिंग एजेंसियां स्टैंडर्ड एंड पुअर्स और फिच ने भी पूर्वानुमान में कटौती की है। मूडीज ने कॉरपोरेट कर में कटौती तथा कम जीडीपी वृद्धि दर के कारण राजकोषीय घाटा सरकार के लक्ष्य से 0.40 प्रतिशत अधिक होकर 3.70 प्रतिशत पर पहुंच जाने की आशंका व्यक्त की। उसने कहा, अंतरराष्ट्रीय मानक के हिसाब से वास्तविक जीडीपी में पांच प्रतिशत की वृद्धि अपेक्षाकृत अधिक है, लेकिन भारत के संदर्भ में यह कम है। हालिया वर्षों में मुद्रास्फीति में अच्छी खासी गिरावट के कारण सांकेतिक जीडीपी की वृद्धि दर पिछले दशक के करीब 11 प्रतिशत से गिरकर 2019 की दूसरी तिमाही में करीब आठ प्रतिशत पर आ गई है। उसने कहा कि 2012 के बाद निजी निवेश अपेक्षाकृत नरम रहा है लेकिन जीडीपी में करीब 55 प्रतिशत योगदान देने वाला उपभोग शानदार रहा है।




## चीन की चेतावनी के बाद एपल ने हटाया हांगकांग से जुड़ा विवादित एप

**एजेंसी।** हांगकांग

**एपल ने** चीन की चेतावनी के बाद हांगकांग के प्रदर्शनकारियों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे एक परिवहन संबंधी एप को बृहस्पतिवार को स्टोर से हटा दिया। एप के डेवलपरों ने एक बयान में इसकी जानकारी दी। विवादित एप एचकेमैप डॉट लाइव के डेवलपरों के अनुसार एपल ने कहा, आपके एप का इस्तेमाल इस तरीके से किया जा रहा है जो कानून लागू करने वाली एजेंसियों और हांगकांग के रहवासियों के लिए खतरनाक है। उल्लेखनीय है कि चीन की सरकारी मीडिया ने बुधवार को एपल पर आरोप लगाया था कि कंपनी हांगकांग के प्रदर्शनकारियों की मदद कर रही है।

चीन के सरकारी अखबार पीपुल्स डेली में बुधवार को प्रकाशित एक आलेख में कहा गया कि एपल के स्टोर पर उपलब्ध परिवहन संबंधित एक एप की मदद से प्रदर्शनकारी हांगकांग में पुलिस की पहचान कर रहे हैं। आलेख में कहा गया, एप को एपल की मंजूरी मिलने से निश्चित तौर पर प्रदर्शनकारियों को मदद मिल रही है। इसका क्या यह मतलब है कि एपल का इरादा प्रदर्शनकारियों को मजबूत बनाने का है? परिवहन से संबंधित यह एप महज एक नमूना भर है। इसमें कहा गया, हांगकांग में जारी प्रदर्शन में कोई भी एपल को घसीटना नहीं चाहता है। लेकिन लोगों के पास यह राय बनाने के आधार उपलब्ध हैं कि एपल कारोबार के साथ राजनीति कर रही है और अवैध गतिविधियों में भी संलिप्त है। एपल को इस तरह की गतिविधियों के परिणाम के बारे में सोचना चाहिए।

## स्विट्जरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात कालाधन प्रश्रय देने वाले देशों की ईयू की सूची से बाहर

**एजेंसी।** लक्जमबर्ग

**यूरोपीय संघ** ने स्विट्जरलैंड और संयुक्त अरब अमीरात को कालाधन को प्रश्रय देने वाले देशों की सूची से बृहस्पतिवार को बाहर निकाल दिया। यूरोपीय संघ के 28 देशों के वित्त मंत्रियों ने कहा, अल्बानिया, कोस्टारिका, मॉरीशस, सर्बिया और स्विट्जरलैंड ने यूरोपीय संघ के आदर्श कर व्यवस्था के सिद्धांतों के साथ तालमेल बिठाने के लिए समयसीमा से पहले सभी आवश्यक सुधार किए हैं।

स्विट्जरलैंड दिसंबर 2017 से ही यूरोपीय संघ की ग्रे सूची में शामिल था। यूरोपीय संघ के आर्थिक मामलों के आयुक्त पिएरे मोस्कोविकी ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, यदि स्विट्जरलैंड इस सूची से बाहर हुआ है तो यह मेरे लिए सफलता है। ऐसी सबसे छोटी सूची ही सबसे अच्छी सूची होती है। यूरोपीय संघ की इस सूची में अब सिर्फ नौ ही देश बचे हैं। इन देशों में अमेरिकी समोआ, बेलिज, फिजी, गुआम, ओमान, समोआ, त्रिनिदाद एवं टोबैगो, अमेरिकी वर्जिन आइलैंड और वनुआतु शामिल है।

## अप्रैल-अगस्त में रत्न एवं आभूषण निर्यात करीब सात प्रतिशत घटा


**एजेंसी।** नई दिल्ली

**देश का** रत्न एवं आभूषणों का निर्यात चालू वित्त वर्ष की अप्रैल से अगस्त की पांच माह की अवधि में सात प्रतिशत घटकर 12.4 अरब डॉलर रह गया है। प्रमुख विकसित बाजारों में मांग घटने से रत्न एवं आभूषणों का निर्यात नीचे आया है। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्द्धन परिषद (जीजेईपीसी) के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। इससे पिछले साल की समान अवधि में रत्न एवं आभूषणों का निर्यात 13.4 अरब डॉलर रहा था। जीजेईपीसी ने कहा कि देश के कुल निर्यात में इस श्रम आधारित क्षेत्र का हिस्सा 15 प्रतिशत है। जीजेईपीसी ने कहा कि रत्न एवं आभूषण निर्यात में गिरावट की प्रमुख वजह स्वर्ण आभूषणों, रंगीन रत्नों और तराशे एवं पालिश किए हीरों के निर्यात में कमी आना है। हालांकि, इस दौरान सोने के पदकों और सिक्कों तथा चांदी के आभूषणों के निर्यात में क्रमश: 89.4 प्रतिशत और 83 प्रतिशत की वृद्धि हुई। भारत मुख्य रूप से अमेरिका, यूरोप, जापान और चीन को रत्न एवं आभूषणों निर्यात करता है। देश के कुल रत्न एवं आभूषण निर्यात में अमेरिका का हिस्सा करीब 25 प्रतिशत बैठता है।

## सरकार ने जीएसटी राजस्व बेहतर बनाने के सुझावों के लिए गठित की एक समिति

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**सरकार ने** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह तथा इसके प्रशासन को दुरुस्त करने के उपायों का सुझाव देने के लिए अधिकारियों की एक समिति गठित की है। एक आधिकारिक आदेश में कहा गया, समिति विस्तृत सुधारों पर विचार करेगी ताकि सुझावों की व्यापक सूची उभर कर आ सके। समिति के गठन की शर्तों में दुरुपयोग रोकने के उपायों तथा स्वैच्छिक अनुपालन में सुधार के कदमों समेत जीएसटी में संरचनात्मक बदलावों के बारे में सुझाव देना है। समिति को कर आधार बढ़ाने के उपायों के बारे में भी सुझाव देने की जिम्मेदारी दी गई है। आदेश में कहा गया कि कानून में नीतिगत उपायों तथा संबंधित बदलावों की जरूरत है। आंकड़ों के बेहतर विश्लेषण तथा बेहतर प्रशासनिक समन्वय के जरिए अनुपालन की बेहतर निगरानी तथा अपवंचना रोधी उपायों का सुझाव देना भी गठन की शर्तों में शामिल है। आदेश में कहा गया, समिति 15 दिनों के भीतर जीएसटी सचिवालय में पहली रिपोर्ट सौंप देगी।




## पीएमसी बैंक के नाराज उपभोक्ताओं से मिलीं सीतारमण हितों की रक्षा के लिए विधाई बदलाव का वादा किया

**एजेंसी।** मुंबई



**वित्तमंत्री निर्मला** सीतारमण ने बृहस्पतिवार को मुंबई में भाजपा कार्यालय के बाहर पीएमसी बैंक के नाराज उपभोक्ताओं से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए विधाई बदलाव किए जा रहे हैं। सीतारमण 21 अक्टूबर को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए होने वाले मतदान के संबंध में यहां संवाददाता सम्मेलन करने वाली थीं। इसकी सूचना पाकर पीएमसी के नाराज उपभोक्ता भाजपा कार्यालय के बाहर जमा हो गए। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वित्तीय सेवा विभाग तथा आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव जल्दी ही रिजर्व बैंक के एक डिप्टी गवर्नर से मुलाकात करेंगे और बहुराज्यीय सहकारी बैंकों की कार्यप्रणाली में खामियों पर चर्चा करेंगे। वे देखेंगे कि क्या कानूनों में बदलाव की जरूरत है। सीतारमण ने कहा, वे इस तरह की घटनाओं के दोहराव को रोकने तथा नियामक को मजबूती देने के लिए आवश्यक विधाई कदमों पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार इसे लेकर संसद के शीतकालीन सत्र में विधेयक लाएगी। उन्होंने कहा कि वह पीएमसी के उपभोक्ताओं के हितों के बारे में रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास से बातचीत करेंगी तथा उन्हें उपभोक्ताओं की दिक्कतों से अवगत कराएंगी। सीतारमण ने पीएमसी के नाराज उपभोक्ताओं से कहा कि रिजर्व बैंक मामले को देख रहा है।

### विभिन्न क्षेत्रों की मदद के लिए विशेष उपाय कर रही है सरकार: वित्त मंत्री

**एजेंसी।** मुंबई

**वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि आर्थिक नरमी को दूर करने के लिए सरकार विभिन्न क्षेत्रों के लिए अलग-अलग विशेष उपाय कर रही है। हालांकि उन्होंने इस सवाल का जवाब नहीं दिया कि क्या सरकार भी देश में आर्थिक नरमी की बात स्वीकार करती है। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर जून तिमाही में कम होकर छह साल के निचले स्तर पांच प्रतिशत पर आ गई है। इसके बाद रिजर्व बैंक ने हालिया मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में 2019-20 के लिए आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान 6.90 प्रतिशत से घटाकर 6.10 प्रतिशत कर दिया। सरकार ने आर्थिक वृद्धि दर को गति देने के लिए कॉरपोरेट कर में भारी-भरकम कटौती करने समेत कई उपाय किए हैं। सीतारमण ने निर्यात बेहतर करने, ऋण उपलब्धता आसान बनाने, वेंडरों को जल्दी पुनर्भुगतान कर अधिक धन उपलब्ध कराने और बैंकों में पूंजी डालने समेत अन्य उपायों का संकेत देते हुए कहा कि सरकार विभिन्न क्षेत्रों के लिए विशिष्ट उपायों पर गौर कर रही है। उन्होंने कहा, हम हर उस क्षेत्र को मदद दे रहे हैं, जिन्हें इसकी जरूरत है।

# भारत ने टेरर फंडिंग रोकने के लिए यूएन पर फिर बढ़ाया दबाव

● एफएटीएफ और संरा के बीच सहयोग पर दिया जोर

एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र

**भारत** ने आतंकियों और आतंकी समूहों को अन्य देशों द्वारा प्रत्यक्ष या परोक्ष वित्त पोषण की कड़ी निंदा की है और कहा है कि इससे ही वह आतंकी गतिविधियों को अंजाम दे पाते हैं। महासभा की छठी समिति की बैठक में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन में प्रथम सचिवाकानूनी सलाहकार एड्ला उमाशंकर ने बुधवार को यह बात कही। बैठक का विषय था अंतराष्ट्रीय आतंकवाद को खत्म करने के उपाय।

उमाशंकर ने कहा कि आतंक के वित्तपोषण को खत्म करने के लिए संयुक्त राष्ट्र तथा वित्तीय कार्वाई कार्यबल (एफटीएफए) के बीच सहयोग बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, राज्यों की ओर से आतंक को पैदा करने वाले संसाधनों के प्रवाह को रोकने की जरूरत है और इसके लिए लिए उपक्षेत्रीय स्तर तथा क्षेत्रीय स्तर पर सामूहिक अंत: देशीय प्रयास करने होंगे। आतंक के वित्त पोषण से लड़ने और उसे रोकने के लिए वैश्विक मानक तय करने में एफएटीएफ की महत्वपूर्ण भूमिका है और संयुक्त राष्ट्र को ऐसी संस्थाओं के साथ सहयोग बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश या उनकी मशीनरी की ओर से आतंकी समूहों या आतंकियों को प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से वित्तीय सहायता पहुंचाने की भारत कड़ी निंदा करता है। इसी वजह से आतंकी समूह आतंकी गतिविधियों से जुड़े आपराधिक मामलों में अपना बचाव कर पाते हैं। भारत की टिप्पणी उस पृष्ठभूमि में आई है जिसमें पाकिस्तान ने संरा सुरक्षा परिषद की आतंक निरोधी समिति से अनुरोध किया था कि मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद को बुनियादी खर्चे के लिए वह उसके बैंक खाते से पैसा निकालने की इजाजत दे। सईद को संयुक्त राष्ट्र ने आतंकी घोषित किया हुआ है। उसे आतंक के वित्त पोषण के एक मामले में इस वर्ष 17 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था। संयुक्त राष्ट्र के नियमों के मुताबिक किसी भी देश को आतंकी घोषित किए गए लोगों के सभी आर्थिक स्रोतों, अन्य वित्तीय संपत्तियों तथा कोषों पर रोक लगाना होती है। उमाशंकर ने कहा, संरा महासभा में बीते एक दशक से वैश्विक आतंक निरोधी रणनीति(जीसीटीएस) को लेकर चर्चा हो रही है लेकिन जमीन पर इसका कुछ विशेष प्रभाव नहीं रहा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से बनाई गई प्रतिबंध समिति धुंधली कार्य प्रणाली और फैसले लेने पर राजनीति हावी होने के कारण चयनित रूप से निशाना साधने का औजार बनकर रह गई है। उन्होंने भारत के इस दृढ़ विश्वास को दोहराया कि अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक सम्मेलन (सीसीआईटी) आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में मजबूत कानूनी आधार देगा और आतंक निरोधी प्रयासों में बहुपक्षीय तथा सामूहिक पैमाने का होना सभी सदस्य देशों के हित में होगा।

उमाशंकर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बिरादरी को आतंकवाद को बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं करने की नीति को अपनाना और लागू करना होगा। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद की जड़ें फैली हुई हैं, इसे और इसके असंख्य वैश्विक संपर्क को हाल के वर्षों में सभी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक गंभीर खतरा माना गया है। उन्होंने कहा कि आतंकी समूहों के बीच बढ़ते संपर्क, सीमा पार के अभियान मसलन आतंक के वित्त पोषण के नेटवर्क, आधुनिक तकनीकों का दुरुपयोग करते हुए घृणा फैलाने वाली विचारधाराओं का प्रचार तथा हथियारों के लिए पैसा मुहैया करवाने जैसे खतरों के चलते आतंक के प्रभाव से कोई भी देश सुरक्षित नहीं है।

उन्होंने कहा कि इस सचाई को सबूत की जरूरत नहीं है कि आतंकवाद का मुख्य निशाना लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष तथा बहु सांस्कृतिक समाज हैं। ए आतंकवाद के हमले के लिहाज से बहुत संवेदनशील हैं। उमाशंकर ने कहा, आतंकवादी हमारे देशों में नागरिक स्वतंत्रता, धार्मिक सहिष्णुता और सांस्कृतिक विविधता का फायदा उठाते हैं। उन्होंने सूचनाओं के आदान प्रदान, प्रभावी सीमा नियंत्रण के लिए क्षमता निर्माण, आधुनिक तकनीक के दुरुपयोग को रोकना, पैसे के अवैध लेनदेन पर नजर रखना और न्यायिक प्रक्रिया तथा जांच में सहयोग करते हुए आतंक का मुकाबला करने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया।





## पाकिस्तान ने एफएटीएफ बैठक के लिए अनुपालन रिपोर्ट तैयार की


**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने धन शोधन रोधी निगरानी संस्था एफएटीएफ की पेरिस में होने वाली बैठक के लिए अनुपालन रिपोर्ट तैयार की है। यह बैठक 12 से 15 अक्टूबर के बीच पेरिस में होगी। इसी बैठक में यह संस्था पाकिस्तान के ग्रे लिस्ट दर्जे के बारे में फैसला सुनाएगी। पेरिस की इस संस्था ने पाकिस्तान को पिछले वर्ष जून में ग्रे सूची में डाला था। साथ ही पाकिस्तान को कार्ययोजना दी थी जो उसे अक्टूबर 2019 तक पूरा करना थी। ऐसा नहीं होने की स्थिति में पाकिस्तान का नाम काली सूची में डाला जाना था, जिसमें फिलहाल ईरान और उत्तर कोरिया हैं। पाकिस्तान के प्रदर्शन का आकलन करने के बाद यह फैसला होगा कि वह ग्रे लिस्ट में ही बना रहता है अथवा उसे काली सूची में डाला जाएगा या फिर उसे क्लीन चिट मिल जाएगी। एशिया पेसिफिक समूह (एपीजी) की ओर से शनिवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि इस बात की संभावना अधिक है कि पाकिस्तान ग्रे लिस्ट में ही बना रहेगा क्योंकि देश को उस सूची में डालते वक्त संस्था ने जो 40 अनुशंसाएं की थी उनमें से पाकिस्तान ने केवल एक का ही पालन किया है। आर्थिक मामलों के प्रभाग के मंत्री हमाद अजहर के नेतृत्व में पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंड फ्रांस के लिए 13 अक्टूबर को रवाना होगा। डॉन के मुताबिक पाकिस्तान के मामले को 14 तथा 15 अक्टूबर को देखा जाएगा।

## उत्तर कोरिया ने परमाणु और लंबी दूरी की मिसाइलों का परीक्षण फिर शुरू करने की चेतावनी दी

एजेंसी। सियोल

**उत्तर** कोरिया ने बृहस्पतिवार को एक बार फिर परमाणु और लंबी दूरी की मिसाइलों का परीक्षण दोबारा शुरु करने की धमकी दी। उत्तर कोरिया ने अमेरिका के साथ स्वीडन में हुई परमाणु वार्ता को पिछले सप्ताह के अंत में रद्द कर दिया था, जिसके बाद उसके विदेश मंत्रालय की ओर से यह चेतावनी दी गई। उत्तर कोरिया ने कहा कि था अमेरिका ने कोई नया प्रस्ताव नहीं रखा, इसलिए वार्ता रद्द हो गई। कुछ दिन पहले सुरक्षा परिषद के सदस्य यूरोपीय देशों ने उत्तर कोरिया के बैलिस्टिक मिसाइल तथा अन्य हथियारों के परीक्षण की निंदा की थी, जिसपर मंगलवार को उत्तर कोरिया ने बयान जारी किया। बयान में कहा गया है कि निंदा करने का मकसद हमें उकसाना है क्योंकि सुरक्षा परिषद ने दो अक्टूबर को अमेरिका द्वारा तीन अंतर-महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षणों पर कोई कार्वाई नहीं की।

उत्तर कोरिया ने कहा कि अमेरिका ने उसपर दबाव बनाने के लिए इन मिसाइलों का परीक्षण किया। प्योंगयांग ने कहा कि हम भी इसी तरहै का जवाब दे सकते हैं, लेकिन हम ऐसा करने से इसलिए बच रहे हैं क्योंकि ऐसा करना अभी गैर-जरूरी या जल्दबाजी होगी। उत्तर कोरिया की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि हमारे धैर्य की भी एक सीमा है।



जकार्ता में इंडोनेशियाई मंत्री पर आईएसआईएस दंपती द्वारा हमला किए जाने के तत्काल बाद उन्हें अस्पताल ले जाते सुरक्षाकर्मी

## आईएस से जुड़े दंपती ने इंडोनेशियाई मंत्री पर चाकू से हमला किया

एजेंसी। जकार्ता

**इंडोनिशया** के मुख्य सुरक्षा मंत्री विरंतो पर आईएस से जुड़े एक आतंकी नेटवर्क के दो सदस्यों ने बृहस्पतिवार को चाकू से हमला कर दिया। देश के खुफिया प्रमुख ने यह जानकारी देते हुए बताया कि विरंतो की तत्काल सर्जरी कराई गई। टेलीविजन तस्वीरों में देखा जा सकता है कि सुरक्षा अधिकारी 72 वर्षीय विरंतो पर हमले के बाद जावा द्वीप पर पांडेंगलांग में एक विश्वविद्यालय के बाहर एक पुरुष और एक महिला को काबू में करने की कोशिश कर रहे हैं। हमला उस समय किया गया जब विरंतो एक गाड़ी से बाहर निकल रहे थे। संदिग्धों की पहचान 31 वर्षीय स्याहरिल अलामस्याह और 21 साल की फितरी अंद्रियाना के तौर पर की गई है। स्थानीय मीडिया के अनुसार दोनों शादीशुदा दंपती हैं। स्टेट इंटेलीजेंस एजेंसी के प्रमुख बी गुनावन ने जकार्ता में संवाददाताओं से कहा कि हमलावर जमात अंसहारुत दौलाह (जेएडी) के सदस्य हैं। यह आतंकी समूह इंडोनेशिया के दूसरे सबसे बड़े शहर सुराबाया में पिछले साल घातक बम हमलों के लिए जिम्मेदार था। जेएडी समेत कई चरमपंथी संगठन हैं जो इंडोनेशिया में इस्लामिक स्टेट समूह के प्रति वफादारी दिखाते हैं। पुलिस के मुताबिक विरंतो पहले भी हमलावरों के निशाने पर रहे। लेकिन हमला नाकाम रहा। उन्हें हेलीकॉप्टर से राजधानी जकार्ता ले जाया गया जहां पेट में आए दो गहरे घावों के लिए उनका इलाज चल रहा है। राष्ट्रपति जोको विदोदो ने कहा कि विरंतो की इस समय सर्जरी हो रही है। उन्होंने सभी इंडोनेशिया वासियों से विरंतो के जल्द स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना करने को कहा।

## भारत-फ्रांस में रिश्तों का नया सफर शुरू

एजेंसी। पेरिस



**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि फ्रांस की उनकी यात्रा बेहद सार्थक रही और इससे भारत तथा फ्रांस के द्विपक्षीय रक्षा संबंध और प्रगाढ़ होंगे। रक्षा मंत्री फ्रांस की तीन दिवसीय यात्रा समाप्त करके यहां से रवाना हो गए। रवाना होने के पहले उन्होंने फ्रांस की कंपनियों को रक्षा उपकरणों का निर्माण करने के लिए भारत को अपना ठिकाना बनाने का संदेश दिया। सिंह ने रवाना होने से पहले ट्वीट किया, शुक्रिया फ्रांसउ मेर्सीउ यह यात्रा बेहद सार्थक रही। उन्होंने कहा, इस यात्रा के नतीजे भारत और फ्रांस के बीच रक्षा सहयोग और मजबूत करेंगे। राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों, रक्षा मंत्री फ्लोरेंस पार्ली और फ्रांस सरकार के आतिथ्य के प्रति मेरा आभार। बुधवार शाम को सिंह ने फ्रांस के प्रमुख रक्षा उद्योगों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को संबोधित किया और तकनीकों के मेल के जरिए भारत के बंदरगाहों और रक्षा मंचों को अधुनिक बनाने को कहा। उन्होंने कहा, फ्रांस की कंपनियां रक्षा उपकरण निर्माण के लिए भारत को अपना ठिकाना बना सकती हैं। भारत के बड़े बाजार के लिए ही नहीं बल्कि अन्य देशों को निर्यात करने के लिए भी। सिंह ने भारत भर में एक समान वस्तु एंव सेवा शुल्क लागू करने के महत्व को भी रेखांकित किया। स्वतंत्रता के बाद यह कर सुधार की दिशा में सबसे बड़ा कदम है।उन्होंने कहा, हमने हाल ही में अपने कॉर्पोरेट कर में भारी कटौती की है। रक्षा के क्षेत्र में यदि मेक इन इंडिया के लिए कर को और सुसंगत करने की जरूरत पड़ी तो इसपर विचार किया जाएगा।

रक्षा मंत्री ने फ्रांस की कंपनियों की प्रति वर्ष भारत में डिफेंस एक्सपो में उत्साह के साथ भाग लेने की भी सराहना की। सिंह ने फ्रांस की कंपनियों को अगले साल पांच से आठ फरवरी के बीच लखनऊ में आयोजित होने वाले डेफएक्सपो में भाग लेने के लिए औपचारिक निमंत्रण भी दिया। उन्होंने कहा, लखनऊ समृद्ध संस्कृति और धरोहरों वाला शहर है और फ्रांस के लोग महान संस्कृतियों का आदर करने वाले माने जाते हैं। लखनऊ उत्तर प्रदेश की राजधानी है और नए अवसरों की भूमि भी।

## यहूदी प्रार्थनास्थल में गोलीबारी के बाद एकजुटता प्रदर्शन में शामिल हुईं मर्केल

**बर्लिन।** जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल शांति प्रदर्शन के लिए बर्लिन के मुख्य प्रार्थनास्थल पर बुधवार देर रात जुटे लोगों के साथ शामिल हुईं और हाले में घातक बंदूक हमले के शिकार हुए लोगों के प्रति एकजुटता दिखाते हुए यहूदी विरोधी विचारों का खंडन किया। यहूदियों के पवित्र दिन योम किप्पर के मौके पर हुई हिंसा पर सांत्वना प्रकट करते हुए मर्केल ने कहा, दुर्भाग्य से आज आपके पवित्र दिन, आपको कुछ खौफनाक देखना पड़ा। दो लोगों की मौत हो गई और जर्मनी में यहूदियों पर हमला हुआ। उन्होंने कहा, मेरा और हम सभी नेताओं का लक्ष्य है कि आप सुरक्षित रहें, यह सुनिश्चित करने के लिए हम सबकुछ करें। और आज का दिन दिखाता है कि यह पर्याप्त नहीं है और हमें और ज्यादा करना होगा।

## क्विक न्यूज

### फिलीपीन पुलिस ने 500 से अधिक विदेशी कर्मचारियों को गिरफ्तार किया

**मनीला।** फिलीपीन पुलिस और आव्रजन अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने अवैध रूप से काम करने वाले 500 से अधिक विदेशियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से अधिकांश चीनी है, जो दूरसंचार और निवेश घोटालो मे शामिल है। यह इस साल सामूहिक गिरफ्तारी की सबसे बड़ी घटनाओं में से एक है। आव्रजन आयुक्त जेम मोरेंटे और अन्य अधिकारियो का कहना है कि 542 विदेशी, जिन्हे बुधवार रात को महानगर मनीला मे उनकी कंपनी के परिसर मे एक छापे मे गिरफ्तार किया गया, उनके पास कार्य परमिट नही थे, जो ज्यादातर चीनी लोगो को पैसे के लिए ब्लैकमेल कर रहे थे या धोखा दे रहे थे। पुलिस मेजर जनरल गुइलेर्मो लोरेंजो एलीजार ने कहा कि चीन ने जानकारी दी जिसके आधार पर 400 से अधिक चीनी और म्यामां, मलेशिया, वियतनाम, ताइवान और इंडोनेशिया के अन्य कर्मचारियो को गिरफ्तार किया गया। संदिग्धो से पूछताछ की जा रही है।

### श्रीलंका में उच्चायुक्त की नियुक्ति निरस्त की पाकिस्तान ने

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने श्रीलंका मे अपने उच्चायुक्त की नियुक्ति को निरस्त कर दिया है और इस तरह से सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों को राजदूत के पदों पर बैठाने के लिए दोषपूर्ण प्रक्रिया अपनाने और आंतरिक राजनीतिक मतभेदों की बात सामने आ गई है। मीडिया मे प्रकाशित एक खबर मे यह कहा गया है। विदेश मंत्रालय ने 30 सितंबर को एक बयान मे कहा कि प्रधानमंत्री इमरान खान ने कई राजनयिक नियुक्तियां की है। इनमें सेवानिवृत्त मेजर जनरल साद खत्ताक को श्रीलंका मे उच्चायुक्त बनाने की घोषणा की गई जो कोलंबो मे सेवानिवृत्त मेजर जनरल शाहिद हशमत की जगह लेने वाले थे। हशमत का दो साल का कार्यकाल पूरा हो गया है। डॉन अखबार की खबर के अनुसार हालांकि रक्षा मंत्री परवेज खत्ताक ने जनरल खत्ताक की उच्चायुक्त के रूप में नियुक्ति के एक दिन बाद इस फैसले पर आपत्ति जताई। सरकार ने तब नियुक्ति रद्द करने का फैसला किया। विदेश कार्यालय के एक सूत्र के हवाले से पाकिस्तान के अखबार ने लिखा कि जब तक सरकार ने खत्ताक की नियुक्ति पर अपना विचार बदला तब तक श्रीलंका सरकार से उसकी मंजूरी के लिए अनुरोध किया जा चुका था। राजदूतों की नियुक्ति के लिए उस देश की सहमति जरूरी है जहां अधिकारी की नियुक्ति होनी है। इसलिए बाद मे जनरल खत्ताक की नियुक्ति की मंजूरी के लिए श्रीलंका से किए गए अनुरोध को वापस लेना पड़ा।



तुर्की के बलों द्वारा गुरुवार को बमबारी के दौरान सीरिया के अंदर लक्ष्य स्थान से धुआं निकलता हुआ

## अमेरिकी सांसदों का तुर्की पर सीरिया नहीं छोड़ने तक कड़े प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव

एजेंसी। वाशिंगटन

**अमेरिका** की रिपब्लिकन एवं डेमोक्रेटिक पार्टी के दो सांसदों ने बुधवार को कहा कि नाटो सहयोगी तुर्की पर कड़े प्रतिबंध लगाने के संबंध में उनके बीच सहमति बनी है। ए प्रतिबंध तब तक लागू रखने का प्रस्ताव दिया जाएगा जब तक कि तुर्की पड़ोसी सीरिया से अपने बलों को वापस न बुला ले। रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने कहा कि वह और डेमोक्रेट क्रिस वान होलन एक विधेयक पेश करेंगे जिसके तहत तुर्की के राजनीतिक नेतृत्व की सभी अमेरिकी संपत्तियों पर लेन-देन संबंधी रोक लग जाएगी। राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन, तुर्की के उपराष्ट्रपति एवं रक्षा मंत्री भी इस रोक के दायरे में आएंगे। साथ ही इस विधेयक के तहत तुर्की की सेना के साथ कारोबार करने वाली कंपनियों या उन तेल एवं गैस कंपनियों पर भी प्रतिबंध लगाए जाएंगे जो तुर्की के सशस्त्र बलों को अपनी सेवाएं उपलब्ध कराती हैं। गौरतलब है कि तुर्की ने सीरिया में कुर्दिश ठिकानों पर बुधवार को हवाई हमला शुरू कर दिया। ग्राहम और कई अन्य अमेरिकी सांसद उत्तर सीरिया से अमेरिकी सैनिकों को वापस बुलाए जाने के ट्रंप के फैसले पर आक्रोशित हैं। उन्होंने इस कदम को कुर्द बलों के साथ धोखा बताया है जो कई सालों से इस्लामी चरमपंथियों के खिलाफ लड़ाई में मदद कर रहे हैं। ग्राहम ने ट्विटर पर इसकी जानकारी देते हुए इस संबंध में द्विपक्षीय सहयोग की अपील की है।

## सीरिया में अभियान पर एर्दोआन की ईयू को चेतावनी : शरणार्थियों के लिए दरवाजे खोल देंगे

**अंकारा।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन ने बृहस्पतिवार को यूरोपीय संघ को चेतावनी दी कि अगर उसने सीरिया में तुर्की के सैन्य अभियान की आलोचना की तो वह लाखों शरणार्थियों को यूरोप की तरफ जाने की अनुमति दे देगा। एर्दोआन ने एक भाषण में कहा, यूरोपीय संघ, जागो। मैं इसे फिर कहता हूं - अगर आप वहां हमारे अभियान को घुसपैठ बताएंगे तो हमारा काम आसान है। हम दरवाजे खोल देंगे और आपके यहां 36 लाख शरणार्थियों को भेज देंगे। तुर्की ने बुधवार को सीरिया में कुर्द उग्रवादियों के खिलाफ अभियान की शुरुआत की। एर्दोआन ने कहा कि अभियान में अभी तक 109 आतंकवादी मारे गए हैं और जल्द ही उत्तर सीरिया के मनबिज से 350 किलोमीटर दूर इराकी सीमा तक के इलाके में अभियान चलाया जाएगा।

## बाइडेन ने पहली बार ट्रंप के खिलाफ महाभियोग चलाने की मांग की

एजेंसी। वॉशिंगटन



**अमेरिका** के पूर्व उप राष्ट्रपति तथा डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के प्रमुख दावेदार जो बाइडेन ने पहली बार राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ महाभियोग चलाने की मांग की और कहा कि ट्रंप अमेरिका के लोकतंत्र के लिए खतरा हैं, उन्होंने पद की शपथ का उल्लंघन किया है। उनकी पार्टी ने इस दावे पर महाभियोग जांच शुरू की है कि ट्रंप ने 25 जुलाई को टेलीफोन पर हुई बातचीत में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की पर उन भ्रष्ट व्यापारिक सौदे की जांच करने का दबाव बनाया, जिसमें बाइडन कथित रूप से शामिल हैं।

डेमोक्रेट सदस्यों का कहना है कि ट्रंप ने यूक्रेन को अमेरिकी सैन्य सहायता रोककर वहां के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को जांच के लिए बाध्य किया। ट्रंप ने आरोप से इनकार किया है और जांच को दुर्भावना से प्रेरित बताया है। न्यू हैंपशायर में एक चुनावी रैली में बाइडेन ने कहा, अमेरिका के इतिहास में कभी किसी राष्ट्रपति ने इस तरह का अकल्पनीय व्यवहार नहीं किया। राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने शब्दों और अपनी गतिविधियों से खुद को आरोपित किया है। न्याय के रास्ते में बाधा खड़ी करके और कांग्रेस की जांच में सहयोग से इनकार करके उन्होंने खुद को दोषी साबित किया है। बाइडेन ने पहली बार सार्वजनिक रूप से ट्रंप पर महाभियोग चलाने के लिए प्रतिनिधि सभा में डेमोक्रेट नेताओं का समर्थन करते हुए कहा, अमेरिकी जनता साफ देख सकती है कि ट्रंप ने पद की शपथ का उल्लंघन किया, राष्ट्र को धोखा दिया और महाभियोग लायक कृत्य किए। हमारे संविधान, लोकतंत्र, बुनियादी एकता की रक्षा के लिए उनपर महाभियोग चलाया जाना चाहिए। ट्रंप ने पलटवार करते हुए बाइडेन को भ्रष्टाचारी बताया।

## कुर्दों ने आईएसआईएस के खिलाफ जंग में अमेरिका की मदद नहीं की : ट्रंप

एजेंसी। वाशिंगटन

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि सीरिया के कुर्दों ने आईएसआईएस के खिलाफ जंग में अमेरिका की कोई मदद नहीं की। इस बयान के जरिए उन्होंने अमेरिकी बलों को वापस बुलाने के अपने फैसले का बचाव किया है जिससे तुर्की को पूर्वोत्तर सीरिया पर हमला करने के लिए सैन्य अभियान शुरू करने का रास्ता मिल गया। सीरियाई कुर्दों के बारे में माना जाता है कि वह क्षेत्र में अमेरिका का सहयोग करते हैं। हालांकि ट्रंप ने उनके सहयोग को मान्यता देने से इनकार कर दिया है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से बुधवार को कहा, कुर्द अपनी जमीन के लिए लड़ रहे हैं, आप इस बात को समझिए। जैसा कि किसी ने आज बहुत ही जबर्दस्त लेख में लिखा है कि उन्होंने द्वितीय विश्वयुद्ध में हमारी मदद नहीं की थी। उदाहरण के लिए उन्होंने नॉरमैंडी (फ्रांस) में हमारी मदद नहीं की थी। उन्होंने अलग-अलग युद्धों का नाम लिया है। लेकिन वे उनमें शामिल नहीं थे। लेकिन सीरिया में वे अपनी जमीन के लिए हमारी मदद कर रहे हैं और यह बिलकुल अलग बात है। तुर्की ने पूर्वोत्तर सीरिया में कुर्दों के नियंत्रण वाले इलाकों में बुधवार को हवाई हमले किए जिससे अब जमीन पर भी संघर्ष होने के आसार बन रहे हैं।ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ने हथियार, गोला-बारूद और वेतन के लिहाज से देखें तो कुर्दों की मदद पर अत्यधिक पैसा खर्च किया है।

वहीं एक कुर्द पत्रकार रहीम राशिदी ट्रंप के इस बयान से ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं क्योंकि एक साल पहले ही संवाददाता सम्मेलन में ट्रंप ने कुर्दों के सहयोग की जमकर तारीफ की थी। इतना ही नहीं उन्होंने अमेरिकी सहयोगियों के लिए अत्यंत सम्मान प्रकट करते हुए राशिदी को मिस्टर कुर्द का उपनाम भी दिया था। ट्रंप ने कुर्दों की रक्षा का वादा किया था। उन्होंने न्यूयॉर्क में पत्रकारों के सामने कहा था, वे (कुर्द) हमारे साथ लड़े हैं, उन्होंने हमारे लिए जान दी है। हम यह बात भूले नहीं हैं। लेकिन इनमें से कोई भी बात साबित होते नहीं दिख रही है।

### अमेरिका ने सीरिया के कुर्दों से दो जिहादियों को हिरासत में लिया

**वाशिंगटन।** सीरिया के कुर्दों द्वारा पकड़ कर रखे गए दो प्रमुख जिहादियों को अमेरिका ने हिरासत में ले लिया है और उन्हें देश से बाहर ले जाया गया है। एक रक्षा अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। खबरों के मुताबिक, उनकी पहचान कुख्यात ब्रिटिश लड़ाकों द बीटल्स के रूप में हुई है।अमेरिका ने इस्लामिक स्टेट समूह का मुकाबला करने के लिए सीरियाई कुर्द बलों के साथ गठजोड़ किया है। गौरतलब है कि तुर्की ने पूर्वोत्तर सीरिया में कुर्दों के नियंत्रण वाले इलाकों में बुधवार को हवाई हमले किए जिससे अब जमीन पर भी संघर्ष होने के आसार बन रहे हैं।

## एमक्यूएम संस्थापक अल्ताफ हुसैन पर आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप

**लंदन।** स्कॉटलैंड यार्ड ने ब्रिटेन में निर्वासन में रह रहे मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम) के संस्थापक अल्ताफ हुसैन पर पाकिस्तान में अपने समर्थकों को दिए भाषण में आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। मेट्रोपालिटन पुलिस आतंकवाद रोधी कमान ने कहा कि ब्रिटेन के आतंकवाद अधिनियम 2006 की धारा। (2) के तहत आतंकवाद को बढ़ावा देने के आरोप में हुसैन लंदन की वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट अदालत में पेश होंगे। हुसैन (65) ने 1990 के दशक में शरण मांगी थी और बाद में ब्रिटिश नागरिकता हासिल कर ली थी। उन्होंने हालांकि पाकिस्तान के सबसे बड़े राजनीतिक दलों में शामिल एमक्यूएम पर अपनी मजबूत पकड़ बरकरार रखी। एमक्यूएम का केंद्र पाकिस्तान की आर्थिक राजधानी कराची में है।

## ब्रिटिन के प्रधानमंत्री ने ट्रंप से मांगी कूटनीतिक मदद

एजेंसी। लंदन



**ब्रिटिश** प्रधान मंत्री बोरिस जॉनसन ने घातक सड़क दुर्घटना में शामिल होने के बाद ब्रिटेन छोड़ देने के एक अमेरिकी राजनयिक की पत्नी के मामले में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से कूटनीतिक सहयोग मांगा है। ब्रिटेन की पुलिस ने बताया कि 42 वर्षीय महिला 27 अगस्त को इंग्लैंड में हुई कार और मोटरसाइकल की टक्कर के मामले में संदिग्ध है।

यह दुर्घटना इंग्लैंड में अमेरिकी वायुसेना द्वारा प्रयोग किए जाने वाले सैन्य अड्डे आरएएफ क्राउटन के पास हुई थी जिसमें 19 वर्षीय मोटरसाइकल चालक हैरी डन की मौत हो गई। महिला का नाम आधिकारिक तौर पर सार्वजनिक नहीं किया गया। बोरिस जॉनसन के कार्यालय से जानकारी मिली है कि प्रधानमंत्री ने बुधवार को ट्रंप से कहा कि वह मामले में अमेरिका की स्थिति स्पष्ट कर संलिप्त व्यक्ति को ब्रिटेन वापस आकर पुलिस से सहयोग करने को कहें ताकि मृतक हैरी के परिवार को न्याय मिल सके।

# अग्रवाल एक बार फिर बने शतकवीर

- दूसरा टेस्ट : भारत की शानदार शुरूआत
- दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले दिन तीन विकेट पर 273 रन बनाए

एजेंसी। पुणे


अग्रवाल रन 108

शानदार फार्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल के शतक की मदद से भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन तीन विकेट पर 273 रन बना लिए।

खराब रोशनी के कारण खेल 86वें ओवर में ही रोक दिया गया। अग्रवाल ने 195 गेंद में 108 रन बनाए। इससे पहले विशाखापत्तनम में पहले टेस्ट में उन्होंने 215 रन बनाए थे। अग्रवाल ने चेतेश्वर पुजारा (58) के साथ दूसरे विकेट के लिए 138 रन की साझेदारी की। भारत ने रोहित शर्मा (14) का विकेट पहले ही घंटे में गंवा दिया था। आखिरी सत्र में कप्तान विराट कोहली जबर्दस्त फार्म में थे जिन्होंने 105 गेंद में नाबाद 63 रन बनाए। उन्होंने अजिंक्य रहाणे के साथ चौथे विकेट की अटूट साझेदारी में 75 रन जोड़ लिए हैं। रहाणे 70 गेंद में 18 रन बनाकर खेल रहे हैं। कोहली ने आखिरी घंटे में कुछ बेहतरीन शाट लगाए और अपनी पारी में दस चौके जड़े। अग्रवाल ने स्पिनरों और तेज गेंदबाजों को आसानी से खेला। उनकी पारी में 16 चौके और दो छक्के शामिल थे। उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर केशव महारात को लगातार दो छक्के और वेर्नोन फिलैंडर को चौका लगाकर अपना दूसरा टेस्ट शतक पूरा किया। अग्रवाल ने 18 गेंद में 74 रन चौकों छक्कों की मदद से और बाकी 34 रन 177 गेंद में पूरे किए। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने 18.1 ओवर में 48 रन देकर तीन विकेट लिए। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने शुरुआती सत्र में बेहतर लय के साथ गेंदबाजी की और भारतीय बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। खासकर रबाडा ने अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया। उन्होंने पहले टेस्ट के नायक रोहित (14) को सस्ते में आउट किया। उनकी खूबसरत गेंद पर रोहित के बल्ले का बाहरी किनारा लगा और विकेटकीपर क्विंटोन डिकाक ने कैच लपक लिया। पुजारा भी उनकी गेंद पर पवेलियन लौट जाते लेकिन तेंबा बावुमा शार्ट लेग पर कैच नहीं लपक सके। उन्होंने हालांकि चाय के विश्राम से पहले टेस्ट में आपना 22वां अर्धशतक लगाने वाले पुजारा को चलता किया जो पहले स्लिप में लपके गए। अग्रवाल ने शुरूआती घंटे में रबाडा और वेर्नोन फिलैंडर का संभल कर सामना किया लेकिन तीसरे तेज गेंदबाज एनरिच नोर्जे के खिलाफ उन्होंने सहजता से रन जुटाए। तीनों गेंदबाजो में नोर्जे ने सबसे अधिक गति से गेंदबाजी की लेकिन आफ स्टंप के बाहर फुल लेंथ की गेंद फेंकने का उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। डेल स्टेन ने भी ट्विटर के जरिए दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों को शार्ट गेंद के इस्तेमाल करने की सलाह दी थी। ऐसा समझा जा रहा है कि उनका यह सुझाव नोर्जे के लिए ही था। लंच के बाद नोर्जे ने शार्टपिच गेंदों का सहारा लिया लेकिन तब तक अग्रवाल की नजरें जम चुकी थी और उन्होंने 112वें गेंद में करियर का चौथा अर्धशतक पूरा किया। अग्रवाल ने शार्ट गेंदो पर शानदार पुल शाट लगाए। दूसरे छोर पर पुजारा अपने अंदाज में संभल कर खेलते रहे। विकेट की तलाश में दक्षिण अफ्रीकी कप्तान फाफ डु प्लेसी ने स्पिनर केशव महाराज को गेंद सौपी लेकिन सौराष्ट्र के इस अनुभवी बल्लेबाज ने उनका बखूब ही सामना किया। महाराज ने हालांकि दो मौकों को अग्रवाल को परेशानी में डाल जब बाएं हाथ के इस गेंदबाज की गेंद लेग स्टंप के सीध में टप्पा खाकर विकेट के बाहर निकली।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पहली पारी :** मयंक अग्रवाल का डु प्लेसी बो रबाडा 108, रोहित शर्मा का डिकाक बो रबाडा 14, चेतेश्वर पुजारा का डु प्लेसी बो रबाडा 58, विराट कोहली नाबाद 63, अजिंक्य रहाणे नाबाद 18, **अतिरिक्त :** 12 रन, **कुल योग :** 85 .। ओवर में तीन विकेट पर 273 रन, **विकेट पतन :** 1- 25, 2-163, 3-198, **गेंदबाजी :**, फिलैंडर 17-5-37-0, रबाडा 18.1-2 -48-3, नोर्जे 13-3-60 . 0, महाराज 29-8-89-0, मुथुस्वामी 6-1-22-0, एल्गर 2-0-11- 0

## पाकिस्तानी क्रिकेट व्यवस्था में गड़बड़ी : मिसबाह

**कराची।** पाकिस्तान के मुख्य कोच मिसबाह उल हक ने कहा कि श्रीलंका की दूसरे दर्जे की टीम के हाथों टी20 श्रृंखला में 0-3 से मिली हार ने उनकी आंखें खोलकर साबित कर दिया है कि देश की क्रिकेट व्यवस्था मे कुछ गड़बड़ है। मुख्य कोच और मुख्य चयनकर्ता दोनों पदों पर काबिज मिसबाह ने कहा कि घरेलू स्तर पर प्रतिभाओं का भी अभाव है। इस श्रृंखला से मेरी आंख खुल गई। ए ही खिलाड़ी काफी समय से खेल रहे हैं और इसी टीम ने हमें नंबर एक बनाया। ए लोग तीन चार साल से साथ खेल रहे हैं। यदि हम ऐसी टीम से हार सकते है जिसमें उसके मुख्य खिलाड़ी ही नही है तो हम खुद को नंबर एक कहने के हकदार नही है। मिसबाह ने कहा कि मैं इस हार की जिम्मेदारी लेता हूं। यह काफी निराशाजनक है और हम बहुत खराब खेले। लेकिन इसी टीम ने हमें बुलंदियों तक पहुंचाया था। यदि आप मुझे दोषी मानते है तो मै दस दिन पहले ही आया हूं।

## फिट रहने के लिए टूर्नामेंटों का चयन कर खेलूंगी: सिंधू

**चेन्नई।** विश्व चैम्पियन बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू ने गुरुवार को यहां कहा कि वह तोक्यो ओलंपिक से पहले फिट रहने के लिए टूर्नामेंटों का चयन कर खेलेंगी। ओलंपिक क्वालीफिकेशन प्रक्रिया इस साल 29 अप्रैल को शुरु हुई है और विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) 30 अप्रैल 2020 को इसके लिए रैंकिंग जारी करने पर विचार कर रहा है। पिछले साल बीडब्ल्यूएफ ने शीर्ष 15 एकल खिलाड़ियों और शीर्ष 10 युगल जोड़ियों के लिए विश्व टूर के 15 में से 12 टूर्नामेंटों में खेलना जरूरी कर दिया है। ऐसा नही करने पर उनके खिलाफ पेनल्टी लग सकती है। सिंधू ने कहा, चूकि यह ओलंपिक वर्ष है ऐसे में हर टूर्नामेंट महत्वपूर्ण है। आपको फिटनेस का स्तर बनाए रखने के लिए शारीरिक और मानसिक तौर पर फिट रहना होगा और हर टूर्नामेंट मे अपना सौ प्रतिशत देना होगा। हैदराबाद की इस खिलाड़ी ने कहा, जाहिर है कि मै चोटों से बचने के लिए टूर्नामेंटो का चयन करूंगी और अपना सौ प्रतिशत दूंगी। चौबीस साल की यह खिलाड़ी अगस्त में जापान की नोजोमी ओकुहारा को हराकर विश्व चैम्पियनशिप का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी थी। सिंधू ने इस मौके पर वेलाम्माल नेक्सस स्कूल के खेल में उपलब्धि हासिल करने वाले छात्रों को सम्मानित किया। उन्होंने बाद मे अभिनेता और मक्कल निधि मय्यम के प्रमुख कमल हासन से उनके कार्यालय में मुलाकात की।

## वियतनाम के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दोस्ताना मैच खेलेगी भारतीय महिला टीम

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला फुटबाल टीम अगले महीने हनोइ में अपने से ऊंची रैंकिंग वाली वियतनाम टीम के खिलाफ दो अंतरराष्ट्रीय दोस्ताना मैच खेलेगी। स्पेन और उजबेकिस्तान मे प्रभावी प्रदर्शन के बाद भारतीय सीनियर महिला टीम तीन और छह नवंबर को वियतनाम में दो मैच खेलेगी। भारत के मुख्य कोच मयमोल राकी का मानना है कि यह चुनौती काफी कठिन होगी। वियतनाम रैंकिंग में 34वें और भारत 58वें स्थान पर है। राकी ने कहा, वियतनाम काफी कठिन टीम है। हाल ही मे उसने विश्व कप खेलने वाली टीम थाईलैंड को हराया है जिससे पता चलता है कि वह कितनी अच्छी टीम है। भारतीय टीम का शिविर यहां 25 से 30 अक्टूबर को लगेगा और 31 अक्टूबर को टीम रवाना होगी।

## मयंक ने घरेलू क्रिकेट से हुनर सीखा : पुजारा

एजेंसी। पुणे

भारत के अनुभवी टेस्ट बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा का मानना है कि घरेलू क्रिकेट में 2017 में एक ही सत्र में 1000 रन पूरे करने वाले मयंक अग्रवाल ने बड़ी पारियां खेलने का हुनर घरेलू क्रिकट से सीखा है। टेस्ट क्रिकेट में नए अग्रवाल ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में दोहरा शतक जमाने के बाद दूसरे टेस्ट के पहले दिन शतक जड़ा। पुजारा ने कहा, अग्रवाल अनुभवी खिलाड़ी है जिसने प्रथम श्रेणी में काफी रन बनाए है। इससे उसे काफी मदद मिली। नब्बे के पास पहुंचने पर नर्वस होने की बात है तो वह इस मामले में निर्भीक है। उसे पता है कि पचासे को बड़ी पारियों में कैसे बदलना है। शतक पूरा करने पर वह बड़ी पारी खेलने में भी माहिर है। स्वयं बड़ी पारियां खेलने में पारंगत पुजारा ने क्या साझेदारी के दौरान अग्रवाल को टिप्स दिए, यह पूछने पर उन्होंने कहा, प्रथम श्रेणी क्रिकेट से बड़े स्कोर बनाने की आदत डल जाती है। मुझे उसे ज्यादा कुछ बताना नहीं पड़ा। हम उनकी रणनीति पर ही बात कर रहे थे। उनकी बल्लेबाजी में खामी होने पर मैं सिर्फ इतना कहता था कि शरीर के पास खेलो। वह खुद इतनी अच्छी बल्लेबाजी कर रहा था कि ज्यादा मार्गदर्शन देने की जरूरत ही नहीं पड़ी।

## 'रबाडा ने छींटाकशी की कोशिश की लेकिन मैंने ध्यान नहीं दिया'



**पुणे।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने दूसरे टेस्ट के शुरुआती दिन चेतेश्वर पुजारा की एकाग्रता भंग करने की कोशिश की लेकिन भारतीय टीम के इस अनुभवी बल्लेबाज को इससे कोई परेशानी नहीं हुई क्योंकि वह अपनी धुन में थे। पुजारा को 58 रन पर आउट करने के बाद रबाडा ने छींटाकशी के अंदाज में उन्हें कुछ कहा। शायद वह अपनी हताशा दूर करना चाहते थे क्योंकि किस्मत पुजारा के साथ थी। पुजारा ने जब खाता भी नहीं खोला था तब रबादा की गेंद पर उन्हें जीवनदान मिला था। पुजारा से जब पूछा गया कि रबाडा ने क्या कहा था तो उन्होंने बताया, मुझे याद नहीं उन्होंने क्या कहा था। वह ऐसे गेंदबाज है जो हमेशा बल्लेबाजों को कुछ ना कुछ कहते रहते है। भारतीय बल्लेबाज ने कहा, एक बल्लेबाज के रूप में, मुझे हमेशा से पता है कि वह (रबाडा) मेरी एकाग्रता को बिगाड़ने की कोशिश करेंगे। सिर्फ वही नहीं दूसरे गेंदबाज भी छींटाकशी करते है, ऐसे में मेरी कोशिश होती है कि मैं उन्हें सुनने से बच सकूं। अगर आप अपनी धुन में है तो गेंदबाज क्या कहते है वह आप शायद ही सुन पाएंगे क्योंकि बल्लेबाज के तौर आपका ध्यान इस बात पर होता है कि आप क्या कर सकते हैं। ऐसे में जब आप अपनी धुन में होते है तो उनकी बातों को आप सुन नहीं पाते पुजारा ने 112 गेंद में नौ चौके और एक छक्के की मदद से 58 रन बनाए।

## मौजूदा तेज गेंदबाजों ने भारतीय क्रिकेट के रूख को बदल दिया: कपिल

एजेंसी। मुंबई

महान क्रिकेटर कपिल देव ने मौजूदा तेज आक्रमण की तारीफ करते हुए कहा कि पिछले चार-पांच साल में इन गेंदबाजों ने भारतीय क्रिकेट के रूख को बदल दिया। कपिल से जब पूछा गया कि क्या मौजूदा भारतीय तेज आक्रमण सर्वश्रेष्ठ है तो कपिल ने कहा, क्या मुझे यह कहने की जरूरत है? विश्व विजेता पूर्व कप्तान ने कहा, ऐसे तेज गेंदबाजों का आक्रमण हमने देखा नहीं था, सोचा थी नहीं था। इसलिए किसी को कुछ कहने की जरूरत नहीं है और हां, बिना किसी संदेह के पिछले चार-पांच वर्षों में तेज गेंदबाजों ने भारतीय क्रिकेट के रूख को बदल कर रख दिया। मौजूदा भारतीय तेज गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह, उमेश यादव, मोहम्मद शमी, इशांत शर्मा, दीपक चाहर और नवदीप सैनी शामिल हैं। स्ट्रैस फैक्चर के कारण बुमराह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला की टीम में नहीं है लेकिन मोहम्मद शमी ने विशाखापत्तनम में पहले टेस्ट में शानदार गेंदबाजी कर उनकी कमी को महसूस नहीं होने दी। कपिल ने यहां एक प्रचार कार्यक्रम में कहा, इससे कुछ फर्क नहीं पड़ता (कि वह रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल नहीं है)। यह मायने रखता है कि वह टीम के लिए कितने प्रभावशाली है। उन्हें शानदार प्रदर्शन करते देखना अच्छा लगाता है। कपिल ने कहा कि यह देखकर खुशी होती है कि भारत से ऐसे विश्व स्तरीय तेज गेंदबाज निकल रहे है। उन्होंने कहा, आज यह जिंदगी के बारे में है। मुझे भारतीय गेंदबाजों की प्रतिभा पर फख्र है। वे अच्छी संख्या में आ रहे है। अपने समय में टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने कपिल ने युवा गेंदबाजों की प्रतिभा को निखारने के लिए इंडियन प्रीमियर लीग को श्रेय दिया। तेज गेंदबाजी आक्रमण का विकास होने में समय लगता है। अभी जितनी क्रिकेट खेली जा रही उसे देखकर अच्छा लगता है। आईपीएल के कारण कई तेज गेंदबाजों को मौका मिल रहा है। इस पूर्व हरफनमौला ने टेस्ट मैच में रोहित के अच्छे प्रदर्शन पर खुशी जताई। रोहित को रन बनाते देखना अच्छा लगता है। विकेटकीपर महेन्द्र सिंह धोनी के बारे में पूछे गए सवाल के पर उन्होंने कहा कि पूर्व कप्तान को चयनकर्ताओं से चर्चा कर अपने भविष्य का फैसला करना चाहिए। यह धोनी का ही फैसला होगा। हम उनके भविष्य के बारे कैसे कुछ कह सकते है। उन्हें या चयनकर्ताओं को इस पर फैसला करना चाहिए। वह महान क्रिकेटर है।

### मानद क्षमता में बैठक में भाग लेना हितों का टकराव नहीं



**मुंबई।** हितो के टकराव के आरोप के बाद क्रिकेट सलाहकार समिति से इस्तीफा देने वाले पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव ने गुरुवार को यहां कहा कि क्रिकेट के पेशेवर काम के साथ मानद क्षमता मे बैठक मे भाग लेना हितो का टकराव नही सकता। कपिल की अगुवाई मे क्रिकेट सलाहकार समिति ने भारतीय टीम के मौजूदा कोच रवि शास्त्री का चयन किया था। बीसीसीआई के आचरण अधिकारी डीके जैन ने सीएसी (कपिल, अंशुमन गायकवाड़ और शांता रंगास्वामी) को नोटिस उनके खिलाफ लगे हितो के टकराव के आरोपो का जवाब देने को कहा था। मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ के आजीवन सदस्य संजीव गुप्ता ने इन तीनो के खिलाफ शिकायत दायर की थी जिन्होने अगस्त मे मुख्य कोच के पद पर रवि शास्त्री को चुना था। नोटिस मिलने के बाद सीएसी के तीनो सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया था। कपिल से जब इस बारे मे पूछा गया तब उन्होने कहा, हितो का टकराव क्या है। टकराव तब होता है जब आप नियमित काम करते है, अगर आपको एक बैठक के लिए बुलाया जाता है तो वह टकराव नही होता है। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा, अगर आप पे रोल (नियमित वेतन) पर है तो यह टकराव है। अगर आप किसी मानद काम के लिए जाते है तो वह हितो का टकराव नही है।

## रबाडा अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की तरफ बढ़ रहे हैं : बर्नेस

एजेंसी। पुणे



दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजी कोच विंसेंट बर्नेस ने कहा कि तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा लय हासिल कर रहे है जो भारत के खिलाफ यहां दूसरे टेस्ट के पहले दिन लंच के बाद के सत्र में उनकी गेंदबाजी में दिखा। भारतीय टीम ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक तीन विकेट पर 273 रन बना लिए और यह तीनों विकेट रबाडा के नाम रहे। बर्नेस ने दिन के खेल के बाद कहा, रबाडा को ऐसे गेंदबाजी करते हुए देखना शानदार था। खासकर, लंच के बाद के स्पैल में अच्छी गेंदबाजी की। मुझे लगा कि उन्होंने विजाग (विशाखापत्तनम) में भी बढ़िया गेंदबाजी की थी। आज उन्होंने ऐसा संकेत दिए जिससे यह पता चलता है कि वह अपने खेल के शीर्ष पर पहुंच रहे है। इस दौरे पर हमारा ध्यान अपने मजबूत पक्ष के मुताबिक गेंदबाजी करना है। ऐसे विकेटों पर तेज गेंदबाजों को सुबह मदद मिलती है और हमारी योजना धैर्य रखने की थी। दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा, हमें सही दिशा में गेंदबाजी करने के साथ उनकी गलतियों का इंतजार करना था। पुजारा एक समय लय हासिल कर चुके थे और केजी (रबाडा) ने सही दिशा में गेंदबाजी कर उन्हें आउट किया। उन्होंने हालांकि माना कि दक्षिण अफ्रीका गेंदबाजों को अगर किस्मत (पुजारा का कैच उस समय छुटा जब उन्होंने खाता भी नहीं खोला था) का साथ मिला होता तो कुछ और विकेट चटका सकते थे। मुझे लगता है कि सुबह के सत्र में हमने अच्छी गेंदबाजी की और अगर थोड़ा सा किस्मत का साथ मिला होता तो हम कुछ और विकेट निकाल सकते थे।

## सचिन ने मुंबई क्रिकेट के गौरव को वापस दिलाने के लिए सुझाव दिए

- रात में यात्रा करने से बचें खिलाड़ी



एजेंसी। मुंबई

मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने मुंबई में क्रिकेट के स्तर को सुधारने के लिए गुरुवार को कई सुझाव दिए जिसमें खेल के मैदानों की संख्या बढ़ाना भी शामिल है। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के एक सूत्र ने बताया कि इस दिग्गज ने खिलाड़ियों के लिए सुझाव दिया कि उन्हें बस में और खासकर रात में यात्रा करने से बचना चाहिए। रणजी ट्राफी खिताब को रिकार्ड 41 बार जीतने वाली मुंबई की टीम पिछले कुछ वर्षों से घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रही है। एमसीए की नई प्रबंध समिति ने पिछले शुक्रवार को पदभार संभालने के बाद यहां के बांद्रा कुर्ला परिसर में दिग्गज बल्लेबाज के साथ बैठक की। एक सूत्र ने कहा कि तेंदुलकर ने 15 से अधिक सुझाव दिए जिसमें से रात को बस में यात्रा नहीं करने के सुझाव के साथ और वरिष्ठ खिलाड़ियों के लिए सम्मानजनक विदाई सुनिश्चित करना शामिल था। उन्होंने मैदानों की संख्या को बढ़ाने, सहायक कर्मचारियों के लिए बेहतर वेतन, स्कूल क्रिकेट के लिए 14 सदर्स्यीय टीम और महिला क्रिकेट को प्रोत्साहित करने का सुझाव दिया।

## दुबे का शतक बेकार, कर्नाटक से हारा मुंबई

- विजय हजारे ट्राफी

एजेंसी। बेंगलुरू



हरफनमौला शिवम दुबे के शतक के बावजूद गत चैम्पियन मुंबई को विजय हजारे ट्राफी एलीट ग्रुप ए के मैच में कर्नाटक ने नौ रन से हरा दिया।

पहले बल्लेबाजी के लिए भेजी गई कर्नाटक की टीम ने सात विकेट पर 312 रन बनाए। इसके बाद मुंबई की टीम 48 .1 ओवर में 303 रन पर आउट हो गई। तेज गेंदबाज अभिमन्यु मिथुन और स्पिनर के गौतम ने तीन तीन विकेट लिए। कर्नाटक के लिए सलामी बल्लेबाज देवदत्त पडीक्कल ने 85 गेंद में 79 रन बनाए जिसमें 10 चौके और एक छक्का शामिल था। सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने 58 रन की पारी खेली। दोनों ने पहले विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी की। मुंबई ने तीन विकेट जल्दी निकाल लिए थे जब कर्नाटक का स्कोर 146 रन था। इसके बाद कप्तान मनीष पांडे (62) और रोहन कदम (32) ने चौथे विकेट के लिए 69 रन जोड़े। बी आर शरत ने 28 और के गौतम ने 13 गेंद में नाबाद 22 रन बनाए। मुंबई के लिए दुबे के अलावा कोई बल्लेबाज नहीं चल सका। कप्तान श्रेयस अय्यर 11 और आदित्य तारे 32 रन बनाकर आउट हुए। अन्य मैचों में छत्तीसगढ ने वर्षाबाधित मुकाबले में झारखंड को सात विकेट से हराया। हैदराबाद ने आंध्र को वर्षाबाधित मैच में सात रन से हराया।

## दिल्ली ने ओडिशा को 63 रन से हराया


बंगाल के कप्तान ईश्वरन बिहार के खिलाफ शाट लगाते हुए

**वड़ोदरा।** अनुज रावत (69), ध्रुव शौरे (51) और नीतीश राणा (56) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर दिल्ली ने गुरुवार को यहां विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय टूर्नामेंट के एलीट ग्रुप बी के मैच में ओडिशा को 63 रन से शिकस्त दी।बल्लेबाजी का निमंत्रण मिलने पर दिल्ली ने छह विकेट पर 299 रन बनाने के बाद ओड़िशा को 50 ओवर में आठ विकेट पर 236 रन पर रोक दिया। रावत ने तीसरे विकेट के लिए शोरे के साथ 94 रन की साझेदारी की। आखिरी ओवरों में राणा और ललित यादव (27 गेंद में नाबाद 46 रन) की तेज र्तार बल्लेबाजी से दिल्ली की टीम ने ओडिशा को जीत के लिए 300 का लक्ष्य दिया। ओडिशा के लिए सूर्यकांत प्रधान ने 73 रन देकर तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए ओडिशा के लिए कप्तान सुभ्रांशु सेनापति ने 77 रन बनाकर संघर्ष किया लेकिन दूसरे छोर से उन्हें अच्छा साथ नहीं मिला। दिल्ली के लिए हरफनमौला मनन शर्मा ने तीन और राणा ने दो विकेट चटकाए। ग्रुप बी के दूसरे मैच में भारतीय टीम के पूर्व हरफनमौला यूसुफ पठान की 83 रन की शानदार पारी और तीन विकेट की बदौलत बड़ौदा ने महाराष्ट्र को 25 रन से हराकर सत्र की पहली जीत दर्ज की। एक अन्य मुकाबले में हिमाचल प्रदेश ने हरियाणा को 84 रन से हराया।

## पुडुच्चेरी ने अरूणाचल को पराजित किया

**देहरादून।** अरूण कार्तिक के नाबाद 86 रन की मदद से पुडुच्चेरी ने विजय हजारे ट्राफी घरेलू एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में प्लेट वर्ग में अरूणाचल प्रदेश को नौ विकेट से हराया। अरूणाचल ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन पूरी टीम 42 . 3 ओवर में 179 रन पर आउट हो गई। राहुल दलाल ने 47 गेंद में 40 रन बनाए। मध्यम तेज गेंदबाज असित राजीव ने 42 रन देकर तीन विकेट लिए। पुडुच्चेरी के लिए अरूण कार्तिक और एस कार्तिक ने पहले विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी की। अरूण ने अपनी पारी में 10 चौके और दो छक्के लगाए। पुडुच्चेरी अब सात मैचों में पांच जीत के साथ शीर्ष पर है जबकि चंडीगढ उससे छह अंक पीछे है। चंडीगढ ने मिजोरम को 10 विकेट से हराया। वहीं एक अन्य मैच में असम ने सिक्किम को सात विकेट से शिकस्त दी।

# मेरीकोम का आठवां पदक पक्का

## ● विश्व चैम्पियनशिप : तीन अन्य सेमीफाइनल में

**एजेंसी।** उलान उदे



छह बार की चैम्पियन एम सी मेरीकोम (51 किलो) महिला विश्व चैम्पियनशिप के इतिहास में सबसे सफल मुक्केबाज बन गई जिन्होंने सेमीफाइनल में पहुंचकर आठवां पदक पक्का कर लिया जबकि भारत की तीन अन्य मुक्केबाज भी अंतिम चार में पहुंच गई।

पहली बार खेल रही मंजू रानी (48 किलो), पिछले सत्र की कांस्य पदक विजेता और तीसरी वरीयता प्राप्त लवलीना बोरगोहेन (69 किलो) और जमुना बोरो (54 किलो) भी सेमीफाइनल में पहुंच गई। तीसरी वरीयता प्राप्त मेरीकोम ने कोलंबिया की वालेंशिया विक्टोरिया को 5-0 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। हरियाणा की रानी ने शीर्ष वरीयता प्राप्त और पिछले बार की कांस्य पदक विजेता दक्षिण कोरिया की किम हयांग मि को 4-1 से मात दी। वहीं असम राइफल्स की बोरो ने जर्मनी की उर्सुला गोटलोब को इसी अंतर से हराया। बोरगोहेन ने पोलैंड की छठी वरीयता प्राप्त कैरोलिना कोजेवस्का को 4-1 से मात दी। जीत के बाद मेरीकोम कहा, पदक सुरक्षित करके मैं बहुत खुश हूं लेकिन फाइनल में पहुंचने से और खुशी होगी। यह मेरे लिए अच्छा मुकाबला था और अब मैं सेमीफाइनल में बेहतर प्रदर्शन करना चाहूंगी। सेमीफाइनल में शनिवार को उनका सामना दूसरी वरीयता प्राप्त तुर्की की बुसेनाज साकिरोग्लू से होगा जो यूरोपीय चैम्पियनशिप और यूरोपीय खेलों की स्वर्ण पदक विजेता है। उन्होंने चीन की केइ जोंग्जू को क्वार्टर फाइनल में हराया। रानी का सामना अब थाईलैंड की सी रकसात से होगा जिसने पांचवीं वरीयता प्राप्त यूलियानोवा असेनोवा से होगा। वहीं बोरो शीर्ष वरीयता प्राप्त एशियाई खेलों की पूर्व कांस्य पदक विजेता हुआंग सियाओ वेन से होगा। बोरगोहेन की टक्कर चीन की यांग लियू से होगी जिसने शीर्ष वरीयता प्राप्त चेन निएन चिन को मात दी। दो बार की कांस्य पदक विजेता कविता चहल (प्लस 81 किलो) हालांकि बेलारूस की कैटसियारिना कावालेवा से 0-5 से हार गई। मेरीकोम ने संयम के साथ खेलते हुए अपने मौकों का इंतजार किया। उनका अनुभव उनकी सफलता की कुंजी साबित हुआ। उनके सीधे पंच काफी प्रभावी थे और उन्होंने विक्टोरिया के डिफेंस को भेद दिया।

इस जीत के साथ मेरीकोम ने टूर्नामेंट की सफलतम मुक्केबाज होने का अपना ही रिकार्ड तोड़ा। पदकों की संख्या के आधार पर वह पुरूष और महिला दोनों में सबसे सफल है। पुरूष वर्ग में क्यूबा के फेलिक्स सावोन ने सर्वाधिक सात पदक जीते हैं। मेरीकोम के नाम अभी तक छह स्वर्ण और एक रजत पदक है लेकिन वह 51 किलोवर्ग में पहली बार पदक जीतेगी। पिछली बार वह क्वार्टर फाइनल में हार गई थी। मेरीकोम ने ओलंपिक कांस्य पदक (2012), पांच एशियाई खिताब, एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण भी जीता है। इस साल उन्होंने गुवाहाटी में इंडिया ओपन और इंडोनेशिया में प्रेसिडेंट ओपन में स्वर्ण पदक जीता। वह राज्यसभा सदस्य भी है। तीन बार की एशियाई पदक विजेता चहल का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। उनके समूह में कम प्रतियोगी होने के कारण उन्हें सीधे क्वार्टर फाइनल में प्रवेश मिला था।


मंजू रानी


जमुना बोरो

# भारतीय टीम काफी हद तक छेत्री पर निर्भर: भूटिया

**कोलकाता।** पूर्व कप्तान बाईचुंग भूटिया ने गुरुवार को कहा कि भारतीय फुटबाल टीम की अग्रिम पंक्ति काफी हद तक सुनील छेत्री के प्रदर्शन पर निर्भर करती है और गोल करने के मौके बनाने के लिए दूसरे खिलाड़ियों को भी खेल के स्तर को ऊंचा करना होगा। भूटिया ने कहा कि टीम की रक्षा पंक्ति ने विश्व कप क्वालीफायर के पिछले दो मुकाबलों में अच्छा खेल दिखाया और 15 अक्टूबर को बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले मुकाबले में अग्रिम पंक्ति पर मैच जीतने की जिम्मेदारी होगी। भूटिया ने पीटीआई भाषा से कहा, हमारी मुख्य चिंता रक्षा पंक्ति की रही है और अगर टीम अपने प्रदर्शन को बनाए रखती है तो अच्छा होगा। अब बांग्लादेश के खिलाफ मैच अग्रिम पंक्ति के खिलाड़ियों के लिए बड़ी परीक्षा होगा। अब रक्षा पंक्ति की जगह अग्रिम पंक्ति को योगदान करना होगा। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कतर के खिलाफ (ड्रा मैच में) भारत ने अच्छा बचाव किया। हमें निश्चित रूप से अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी की जरूरत है। हमें गोल करने के मौके बनाने होंगे क्योंकि इस टीम में सिर्फ सुनील (छेत्री) ही है जो गोल करने में सक्षम है। अगर वह नहीं खेल रहे या गोल करने में नाकाम रहते हैं तो टीम के लिए मुश्किलें बढ़ जाती हैं। भारत को बांग्लादेश के खिलाफ यहां 15 अक्टूबर को विश्व कप क्वालीफायर का अपना तीसरा मुकाबला खेलना है।

# बीसीसीआई की शीर्ष परिषद का हिस्सा होंगी रंगास्वामी

## ● आजाद और गायकवाड़ में मुकाबला

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत की पूर्व कप्तान शांता रंगास्वामी बीसीसीआई की शक्तिशाली शीर्ष परिषद का हिस्सा होंगी जिनका इंडियन क्रिकेटर्स एसोसिएशन (आईसीए) में निर्विरोध चुना जाना तय है। नामित उम्मीदवारों की अंतिम सूची में रंगास्वामी आईसीए की प्रतिनिधि होने के नाते बीसीसीआई की नौ सदस्ईय शीर्ष परिषद के लिए एकमात्र उम्मीदवार है। उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त लोढा समिति ने इस परिषद की अनुशंसा की है।

आईसीए अध्यक्ष और आईपीएल संचालन परिषद में इसके प्रतिनिधि के निर्विरोध निर्वाचित होने से तीन दिवसीय चुनाव में पुरुष प्रतिनिधि के लिए मुख्य मुकाबला पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आजाद और अंशुमान गायकवाड़ के बीच है। तीसरे पूर्व क्रिकेटर सौराष्ट्र के राकेश ध्रुवे हैं। अशोक मलहोत्रा और सुरेंदर खन्ना का आईसीए अध्यक्ष और आईपीएल संचालन परिषद प्रतिनिधि के तौर पर निर्विरोध चुना जाना तय है। आनलाइन होने वाले चुनाव में 1267 आईसीए सदस्य भाग लेंगे जिसका नतीजा मंगलवार को निकलेगा। अंशू दानी और हितेश मजूमदार सचिव पद के लिए दावेदारी पेश कर रहे है जबकि कोषाध्यक्ष के लिए किशोर कुमार और वी. कृष्णास्वामी के बीच मुकाबला होगा।

### चुनाव में लोढ़ा समिति के सुझावों की अनदेखी करने पर आरसीए के खिलाफ शिकायत

**जयपुर।** राजस्थान क्रिकेट संघ के चुनाव हारने वाले गुट ने प्रशासकों की समिति को भेजी गई शिकायत में सत्तारूढ धड़े पर उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त लोढा समिति की सिफारिशों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए आगामी बीसीसीआई चुनाव में आरसीए का मतदान का अधिकार वापिस लेने की मांग की है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत चार अक्टूबर को हुए चुनाव में नए अध्यक्ष चुने गए। उनके गुट ने सभी छह सीटें जीती। वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामेश्वर डूडी की अगुवाई वाले दूसरे गुट ने आरोप लगाया है कि निर्वाचन अधिकारी आर आर रश्मि ने नागौर, श्रीगंगानगर और अलवर जिला संघों पर लगा निलंबन वापिस ले लिया था जो गलत है। ए तीनों संघ कथित तौर पर आईपीएल के पूर्व आयुक्त ललित मोदी से जुड़े हैं और नतीजतन डूडी और उनके गुट के कुछ लोगों के नामांकन रद्द हो गए। वैभव गहलोत से अध्यक्ष पद का चुनाव हारने वाले रामप्रकाश चौधरी ने आरोप लगाया, बीसीसीआई द्वारा नियुक्त निष्पक्ष निर्वाचन अधिकारी द्वारा नए सिरे से चुनाव कराए जाने चाहिए। ए चुनाव आरसीए लोकपाल न्यायमूर्ति ज्ञानसुधा मिश्रा (उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश) की निगरानी में होने चाहिए।

### सीओए का फैसला मनमाना और गलत: बीसीसीआई के पूर्व वकील

**कोलकाता।** बीसीसीआई के पूर्व प्रमुख कानूनी सलाहकार उषा नाथ बनर्जी ने तीन राज्य संघों को बोर्ड की सालाना आम बैठक(एजीएम) में भाग लेने से रोकने के प्रशासकों की समिति (सीओए) का फैसले पर सवाल उठाते हुए इसे पूरी तरह मनमाना और गलत करार दिया। सीओए ने बुधवार तमिलनाडु क्रिकेट संघ(टीएनसीए), महाराष्ट्र क्रिकेट संघ (एमसीए) और हरियाणा क्रिकेट संघ (एचसीए) को संविधान में संशोधन नही करने के कारण 23 अक्टूबर को मुंबई में होने वाली बीसीसीआई की एजीएम में भाग लेने से रोक दिया है। बनर्जी ने हालांकि कहा कि अगर किसी राज्य ने बदलावों का अनुपालन नही किया है तो उसे पहले साल के लिए वित्तीय अनुदान और अन्य लाभो से वंचित किया जा सकता है लेकिन एजीएम में भाग लेने से नही रोका जा सकता है। बनर्जी ने पीटीआई-भाषा से कहा, एक बार जब राज्य संघ पूर्ण सदस्य के तौर पर मान्यता प्राप्त कर लेता है तब एजीएम में भाग लेना और मतदान करना उसका कानूनी और संवैधानिक अधिकार है। उसके इस अधिकार को व्यक्तियों का समूह तब तक वापिस नही ले सकता जब तक वह मनमाना और गैर कानूनी हो। बीसीसीआई की आम सभा भी उसे नही रोक सकती।


## गुमशुदा/अपहृत की तलाश


शिव कुमार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़का जिसका नाम **शिव कुमार, पुत्र सुनील रौत, पता** मकान नं. बी-37/3, सुखी नाहर, स्वर्ण पार्क, नाँगलोई, दिल्ली, जो दिनांक 15.09.2019 को थाना क्षेत्र, नाँगलोई, दिल्ली से लापता/अपहृत है। इस संदर्भ में एक **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 588/19 धारा 363 भा.द.स. के तहत दिनांक 16.09.2019** थाना नाँगलोई, दिल्ली में दर्ज है। गुमशुदा/अपहृत लड़के का ब्यौरा इस प्रकार है:

**नाम** : शिव कुमार **पिता का नाम** : सुनील रौत, **उम्र** : 14 साल, **कद** : 4 फुट, **रंग** : गेहूँआ, **चेहरा** : गोल, **पहचान चिन्ह** : दाहिने अंगूठे पर कट का निशान और दिमाग से कमजोर है। **पहनावा** : जिसने सफेद और हल्के ब्लू रंग की चैकदार शर्ट, और ब्लू जीन्स पैन्ट पहने हुए है।

अगर किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

वेबसाइट : http://cbi.nic.in
ई-मेल : cic@cbi.gov.in
फैक्स : 011-24368639
फोन : 011-24368638, 24368641
DP/2757/OD/19

**थानाध्यक्ष**
**थाना : नाँगलोई, दिल्ली**
**फोन : 011-25947225**
**25949470**


# अन्नू रानी ने स्वर्ण जीता, नीरज ने नाम वापस लिया

## राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप

**एजेंसी।** रांची

शानदार लय में चल रही अन्नू रानी ने गुरुवार को यहां 59वीं राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिला भाला फेंक स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। इस महीने की शुरुआत में दोहा में विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा में 62.43 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ फाइनल में जगह बनाने वाली अन्नू को यहां के बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में कोई खास चुनौती नही मिली। रेलवे की 25 साल की इस खिलाड़ी ने छह प्रयास में 56.97, 55.97, 58.31, 57.29, 56.86, 58.60 मीटर भाला फेंका। दूसरे स्थान पर रही रेलवे की शर्मिला का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 53.28 मीटर रहा। इस बीच भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने कहा कि उन्होंने अपने कोच की सलाह पर चैंपियनशिप में हिस्सा नही लेने का फैसला किया। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, एएफआई के अधिकारियो ने मेरे कोच से बात की। कोच ने मुझे बताया कि आप बेहतर हो रहे हैं, लेकिन इतने लंबे समय के बाद प्रतियोगिता मे भाग लेने का बुरा असर पड़ेगा। इसलिए मैंने प्रतियोगिता में भाग नही लेने का फैसला किया। ओएनजीसी के सुरेश कुमार ने 10 हजार मीटर की दौड़ स्पर्धा में 29 मिनट 41.25 सेकेंड के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया। एशियाई चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले गुजरात के मुरली कुमार गावित नौवें पायदान पर रहे। इससे पहले जिन्सन जॉनसन (एएफआई) और अजय कुमार सरोज (रेलवे) ने पुरुषों की 1500 मीटर दौड़ के अपने-अपने हीट में शीर्ष पर रहे। चार सौ मीटर बाधा दौड़ में सेना के टी संतोष कुमार 51.78 सेकेंड के समय के साथ शीर्ष पर। विश्वविद्यालय खेलो की चैंपियन दुती चंद सेमीफाइनल्स क्वालीफायर के अपनी हीट में 11.55 सेकेंड के समय के साथ शीर्ष रही।

# 2028 ओलंपिक तक शीर्ष दस में रहना जरूरी वरना खेलमंत्री के रूप में विफल : रीजीजू

**एजेंसी।** नई दिल्ली

किरेन रीजीजू ने गुरूवार को कहा कि भारत अगर 2028 ओलंपिक में पदक तालिका में शीर्ष दस में नहीं आता तो वह खेलमंत्री के रूप में नाकाम रहेंगे। रीजीजू ने कहा कि भारत कुछ साल में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा और खेलों में भी वह पीछे नहीं रह सकता। हमारा देश 2022 या 2024 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। हम अगले चार पांच साल में कई क्षेत्रों में शीर्ष तीन में रहेंगे। ओलंपिक में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने का कोई कारण नहीं है। उन्होंने यहां तोक्यो ओलंपिक 2020 में इंडिया हाउस के लोगो के अनावरण के मौके पर कहा, 2020 ओलंपिक करीब है लेकिन 2024 या 2028 तक भारत पदक तालिका में शीर्ष 10 में पहुंच जाएगा। भारत अगर ऐसा नहीं कर सका तो मेरे खेलमंत्री रहने का कोई फायदा नहीं। खेलमंत्री ने आईओए से यह सुनिश्चित करने को कहा कि राष्ट्रीय खेल महासंघों में प्रशासन का स्तर आला रहे। उन्होंने यह भी ताकीद की कि किसी अधिकारी या कोच के कारण किसी खिलाड़ी का कैरियर बर्बाद नहीं होना चाहिए। खेल प्रबंधन में अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हमें निकट भविष्य में खेल की महाशक्ति बनना है तो यह बहुत जरूरी है। आईओए और एनएसएफ को प्रशासन का स्तर ऊंचा रखना होगा। मैं आईओए की कार्यप्रणाली से खुश हूं। , यदि किसी खिलाड़ी का कैरियर प्रबंधन में किसी व्यक्ति के अहंकार के कारण बर्बाद होता है तो सरकार इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। हमारा रवैया खिलाड़ी और खेल प्रधान है। रीजीजू ने कहा कि भारत 2028 ओलंपिक में कबड्डी को शामिल कराने की कोशिश करेगा।



### तोक्यो में पहली बार भारत का ओलंपिक आतिथ्य गृह होगा

**नई दिल्ली।** अगले साल तोक्यो में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए पहली बार भारत का ओलंपिक आतिथ्य गृह बनेगा। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और जेएसडब्ल्यू समूह ने गुरूवार को इस सुविधा को बनाने के लिए साझेदारी की। ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले कई देश खेलों के दौरान अपना आतिथ्य गृह बनाते है लेकिन भारत के लिए यह पहली बार होगा। इसमें भारतीय संस्कृति और विरासत को दिखाया जाएगा। खेल मंत्री किरेन रीजीजू ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अध्यक्ष नरिंदर बत्रा और महासचिव राजीव मेहता की मौजूदगी में इंडिया हाउस के लोगो का अनावरण किया। तोक्यों में होने वाले ओलंपिक के लिए इंडिया हाउस शानदार विचार है। हमें ऐसी टीम की जरूरत है जो चैम्पियन खिलाड़ी बना सके। ओलंपिक के लिए हमें खिलाड़ियों को सही माहौल देना होगा। तोक्यो खेलों में इंडिया हाउस भारत की झलक पेश करेगा। इंडिया हाउस अगले साल जुलाई में खुल जाएगा और इसका निर्माण खेल गांव के और अरिआके क्षेत्र में स्थित खेल परिसर के पास 2,200 स्कायर मीटर क्षेत्र में होग। यह भारतीय एथलीटों के लिए घर जैसा माहौल उपलब्ध कराएगा जहां उनके लिए चिकित्सा सुविधा के साथ भोजन भी उपलब्ध रहेगा।

# अदिति और रोहन गुरबानी की हार

**एजेंसी।** कजान (रूस)

अदिति भट्ट और रोहन गुरबानी की हार के साथ गुरुवार को यहां बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप के एकल प्रतियोगिता में भारत का अभियान समाप्त हो गया। महिलाओ के वर्ग मे अदिति चौथी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया की पुतरी कुसुमा ने 11-21 15-21 से हरा कर एकल वर्ग से बाहर हो गई। रोहन को पुरूष एकल मे विश्व जूनियर रैंकिंग मे 24वें स्थान पर काबिज चीन के रेन चेंग मिंग ने 21-15 21-13 से हराया। अदिति के पास हालांकि युगल मे खिताब जीतने का मौका है।


## PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the public at large, on behalf of our client, **Mr. Mazid Ali** S/o Mohd. Alsam R/o. 1073-A, Ward No. 1, Mehrauli, New Delhi-110030 **(having 75% share) & Mrs. Sandhya Sharma** W/o Mr. Gajender Sarup Sharma R/o H. No.-737, Sector-28, Faridabad, Haryana-121008 **(having 25% share) of Schedule Property.**

Mr. Anant Ram acquired the entire property from Ministry of Rehabilitation, Govt. of India vide Certificate of Sale dated 29.05.1961 area measuring 378 sq. yds.

Unfortunately, Mr. Anant Ram Bakshi died. Leaving behind following Class I Legal heirs viz.1) Mr. Pavitra Bakshi (2) Mr. Ashwini Bakshi (3) Mr. Rajender Bakshi (4) (a) Mrs. Kulwant Bakshi, (b) Mr. Dheeraj Bakshi and (5) Mr. Rakesh Bakshi.

Further execute a Regd. Partition Deed dated 07.03.2017 executed between (1) Mr. Pavitra Bakshi (owner of 103 sq. yds.), (2) Mr. Ashwini Bakshi (owner of 104 sq. yds.), (3) Mr. Rajender Bakshi (owner of 50 sq.yds.), (4) (a) Mrs. Kulwant Bakshi, (b) Mr. Dheeraj Bakshi (both owner of 76.77 sq. yds.) and (5) Mr. Rakesh Bakshi (owner of 43.76 sq. yds.) in respect of entire property, area measuring 378 sq. yrds., duly regd. at concerned Sub-Registrar-V-A, Delhi, as Doc. No.1085, Book No. I, Vol. No. 1707, Pages 184-195, regd. on 07.03.2017 **read with Rectification** Deed Doc. No. 7529, Book no. I, Vol. No. 2083, Pages No. 80-84, regd. on 15.12.2017.

Finally Mr. Majid Ali (having 75% share) and Mrs. Sandhya Sharma (having 25% share) purchase the Schedule Property from Mr. Pavitra Bakshi (having area 103 sq. yds.), Mr. Ashwini Bakshi (having area 104 sq. yds.) & Mr. Rajender Bakshi (having area 50sq.yds.), area measuring 257sq.yds.,vide Sale Deed duly regd. at concerned **Sub-Registrar-V-A, Delhi,** as Doc. No.42, Book No.1, Vol. No. 2114, Pages 189-196, Regd. on 03.01.2018.

If any person has any objection regarding the same abound the said Property / ownership rights, please raise objection with documentary proof within 15 days of Publication at the below address.

**Schedule Property**

Property bearing No. 16/1-2 and 4, Ward No. 1, area measuring-257 sq. yds., out of Khasra No. 1151/3 min, situated in the abadi of Lal Dora of Village-Mehrauli, New Delhi.

**Sachin Maheshwari, Advocate**
**Khaitan and Khaitan**
A-38, Kailash Colony, New Delhi-110048
Tel 011-49774545 Mob.-9911380328



## पहचान की अपील



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृत व्यक्ति जिसकी **उम्र** 45-50 वर्ष, **कद: 5'7", रंग:** सांवला, **धर्म:** मुस्लिम, जिसने काले रंग की शर्ट व काले रंग का कच्छा पहना है। जो कि 07.10.2019 को निकट वेटिंग हॉल प्लेटफॉर्म नं. 16, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली से मृत पाया गया। इस संदर्भ में **DD No. 10-A दिनांक: 07.10.2019** थाना पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली में दर्ज है।

इस मृतक व्यक्ति के बारे में किसी भी व्यक्ति को कोई भी जानकारी/सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरित एवं निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना: पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली**
फोन. नं. 011-23961522
मो.: 8750871302
DP/4124/RLY/19



## Office of the Superintending Engineeer
**Chhattisgarh Rural Road Development Agency, Project Circle No 01 Jagdalpur**

### E-Procurement Tender Notice

**NIT No. 130/ TS 1228/CGRRDA/2019 Jagdalpur, Date 07.10.2019**

**Superintending Engineer, CGRRDA,** Project Circle No. 01 Jagdalpur, Distt. Bastar on behalf of Governor of Chhattisgarh invites the percentage rate bids in electronic tendering system on SOR of PMGSY February 2016 amended till date for construction of road under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna, Sanctioned in Year 2016-17 in the districts of Dantewada, Sukma & Bijapur for 44 number of Roads with estimated cost totaling to Rs. 8255.23 Lacs including their maintenance for five year from the eligible contractors registered with unified registration system (e-registration). Date of release of Invitation for Bids through e-procurement : 14/10/2019 after 17:30 Hours.

Availability of Bid Document and mode of submission : The bid document is available online and should be submitted online in https://eproc.cgstate.gov.in. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities. The bidder are required as submit (i) Online payment receipt / Challan submitted by bidder for form of tender and (ii) Online payment receipt / Challan / NEFT submitted by bidder for bid security (EMD) and (iii) scan copy in appropriate form of original affidavit regarding correctness of information furnished with bid document as per provisions of clause 4.4B(a) (ii) of ITB. Last Date / Time for receipt of bid through e-procurement as per time schedule For further details please log on to **https://eproc.gov.in.** In future of any related corrigendum would be seen in the notice section of the website.

**Superintending Engineer**
**Chhattisgarh Rural Road Development Agency**
**Project Circle No. 01 Jagdalpur Distt. Bastar**
Samvad-22990/6
E mail ID : circle1jdp@gmail.com



## ई-निविदा प्रेस सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यकारी अभियंता, सिविल मंडल-4, सिंचाई एवं बाढ नियंत्रण विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, एल एम बंध, कार्यालय परिसर, शास्त्री नगर, दिल्ली 31 कार्य के लिए सिंचाई एवं बाढ नियंत्रण विभाग से पंजीकृत अनुमोदित एवं पात्र ठेकेदारों से आनलाईन प्रतिशत दर दिनांक 15.10.2019 तक अपराह्न 3:00 बजे तक आमंत्रित करते हैं।

एच.ओ.ए.: डिवलमेंट ओफ अनोतोराइज कलोनी
1 एन आई टी न0 107/ईई/सी डी-4/आई एफ सी/2019-20 (आई डी न0 2019_आई एफ सी_181648_1)
कार्य का नाम: गोण्डा विधान सभा क्षेत्र (एसी-66) (रजि नं.472) सी ए ब्लाक भजनपुरा में क्षतिपुर्ति गलियों के मरम्मत का कार्य सम्मिलित 5 साल की मरम्मत का कार्य। अनुमानित लागत 12,05,978/- धरोहर राशि रू 24,120/- समापन की अवधि 45 दिन।

एच.ओ.ए.: एमएलएएलएडी फंडस् अंडर डिपार्टमेंन्ट ओफ डिवलमेन्ट
2 एन आई टी न0 99/ईई/ सी डी-4/आई एफ सी/2019-20 (आई डी न0 2019_आई एफ सी_181650_1)
कार्य का नाम: मुस्तफाबाद विधान सभा क्षेत्र एसी-69 सैदतपुर हरिजन बस्ती पुलिया पर साइड ड्रैन गलियों के विकास का कार्य। अनुमानित लागत 53,38,329/- धरोहर राशि रू 1,06,767/- समापन की अवधि 90 दिन।

एच.ओ.ए.: डिवलमेंट ओफ अनोतोराइज कलोनी
3 एन आई टी न0 149/ईई/सी डी-4/आई एफ सी/2019-20 (आई डी न0 2019_आई एफ सी_181425_1)
कार्य का नाम: गोकल पुर विधान सभा क्षेत्र (एसी-68) अनोतोराइज कालोनी (रजि न01135 ए/895) जोहरीपुर एक्सटेंशन समीप का नाला/ ड्रैन को ऊँचा उठाने गलियों के सुधार का कार्य सम्मिलित 5 साल की मरम्मत का कार्य। अनुमानित लागत 62,15,213/- धरोहर राशि रू 1,24,304/- समापन की अवधि 120 दिन।

एच.ओ.ए.: एमएलएएलएडी फंडस् अंडर डिपार्टमेंन्ट ओफ डिवलमेन्ट
4 एन आई टी न0 114/ईई/सी डी-4/आई एफ सी/2019-20 (आई डी न0 2018_आई एफ सी_181421_1)
कार्य का नाम: कृष्णानगर विधान सभा क्षेत्र (एसी-60) के विभिन्न पार्कों में खुली जिम और एस बी आर टाईल प्रदान और लगाने का कार्य। अनुमानित लागत 43,31,607/- धरोहर राशि रू 86,632/-समापन की अवधि 90 दिन।

एच.ओ.ए.: एमएलएएलएडी फंडस् अंडर डिपार्टमेंन्ट ओफ डिवलमेन्ट
5 एन आई टी न0 115/ईई/सी डी-4/आई एफ सी/2019-20 (आई डी न0 2018_आई एफ सी_181451_1)
कार्य का नाम: मुस्ताफाबाद विधान सभा क्षेत्र (एसी-69) न्यू चौहनपुर पर साइड ड्रैन गलियों के विकास का कार्य। अनुमानित लागत 47,67,985/- धरोहर राशि रू 95,360/- समापन की अवधि 120 दिन।

एच.ओ.ए.: 2711 नान प्लान (रिवन्यू) मेंटेनस ड्रैनज
6 एन आई टी न0 116/ईई/सी डी-4/आई एफ सी/2019-20 (आई डी न0 2019_आई एफ सी_181459_1)
कार्य का नाम: बंद ड्रेन से समन्वित दूरी 0 मीटर से 3450 मी तक बहते हुये तत्वों एवं रूकावटों को दुर करने का कार्य 6 माह की अवधि का कार्य (अक्टुबर 2019 से मार्च 2020)। अनुमानित लागत 48,33,585/- धरोहर राशि रू 96,672/- समापन की अवधि 180 दिन।

एच.ओ.ए.: 4217 मुख्यमत्री सड़क पुनर्निर्माण योजना
7 एन आई टी न0 116/ईई/सी डी-4/आई एफ सी/2019-20 (आई डी न0 2019_आई एफ सी_181642_1)
कार्य का नाम: रोहताश नगर विधान सभा क्षेत्र (एसी-64) में साइड ड्रैन और सी सी रोड न्यु मार्डन शाहदरा (के पास शशि पब्लिक स्कुल) सुधार का कार्य। अनुमानित लागत 75,18,527/- धरोहर राशि रू 1,50,374/- समापन की अवधि 90 दिन।

एच.ओ.ए.: 4217 मुख्यमत्री सड़क पुनर्निर्माण योजना
8 एन आई टी न0 117/ईई/सी डी-4/आई एफ सी/2019-20 (आई डी न0 2019_आई एफ सी_181616_1)
कार्य का नाम: रोहताश नगर विधान सभा क्षेत्र (एसी-64) में साइड ड्रैन और आर आर रहमान बिल्डिग पर सुधार का कार्य। अनुमानित लागत 43,45,946/- धरोहर राशि रू 86,919/- समापन की अवधि 90 दिन।

एच.ओ.ए.: एमएलएएलएडी फंडस् अंडर डिपार्टमेंन्ट ओफ डिवलमेन्ट
9 एन आई टी न0 119/ईई/सी डी-4/आई एफ सी/2019-20 (आई डी न0 2018_आई एफ सी_181644_1)
कार्य का नाम: सीलमपुर विधान सभा क्षेत्र एसी-65 जो कि लिंक मौजपुर के अन्दर गली नं.6 से 12 शिव मंदिर पर क्षतिपुर्ति गली का सुघार का कार्य। अनुमानित लागत 82,75,605/- धरोहर राशि रू 1,65,512/- समापन की अवधि 140 दिन।

एच.ओ.ए.: एमएलएएलएडी फंडस् अंडर डिपार्टमेंन्ट ओफ डिवलमेन्ट
10 एन आई टी न0 120/ईई/सी डी-4/आई एफ सी/2019-20 (आई डी न0 2018_आई एफ सी_181641_1)
कार्य का नाम: सीलमपुर विधान सभा क्षेत्र एसी-65 जो कि लिंक मौजपुर के अन्दर बंजरगी बली मौहल्ला गली नं. 2 पर शेष क्षतिपुर्ति गली का सुधार का कार्य। अनुमानित लागत 27,35,017/- धरोहर राशि रू 54,700/- समापन की अवधि 60 दिन।

एच.ओ.ए.: एमएलएएलएडी फंडस् अंडर डिपार्टमेंन्ट ओफ डिवलमेन्ट
11 एन आई टी न0 120/ईई/सी डी-4/आई एफ सी/2019-20 (आई डी न0 2018_आई एफ सी_181625_1)
कार्य का नाम: सीलमपुर विधान सभा क्षेत्र एसी-65 चौहन बुंगर वार्ड नं. 41 ई क्षतिपुर्ति गली का सुधार का कार्य। अनुमानित लागत 89,34,443/- धरोहर राशि रू 1,78,689/- समापन की अवधि 140 दिन।

एच.ओ.ए.: विलिज डिवलमेन्ट अंडर आईडीआरयुमी
12 एन आई टी न0 127/ईई/सी डी-4/आई एफ सी/2019-20 (आई डी न0 2019_आई एफ सी_181670_1)
कार्य का नाम: गौण्डा विधान सभा क्षेत्र एसी-66 दिल्ली गमरी गॉव पर सेन समाज बिल्डिग पर डबल स्टौरी पर निर्माण का कार्य। अनुमानित लागत 63,66,098/- धरोहर राशि रू 1,27,322/- समापन की अवधि 300 दिन।

एच.ओ.ए.: एमएलएएलएडी फंडस् अंडर डिपार्टमेंन्ट ओफ डिवलमेन्ट
13 एन आई टी न0 123/ईई/सी डी-4/आई एफ सी/2019-20 (आई डी न0 2018_आई एफ सी_181623_1)
कार्य का नाम: सीलमपुर विधान सभा क्षेत्र एसी-65 जो कि लिंक विजय मौहल्ला गली नं. 13 और 15 पर चौहन बंगुर 48ए (गढे वाली मस्जिद) गली नं. 6 8 जो कि लिंक के द्वारा 23 क्षतिपुर्ति गली का सुधार का कार्य। अनुमानित लागत 46,01,463/- धरोहर राशि रू 92,029/- समापन की अवधि 90 दिन।

एच.ओ.ए.: एमएलएएलएडी फंडस् अंडर डिपार्टमेंन्ट ओफ डिवलमेन्ट
14 एन आई टी न0 124/ईई/सी डी-4/आई एफ सी/2019-20 (आई डी न0 2018_आई एफ सी_181621_1)
कार्य का नाम: सीलमपुर विधान सभा क्षेत्र एसी-65 जो कि लिंक मौजपुर के अन्दर गली नं. 1 से 5 शिव मंदिर पर क्षतिपुर्ति गली का सुधार का कार्य। अनुमानित लागत 73,01,329/- धरोहर राशि रू 1,46,027/- समापन की अवधि 1200 दिन।

एच.ओ.ए.: एमएलएएलएडी फंडस् अंडर डिपार्टमेंन्ट ओफ डिवलमेन्ट
15 एन आई टी न0 125/ईई/सी डी-4/आई एफ सी/2019-20 (आई डी न0 2018_आई एफ सी_181620_1)
कार्य का नाम: सीलमपुर विधान सभा क्षेत्र एसी-65 जो कि आदर्श मौहल्ला लिंक के अन्दर सर्विस रोड गली नं. 4,7,9,11-II, 14,15,16 की क्षतिपुर्ति गली का सुधार का कार्य। अनुमानित लागत 89,75,149/- धरोहर राशि रू 1,79,503/- समापन की अवधि 140 दिन।


एच.ओ.ए.: विलिज डिवलमेन्ट अंडर आईडीआरयुमी
16 एन आई टी न0 127/ईई/सी डी-4/आई एफ सी/2019-20 (आई डी न0 2019_आई एफ सी_181642_1)
कार्य का नाम: कृष्णा नगर विधान सभा क्षेत्र एसी-60 गोण्डली गॉव पर बची हुयी चौपाल नं0 2 पर मरम्मत और 11 प्लोर पर कवर का कार्य। अनुमानित लागत 54,16,260/- धरोहर राशि रू 1,08,325/- समापन की अवधि 180 दिन।

नोट:-
1) ठेकेदारों की सूचीबद्धता निविदा खुलने की अन्तिम तिथि को वैध होनी चाहिए अगर निविदा खोलने की तिथि आगे बढाई जाती है तो उसी वैधता तारीख निविदा खुलने वाले दिन तक समझी जायेगी।
2) निम्नलिखित की प्रतियाँ भी ई निविदा पर डालना अनिवार्य है।
1 जीएसटी पंजीकरण की छाया प्रति अप टू डैटुफाईल रिटैन पुफ।
2 पंजीकरण की छाया प्रति उपयुक्त वर्ग में।
3 धरोहर राशि की छाया प्रति।
4 ईएसआईसी/ईपीएफओ पंजीकरण की छाया प्रति।
5 पेन नं0/स्थायी खाता संख्या की छाया प्रति।
6 वैध फोन न0 वटसप न0/मेल/की छाया प्रति।
3) धरोहर राशि डीडी/एफडीआर के रूप में जो कि देय होगी ई ई, सी डी-4 के संदर्भ में निविदा खोलने के 3.00 बजे तक भौतिक रूप में कार्यालय ई ई, सी डी-4 जमा की जायेगी। यदि धरोहर राशि भौतिक रूप से जमा नहीं की गयी तो निविदा रद्द समझी जायेगी। उपरोक्त उल्लेखित कार्य का विवरण वेबसाईट http://govtprocurement.delhi.gov.in से देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।
4) निविदा दस्ती जमा नहीं की जाएगी। केवल निविदा वेबसाईट ई प्रोक्योरमेन्ट पर अपलोड की हुई मान्य है।

हस्ता/-
कार्यकारी अभियंता, सी डी-4

DIP/Shabdarth/0812/19-20

## डेंगू से पीड़ित धर्मेंद्र की सेहत में सुधार



**मुंबई।** डेंगू से पीड़ित दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र की सेहत में सुधार हुआ है। फिलहाल वह उपनगर मुंबई में अपने आवास पर आराम कर रहे हैं। धर्मेंद्र (83) को पिछले सप्ताह उपनगर खार के हिंदुजा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी सेहत में सुधार देख चिकित्सकों ने उन्हें तीन दिन के बाद छुट्टी देने का फैसला किया। अभिनेता से जुड़े करीबी सूत्रों ने बताया, "उन्हें कुछ दिन पहले डेंगू से पीड़ित पाए जाने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह तीन दिन पहले घर लौट आए। उनकी तबीयत पहले से कुछ बेहतर है। वह आराम कर रहे हैं। धर्मेंद्र पिछले महीने अपने पौत्र और सनी देओल के बेटे करण की पहली फिल्म पल पल दिल के पास के ट्रेलर की लांचिंग में नजर आए थे।

## 15 नवंबर को रिलीज होगी फिल्म मरजावां

**मुंबई।** फिल्म मरजावां अब 15 नवंबर को सिनेमाघरों में आएगी। इस फिल्म की रिलीज की तारीख आयुष्मान खुराना की फिल्म बाला के साथ टकराव को टालने के लिए आगे बढ़ाई गई है। फिल्म मारजावां पहले 8 नवंबर को रिलीज़ होने वाली थी। फिल्म में रितेश देशमुख, सिद्धार्थ मल्होत्रा, तारा सुतारिया और रकुल प्रीत सिंह ने काम किया है।एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मरजावां के निर्माताओं ने मैडॉक और दिनेश विजान के साथ अपने अच्छे रिश्तों के कारण यह फैसला लिया है।टी-सीरीज़ और एम्मे एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित, फिल्म मरजावां मिलाप का निर्देशन मिलन झवेरी ने किया है।

## वॉर 200 करोड़ के क्लब में हुई शामिल

**मुंबई।** ऋतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ-अभिनीत फिल्म वॉर ने अपने पहले हफ्ते में ही बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। फिल्म के निर्माताओं ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित और यशराज फिल्म्स द्वारा निर्मित यह फिल्म 2 अक्टूबर को देशभर में रिलीज हुई थी। ऋतिक ने कहा कि फिल्म ने अब तक जितने भी रिकॉर्ड बनाए हैं, उनको लेकर वह बहुत खुश हैं और बहुत अच्छा लग रहा है। उन्होंने कहा, हम एक ऐसी फिल्म बनाना चाहते थे जो भारत में एक्शन फिल्मों के स्तर को सही मायनों में बढ़ा सके। हम सभी इस बात से खुश हैं कि वॉर ने यह कर दिखाया और इसे पूरी दुनिया के दर्शकों से खूब सराहना मिल रही है। टाइगर ने इसपर खुशी जताते हुए कहा कि वह फिल्म को मिल रही प्रतिक्रियाओं से अभिभूत हैं।

## ग्विनेथ पाल्ट्रो अपने पूर्व पति के निकट



**हॉलिवुड** अभिनेत्री ग्विनेथ पाल्ट्रो अपने बच्चों के लिए आजकल अपने पूर्व पति और कोल्डप्ले रॉकर क्रिस मार्टिन के काफी निकट हैं। उन्होंने मार्टिन से 10 साल तक अपने वैवाहिक संबंध को निभाया। उनके दो बच्चे हैं जिनमें 15 साल की पुत्री एप्पल और 13 के पुत्र मोजे़ज हैं। पाल्ट्रो और यलो के हिट निर्माता परस्पर काफी निकटता बनाकर रखे हैं और हाल ही में दोनों ने हैंप्टन्स, न्यूयॉर्क में अपने पति ब्रैड फल्चुक और मार्टिन की महिला मित्र डकोटा जॉन्सन के साथ छुट्टियां बितायी। पाल्ट्रो का कहना है कि ये निर्णय उनके बच्चों के लिए सर्वोत्तम था। पाल्ट्रो ने बताया, 'मेरे पूर्व पति तथा मैं एक दूसरे के काफी निकट हूं हम आज भी परिवार हैं हां, ये सही है कि हम पति-पत्नी नहीं हैं।'

# 'फिल्म के प्रदर्शन से अधिक महत्वपूर्ण उसकी स्मृतियां और लोग होते हैं'

अभिनेत्री **सहर बंबा** ने हाल ही में फिल्म 'पल पल दिल के पास' से बॉलीवुड में पदार्पण किया है। पायनियर संवाददाता **शालिनी सक्सेना** के साथ एक विषेष बातचीत में उन्होंने इस फिल्म के मिलने, करन देओल के साथ अपने संबंध और शूटिंग के पहले दिन के अनुभव आदि के बारे में विस्तार से बताया-



**■ सेट पर आपका पहला दिन कैसा रहा ?**
- ये बहुत अच्छा था। सेट पर पहले दिन में काफी गुमसुम थी लेकिन मैं घबराई नहीं थी। लेकिन जैसे जैसे मुझे पता चला कि सेट के लिए किस प्रकार की तैयारियों की आवश्यकता होती है तो थोड़ी घबराहट होने लगी। सनी सर तो अनुशासन प्रिय व्यक्ति हैं और खूब परिश्रम कराते हैं। मनीला में हमारा समय काफी कठिन था क्योंकि हमें हर दिन शून्य से कम तापमान पर ट्रेकिंग करनी होती थी। लेकिन मेरे लिए ये बहुत आनंददायक और सीखने वाला अनुभव साबित हुआ।

**■ आपको ये फिल्म कैसे मिली ?**
- जब मैं पहली बार मुंबई आई तो मुझे नहीं पता था कि कैसे और क्या करना है। मैं यहां वहां ऑडिशन देकर अपना भाग्य आजमा रही थी। तभी एक कास्टिंग निर्देशक ने बताया कि एक स्थान पर ऑडिशन चल रहे हैं और मैं वहां जाकर अपना भाग्य आजमा सकती हूं। वहां मैंने कई चक्र की ऑडिशन पूरी की, सनी सर स्वयं वहां थे। मुझे स्क्रिप्ट में से कुछ मैटर अभिनय करते हुए कहने के लिए कहा गया था। इस प्रक्रिया में डेढ़ महीने का समय लगा। ये फरवरी 2017 में समाप्त हुई।

**■ क्या इस तथ्य से आपको भी कुछ मदद मिली कि करन देओल भी अपना पदार्पण कर रहे थे ?**
- मैं ऐसा मानती हूं। करन और मैं आपस में टीम जैसे थे और एक दूसरे की मदद करते थे। हमारा प्रयास रहता था कि हम एक दूसरे की भावनाओं को समझें। हमनें वर्कषाप्स,वर्क-आउट और टहलने भी साथ में ही जाते थे।

**■ सेट पर और सेट के बाहर कैसा वातावरण रहता था ?**
- सेट पर नाममात्र की भी मस्ती नहीं थी। हमें अनुशासित रहना होता था। हमारे ऊपर सबकुछ सही करने का दबाव था। हमारे लिए समय महत्वपूर्ण था और हम इसे मौसम के नाम पर बर्बाद नहीं कर सकते थे।

**■ आपको नदी पार करने और रैपलिंग जैसे साहसिक खेल खेलते समय घबराहट नहीं होती थी ?**
- मुझे बहुत घबराहट होती थी। कोई भी दृश्य करने से पहले हमें अभ्यास करना होत था। स्टंटमास्टर हमें कर के बताता था कि कौन सी चीज पहले और कैसे करनी है। एक बार तो बहाव अधिक तेज होने के कारण वो बह गया था। नदी में पानी का बहाव काफी तेज और ठंडा था। शून्य से कम के तापमान और तेज हवा तथा बदली जैसे विषम हालात बन गए थे।

**■ क्या आपने अभिनय क्षेत्र में ही जाने के बारे में सोच रखा था ?**
- यद्यपि मै किसी फिल्मी परिवार से नहीं आती लेकिन मुझे विश्वास था कि मैं अभिनेत्री बन सकती हूं। मैं किसी प्लान बी को बनाने की जरूरत नहीं समझी। मैं अभिनय के उद्देश्य से ही मुंबई आई थी।

**■ कृपया अपने बारे में कुछ बताइये ?**
- मैं शिमला के एक पारंपरिक परिवार की हूं। मैंने वहीं अपनी पढ़ाई की है। मुझे नृत्य प्रिय है और कत्थक करती हूं, लेकिन वहां कत्थक सिखाने वाला कोई नहीं था। बाद में मैं 11 और 12 की पढ़ाई के लिए बोर्डिंग चली गई।

मैं काफी सीमित दायरे में बड़ी हुई हूं और काफी अनुशासन में रही हूं लेकिन मैंने समय का प्रबंधन सीख लिया। जब कॉलेज के लिए मैं मुंबई आई तो मुझे वहां का वातावरण काफी उन्मुक्त लगा। मुझे कॉलेज का कमरा नहीं मिला तो मुझे हॉस्टल में रहना पड़ा। मेरा परिवार मेरे साथ नहीं था। बस मेरा यही संघर्ष था। इसके बाद ही फ्रेश फेस शूटिंग हुई और मैं उसमें चुन ली गई।

**■ सनी देओल के साथ काम करके आपको कैसा लगा ? क्या वो सेट पर भी फिल्मों वाले एंग्रीमैन होते हैं जैसा कि हम उनके बारे में जानते हैं ?**
- नहीं, ऐसा नहीं है। उन्होंने तो ऑडिषन के समय भी मुझे सहज होने का अवसर दिया था। अच्छी बात ये थी कि शूटिंग प्रारंभ होने से पहले ही हमारी पूरी टीम तीन महीनों के लिए मनीला वर्कशॉप्स के लिए गई थी। हम आपस में काफी सहज थे। वो हमारे लिए पितातुल्य थे और मुझे किसी भी समस्या के निदान के लिए उनके पास जाने में जरा भी हिचक नहीं थी।

**■ फिल्म रिलीज़ हुए अभी दो सप्ताह ही हुए हैं। क्या इसके परिणाम अपेक्षा के अनुरूप हैं ?**
- मैं किसी प्रोजेक्ट को हिट या फ्लॉप की तरह नहीं देखतीं। मैंने टीम के साथ लगभग 2 साल का समय बिताया है और अब वे मेरे परिवारका हिस्सा हैं। मुझे काफी अनुभव मिला। लेकिन कड़ा परिश्रम करने के बाद आप चाहते हैं कि आपकी फिल्म हिट हो। लेकिन मेरे लिए फिल्म के प्रदर्षन से अधिक महत्वपूर्ण वे स्मृतियां और वे लोग हैं जिनसे मैं मिली और जिनके साथ काम किया।

**■ भविष्य के लिए क्या योजनाए हैं ?**
- वर्तमान में मैं हर काम के लिए हां कर दे रही हूं। इस बात पर विचार नहीं किया है कि आगे क्या करना है। लेकिन मुझे किसी अच्छी स्क्रिप्ट की तलाश है, ऐसा कुछ हालांकि अभी मिला नहीं है।

# ट्रंप मानसिक रूप से बीमार हैं : रिहाना

एजेंसी। लॉस एंजिलिस

**सिंगर** रिहाना का कहाना है कि वर्तमान में अमेरिका में यदि कोई व्यक्ति सबसे ज्यादा मानसिक रूप से बीमार है, तो वह अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप हैं। वरायटी डॉट कॉम के अनुसार, वोग के साथ एक साक्षात्कार में सिंगर ने इस साल के शुरू में एल पासो और डेटन में बड़े पैमाने पर हुई गोलीबारी के लिए ट्रंप के जवाब पर यह टिप्पणी की।

उस वक्त ट्रंप ने गोलीबारी को एक 'कायरतापूर्ण' घटना करार दिया था। वहीं इसपर ट्वीट करते हुए रिहाना ने कहा था कि उन्हें उन लोगों को इसके बदले 'आतंकवादी' कहना चाहिए था। रिहाना ने कहा लोग वैध रूप से खरीदे गए जंगी हथियारों के चलते मारे जा रहे हैं। यह भयानक है। यह कहीं से भी सामान्य बात नहीं है। यह कभी भी सामान्य नहीं हो सकता है। उन्होंने आगे कहा उन्हें कुछ और इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि उनका रंग दूसरों से अलग है ? यह चेहरे पर थप्पड़ के जैसा है।


रिहाना ने कहा यह पूर्ण रूप से रंगभेद है। यदि उसके स्थान पर कोई अरब का व्यक्ति ऐसे ही जंगी हथियार के साथ वॉलमार्ट में वही कृत्य करे, तो ट्रंप कभी भी जनसभा में उसे मानसिक रूप से बीमार नहीं बताएंगे। उन्होंने आगे कहा वर्तमान में अमेरिका में यदि कोई व्यक्ति सबसे ज्यादा मानसिक रूप से बीमार है, तो वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हैं।



सिंगर ने इस साल के शुरू में एल पासो और डेटन में बड़े पैमाने पर हुई गोलीबारी के लिए ट्रंप के जवाब पर यह टिप्पणी की।

## सूर्यवंशी में अक्षय संग दिखेंगे रणवीर और अजय

**मुंबई।** गुरुवार को अक्षय कुमार ने रोहित शेट्टी की पुलिस विभाग की पृष्ठभूमि पर आधारित बहुप्रतीक्षित फिल्म सूर्यवंशी की झलक दिखाई। अक्षय ने रणवीर सिंह और अजय देवगन के साथ फिल्म में अपने किरदार की तस्वीर साझा की। सिंघम और सिम्बा के बाद पुलिस की पृष्ठभूमि पर आधारित रोहित शेट्टी की यह तीसरी फिल्म है। अक्षय ने ट्विटर पर पुलिस की वर्दी में रणवीर और अजय की तस्वीरें साझा की। उन्होंने ट्वीट किया, यह कॉप यूनिवर्स के देसी अवेंजर्स हैंड सिंघम से सिम्बा और अब सूर्यवंशी। अब केवल पटाखे ही नहीं, 27 मार्च को पूरा धमाका होने वाला है। फिल्म में अक्षय मुख्य भूमिका में हैं। उनके किरदार को सिम्बा फिल्म के अंत में क्लाइमेक्स सीन के बाद एटीएस अधिकारी वीर सूर्यवंशी के रूप में दिखाया गया था। सूर्यवंशी में कटरीना कैफ भी प्रमुख भूमिका में हैं।



## अजय देवगन की अगली फिल्म त्रिभंग नेटफ्लिक्स पर होगी रिलीज



**मुंबई।** अजय देवगन की अगली फिल्म त्रिभंग नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। अभिनेत्री रेणुका शहाणे द्वारा निर्देशित फिल्म त्रिभंग तीन पीढ़ियों की कहानी है।

इस फिल्म का नाम ओडिसी नृत्य मुद्रा से लिया गया है। यह फिल्म विशेष रूप से नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होगी।फिल्म में अभिनेत्री काजोल, मिथिला पालकर, तन्वी आज़मी और कुणाल रॉय कपूर हैं। काजोल पहली बार डिजिटल माध्यम के लिए काम करेंगी। अजय देवगन, सिद्धार्थ पी मल्होत्रा के एल्केमी फिल्म्स और बन्नीजय आसिया के साथ मिलकर अपने बैनर अजय देवगन फिल्म्स के तले यह फिल्म बना रहे हैं। अजय ने बताया कि हम इस फिल्म को नेटफ्लिक्स पर रिलीज करने को लेकर बहुत उत्साहित हैं। हम अब एक अच्छी कहानी वाली फिल्म को बेहतरीन ढंग से अधिक दर्शकों तक पहुंचाएंगे।

मुंबई पर आधारित इस फिल्म की कहानी 1980 से लेकर अभी तक के एक ही परिवार की तीन पीढ़ियों की महिलाओं के इर्द-गिर्द घूमती है। त्रिभंग एक ओडिसी नृत्य मुद्रा है जो इस फिल्म के पात्रों की तरह अलग रह कर भी जुड़ी हुई होती है। फिल्म में नयन, अनु और माशा के किरदार में काजोल, मिथिला पालकर और तन्वी आज़मी होंगे।

रेणुका शहाणे ने फिल्म के बारे में बात करते हुए पीटीआई-भाषा से कहा हमारे पास अच्छे कलाकार और बेहतरीन कहानी है और मैं नेटफ्लिक्स के साथ इस फिल्म पर काम शुरू करना चाहती हूं। नेटफ्लिक्स ऑरिजिनल के निदेशक आशीष सिंह ने कहा, यह एक बहुत ही रोमांचक पटकथा है। रेणुका शहाणे एक बेहतरीन लेखिका हैं। सिद्धार्थ पी मल्होत्रा क्रिएटिव प्रोड्यूसर हैं। हम सोच रहे थे किसे इस फिल्म में कलाकार के तौर पर चुनें और अचानक हमने सोचा कि काजोल सही रहेंगी। वह इसके लिए राजी हो गईं।



## 'आजीवन अभिनय करेंगी करीना'

बॉलीवुड की प्रख्यात अभिनेत्री करीना कपूर खान ने हाल ही में फिल्म उद्योग में अपनी उपस्थिति के दो दषक पूरे किये हैं। उनका कहना है कि उनका जन्म अभिनय करने के लिए ही हुआ था और ये कि वो अपनी मृत्युपर्यंत इसे करती रहेंगी।

करीना ने वर्ष 2000 में अभिषेक बच्चन के साथ फिल्म रिफ्यूज़ी से अपना फिल्मी कॅरियर प्रारंभ किया था। इसके बाद उन्होंने 'जब वी मेट, उड़ता पंजाब, वीरे दि वेडिंग, चमेली और असोका जैसी सफल फिल्मों में काम किया।

उन्होंने कहा, 'बीते 20 वर्ष अद्भुत रहे हैं। मेरी ये यात्रा स्मरणीय रहेगी क्योंकि इस बीच मुझे कई असाधारण लोगों के साथ काम करने का अवसर मिला। मुझे लगता है कि मेरा जन्म अभिनय करने के लिए ही हुआ था क्योंकि मेरी लगन इसी क्षेत्र में थी। आषा है कि अपने जीवन के अंतिम समय तक मुझे अभिनय के अवसर मिलते रहेंगे।'

## हाउस ऑफ कार्ड्स पर आधारित होगी सैफ की अगली वेब सीरीज तांडव

**मुंबई।** सेक्रेड गेम्स के जरिए वेब धारावाहिक की दुनिया में प्रवेश करने वाले अभिनेता सैफ अली खान अब एक दूसरी (सीरीज) तांडव में दिखेंगे। सैफ के अनुसार यह सीरीज अमेरिकी राशृंखलाजनीतिक थ्रिलर हाउस ऑफ कार्ड्स पर आधारित होगी। नेटफ्लिक्स की यह शृंखला हाउस ऑफ कार्ड्स की कहानी एक डेमोक्रेट राजनेता के इर्दगिर्द घूमती है जो अमेरिका का राष्ट्रपति बनता है। केविन स्पेसी और रॉबिन राइट इसमें मुख्य भूमिका में हैं। सैफ ने कहा कि भारतीय राजनीति पर आधारित आगामी शृंखला इसे बड़े परिप्रेक्ष्य में पेश करेगी।

एक वक्तव्य में सैफ ने कहा, मैं अमेरिकी उदाहरण का इस्तेमाल नहीं करना चाहता लेकिन यह (शृंखला) भारतीय राजनीति को केंद्र में रखकर हाउस ऑफ कार्ड्स की तरह बनाई गई है। इसका कथानक दलित राजनीति और उससे जूझती उत्तर प्रदेश पुलिस और अन्य राजनीतिक व्यवस्था के इर्दगिर्द बुना गया है। फिल्म भारत के निर्देशक अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित इस शृंखला में सैफ एक नेता की भूमिका में होंगे। सैफ ने कहा कि उनका किरदार चाणक्य जैसा होगा। वे एक संपन्न परिवार से आने वाले युवा नेता का किरदार निभाएंगे जो प्रधानमंत्री बनने की इच्छा रखता है।



## आयुष्मान की बाला अब 7 नवंबर को होगी रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना की फिल्म बाला पहले 22 नवंबर को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब इसकी रिलीज तारीख बदलकर सात नवंबर कर दी गई है।

प्रोडक्शन बैनर मैडॉक फिल्म्स ने एक बयान में कहा कि फिल्म पहले 22 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी लेकिन अब यह 7 नवंबर को रिलीज होगी।

अब नई रिलीज तारीख के साथ बाला की टक्कर बड़े पर्दे पर भूषण कुमार की फिल्म मरजावां से होने वाली थी। लेकिन मरजावां अब तय रिलीज तारीख से एक सप्ताह बाद रिलीज होगी। फिल्म "मरजावौं में सिद्धार्थ मल्होत्रा और रितेश देशमुख मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म मरजावां के निर्माता भूषण कुमार ने ट्वीट कर कहा, "दिनेश विजान मेरे अच्छे दोस्त हैं और मैडॉक फिल्म्स से हमारे लंबे समय से अच्छे संबंध रहे हैं। मैंने फिल्म बाला का रास्ता साफ करने के लिए मरजावां की रिलीज टाली है। टीम को मेरी शुभकामनाएं।

विजान ने भूषण कुमार का आभार व्यक्त करते हुए कहा,भूषण मेरे दोस्त हैं, और वह समझते हैं कि किसी फिल्म की रिलीज की तारीख उसके लिए कितनी महत्वपूर्ण होती है। मरजावां को टालकर बाला की रिलीज आसान करने के लिए मैं उनका आभारी हूं। फिल्म स्त्री के लिए मशहूर अमर कौशिक द्वारा निर्देशित "बालौ में आयुष्मान को समय से पहले गंजेपन और आत्मविश्वास की कमी से पीडति आदमी के रुप में दिखाया गया है। फिल्म में आयुष्मान खुराना के साथ अभिनेत्री भूमि पेडनेकर और यामी गौतम मुख्य भूमिकाओं में हैं। इनके अलावा सौरभ शुक्ला, जावेद जाफरी और सीमा पाहवा जैसे कलाकारों ने इस फिल्म में काम किया है।